जेम्स
हेडली
चेइज
दुनिया मेरी
जेब में
The world in my pocket
अनुवादक :
कँवल शर्मा

जेम्स हेडली चेइज
दुनिया मेरी जेब में
The world in my pocket
अनुवादक :
कँवल शर्मा

दुनिया मेरी जेब में
जेम्स हेडली चेईज़
रवि पॉकेट बुक्स

उपन्यास : दुनिया मेरी जेब में
लेखक : जेम्स हेडली जेईज़
© : प्रकाशकाधीन
डिजिटल © : बुकमदारी

अनुवादक:- कँवल शर्मा

प्रस्तुत उपन्यास के सभी पात्र एवं घटनायें काल्पनिक हैं। किसी जीवित अथवा मृत व्यक्ति से इनका कतई कोई सम्बन्ध नहीं है। समानता संयोग से हो सकती है। उपन्यास का उद्देश्य मात्र मनोरंजन है। प्रूफ संशोधन कार्य यद्यपि पूर्ण योग्यता व सावधानीपूर्वक किया गया है, तथापि मानवीय त्रुटि रह सकती है, अत: किसी भी तथ्य सम्बन्धी त्रुटि के लिए लेखक, प्रकाशक व मुद्रक उत्तरदायी नहीं होंगे। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मेरठ में होगा।

दुनिया मेरी जेब में

चार शख्स एक मेज के इर्द-गिर्द बैठे थे। मेज पर ताश के पत्ते, जुए में इस्तेमाल होने वाले पोकर चिप्स, सिगरेट के टोटों से भरी ऐशट्रे, चार गिलास और शराब की एक बोतल मौजूद थी।

मेज पर सीधी पड़ती हरे शेड की रोशनी के अलावा वहाँ शेष पूरे कमरे में अंधेरा था, वातावरण में सिगरेट का कसैला धुंआ बसा हुआ था।

वहाँ मौजूद चारों में सर्द और बेचैन आंखों वाले, पतले मुंह और लम्बे-चौड़े शरीर वाले का नाम मोर्गन था। उसने अपने हाथ में थामे चारों बादशाह मेज पर रख दिए और अपनी कुर्सी पर कमर सटाकर मेज को धीरे-धीरे बजाने लगा।

अन्य तीनों ने चुपचाप उसे यह सब करते हुए देखा और फिर उन्होंने भी बेमन से अपने-अपने पत्ते मेज पर फेंक दिए। उनमें से एक—जीपो, जिसका वास्तविक नाम गिसेप्पी मेनदीनी था, बेमन से मुस्कुराया और फिर अपने सामने मेज पर रखे पोकर चिप्स मोर्गन की ओर खिसका दिए।

जीपो एक काले घुंघराले बालों वाला मोटी गेंद जैसा गोल-मटोल, लम्बी खूब चोंचदार नाक और धूप से तपे गहरी रंगत के जिस्म का मालिक था।

"मैं खाली हो गया हूँ।"—वह बोला—"कैसी किस्मत है! पूरी शाम गुजर गई लेकिन एक बार भी ढंग के पत्ते नहीं आए।" एड ब्लैक के सामने अभी भी पोकर चिप्स बचे पड़े थे। उसने उनमें से चार चिप्स मोर्गन की ओर बढ़ाए। एड ब्लैक एक ऊँचे कद वाला, धूप में खूब तपे जिस्म का मालिक था। उसके खूबसूरत व्यक्तित्व पर एक ऐसी कठोरता और निर्दयता की छाप थी कि महिलाएं उसकी ओर खिंची चली आती थीं लेकिन पुरुष उसे देखते ही सतर्क हो जाते थे। उसने बेहद करीने से प्रेस किया हुआ सूट पहना था और कमीज के साथ हाथ से पेन्ट की हुई टाई लगाई हुई थी जिस पर हरे बैकग्राउंड में पीले रंग से घोड़े का खुर पेन्ट किया गया था। निःसन्देह वह उन चारों में सबसे ज्यादा करीने से सजा-धजा व्यक्ति था।

वहाँ मौजूद चौथे शख्स का नाम ऐलेक्स किटसन था जिसकी उम्र कोई तेइस वर्ष की थी। वह वहाँ मौजूद जमघट में सबसे युवा था और खूब गठीले और मजबूत शरीर का मालिक था। उसकी नाक पेशेवर बाक्सरों की भांति चपटी थी और लगातार इधर-उधर भटकती आँखों में बेचैनी साफ झलकती थी। उसने खुले गले की कमीज और कार्डराय की पतलून पहन रखी थी।

उसने भी मुँह बनाते हुए मेज पर अपने सामने मौजूद पोकर चिप्स मोर्गन की ओर खिसका दिए।

"मैं भी खाली हूँ।"—वह बोला—"मेरे पास चार बेगमें थीं और मैंने सोचा था....।"—उसने बाकी वाक्य अधूरा छोड़ दिया।

लेकिन उसने गौर किया कि बाकी दोनों—जीपो और एड ब्लैक उसकी बात सुनने के बजाए मोर्गन की ओर देख रहे थे। मोर्गन अपने जीते पोकर चिप्सों की तीन ढेरियाँ बना रहा था, उसके पतले होठों में एक सिगरेट दबा हुआ था और उसकी तेज सांसों की आवाज उन तीनों को बाखूबी सुनाई दे रही थीं। पोकर चिप्सों को व्यवस्थित करने के बाद मोर्गन ने अपना सिर उठाया और अपनी काले सांप जैसी गोल आंखों से वहाँ मौजूद अन्य तीनों के चेहरों को गौर से देखने लगा।

ब्लैक ने बेचैनी से पहलू बदला।

"क्या बात है मोर्गन?"—उसने पूछा—"लगता है तुम सारी शाम किसी सोच में पड़े रहे हो?"

मोर्गन बदस्तूर अपनी उँगलियों से मेज को ठकठकाता रहा और फिर यकायक बोला—"क्या तुम लोग दो-दो लाख डॉलर कमाना चाहते हो?"

वहाँ मौजूद बाकी तीनों युवकों के जिस्म तुरन्त तन गए। वे मोर्गन को बाखूबी जानते थे, और उन्हें पता था इस किस्म के मामलों में मजाक करना उसकी आदत में शुमार नहीं था। जीपो थोड़ा आगे को झुक गया।

"क्या?"—वह बोला—"दोबारा बताओ।"

"तुम तीनों दो-दो लाख डॉलर कमाना चाहते हो?"—मोर्गन ने एक-एक शब्द को चबाते हुए कहा—"तुममें से हर एक यह रकम पाने का हकदार बन सकता है लेकिन उसके लिए जो जांमारी करनी पड़ेगी वो भी कम न होगी।"

ब्लैक ने अपनी जेब से सिगरेट का एक पैकेट निकाला और गौर से मोर्गन को देखने लगा।

"तुम कहना चाहते हो कि किसी मामले में हमारे हाथ कुल मिलाकर आठ लाख डॉलर पड़ सकते हैं?"—उसने पूछा।

"नहीं।"—मोर्गन बोला—"दस लाख। अगर तुम तीनों इस सिलसिले में शामिल होने की हामी भर देते हो तो हम इसका पांच लोगों में बराबर हिस्सा करेंगे।"

ब्लैक चौंका।

"पाँच हिस्से?"—वह बोला—"पाँचवां कौन है?"

"उस बारे में हम बाद में बात करेंगे।"—मोर्गन ने कहा और अपनी कुर्सी पीछे खिसकाकर खड़ा हो गया। फिर उसने अपने हाथ मेज पर टिकाए और आगे को झुक गया। उसका पतला सफेद चेहरा तनाव से घिरा था—"यह सारा मामला जितना बड़ा है उतना ही मुश्किल और बेहद खतरनाक भी है लेकिन फिर नतीजे में दस लाख डॉलर की रकम, नगद हासिल है। ऊपर से वो एक ऐसी रकम होगी जिसे हम बेहिचक बिना फिक्र सर्फ कर सकते हैं क्योंकि उस सारे मामले में हासिल रकम में कोई भी नोट दस डॉलर से ज्यादा का

नहीं होगा। लेकिन दोस्तो—कुछ भी, कैसे भी सपने देखने से पहले ये बात अपने दिमाग में बिठा लो कि यह सारा मामला बेहद पेचीदा और इन्तहाई खतरनाक है।"

जीपो मुंह बनाए उसे ताक रहा था।

"दो....लाख....डॉलर।"—वह फंसी सी आवाज में बोला—"यह एक बहुत बड़ी रकम है।"

मोर्गन मुस्कुराया।

उसके चेहरे पर भूखे भेड़िए की मानिंद भाव थे।

"यह बहुत बड़ा मामला है।"—उसने दोहराया—"लेकिन हासिल में मिलने वाली रकम का मतलब है—दुनिया तुम्हारी जेब में होगी।"

"अगर मेरा अन्दाजा गलत नहीं है मोर्गन।"—ब्लैक बोला—"तो तुम शायद रॉकेट रिसर्च स्टेशन की पेरोल की बात कर रहे हो।"

मोर्गन धम्म् से वापिस अपनी कुर्सी पर बैठ गया।

उसने मुस्कुराते हुए सहमति से सिर हिलाया।

"तुम वाकई चालाक हो एड। मैं उसी की बात कर रहा हूँ। तुम्हारा उस बारे में क्या ख्याल है? पेरोल में पूरे दस लाख की नगद रकम—तमाम छोटे-छोटे नोटों की शक्ल में—मौजूद रहती है, जिन्हें हासिल कर लेने के बाद खर्च करने में भी कोई परेशानी नहीं होगी।"

मोर्गन ने किटसन की ओर देखा। उसके चेहरे पर असमंजसतापूर्ण भाव थे और वह बड़े गौर से मोर्गन को ही देखे जा रहा था।

"तुमने सुना लड़के।"—मोर्गन ने कहा—"हम इतनी रकम हासिल कर सकते हैं।"

"तुम पागल हो।"—किटसन ने अपने हाथों की उँगलियों को मुट्ठी की शक्ल में भींचते हुए कहा—"हम यह काम नहीं कर सकते, इस मामले में आगे बढ़ना खुदकुशी करने जैसा है।"

मोर्गन मुस्कुराया।

ऐसी मुस्कुराहट जैसी किसी बुजुर्ग के चेहरे पर उस समय पाई जाती है जब कि वह किसी नौजवान की अहमकाना बात सुनता है। उसने अपनी निगाहों को ब्लैक पर घुमाया। मोर्गन जानता था कि अगर ब्लैक को तैयार किया जा सके तो यह नामुमकिन से दिखते काम को अपने अंजाम तक पहुँचाया जा सकता था। ब्लैक बेहद तेज दिमाग वाला शख्स था और किटसन नौजवान था, हौसलामन्द था, मार-कुटाई में उस्ताद और एक बेहद काबिल ड्राइवर था। बस एक कमजोरी उसमें थी कि उसमें दिमाग नाम की चीज नहीं थी। हालात कुछ यूं थे कि अगर ब्लैक ने फैसला कर एक बार कह दिया कि इस किस्से को

अंजाम दिया जा सकता था तो किटसन भी दोबारा सोचकर अपना फैसला बदल सकता था।

“तुम क्या कहते हो एड?”

ब्लैक के चेहरे पर गंभीर भाव थे। वह मानो गहरी सोच में डूबा था। उसने एक सिगरेट सुलगा ली।

“हालाँकि इस काम में मोटी रकम हासिल होने के आसार हैं, तो भी मैं अभी इस काम में हाथ डालना नहीं चाहूँगा। हाँ, अगर तुम्हारे पास कोई बढ़िया योजना हो तो मैं इस बारे में सोच सकता हूँ।”—वह बोला।

यह ब्लैक की खास खूबी थी। वह तमाम हालातों की जानकारी हासिल किए बिना अपनी राय जाहिर नहीं करता था।

मोटे जीपो ने बेचैनी से पहलू बदला। उसके चेहरे पर अभी भी कई सवाल थे और वह बारी-बारी किटसन और मोर्गन को देख रहा था।

“वैसे इस काम में ऐसी कौन सी खास पेचीदगी और खतरा है?”—उसने पूछा।

मोर्गन ने किटसन की ओर हाथ हिलाकर संकेत किया और कहा—“तुम ही इसे बताओ लड़के। तुम तो खुद वहाँ काम भी कर चुके हो चुनांचे तुम्हें वहाँ की खासी अन्दरूनी जानकारी होगी।”

“हाँ, मुझे जानकारी है।”—किटसन बोला—“और उसी बिना पर मैं जानता हूँ कि—कि इस काम को अंजाम नहीं दिया जा सकता। उस पेरोल को लूटने की कोशिश भर करना मौत को दावत देना है। कोई निरा पागल ही ऐसा करने की सोचेगा।”

उसने अपने तीनों साथियों पर अपने शब्दों का प्रभाव देखने के लिए निगाह डाली। अपने से उम्र में खासे बड़े, उन तीनों के सामने इस ढंग से बात करते हुए उसे बेचैनी महसूस हो रही थी।

“मैं मजाक नहीं कर रहा।”—वह आगे बोला—“बैलिंग आर्म्ड ट्रक एजेन्सी को छेड़ना भारी मुसीबतें मोल ले लेना सरीखा है।”

जीपो ने अपने चेहरे पर हाथ फिराया और मोर्गन की ओर देखा।

“लेकिन क्या तुम्हारे पास वाकई कोई ठोस योजना है फ्रेंक?”—वह बोला।

मोर्गन ने उसके सवाल को अनसुना कर दिया और अपनी निगाहें बराबर किटसन पर टिकाए रहा।

“चुप क्यों हो गए लड़के?”—वह बोला—“बताओ कि यह काम क्यों इस कदर मुश्किल और बेहद खतरनाक है।”

किटसन ने मोर्गन के पोकर चिप्स में से एक उठा लिया और अपनी मोटी उँगलियों में घुमाते हुए कुछेक क्षण खामोश बैठा सोचता रहा।

“जब मैंने वहाँ की नौकरी छोड़ी थी।”— आखिरकार वह बोला—“उससे कुछ ही दिन पहले उन्होंने एक नया ट्रक मँगवाया था। उस नए ट्रक के आने से पहले वे लोग एक मामूली बन्द ट्रक का इस्तेमाल किया करते थे जिसकी मुकम्मल सुरक्षा के लिए चार गार्ड मौजूद रहते थे लेकिन अब इस नए ट्रक के आ जाने के बाद उन गार्डों की भी जरूरत नहीं रही। वह नए किस्म का ट्रक लाजवाब है और कंपनी को उसकी उन्नत किस्म की धातु से बनी बॉडी पर इस कदर भरोसा है कि आजकल तो उन्होंने ट्रक में लादे जाने वाले माल का बीमा तक कराना बन्द कर दिया है।”

“उस ट्रक में ऐसी क्या खासियत है?”—मोर्गन ने पूछा।

किटसन ने अपनी उँगलियाँ बालों में फिराईं। उसे इस सारे सिलसिले में बात करते हुए खासी दिक्कत हो रही थी लेकिन वह यह साबित करने को दृढ़प्रतिज्ञ था कि इस सारे सिलसिले का सुझाव देकर मोर्गन इस बार भारी गलती कर रहा था। वे चारों पिछले छः महीने से एक टीम की मानिन्द काम करते रहे थे और इस दौरान उन्होंने कई अच्छे दाँव भी मारे थे। इस सब के नतीजतन उन सबका मोर्गन में गहरा भरोसा जम चुका था। लेकिन इस बार मामला जुदा था। हालाँकि पिछले दिनों चले कई मामलों में उन्हें कोई खास बड़ी रकम तो हासिल न हुई थी लेकिन उन्हें किसी भी स्तर पर कोई खास बड़ा खतरा भी न उठाना पड़ा था। मोर्गन इन मामलों में खूब सूझबूझ वाला शख्स साबित हुआ था। खुद किटसन भी मानता था कि दो लाख की रकम वाकई मोटी रकम थी, लेकिन फिर इस बारे में सोचना, सिर्फ सोचना, ही मुमकिन था, क्योंकि असल में उस रकम को हासिल किया जा सकने का काम सरासर गलत था, लगभग नामुमकिन सरीखा था। मोर्गन—कम से कम इस मर्तबा—असलियत से नावाकिफ जान पड़ता था।

“बोलो लड़के।”—मोर्गन ने उसे पुनः टोका। इस बार उसके स्वर में व्यंग का पुट था —“बताओ उस नए ट्रक में क्या खासियत है?” किटसन ने एक गहरी सांस खींची।

“तुम उसके पास भी नहीं फटक पाओगे फ्रेंक।”—वह बोला तो अपनी बात को पुरजोर ढंग से पेश करने को इतना व्याकुल था कि उसकी आवाज कंपकंपा सी गई—“वो ट्रक एक खास किस्म की धातु की मोटी चादर से बना है। वह इस कदर मजबूत कवच है कि उसे काटा जाना लगभग नामुमकिन है। हालाँकि शक्तिशाली ब्लोअर से तेज आग फेंककर शायद उसे पिघलाया जा सकता हो मगर यकीन जानो अगर ऐसा है भी तो ये कोई घंटों में हो सकने वाला काम नहीं बल्कि कई दिनों तक करते रहने का आपरेशन सरीखा काम साबित होगा और अभी और आगे उस ट्रक का दरवाजा भी बेहद मजबूत है। उसमें टाइम लॉक का सिस्टम फिट है। ट्रक लोड करते समय उसमें टाइम फिक्स कर दिया जाता है। अपनी रफ्तार से चलता ट्रक ड्राइव होता हुआ रिसर्च स्टेशन तक पहुँचने में तीन घन्टे लगाता है, जबकि उसके टाइम लॉक को चार घन्टे के टाइम पर सैट किया जाता है। यह एक घन्टे का अतिरिक्त टाइम इस चीज के मद्देनजर है कि कहीं ट्रक रास्ते में जाम वगैरह में न फँस जाए या उसमें कोई और नुक्स न आ जाए।”—किटसन ने पोकर चिप्स

नीचे रखा और उसकी बात को गौर से सुनते श्रोताओं पर निगाह डाली— "भीतर डैश बोर्ड पर एक पुश बटन स्थापित है जो पूरे टाइम लॉक को कन्ट्रोल करता है। अगर ड्राइवर को किसी भी किस्म का खतरा महसूस हो तो वह उस बटन को दबा देगा और यूँ पूर्व निर्धारित टाइम लॉक कैंसिल हो जाएगा।"

"आगे क्या होगा।"—मोर्गन ने पूछा।

"एक बार बटन को दबाने भर की देर है कि पूरा टाइम लॉक इस प्रकार से रिसैट जो जाएगा कि जब तक उस टाइम लॉक को दोबारा नए सिरे से सैट न किया जाए, उस ट्रक के मजबूत दरवाजे को कोई नहीं खोल पाएगा। इस पूरे सिस्टम में टाइम लॉक को दोबारा सैट करना भी किसी के बस का काम नहीं क्योंकि इस काम के लिए एक ट्रेन्ड एक्सपर्ट विशेषज्ञ की जरूरत पड़ेगी।"— किटसन ने एक सिगरेट सुलगाई और अपने नथुनों से धुंआ छोड़ते हुए बात आगे बढ़ाई—"इसके अलावा एक और बात भी है। ट्रक में एक शार्ट वेव ट्रांसमीटर मौजूद रहता है और ऐजेंसी की बेहद सुरक्षित इमारत के बाहर आने के बाद ट्रक उस ट्रांसमीटर के सहारे ऐजेंसी से निरंतर संपर्क बनाए रखता है। ऐसे में मान लो कि कोई पागल सड़क ब्लाक करके ट्रक का रास्ता रोक लेने में कामयाब हो भी जाता है तो ड्राइवर और गार्ड तुरन्त एक्शन में आ जाएंगे। ड्राइवर टाइम लॉक वाला बटन दबा देगा और गार्ड एक स्विच को ऑन कर देगा जिससे ट्रक की विंडशील्ड और खिड़कियों को फौलाद की मोटी चादरें ढंककर दरवाजों के रूप में बन्द हो जाएगी। नतीजतन समूचा ट्रक एक बंद बक्सा बनकर रह जाएगा जिसे किसी भी तरह तोड़कर खोल पाना नामुमकिन सरीखा काम होगा। इधर भीतर गार्ड ट्रांसमीटर का स्विच दबाएगा और यूं इससे सिग्नल भेजे जाने लगेंगे जो पुलिस को भी प्राप्त होंगे। नतीजतन ट्रक को बेहद आसानी से ढूँढा जा सकता है, चाहे उसे कहीं भी क्यों न छुपा लिया जाए। ट्रक के भीतर बैठे ड्राइवर और गार्ड को बस इतना करना होगा कि उस फौलादी अभेद्य बक्से सरीखे ट्रक में बैठकर मदद पहुँचने का इंतजार करते रहें।"—किटसन ने सिगरेट की राख झाड़ी और आगे कहा—"अब तुम समझ सकते हो कि उस ट्रक को टो नहीं किया जा सकता, हाईजैक नहीं किया जा सकता, खोला नहीं जा सकता और यूं आखिरकार लूटा भी नहीं जा सकता। फिर भी कोई अगर ऐसी कोशिश करे तो यकीन जानो वो कोई बेवकूफ ही करेगा।"

जीपो ने अपनी गर्दन के पिछले भाग को खुजाया और उसके मोटे चेहरे पर भारी निराशा के भाव उभरे।

ब्लैक ने ताश की एक गड्डी उठा ली और उन्हें फेंटता हुआ वह मोर्गन को देखने लगा।

"ड्राइवर और गार्ड के बारे में क्या ख्याल है?"—मोर्गन ने किटसन से पूछा—"क्या उन्हें खरीदा जा सकता है?"

किटसन ने उसे गौर से देखा।

"खरीदा? उन दोनों को? तुम पागल तो नहीं हो गए मोर्गन?"—वह बोला।

मोर्गन के चेहरे पर कठोर भाव उभरे।

"मैंने तुमसे एक सवाल पूछा है सो।"—वह बोला— "बेकार बकवास करने के बजाए सीधा जवाब दो। मुझे बकवास सुनना पसंद नहीं।"

मोर्गन को क्रोधित पाकर ब्लैक ने वार्तालाप का सूत्र अपने हाथों में लेकर कहा —"नाराज मत होवो मोर्गन। लड़का सब कुछ जानता समझता है सो यह ठीक ही कह रहा होगा।"

मोर्गन के चेहरे पर उपहास के भाव उभरे।

"अभी पता चल जाता है।"—उसने कहा और किटसन से पूछा—"बताओ उन दोनों को क्यों नहीं खरीदा जा सकता?"

किटसन के चेहरे पर पसीना चमकने लगा था। वह बोला—"मैं उनके साथ काम कर चुका हूँ इसलिए मुझे उनकी फितरत का भी पता है। ड्राइवर—डेव थामस, और गार्ड—माईक डेर्कसन, बेहद हौंसलामन्द, फुर्तीले और तीखे निशानेबाज हैं। उन्हें यह भी पता है कि ट्रक लूटने की कैसी भी कोशिश को नाकाम करने के बदले उन्हें बतौर इनाम दो हजार डॉलर मिलेंगे और यूँ वे दोनों इस सिलसिले को नाकाम करने में अपनी ओर से कोई कोर कसर उठा नहीं रखेंगे। उन दोनों को यह भी पता है कि ट्रक को लूट पाना बेहद मुश्किल और लगभग नामुमकिन है सो वे अपनी स्थाई आमदनी वाली अच्छी खासी नौकरी छोड़कर इस सिलसिले में बिकने को हरगिज तैयार नहीं होंगे। वे दोनों अपने काम में वफादार हैं और उनको खरीदने भर की कोशिश करना मुसीबत में पड़ने सरीखा होगा।"

"अगर ये काम इतना ही पेचीदा है तो मैं इस सारे सिलसिले में पड़ना नहीं चाहता।"—जीपो बोला—"यह ठीक है कि दो लाख डॉलर मोटी रकम होती है लेकिन उस रकम का क्या फायदा जिसे खर्च करने को आदमी जिन्दा ही न रह सके।"

मोर्गन मुस्कुराया।

जीपो हालांकि डरपोक नहीं था लेकिन जान बूझकर खतरा मोल लेने का बेमिसाल हौंसला भी उसमें नहीं था। उसकी अपनी कुछ अलग किस्म की खासियतें थीं। वह टैक्निकल बन्दा था और माहिर तालातोड़ था। उसकी दक्ष उँगलियों की कारीगरी से किसी ताले का न खुलना एक ऐसा करिश्मा था, जिसे अभी होना बाकी था। उसने ढेरों ऐसे ताले खोले थे जिन्हें खोल पाना नामुमकिन माना जाता था, लेकिन फिर उसने अपनी इस बेमिसाल कारीगरी का नमूना हमेशा तनावरहित और शान्त माहौल में ही दिया था। तनाव या दबाव में काम करना और फिर मनमाफिक नतीजे निकालना उसके बूते की बात नहीं थी। इधर मोर्गन जानता था कि मौजूदा काम बेहद तनाव में किया जाना था, सो उसे भी इस बात पर पूरा इत्मीनान नहीं था कि जीपो ऐसे विकट हालातों में अपनी महारत का कामयाब प्रदर्शन कर भी पाएगा या नहीं। उसे हालाँकि यह भरोसा जरूर था कि वह जीपो को समझा-बुझाकर इस काम को करने के लिए रजामन्द जरूर कर सकता था, लेकिन सिर्फ इतना करने भर से तो कामयाबी की गारन्टी नहीं थी। अहम और कारआमद

बात यह थी कि—जब मुनासिब वक्त आए तो तनाव, व्याकुलता, दबाव और बेहद उत्तेजना भरे क्षणों में जीपो कामयाबी के साथ अपनी हुनरमन्दी दिखाए। ऐसे माहौल में जीपो अगर घबरा जाए तो सारे सिलसिले का गुड़-गोबर होना तय था।

"सुनो।"—उसने जीपो के कन्धे पर हाथ रखकर आश्वासनपूर्ण स्वर में कहा—"जब से हम चारों ने मिलकर एक टीम की तरह काम करना शुरू किया है, मैं तभी से सारे कामों को बिना किसी झंझट के निपटाता रहा हूँ। ठीक है न?"

जीपो ने सहमतिसूचक सिर हिलाया। बाकी दोनों मोर्गन के आगे बोलने का इन्तजार करते रहे।

"यह ठीक है कि पहले का कोई भी काम इतना बड़ा नहीं था।"—मोर्गन आगे बोला—"लेकिन तुम सबको कुछ न कुछ मिलता ही रहा है। हालाँकि उनमें से किसी भी काम में कोई खास खतरा कभी नहीं रहा, लेकिन यकीन जानो, ऐसे कामों में लगे रहने का मतलब है देर-सवेर हम पुलिस की निगाहों में आ ही जाएंगे और फिर हम कब तलक इस किस्म के छोटे-मोटे कामों को करते रह सकेंगे। बहुत सोच-विचारकर मैं इस नतीजे पर पहुँचा हूँ कि हमें एक बड़ा दांव मारकर मोटा माल हासिल करने के बाद अपना यह गिरोह विघटित कर अपने-अपने रास्ते निकल चलना चाहिए। दो लाख डॉलर में दुनिया भर की ऐश की जा सकती है और यकीन करो—इतनी बड़ी रकम का हमारे पल्ले होने का मतलब होगा—दुनिया हमारी जेब में। इस काम में पेचीदगी जरूर है लेकिन इसे यकीनन अंजाम दिया जा सकता है। जरूरत केवल इस बात की है कि पूरी योजना के हर पहलू पर गहराई से सोच विचार किया जाए। किटसन ने हमें अधिकांश जानकारी तो दे ही दी है और उस जानकारी में हरेक बात ठीक भी है लेकिन इस सारे मामले में वह शायद एक बात भूल गया है"—मोर्गन ने तीनों श्रोताओं पर निगाह डाली, जीपो नर्वस था, किटसन अपने बयान पर स्थिर और भयभीत दिख रहा था और ब्लैक अभी भी अनिश्चित सा प्रतीत हो रहा था—"किटसन ने हमें यह नहीं बताया कि उस नए ट्रक को आए हुए पाँच महीने बीत चुके हैं। उसे निरंतर इस्तेमाल किया जा रहा है और इतने समय में हर कोई इस बात पर यकीन कर बैठा है कि वह ट्रक पूर्णतः सुरक्षित है। किटसन समेत हर किसी को पूरा यकीन है कि कोई भी अक्लमन्द आदमी उस ट्रक को लूटने की सोचेगा भी नहीं और दोस्तो—जब ऐसी कोई बात एक बार दिमाग में बैठ जाती है तो लापरवाही निश्चित है। आदमी आत्मविश्वास के अतिरेक में लापरवाह हो जाता है, और सावधानी हट जाती है। अब इस किस्म के हालातों में अगर कोई दूसरा—इस मामले में हम लोग—एक सटीक वार कर सकने में कामयाब हो सके तो सफलता निश्चित है। एक जबर्दस्त मुक्का और विरोधी चित्त।"

मोर्गन ने जान-बूझकर मुक्केबाजी की मिसाल दी थी क्योंकि वह किटसन के मन में उत्सुकता पैदा करना चाहता था, जीपो की तरह किटसन को भी उस सारे सिलसिले में शामिल किया जाना जरूरी था। मोर्गन ने नोट किया कि उसकी वह तरकीब काम कर गई थी और किटसन के चेहरे पर अब दिलचस्पी के भाव दिखने लगे थे।

"ट्रक के बारे में किटसन ने जो भी जानकारी दी है, वह मैं अर्सा पहले अखबारों में पढ़

चुका हूँ।”—मोर्गन ने आगे कहा—“उन लोगों को अपने उस ट्रक पर इतना आत्मविश्वास, इतना गर्व था कि उन्होंने उसकी खूबियों की तमाम तरह की पब्लिसिटी की थी। उन्हें पूरा यकीन है कि वह ट्रक लुट ही नहीं सकता। ऊपर से उन्हें लगता है कि उस ट्रक की उन खूबियों का जितना बखान किया जाएगा, उसको जितना सुरक्षित और मजबूत बताया जाएगा, ऐजेंसी को उतना ज्यादा बिजनेस मिलेगा। दोस्तों, मैंने जब से इस ट्रक के बारे में पढ़ा है, मैं तभी से इसकी तथाकथित अभेद्य सुरक्षा में सेंध लगाने की सोचता रहा हूँ। यकीन जानो—हम इस काम को कर सकते हैं, बस हमें जरूरत है हौंसले की। इस काम में सबसे ज्यादा जरूरत—हौंसले—की ही है और हमें यह बात भी याद रखनी है कि इस सारे सिलसिले के कामयाब अंजाम पर हममें से हरेक के हिस्से में आएंगे—दो लाख डॉलर।”

ब्लैक ने अपनी खत्म होती सिगरेट को ऐशट्रे में कुचला और तुरन्त ही दूसरी सिगरेट सुलगा ली। वह अपनी पीली आँखों से मोर्गन को बड़े गौर से देख रहा था।

“और तुम्हारे पास वाकई कोई ठोस तरकीब है?”—उसने पूछा।

“हाँ।”—मोर्गन ने अपनी सिगरेट सुलगाई, एक गहरा कश लिया और धुंआ जीपो की ओर छोड़ते हुए आगे कहा—“मेरे पास तरकीब है और इस बारे में उस तरकीब पर और आगे काम किया जा सकता है। उस पूरी योजना को ठोक बजाकर उसकी बकायदा पालिश करने का हमारे पास काफी वक्त है। वो ट्रक पाँच साल से हर हफ्ते रिसर्च स्टेशन में दस लाख डॉलर की रकम पहुँचाने जाता रहा है, और मैं जानता हूँ कि उसे लूटना इतना आसान नहीं होगा। गुजरते समय के साथ उनकी सारी सावधानी, सारी सतर्कता कम पड़ती जा रही है और ऐसे में हम मौका पाते ही उस पर धावा बोल सकते हैं।”

“ठहरो।”—किटसन आगे को झुककर बोला। उसका चेहरा उत्तेजना से तमतमा रहा था—“यह बकवास है, मेरा सवाल है कि तमाम तरह की लापरवाही होने के बावजूद, उस ट्रक में मौजूद एक बटन को दबाने भर में किसी भी आदमी को आखिरकार कितना समय लगेगा, दो सेकेन्ड? इस तरह तीनों बटनों को दबाने में महज छः सेकेण्ड लगने हैं। इसके बाद तो वह ट्रक फौलाद का एक बन्द बक्सा बन जाएगा, जिसे हममें से कोई खोल भी नहीं सकेगा। तुम हमें समझा रहे हो कि महज छः सेकेण्ड में हम ट्रक को रोक भी लेंगे, उसके गार्ड और ड्राइवर पर काबू भी पा लेंगे और आखिरकार दरवाजा भी खोल लेंगे। होश की बात करो मोर्गन, यह महज सब्जबाग है।”

“तुम्हें ऐसा लगता होगा।”—मोर्गन ने उपहासपूर्वक कहा।

“मुझे ऐसा लगता ही नहीं है, मैं इसे जानता भी हूँ। ट्रक को रोक लेने के बाद अभी तुम उसके नजदीक भी नहीं पहुँचे होगे कि वह पूरा ट्रक एक फौलादी बक्सा बन चुका होगा। फिर टाइम लॉक नहीं खुलेगा और भीतर से ट्रांसमीटर सिग्नल भेजने लगेगा।”

“अच्छा?”—मोर्गन ने मजाक उड़ाने के अन्दाज में कहा।

किटसन का मन किया कि उठकर उसका चेहरा बिगाड़ दे लेकिन उसने बड़ी मुश्किल से ही

सही—अपने को जब्त किया।

"मुझे अपनी बात पर पूरा यकीन है और तुम्हारी कोई भी बात मुझे मेरे इस यकीन से नहीं हिला सकती।"— किटसन बोला।

"तुम थोड़ी देर के लिए अपनी चोंच बन्द करो और मोर्गन को उसकी योजना बता लेने दो।"—ब्लैक ने हस्तक्षेप करते हुए किटसन से कहा—"और अगर तुम खुद को उससे ज्यादा दिमागदार समझते हो तो क्यों नहीं तुम खुद ही हमारे बॉस बन जाते?"

किटसन का चेहरा लाल हो गया। उसने अपनी गर्दन को झटका दिया और कुर्सी पर कमर टिका ली। उसने बेहद शिकायती निगाहों से पहले ब्लैक और फिर मोर्गन की ओर देखा।

"ठीक है।"—वह बोला—"लेकिन मैं कहे देता हूँ कि यह एक नामुमकिन काम है।"

ब्लैक ने मोर्गन पर निगाह डाली।

"तुम बोलो मोर्गन। तुम्हारी योजना क्या है?"—वह बोला।

"कल मैंने रिसर्च स्टेशन तक के रूट को बड़े गौर से देखा था।"—मोर्गन ने कहना शुरू किया—"ऐजेंसी से रिसर्च स्टेशन तक पूरा तिरानवे मील का फासला है। इसमें से सत्तर मील का सफर हाईवे पर किया जाता है और बाकी दस मील एक अन्य सड़क पर। अगले दस मील एक कच्ची सड़क पर और बाकी तीन मील का सफर एक प्राइवेट रोड से होकर किया जाता है जो सीधी रिसर्च स्टेशन जाती है। मुझे किसी ऐसी जगह की तलाश थी जहाँ हम उस ट्रक को रोक सकें। हाईवे और उससे अगली दस मील की सड़क पर यह काम होना नामुमकिन है, क्योंकि वहाँ लगातार यातायात बहता रहता है। तीन मील की प्राइवेट रोड पर दिन-रात निगरानी होती है चुनांचे वहाँ भी यह काम नहीं किया जा सकता। अब इस तरह हमें अपने काम के लिए उस कच्ची सड़क को चुनना होगा।"—मोर्गन ने अपनी सिगरेट की राख झाड़ी और सामने बैठे तीनों आदमियों को गौर से देखकर आगे कहा—"वह कच्ची सड़क पर एक और ब्रांच रोड है जो हाईवे नम्बर दस तक जाती है। हालाँकि अधिकांश यातायात उस ब्रांच रोड के बजाय रिसर्च स्टेशन के पिछले गेट के पास से गुजरती उस सड़क का इस्तेमाल करता है, जो न सिर्फ दो मील छोटी है, बल्कि उसकी हालत भी बेहतर है। रिसर्च स्टेशन के गेट से कोई दो मील पहले सड़क के दोनों ओर बड़ी-बड़ी चट्टानें हैं।

और इसके परिणामस्वरूप वहाँ सड़क अपेक्षाकृत संकरी है। ऊपर से उस स्थान पर बेहद घनी झाड़ियाँ मौजूद हैं जिससे छुपकर वार करने के लिए वह जगह एकदम सटीक है।"

ब्लैक ने सहमति में सिर हिलाया।

"ठीक कहा"—वह बोला—"मैं खुद वहाँ उस सड़क से गुजर चुका हूँ और वहाँ के तीखे मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बचा हूँ। वहाँ कई दुर्घटनाएँ घट चुकी हैं सो अब वहाँ इस बाबत साइन बोर्ड भी लगा दिया गया है।"

“बिल्कुल सही।”—मोर्गन बोला—“अब तुम जरा ट्रक में मौजूद दोनों आदमियों के बारे में सोचो। उस मौसम में ट्रक के भीतर बेहद गर्मी होगी। हालाँकि वे उस रूट पर गुजर चुके हैं सो उन पर उस गर्मी का खास असर नहीं होगा। अपने सफर के दौरान वे चट्टानों से घिरे सड़क के संकरे भाग पर पहुँचेंगे लेकिन मोड़ से घूमते ही उन्हें अपने सामने एक अजीब नजारा देखने को मिलेगा, चट्टान से टकराने के बाद एक कार वहाँ उल्टी पड़ी होगी और सड़क के बीचों-बीच एक घायल औरत पड़ी होगी जिसके चारों ओर खून का तालाब फैला पड़ा होगा। एक निगाह में वह औरत गंभीर रूप से घायल नजर आएगी।”—मोर्गन आगे की ओर झुककर सीधे ब्लैक की ओर देखते हुए बोला—“ऐसे में तुम मुझे बताओ—ट्रक में मौजूद गार्ड और ड्राइवर की क्या प्रतिक्रिया होगी? क्या वे उस औरत को कुचलकर आगे बढ़ जाएंगे या रुककर यह जानने की कोशिश करेंगे कि वह औरत जिन्दा है या मुर्दा?”

ब्लैक मुस्कुराया।

उसने किटसन की ओर देखा।

“सुना तुमने।”—वह उससे बोला—“यह ख्याली पुलाव है बेवकूफ?”

“वे ट्रक रोक देंगे।”—ब्लैक ने मोर्गन से कहा—“मेरा इस बाबत यह विचार है कि उनमें से एक ट्रक से उतरेगा और दूसरा ट्रान्समीटर से मदद का संदेश भेजेगा।”

मोर्गन ने किटसन की ओर निगाह डाली।

“तुम क्या कहते हो? वे क्या करेंगे?”

किटसन हिचकिचाया और फिर उसने अपने कंधों को झटका।

“मैं सोचता हूँ ब्लैक ठीक कह रहा है।”—आखिरकार वह बोला—“डर्कसन ट्रक से बाहर आएगा और थामस भीतर बैठा रहेगा। उधर डर्कसन जाकर औरत को किनारे खिसकाएगा, वापिस घूमकर ट्रक में जाकर संदेश प्रसारित करेगा और अन्ततः ट्रक आगे बढ़ जाएगा।”

“ठीक है।”—मोर्गन ने सहमति प्रकट की—“खुद मेरा भी यही मानना है।”

उसने जीपो से राय नहीं पूछी जो कभी-कभार ही अपनी राय दिया करता था। उसकी वह राय भी साधारणतया तिजोरी तोड़ने संबंधी मामलों में ही होती थी।

“तो हालात यह हैं कि”—मोर्गन आगे बोला—“एक गार्ड ट्रक के भीतर है और दूसरा बाहर। अब एक बात और बताओ”— मोर्गन ने सीधे किटसन से पूछा—“क्या इन हालातों में भीतर बैठा गार्ड ड्राइवर टाइमलॉक को निष्क्रिय कर वह बटन दबा देगा जिससे वह ट्रक एक फौलाद के अभेद्य बक्से में तब्दील हो जाता है?”

किटसन ने रूमाल निकालकर चेहरे पर उभर आई पसीने की बून्दों को पौंछा और हामी

भरी—“नहीं।”

मोर्गन ने ब्लैक पर निगाह डाली।

“तुम क्या बोलते हो?”

“ड्राइवर ऐसा नहीं करेगा।”—ब्लैक ने कहा—“किटसन के हिसाब से अगर टाइम लॉक को निष्क्रिय कर दिया जाए तो कोई काबिल एक्सपर्ट ही उसे दुबारा फिक्स कर सकता है। इसलिए भी ड्राइवर उस झंझट में पड़ने से बचेगा। ऊपर से वह ट्रक को ढक लेने वाली स्टील की चादरों को इसलिए नहीं चलाएगा क्योंकि वह जानने को उत्सुक होगा कि उसका साथी बाहर नीचे सड़क पर क्या कर रहा है।”

मोर्गन ने हाँ में सिर हिलाया।

“तो इसका मतलब हम नतीजे पर पहुँच रहे हैं।”—वह बोला—“यानी घायल औरत को देखकर ट्रक रुक गया है और बटन नहीं दबाए गए हैं।”—उसने किटसन की ओर उँगली उठाई—“जबकि तुम्हारा दावा था ऐसा होना कतई नामुमकिन था। तुम्हें मेरी बात सब्जबाग और ख्याली पुलाव लग रही थी, लेकिन अब स्थिति तुम्हारे सामने है। अब क्या कहते हो?”

“ठीक है।”—किटसन ने चिढ़कर कहा—“तुम्हारी थ्योरी ने मुझे गलत साबित कर दिया लेकिन इससे हासिल क्या हुआ?”

मोर्गन ने बड़ी तसल्ली से छत की ओर धुंआ छोड़ा। उसे इस स्थिति में मजा आ रहा था।

“हासिल अभी सामने आता है।”—वह बोला—“मैंने ट्रक को रुकने और एक गार्ड को नीचे आने पर मजबूर कर दिया है। अब सड़क के उस संकरे भाग के बारे में सोचो। ट्रक उस स्थान पर रुकेगा जहाँ चट्टानों की इतनी ओट है कि दो-तीन आदमी उनके पीछे बाखूबी छिप सकते हैं। गार्ड ट्रक से बाहर आकर औरत की ओर बढ़ता है। उधर ट्रक की खिड़कियाँ खुली होंगी, अब आगे सवाल यह है कि क्या ड्राइवर गार्ड के नीचे उतरने के बाद ट्रक की खिड़कियाँ बन्द कर लेगा?”

किटसन ने बेमन से सिर हिलाकर इन्कार किया।

“मुझे यकीन है ऐसा नहीं होगा, और फिर खिड़कियाँ खुली होने के बावजूद उस फौलादी बक्सेनुमा ट्रक में काफी गर्मी होगी। ड्राइवर अपने साथी को घायल पड़ी औरत की ओर बढ़ते देख रहा है और वहीं नजदीकी चट्टान के पीछे हमारे आदमी छिपे हैं। उन दोनों प्रहरियों को किसी किस्म की गड़बड़ी की आशंका नहीं हैं, क्योंकि वह इलाका ऐसी दुर्घटनाओं के लिए खूब बदनाम है।”—वह थोड़ा रुका और दोबारा बोला—“जब गार्ड औरत पर झुका होगा मैं झाड़ियों से निकलकर ट्रक के पीछे पहुँचूँगा। वहाँ से रेंगता हुआ मैं खिड़की के नजदीक पहुँचकर ड्राइवर पर रिवाल्वर तान दूँगा। ठीक तभी घायल पड़ी औरत अपने ऊपर झुके गार्ड पर पिस्तौल तान देगी।”—उसने अपनी सिगरेट ऐशट्रे में

कुचली और कहा—“अब मुझे बताओ कि इन हालात में क्या ड्राइवर और गार्ड बहादुरी दिखाने की बेजा हिम्मत करेंगे।”

“क्यों नहीं?”—जवाब किटसन ने दिया—“आखिरकार वे दोनों फुर्तीले और हौंसलामन्द हैं।”

“जरूर।”—मोर्गन बोला—“लेकिन मेरा दावा है कि वे सरेन्डर कर देंगे।”

कमरे में सन्नाटा पसर गया।

फिर जीपो ने कांपते स्वर में पूछा—“मान लो अगर उन्होंने सरेंडर नहीं किया तो?”

मोर्गन ने उसकी ओर देखा। उसकी काली आँखों में चमक थी।

“दस लाख का दाँव। हरेक के हिस्से में दो लाख। और इतनी रकम के लिए कुछ करना पड़ता है।”—वह बोला— “अगर वे सरेन्डर नहीं करेंगे तो उन्हें चोट खानी पड़ेगी। इतनी बड़ी रकम के लिए थोड़ी बहुत मारामारी करने में क्या हर्ज?”

कमरे में दोबारा खामोशी पसर गई।

आखिरकार इसे जीपो ने ही तोड़ा—“मुझे यह सिलसिला जम नहीं रहा मोर्गन। यह हमारी औकात से कहीं बड़ा काम है।”

मोर्गन ने बेसब्री से उसकी ओर हाथ हिलाकर कहा—“तुम क्यों फिक्र करते हो। तुमने तो वहाँ होना ही नहीं। तुम तो कहीं और ही होगे, और मुझे यकीन है वहाँ का काम बिल्कुल तुम्हारे मुफीद होगा।”

किटसन आगे को झुक गया।

“और मैं”—वह बोला—“मैं कत्ल के सिलसिले में फंसना नहीं चाहता। मैं इसमें शामिल नहीं।”

मोर्गन ने सिगरेट सुलगाते ब्लैक की ओर निगाह डाली।

ब्लैक ने सिगरेट सुलगा कर बड़ी अदा से तीली एक तरफ उछाल दी।

“मैं समझता हूँ वे सरेन्डर कर देंगे।”—वह बोला—“और अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो वाकई उनका बहुत नुकसान हो जाएगा।”

“सही कहा।”—मोर्गन ने कहा—“तो इसका मतलब है, मैं तुम और लड़की, ड्राइवर और गार्ड से निपट लेंगे। जीपो और किटसन को आसान काम दे दिया जाएगा लेकिन यूँ उनका हिस्सा भी घट जाएगा क्योंकि इस बाबत सारा रिस्क तो हम लेंगे। ठीक है?”

किटसन ने बेचैनी से पहलू बदला।

दो लाख डॉलर की रकम पर हावी हो सकने की कल्पना उसे उत्तेजित किए जा रही थी।

“मेरा हिस्सा कितना होगा?”—उसने पूछा।

“सवा लाख डॉलर।”—उत्तर मोर्गन ने दिया—“और जीपो क्योंकि हाथ का कारीगर बन्दा है तो इसलिए उसे पौने दो लाख मिलेंगे। तुम दोनों के हिस्से से निकलकर बचे एक लाख डॉलर को मैं और ब्लैक आपस में बाँट लेंगे।”

किटसन और जीपो ने एक दूसरे की ओर निगाह डाली।

“अब तक हम जिन मामलों में शामिल होते रहे हैं उनमें बस नाममात्र का खतरा रहा था, लेकिन इस बार यह सारा सिलसिला कहीं बड़ा और घातक साबित हो सकता है। सरेन्डर करने के बजाए अगर गार्ड और ड्राइवर ने कोई हौसलामन्दी दिखाई तो वहाँ खूनखराबा होना तय है और मैं इसमें शामिल नहीं होऊँगा।”— किटसन बोला।

“यह ठीक कहता है।”—जीपो बोला—“मुझे भी इस सारे सिलसिले से बाहर ही समझो।”

मोर्गन कुटिलतापूर्वक मुस्कुराया।

“ठीक है। हम इस मसले पर वोटिंग करेंगे। हमारे गिरोह का उसूल है कि हर मसले पर वोटिंग होती है सो इस बार भी फैसला वोटिंग से ही होगा।”—वह बोला।

“वोटिंग की कोई जरूरत नहीं।”—किटसन ने विरोध किया— “अगर ब्लैक भी तुम्हारे पक्ष में वोट देता है, तो भी मुझे इस सिलसिले से बाहर रहने का हक है। हम में से हरेक अपनी मर्जी का मालिक है और यह भी अपने गिरोह का उसूल है। याद है न?”

“मुझे बखूबी याद है।”—मोर्गन ने मुस्कुराते हुए कहा— “फिर भी हम वोटिंग करके ही फैसला करेंगे और वह फैसला हम सब पर बाध्यकारी होगा।”

किटसन ने अनिच्छापूर्वक कन्धे झटकाए और कहा— “क्यों वक्त बर्बाद किया?”

मोर्गन ने अपनी कुर्सी पीछे की और खड़ा हो गया। उसके मजबूत जिस्म का साया मेज पर पड़ रहा था।

“वोटिंग के लिए पर्चियाँ तैयार करो जीपो।”—वह बोला।

जीपो ने एक कापी में से कागज निकालकर उसके चार बराबर टुकड़े किए और उन्हें मेज पर रखा।

“यह लो।”—वह बोला—“अपनी-अपनी पर्ची लिख लो।”

“केवल चार पर्चियाँ क्यों बनाईं जीपो?”—मोर्गन ने पूछा।

जीपो ने उसे प्रश्नसूचक नेत्रों से देखा।

"हमेशा चार पर्चियाँ ही तो बनती हैं?"

मोर्गन मुस्कुराया।

"इस काम में पाँच हिस्सेदार हैं। लड़की भी वोट देगी।"

वह दरवाजे के पास पहुँचा और उसे खोलकर बोला—"अन्दर आओ जानेमन, हम वोटिंग कर रहे हैं और मुझे तुम्हारे वोट की जरूरत है।"

¶¶

वह अंधेरे से निकली और लटकते शेड के बल्ब की रोशनी में मोर्गन की बगल में खड़ी हुई और अपनी ओर ताक रहे तीनों आदमियों को घूरने लगी।

वह एक जवान लड़की थी जिसका कद औसत से थोड़ा ज्यादा निकला हुआ था। उम्र में वह तेइस वर्ष से ज्यादा नहीं थी। उसके बालों की सुनहरी रंगत थी जिसे उसने लपेटकर सिर के बीचों-बीच जूड़े की शक्ल में बांधा हुआ था। उसकी बड़ी-बड़ी आँखें भावहीन थीं। मुँह बड़ा और होंठ बेहद आकर्षक थे। कुल मिलाकर वह दिखने में खूबसूरत लेकिन जिद्दी किस्म की लड़की दिखती थी।

उसने गहरे लाल रंग की कमीज और साथ में एक काली स्कर्ट पहन रखी थी। उन्नत वक्ष, पतली कमर, गोल पुष्ट नितंब और खूब लम्बी सुडौल टांगें।

वह वाकई आकर्षक थी।

किसी इटेलियन फिल्म स्टार हसीना सरीखी।

तीनों आदमी उसे आँखें फाड़े अपलक ताके जा रहे थे।

मोर्गन ने मुस्कुराते हुए एक-एक करके वहाँ मौजूद सभी लोगों के चेहरों पर निगाह डाली। उसे बखूबी पता था कि लड़की की उपस्थिति पर वहाँ पर मौजूद हरेक शख्स की यही प्रतिक्रिया होनी थी। उसका अन्दाजा सही था।

जीपो का हाथ यकायक उसकी पतली टाई पर पहुँचा और उसकी गाँठ को दुरुस्त करने लगा। उसके होंठ फैल गए थे और सफेद दाँत चमकने लगे थे।

ब्लैक बुरी तरह चौंका था। उसकी भौंहें चढ़ी हुई थीं और होंठ सीटी बजाने के अन्दाज में सिकुड़े हुए थे। उसकी आँखों में लड़की के प्रति तारीफी भाव थे।

किटसन की हालत तो यूं थी मानो यकायक किसी ने उसके सिर पर हथौड़ा दे मारा हो। उसने लड़की की ओर यूँ देखना जारी रखा मानो रेगिस्तान में भटकते किसी शख्स को अचानक मीठे पानी का तालाब दिख गया था।

"यह जिनी गोर्डन है।"—मोर्गन ने परिचय दिया।

ब्लैक खड़ा हो गया।

फिर जीपो भी खड़ा हुआ लेकिन किटसन बैठा रहा। वह अभी भी अपनी मुट्ठियाँ भींचे था और पूरी तरह स्तब्ध था।

"ये तीनों मेरे पार्टनर हैं।"—मोर्गन बोलता रहा—"यह एड ब्लैक है जो मेरी गैरमौजूदगी में पूरी टीम संभालता है, यह जीपो मानदीनी है, हमारा टैक्निकल बन्दा और यह ऐलक्स किटसन है—बेहद काबिल कार ड्राइवर।"

तब अचानक किटसन हड़बड़ाता हुआ सा उठ खड़ा हुआ। उसकी इस हरकत से मेज उलटते-उलटते बची। वह अभी भी मुट्ठियाँ भींचे लड़की को घूरे जा रहा था।

लड़की की निगाहें तेजी से उनके चेहरों पर दौड़ीं और फिर वह एक कुर्सी खिसकाकर मोर्गन के बगल में जम गई।

"मैंने इन्हें पूरा प्लान बता दिया है।"—अभी भी खड़ा हुआ मोर्गन बोला—"इनमें से दो को यह सारा सिलसिला खतरनाक और बेहद पेचीदा लगता है। हम लोगों का उसूल है कि किसी भी मामले में मतभेद होने पर हम वोटिंग से फैसला करते हैं और हम अब यहाँ यही करने जा रहे हैं।"

लड़की की भौंहें सिकुड़ गईं और उसके चेहरे पर कई सवाल उभरे।

"काम बहुत पेचीदा और खतरनाक है।"—वह बोली— "तुम्हारा मतलब है इनमें से दो आदमी दो लाख डॉलर जैसी मोटी रकम हासिल करने के तमन्नाई नहीं हैं।"

उसके स्वर में अविश्वास का पुट था।

मोर्गन मुस्कुराया।

"नहीं।"—वह बोला—"असल में उन्हें लगता है कि इस सारे सिलसिले में किसी की जान जा सकती है, सो वे परेशान हैं।"

लड़की ने पहले जीपो, फिर ब्लैक और आखिरकार किटसन की ओर निगाह डाली।

"लेकिन तुम तो दावा कर रहे थे कि तुम्हारा गैंग बेमिसाल है।"—वह मोर्गन से बोली।

लड़की के स्वर में मौजूद व्यंग के पुट से किटसन के जबड़े भिंच गए।

मोर्गन मुस्कुराया।

"मैंने ठीक कहा था।"—वह बोला—"लेकिन यह भी एक बात है कि हम पहली बार इस तरह किसी बड़े, बहुत बड़े दाँव पर हाथ मार रहे हैं और हमारे दो साथी इसी बात से परेशान हैं।"

"बिलाशक यह एक बहुत बड़ा दाँव है।"—लड़की बोली— "क्योंकि इसमें हासिल रकम

दस लाख डॉलर है। लेकिन यह एक सीधी सी बात है कि जितना बड़ा दाँव—जितनी बड़ी रकम—उतनी ही जानमारी। तुमने मुझे भरोसा दिलाया था कि तुम्हारा गैंग इस पूरे सिलसिले को संभाल लेने के काबिल है और मैंने इसी बात पर यकीन कर लिया था, वरना मैंने तुम्हारे पास नहीं आना था।"—वह कुछ क्षणों के लिए रुकी और दोबारा बोली—"और अब यह वोटिंग का फंडा। आखिरकार यह सब क्या है?"

तीनों आदमी चौंके।

लड़की के लहजे में मौजूद हिकारत ने उन्हें असहज बना दिया था। ब्लैक के बारे में तो मशहूर था कि वह औरतों से सख्ती से पेश आया करता था।

"बहुत बढ़-बढ़ के बोल रही हो लड़की। अपनी जुबान को लगाम दो।"—वह बोला।

लड़की पर इसकी तुरन्त प्रतिक्रिया हुई।

बड़े ही सर्द और कठोर चेहरे के साथ उसने अपनी कुर्सी पीछे की और उठ खड़ी हो गई।

"लगता है मैं गलत जगह मौजूद हूँ।"—वह मोर्गन की ओर देखकर बोली—"यहाँ रुकना बेकार है, और मुझे लगता है कि अपना यह आइडिया मुझे किसी गर्म खून वाले सदस्यों के गैंग के पास ले जाना पड़ेगा। यहाँ मिट्टी के पुतलों से बात करना तो निरा वक्त बर्बाद करने वाला काम है।"

वह अपनी एड़ियों पर घूमी और दरवाजे की ओर बढ़ गई।

मोर्गन ने आगे बढ़कर उसकी बांह थाम ली और उसे रोका।

"जल्दबाजी मत करो।"—वह चेहरे पर मुस्कुराहट पैदा करके बोला—"मेरे साथी सही बन्दे हैं बस जरा एडजेस्टमैन्ट होने की देर है। जीपो माहिर तालातोड़ है, ब्लैक मेरी ही तरह बेइन्तहा हौंसलामन्द है और किटसन माहिर कार ड्राइवर है। बस जरा सब्र करो। तुम शायद यहाँ गलत वक्त पर आ गई हो और मैंने भी इनको सारा मामला समझाने में थोड़ी जल्दबाजी से काम लिया है। नतीजतन ये थोड़ा असहज हैं, बौखलाए हुए हैं। यकीन जानो— बुनियादी तौर पर यह गैंग बेहतरीन टीम है, बस इन्हें डर इस बात का है कि इस बार इस सारे किस्से में बहुत ज्यादा खतरा है।"

लड़की ने तीनों पर निगाह डाली।

"खतरा!"—वह बोली—"मुझे बताओ वह कौन-सा बेवकूफ है जो यह मानता हो कि दस लाख डॉलर जैसी रकम बिना किसी खतरे के हासिल की जा सकती है?"—वह बोली—"यह एक बहुत बड़ी रकम है और इसके साथ, इसी वजह से, इसमें तमाम तरह के खतरे बड़े हैं। मैं यह रिस्क लेने को तत्पर हूँ और मुझे परवाह नहीं कि अंजाम क्या होगा।"

उसने मोर्गन से अपनी बांह छुटाई और आगे बढ़कर रोशनी के गोल दायरे में आ गई।

फिर उसने सीधे किटसन से निगाह मिलाई।

"तुम क्या आराम से बैठे-बैठे दो लाख डॉलर जैसी रकम हासिल कर सकते हो? क्या इतनी बड़ी रकम बिना खतरे के हासिल की जा सकती है?"

किटसन उस क्षण उस लड़की की तिरस्कारपूर्ण निगाहों का सामना करने में असहज महसूस कर रहा था।

"यह एक नामुमकिन सरीखा काम है।"—वह चिढ़कर बोला— "और मैं यह जानता हूँ क्योंकि मैं वहाँ काम कर चुका हूँ। इसमें जान का खतरा है और यही वजह है मैं इससे दूर रहना चाहता हूँ।"

"अगर तुम वाकई ऐसा समझते हो तो तुम्हें मजबूर नहीं किया जा सकता।"—लड़की ने कहा—"हम तुम्हारे बिना यह काम अपने अंजाम तक ले जा सकते हैं। अगर तुम्हें दौलत से कोई एलर्जी है तो बड़े शौक से यहाँ से चलते-फिरते नजर आओ। अभी भी वक्त है दफा होओ।"

किटसन अपमान से जल उठा। उसने अपनी कुर्सी पीछे खिसकाई।

"तुम अपने आपको समझती क्या हो?"—वह बोला—"यह एक नामुमकिन काम है और ख्याली पुलाव है।"

लड़की ने उसे अपनी उँगली से दरवाजे की ओर इशारा किया।

"दफा होओ।"—वह बोली—"डरपोक कहीं के। हम तुम्हारे बिना ही इस काम को कर सकते हैं।"

किटसन की आँखें सुलग उठीं। वह उठा और लड़की की ओर बढ़ा।

लड़की उसकी ओर पलटी।

शेष तीनों आदमियों की निगाहें उन पर जमी थीं।

ब्लैक परेशान था। उसे पता था कि किटसन में धैर्य कम था और वह पूरी बद्तमीजी पर उतारू हो सकता है।

जीपो के चेहरे पर कई सवाल उमड़ रहे थे।

"तुम्हें मुझसे इस तरह पेश आने का कोई हक नहीं।"—किटसन लड़की के सामने जा खड़ा हुआ।

मोर्गन मुस्कुरा रहा था।

वह बड़ी बेमेल जोड़ी प्रतीत हो रहे थे। लड़की बामुश्किल उसके कंधे तक पहुँच रही थी। किटसन उससे कम से कम तीन गुना चौड़ा नजर आ रहा था।

लेकिन लड़की अभी भी—पूरी ढिठाई के साथ—उसे हिकारत भरी नजरों से घूरे जा रही

थी।

“तो अगर तुमने ठीक से नहीं सुना तो मैं अपनी बात दोहरा देती हूँ।”—वह शान्त स्वर में बोली—“यहाँ से दफा हो, हम तुम जैसे डरपोक के बिना भी अपना मिशन अंजाम दे सकते हैं।”

किटसन ने गुर्राते हुए अपना हाथ ऊपर उठाया।

“तो तुम मुझे मारना चाहते हो।”—लड़की बोली—“मारो। मैं तुम्हारी तरह बुजदिल नहीं हूँ।”

मोर्गन की हँसी छूट पड़ी।

किटसन ने अपना उठा हुआ हाथ नीचे कर लिया और बड़बड़ाता हुआ मुख्य द्वार की ओर बढ़ गया।

“किटसन।”—मोर्गन ने उसे पुकारा—“वापस आओ, वोटिंग में हिस्सा लो। अगर तुम यहाँ से यूँ गए तो तुम्हारा इस गैंग से नाता हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा।”

किटसन हिचकिचाया।

फिर वह धीरे से पलटा और अपनी कुर्सी पर आकर बैठ गया।

वह अभी भी असहज था।

“वोटिंग से पहले जरा पूरे मामले पर कुछ और जानकारी दो मोर्गन।”—ब्लैक बोला—“यह लड़की इस पूरे सिलसिले से कैसे जुड़ गई?”

“मैं पिछले पाँच महीनों से उस ट्रक को लूटने के फेर में हूँ।”—मोर्गन ने जवाब दिया—“लेकिन कोई तरकीब ही नहीं सूझ रही थी। फिर तीन रात पहले जिनी मेरे पास आई और मुझे समझाया। यह पूरी योजना इसी की है और इसलिए हम पाँच हिस्से कर रहे हैं। इसने बड़े करीने से पूरी प्लानिंग की है और मुझे यकीन है यह प्लान कामयाबी के साथ पूरा किया जा सकता है।”

ब्लैक ने लड़की की ओर निगाह डाली।

“और तुम्हें यह प्लान कहाँ से सूझा? तुम कहाँ से टपक पड़ीं बेबी?”—उसने लड़की से पूछा।

लड़की ने अपना मामूली और बदरंग पर्स खोलकर सिगरेट का पैकेट और माचिस निकाल ली। फिर बड़े इत्मीनान, ठहराव से उसने एक सिगरेट सुलगा ली और निरन्तर ब्लैक की ओर देखती रही।

“मैं कहाँ से टपकी”—वह बोली—“इससे तुम्हें कोई मतलब नहीं होना चाहिए। मुझे पैसे

की जरूरत है सो मैंने इस बाबत यह प्लान बताया। और सबसे महत्वपूर्ण बात—मुझे बेबी पुकारा जाना सख्त नापसंद है तो आइन्दा मुझे बेबी मत कहना।”

ब्लैक मुस्कुरा उठा।

वह हौंसलामन्द औरतों को पसन्द करता था।

“ठीक है”—वह बोला—“यह बताओ कि ऐसा पेचीदा और बड़ा काम करने के लिए तुमने यही टीम क्यों चुनी?”

लड़की ने जीपो की ओर इशारा किया।

“इसकी वजह से।”—वह बोली—“पूछताछ करने पर मुझे बताया गया कि किसी भी किस्म का ताला खोल लेने में इससे ज्यादा हुनरमन्द शख्स यहाँ और कोई नहीं और मुझे ऐसे शख्स की सख्त जरूरत है। फिर मुझे तुम्हारी बहादुरी, हौंसलामन्दी के किस्से पता चले, मोर्गन की पूरी टीम को लीड करने की काबिलियत का पता चला और किटसन की लाजवाब ड्राइवरी की खबर लगी।”

अब जीपो मुस्कुराया।

वह चापलूसी पसन्द करता था।

लड़की ठीक कह रही थी। ताले खोल डालने में वह लाजवाब था। उसने सोचा।

किटसन भी अब पहले की अपेक्षा सामान्य हो गया था।

“तुम्हें यह सब किसने बताया?”—ब्लैक ने पूछा।

“उससे तुम्हें कोई मतलब नहीं। यह खामखाह वक्त की बर्बादी है।”—लड़की बोली—“मैंने कई लोगों से पूछताछ की थी और मैं आगे बढ़ने से पहले पूरी तरह संतुष्ट हो जाना चाहती थी। मगर अब लगता है मुझसे गलती हो गई है। मुझे कहीं और जाकर कोशिश करनी चाहिए।”

ब्लैक ने उसे घूरते हुए सिगरेट सुलगाई।

“अगर तुम वह औरत हो जिसे घायल की एक्टिंग करते हुए सड़क पर लेटना है तो मानना पड़ेगा कि अपने लिए तुमने यकीनन सबसे हौंसलामन्द और खतरनाक काम का चुनाव किया है। क्या यह आइडिया—घायल होकर सड़क पर लेटने का—भी तुम्हारा है?”

“बिल्कुल।”—लड़की ने कहा।

“मैं इस पूरे सिलसिले में तुम्हारे रोल के बारे में बात करना चाहता हूँ। तुम सड़क पर लेटी होगी और अपने शरीर की ओट में पिस्तौल भी छुपाई हुई होगी। फिर जैसे ही गार्ड तुम्हारे पास पहुँचेगा, तुम उस पर पिस्तौल तान दोगी—ठीक?”

लड़की ने सहमति में सिर हिलाया।

“इसमें गड़बड़ी के चांसेस हैं।”—ब्लैक बोला।

“क्या?”

“दो बातें हो सकती हैं”—ब्लैक बोला—“या तो गार्ड हाथ उठाकर समर्पण कर देगा या तुम्हारी परवाह न करते हुए तुम्हारी पिस्तौल छीनेगा। जितना उस आदमी के बारे में मैंने सुना है—उससे लगता है कि वह समर्पण तो नहीं ही करेगा। अब इस हालत में क्या होगा?”

लड़की ने अपनी नाक से सिगरेट का कश छोड़ा।

“यह दस लाख डॉलर का मामला है”—वह सर्द स्वर में बोली—“अगर उसने गैरजरूरी हौसलामन्दी दिखाने की कोशिश की तो मैं उसे शूट कर दूँगी।”

जीपो ने रूमाल निकालकर चेहरे का पसीना पोंछा। उसने पहले मोर्गन और फिर किटसन की ओर देखा।

“यह वाकई बहुत बड़ा काम है”—मोर्गन बोला—“हमें हर तरह का, हर किस्म का खतरा उठाने के लिए तैयार होना होगा और दोस्तो अगर तुम ऐसा नहीं कर सकते तो इसमें शामिल ही मत हो।”

ब्लैक लड़की को बड़े गौर से पढ़ने की कोशिश कर रहा था।

वह झूठ नहीं बोल रही थी। वह बेहद निर्ममता से दावा कर रही थी। जब वह गार्ड पर पिस्तौल तानेगी तो गार्ड को उसकी आँखों में यही इरादा बिल्कुल साफ नजर आएगा और अगर ऐसा हुआ तो वह शायद अपनी हौंसलामन्दी और बहादुरी को परखने की कोशिश न करे। अगर मैं खुद गार्ड होता और इन हालातों में फँसा होता तो मैंने निश्चित रूप से समर्पण कर देना था।

“ठीक है”—वह बोला—“मैं सिर्फ यही जानना चाहता था। अब आगे का प्लान बताओ।”

मोर्गन ने सिर दाएँ-बाएँ घुमाकर इन्कार कर दिया।

“आगे की योजना बिना वोटिंग किए नहीं बताई जाएगी।”—वह बोला—“पहले वोटिंग होनी चाहिए। जिनी ने मुझे यकीन दिलाया है कि इसने पूरे प्लान के हर पहलू पर बड़ी बारीकी से सोच विचार करके, तमाम किस्म की डिटेल्स पर गौर करके, उसकी हर खामी को दूर किया है। मैंने जो कुछ बताया है—वह तो बस नमूना भर था। अगर हम इसके साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं तो यह हमें आगे की योजना बता देगी लेकिन अगर हम आगे बढ़ना नहीं चाहते तो यह अपने पूरे प्लान के साथ किसी और गैंग की तलाश में निकल लेगी। फिलहाल इतना बता देना ही काफी है। क्या कहते हो?”

“क्या वाकई तमाम कमियाँ दूर हो गई हैं?”—ब्लैक ने पूछा—“मुझे तो यकीन है कि इस

प्लान में अभी भी ढेरों खामियाँ हैं। हम ट्रक रोककर ड्राइवर और गार्ड पर काबू पा लेते हैं—हालाँकि हमारे अपने विचार से तो यह भी मुमकिन नहीं था, लेकिन तुम्हारी तफसील से अब मुझे यह मुमकिन दिखता है—लेकिन तुमने अभी उस ट्रांसमीटर रेडियो का इलाज नहीं बताया है। मान लो अगर हम गार्ड और ड्राइवर को काबू में करके रेडियो ऑफ भी कर दें तो भी—ऐजेंसी से संपर्क टूटते ही वे लोग स्वमेव ही ट्रक की खोज में लग जाएंगे। उन्हें यह भी ज्ञात है कि ट्रक को कहाँ खोजना है और ऊपर से सैकड़ों की तादात में पुलिस वाले, फौजी ट्रक और शायद हैलिकॉप्टर भी उस गुमशुदा ट्रक की खोज में जुट जाएंगे। उन्हें बस तिरानवे मील लम्बी सड़क पर ही खोज करनी है और हैलिकॉप्टर मिनटों में यह फासला पूरा कर लेगा। सड़क पर मौजूद ट्रक उनकी निगाहों से बचना नामुमकिन है। ऊपर से हमारे पास ट्रक को गायब करने के लिए बामुश्किल बीस मिनट होंगे और इतने समय में ट्रक को गायब करना तभी मुमकिन हो सकता है जबकि उसे संकरे भाग पर न रोका जाए, क्योंकि उस जगह पर तो आड़ लेने के लिए कोई जगह है ही नहीं। सब कुछ अगर सही-सही हो भी जाए तो भी उस जगह से किसी सुरक्षित जगह तक पहुँचने के लिए कम-से-कम पच्चीस मील का फासला तय करना होगा। और यह बात पुलिस भी खूब समझती होगी। उन्हें उस जगह पर धावा बोलकर हमें वहीं धर लेने में देर नहीं लगेगी और इन तमाम बातों के मद्देनजर मुझे यकीन नहीं कि ट्रक पर काबू कर लेने के बावजूद हम वहाँ पुलिस के आगमन से पहले ट्रक में मौजूद रकम को हासिल कर सुरक्षित वहाँ से निकल सकेंगे।"

मोर्गन ने अपने कन्धे झटकाए।

"मुझे खुद यह बात अखरी थी।"—वह बोला और फिर लड़की की ओर घूमा—"लेकिन इसका दावा है कि इसके पास इस समस्या का भी इलाज है।"

ब्लैक ने जिनी की ओर निगाह डाली।

"क्या सच में?"—उसने जिनी से पूछा—"क्या तुमने वाकई इस समस्या का समाधान ढूँढ लिया है?"

"हाँ"—जिनी ने सर्द लहजे में कहा—"यह इस पूरे काम का सबसे मुश्किल हिस्सा है, लेकिन मैं इसका सही इन्तजाम कर चुकी हूँ। जिनी ने अपनी बात इतने विश्वासपूर्ण लहजे में कही थी कि अब यकायक किटसन को भी ऐसा लगने लगा कि इस सारे सिलसिले को कामयाबी से अंजाम दिया जा सकता है।"

"तो फिर ठीक है।"—ब्लैक ने कहा—"मैं तुम पर यकीन कर लेता हूं, लेकिन मानना पड़ेगा कि इसके लिए तुम्हारे पास कोई जादुई तरकीब ही होगी।"—फिर वह कुछ क्षण रुककर बोला—"लेकिन दो समस्याएँ अभी भी मौजूद हैं—एक—ट्रक को रुकवा लेने के बाद जब हम ड्राइवर और गार्ड पर काबू पा रहे हों तब उस सड़क पर गुजरते हुए आने-जाने वाले दूसरे वाहनों को कैसे रोका जाए? यह ठीक है कि सड़क पर उस खास जगह कोई ज्यादा ट्रैफिक नहीं होता, मगर होता तो है, ऐन वक्त पर वहाँ दूसरे वाहन पहुँच सकते हैं।"

जिनी के चेहरे पर कठोर भाव उभरे, उसने अपनी पीठ कुर्सी पर टिका ली और यूँ उसकी गहरे लाल रंग की कमीज उसके उन्नत वक्षों पर कस गई।

"इस समस्या का इलाज बेहद आसान है।"—वह बोली—"वहाँ दो सड़कें हैं और दोनों ही हाईवे नं. दस पर जा मिलती हैं। हमें करना सिर्फ यह होगा कि ट्रक के गुजरने के बाद वहाँ—'आगे रास्ता बन्द है'—का साइन बोर्ड लगा दें और यूँ बाकी ट्रेफिक अपने आप दूसरी ओर मुड़ जाएगा।"

ब्लैक मुस्कुराया।

"सही है"—वह बोला—"अब दूसरी समस्या भी सुलझा दो। ट्रक हमारे कब्जे में आ गया है और तुम्हारी जादुई तरकीब से हम उसे लेकर किसी सुरक्षित जगह भी पहुँच गए। लेकिन इतना कर चुकने के बाद भी हम उसे खोलेंगे कैसे? किटसन के कथनानुसार ट्रक बेहद मजबूत है और हमारे पास उसे खोलने के लिए कोई ज्यादा समय मौजूद नहीं होगा। इस बारे में तुमने क्या सोचा है?"

जिनी ने इन्कार में सिर हिलाया।

"वह इसकी"—उसने जीपो की ओर इशारा किया— "सिरदर्दी है। यही इस काम का उस्ताद है। मैं ट्रक को सिर्फ इसके हवाले करने वाली हूँ। लेकिन फिर इस बारे में कोई खास जल्दबाजी की जरूरत नहीं है, क्योंकि इसके लिए इसे काफी समय मिलेगा। यह दो-तीन महीने तक कोशिश कर सकता है।"—उसने जीपो की ओर देखा—"अगर तुम्हें एक महीना मिले तो क्या तुम उस ट्रक को खोल सकते हो?"

चापलूस पसन्द जीपो ने बाखुशी सहमति में सिर हिलाया।

"एक महीने में तो मैं बड़े से बड़ा स्ट्रांगरूम खोल दूँ।"—वह बोला।

"तुम्हें एक महीने से भी ज्यादा का टाइम मिलेगा।"

"ओ.के."—मोर्गन बोला—"हम काफी बातें कर चुके हैं और अब हम सब यह मानते हैं कि यह पूरी योजना वाकई में ठोस है जिसे कुछ मेहनत और हौंसलामन्दी से बाखूबी कामयाबी के साथ अंजाम दिया जा सकता है। तो फिर"—मोर्गन कुछ क्षण रुका और बोला—"अब हम वोटिंग करते हैं। तुम लोगों ने फैसला केवल यह करना है कि क्या तुम किसी ऐसे खून खराबे के लिए तैयार हो जिसमें किसी की, हममें से भी किसी की, जान भी जा सकती है। हमें हत्या के आरोप का सामना करना पड़ेगा और अगर बिना खून-खराबा किए भी हमें पकड़ लिया गया तो दस-बीस साल की सजा हो सकती है। लेकिन फिर हमें यह भी याद रखना होगा कि इन तमाम किस्म के खतरों के एवज में हमें मोटी रकम भी हासिल होगी। दो लाख डॉलर। मैंने सारी स्थिति तुम लोगों को समझा दी है और अब अगर किसी ने कोई सवाल नहीं पूछना तो हम वोटिंग प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं।"

ब्लैक ने रुककर तीनों आदमियों के चेहरों पर निगाह डाली। कमरे में मुकम्मल सन्नाटा

था।

“वोटिंग के बाद”—ब्लैक ने बात आगे बढ़ाई—“हमें बहुमत के फैसले को मानना होगा और जो कोई बहुमत के फैसले को मानने से मना करता है तो उसे हमेशा के लिए यह गैंग छोड़ना होगा। अगर हम चूके तो दस-बीस साल जेल, अगर चूक बड़ी हुई तो हत्या के आरोप में मौत की सजा लेकिन अगर कामयाब रहे तो बाकी की ऐश की जिन्दगी, दो लाख डॉलर। यही सारा सैटअप है। क्या अब तुम लोगों को इस बारे में सोचने के लिए कुछ और वक्त की दरकरार है?”

अपनी बात कहकर मोर्गन ने ब्लैक की ओर निगाह डाली। ब्लैक आराम से बैठा जिनी की ओर तारीफी निगाहों से देख रहा था। मोर्गन ने जीपो की ओर निगाह डाली तो पाया कि वह सोच में पड़ा हुआ मेज की ओर ताक रहा था।

किटसन—अपलक जिनी की खूबसूरती का रसपान कर रहा था।

“आओ वोटिंग करें”—ब्लैक ने कहा और हाथ आगे बढ़ाकर कागज की पर्ची उठा ली।

जिनी ने दूसरी पर्ची उठा ली।

मोर्गन ने शेष पर्चियाँ उठाईं और जीपो और किटसन की ओर सरका दीं। उसने अपने लिए भी एक पर्ची फाड़ी, जेब से पैन निकालकर उस पर कुछ शब्द घसीटे और मोड़कर मेज पर डाल दी।

ब्लैक अपने पैन से पर्ची पर लिख चुका था। उसने भी उसे मेज पर डाल दिया।

फिर जिनी ने भी यही किया।

जीपो कुछ क्षण सोचता रहा, लेकिन आखिरकार उसने भी अपनी पर्ची तैयार कर शेष पर्चियों के साथ रख दी।

अब सिर्फ किटसन बाकी बचा था।

वह चिंतित निगाहों से अपनी पर्ची को घूर रहा था।

बाकी सब उसे ही देख रहे थे।

“खूब सोच विचार कर लो”—मोर्गन ने उसका मजाक उड़ाया—“हमारे पास सारी रात पड़ी है।”

किटसन ने उसे घूरा और जिनी से निगाहें मिलाईं। फिर उसने एकाएक पैन उठाकर पर्ची पर कुछ लिखा, पर्ची मोड़ी और बाकी पर्चियों के पास उछाल दी।

कुछ क्षण की खामोशी के बाद मोर्गन ने पाँचों पर्चियाँ अपनी ओर सरकाईं और उनमें से एक खोली।

"यस।"

उसने दूसरी पर्ची खोली।

"यस।"

उसने फटाफट तीनों पर्चियाँ खोल डालीं।

"यस, यस एण्ड यस।"

उसने धूर्ततापूर्वक वहाँ मौजूद हर शख्स पर निगाह डाली।

"लो दोस्तो"—वह बोला—"हम सभी इस काम को अंजाम देने के लिए तैयार हैं। मैं जानता था सब तैयार हो जाएँगे और हममें से हरेक के हिस्से में मोटी रकम आएगी। दो लाख डॉलर।"

किटसन ने जिनी पर निगाह डाली।

जिनी ने भी पलटकर उसे देखा। उसके चेहरे पर मौजूद तनाव अब रफूचक्कर हो चुका था।

वह दिलकश अंदाज में मुस्कुरा दी।

¶¶

अगली सुबह—आठ बजे।

एक धूल से अटी पड़ी काले रंग की ब्यूक, वैलिंग आर्म्ड ट्रक ऐजेंसी के मुख्य द्वार से चंद गज के फासले पर आकर रुकी।

चौड़ी सड़क पर दोनों ओर दर्जनों कारें मौजूद थीं, जो सारी रात वहीं खड़ी रही थीं। ब्यूक भी जल्द ही उन्हीं पार्क्ड कारों का हिस्सा बन गई।

मोर्गन ड्राइविंग सीट पर जमा बैठा था और अपने चिकनाई के दागों से भरा हैट अपने माथे पर झुका रखा था। उसने पतले होंठों में सिगरेट दबाई हुई थी।

उसकी बगल में ब्लैक बैठा था।

दोनों की शातिर और चौकन्नी निगाहें ऐजेंसी के लकड़ी के खूब ऊँचे फाटक पर जमी थीं। फाटक पर पुशबैल के बटन के रूप में पीतल की एक चमकीली नॉब लगी थी और समीप ही लगे एक साइन बोर्ड में मोटे अक्षरों में लिखा था—

दी वैलिंग आर्म्ड ट्रक ऐजेंसी

आप सुरक्षा चाहते हैं—हमसे हासिल कीजिए। संसार की सर्वाधिक सुरक्षित एवं सर्वोत्तम ट्रक सेवा के लिए आपका स्वागत है।

“लगता है इन्हें अपनी ट्रक सेवाओं पर बेहद यकीन है”—ब्लैक ने साइन बोर्ड पढ़ते हुए कहा—“खैर इन्हें हैरान होना पड़ेगा।”

“या फिर हमें ही हैरान होना पड़ेगा।”—मोर्गन मजाकिया लहजे में बोला।

“मेरा ख्याल है कि हम इस मिशन में यकीनन कामयाब होने वाले हैं और उस लड़की ने वाकई कमाल का प्लान बनाया है।”

मोर्गन ने अपने होंठों में दबी—लेकिन अभी तक बिना सुलगाई—सिगरेट को निकालकर सुलगा लिया।

“हाँ”—उसने सुलगती सिगरेट के दमकते सिरे को घूरते हुए कहा—“योजना तो बढ़िया है लेकिन सब कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि हम इसको कार्यान्वित कैसे कर पाते हैं। यही इस पूरी योजना की कमजोर कड़ी है। मुझे जीपो की चिन्ता है। लड़की ने पता नहीं कैसे कह दिया कि हमारे पास ट्रक खोलने के लिए वक्त की कोई कमी नहीं है और एक महीने तक उसे खोलने की कोशिश जारी रखी जा सकती है, जबकि हकीकतन शायद ऐसा न हो। हमारे पास बहुत सीमित समय है। ट्रक की खोज शुरू होते ही सरगर्मियाँ बढ़ जाएंगी और ऐसे में हम ट्रक को जितना जल्दी खोल सकेंगे उतना ही हमारे हक में ज्यादा मुनासिब और महफूज होगा। जीपो को भारी तनाव और दबाव में काम करना होगा और ऐसे हालात में उसकी कामयाबी नामुमकिन है। वह घबराकर हिम्मत हार सकता है।”

“हम ध्यान रखेंगे कि ऐसा न होने पाए”—ब्लैक ने कहा—“मुझे इस बाबत कोई चिन्ता नहीं।”—फिर कुछ क्षण रुककर उसने मोर्गन की आँखों में आँख डालकर कहा—“इस पूरे सिलसिले पर गौर करके मैं आखिरकार इस नतीजे पर पहुँचा हूँ कि हमें ट्रक के ड्राइवर और गार्ड को शूट करना ही पड़ेगा। अगर हमने ऐसा नहीं किया तो वे पुलिस को हमारे हुलिए बता देंगे और फिर हमारा पुलन्दा बंधना निश्चित है।”

मोर्गन ने अपने कन्धे झटकाए।

“जानता हूँ”—वह बोला—“लेकिन इस बात को अपने तक ही रखो। हमारे दोनों साथी पहले ही घबरा रहे हैं।”

ब्लैक ने उसकी ओर देखा।

“और वह लड़की?”

“वह घबराने वालों में से नहीं है।”

“वह दरअसल है कौन, मोर्गन?”

मोर्गन ने दोबारा कन्धे झटकाए।

“पता नहीं”—वह बोला—“यहाँ इस शहर की तो यकीनन नहीं है, लेकिन मेरा दावा है कि

वह पहले भी किसी गैंग के साथ मिलकर ऐसा कुछ कर चुकी है।"

"मेरा भी यही ख्याल है"—ब्लैक ने अपनी कलाई पर बन्धी घड़ी के डायल पर निगाह डाली—"मुझे यकीन नहीं कि यह पूरी योजना उसके दिमाग की उपज है। मैं मान ही नहीं सकता कि कोई लड़की इतनी कम उम्र में ऐसी ठोस योजना बना सकती है। मेरे विचार से यह किसी और गैंग, शायद वही जिसके साथ उसने पहले जुगलबन्दी की हो, ने यह योजना बनाई होगी लेकिन फिर या तो वे लोग घबराकर पीछे हट गए या इस लड़की ने यह पूरी योजना ही चुरा ली है और अब उन्हें मात देने की कोशिश कर रही है। शायद वे लोग इस लड़की को कोई बड़ा हिस्सा न देना चाहते हों। हमें इस लड़की पर निगाह रखनी होगी मोर्गन और अगर ऐन वक्त में कोई दूसरा गिरोह भी आन टपका तो हमें उससे भी निपटना होगा।"

मोर्गन ने अपना हैट अपने सिर पर पुन: व्यवस्थित किया।

"हाँ"—वह बोला—"मैं इस संभावना पर गौर कर चुका हूँ। हमें खतरा तो उठाना ही पड़ेगा। हम शुक्रवार से पहले ट्रक पर धावा नहीं बोल सकते। अभी काफी तैयारियाँ बाकी हैं। टाइम क्या हुआ है?"

"साढ़े आठ।"

"बस आने ही वाली होगी।"

"हाँ।"

उन्होंने सड़क पर निगाह दौड़ाई और बस स्टाप पर खड़े लोगों को बस की प्रतीक्षा में पाया।

"वह लड़की है आकर्षक"—ब्लैक बोला—"उसके जिस्म में वो सारे कलपुर्जे ऐन खूबसूरती से यूँ फिट हैं जो किसी भी लड़की को हाहाकारी बना देते हैं।"

मोर्गन का जिस्म तन गया। उसकी काली आँखें ब्लैक पर घूमीं।

"अब जब तुमने यह जिक्र छेड़ ही दिया है तो"—वह कड़े स्वर में बोला—"मैं तुम्हें कुछ बता देना चाहता हूँ। तुम उसके आसपास मत फटकना। वह दो हफ्ते चौबीसों घन्टे हमारे साथ होगी सो उसकी मौजूदगी से तुम तीनों के दिमाग में कोई खामाखाह का फितूर न उपजे। अगर तुम लोगों ने उसके साथ कुछ ऐसा-वैसा किया तो सारा खेल बिगड़ जाएगा और यह बात अच्छी तरह से समझ लो कि इस काम में किसी भी तरह की, कैसी भी कोई गड़बड़ नहीं होनी चाहिए।"

ब्लैक ने भौंहें चढ़ाकर उसे देखा।

"क्या वो तुम्हारे खाते में रिजर्व है?"

"नहीं, लेकिन हमें बस अपने काम से काम रखना है। मत भूलो कि यह पूरा सिलसिला,

सारा काम बेहद पेचीदा और इन्तहाई खतरनाक है, और किसी औरत के फेर में पड़कर, उस फसाद में हम सब मारे जा सकते हैं। तुम तीनों में कोई उसकी बाबत वहम न पाले और यकीन करो अगर किसी ने भी उससे, कैसा भी, कोई चक्कर चलाने की कोशिश भर की तो मैं बिना लिहाज किए उसकी वो गत बनाऊँगा कि बाकी की जिन्दगी में उसके सिर से औरत का भूत हमेशा के लिए उतर जाएगा।"

ब्लैक ने बेचैनी से पहलू बदला।

फिर वह मुस्कुराया।

"तुम इस बाबत किटसन को टटोलो। वह पिछली रात उस लड़की को यूँ घूरे जा रहा था कि मानो उसके कदमों में लेट जाना चाहता हो।"

"तुम तीनों पर ही निगाह रहेगी। तुम और जीपो भी कोई साधु-संत नहीं हो।"

ब्लैक की आँखों में क्रोध उभरा। उसने कुछ कड़ी बात कहनी चाही लेकिन सामने आती बस को देखकर इरादा बदल दिया।

"बस आ गई"—मोर्गन बोला—"सतर्क रहना।"

दोनों विंडशील्ड पर आगे झुककर देखने लगे।

बस स्टाप पर रुकी।

उसमें से दो आदमी—एक छोटे कद का इकहरे बदन वाला, और दूसरा छः फुटा चौड़े कंधों वाला—नीचे उतरे।

दोनों ने ऐजेंसी की वर्दी पहन रखी थी।

चौड़े कन्धों वाला सीधा तनकर चल रहा था। उसकी चाल तेज और जिस्म में चुस्ती थी। उसके होल्स्टर में पिस्तौल मौजूद थी। ब्यूक में बैठे दोनों आदमियों ने उसे फाटक में लगी पीतल की नॉब को खींचते देखा।

"यही है?"—ब्लैक ने पूछा।

मोर्गन ने बेचैनी से हामी भरी।

"हाँ"—वह बोला—"यह डर्कसन है।"

"और दूसरा?"

"दूसरा कोई और है। हमारा दूसरा बन्दा 'थामस' अभी दूसरी विपरीत दिशा से आती बस से उतरता है।"

ब्लैक को गार्ड के रंग-ढंग अच्छे नहीं लगे।

"यह पक्का फसादी साबित होगा।"—वह बोला—"यह बेहद फुर्तीला और हौंसलामन्द दिखाई दे रहा है।"

उधर डर्कसन पलट गया था। अब वह लापरवाही से ब्यूक की ओर देख रहा था। वह पच्चीस-छब्बीस साल का था और उसके चेहरे पर आत्मविश्वास की गहरी चमक थी।

ब्लैक को अपने हाथों में हल्की नमी महसूस हुई।

"लड़की को इसकी जान लेनी है"—वह बोला—"क्या उसने इसे देखा भी है?"

"हाँ, उसने इसे कल ही देख लिया था। वह जरा भी नहीं डरी, उल्टा कहने लगी कि वह इसे संभाल सकती थी।"

तभी फाटक खुला।

डर्कसन भीतर दाखिल हो गया तो फाटक पुन: बन्द हो गया।

"यह आदमी नहीं पूरा शैतान है"—ब्लैक बोला— "किटसन का अन्दाजा सही था मोर्गन। यह आदमी समर्पण नहीं करने वाला और हमें इसे ठिकाने ही लगाना होगा।"

"यह काम तुम करोगे। इसे लड़की के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता, लगता नहीं यह आदमी उसके काबू में आने वाला है।"—मोर्गन जानबूझकर ब्लैक की ओर नहीं देख रहा था—"मैं ड्राइवर को संभालूँगा। तुम राइफल थामें आड़ में रहना। ट्रक से उतरते ही तुम गार्ड को बराबर कवर में रखोगे। अगर वह लड़की के साथ धींगा-मुश्ती पर उतर आए तो तुम उसे ठिकाने लगा देना, समझ गए?"

ब्लैक का मुँह सूख गया लेकिन उसने सहमति में सिर हिला दिया—"ठीक है, मैं इसे संभाल लूँगा।"

"दूसरी बस भी आ गई। इसमें से ड्राइवर उतरेगा।"

ड्राइवर थामस ऊँचे कद का, सख्त चेहरे, सर्द आँखों और कठोर भावों वाला आदमी था। उसने भी ऐजेंसी की वर्दी पहन रखी थी और वह डर्कसन की भांति ही तनकर चल रहा था। उसकी उम्र करीब तैंतीस साल थी और चेहरे व चाल में आत्मविश्वास झलक रहा था।

उसे देखकर पहले तो मोर्गन कुछ प्रभावित हुआ, पर फिर उसने अपनी नाक सिकोड़ी।

"तो यह है दूसरा।"—वह बोला तो यूं लगा कि मानो गले में कोई कड़वी चीज आ फँसी हो—"ट्रक की जिम्मेदारी यकीनन काबिल आदमियों को दी गई है। यह दोनों अपने फन में माहिर दिखते हैं और ऐसे में मैं किसी वहम में नहीं रहना चाहता। यह आदमी समर्पण नहीं करेगा और मुझे इसकी जान लेनी ही पड़ेगी।"

ब्लैक ने हैट उतारकर माथे का पसीना पोंछा। उसकी धड़कनें तेज हो गई थीं।

"अगर हम चूके तो भारी मुसीबत में होंगे।"—वह बोला।

"दस लाख का दाँव है।"—मोर्गन ने कहा—"मेरी उम्र बयालीस साल है और उसमें से पंद्रह साल जेल में गुजरे हैं। मेरा अनुभव कहता है कि जिन्दगी में सिर्फ एक चीज की अहमियत है और वो है—दौलत। इसके बगैर आदमी का कोई वजूद ही नहीं। अगर दौलत है तो सबकुछ है। सीधी सी बात है कि मेरी जेब में दो लाख डॉलर होने का मतलब है, मैं जिन्दा हूँ और मेरा भी वजूद है। इसके बगैर मेरी हालत मुर्दे से भी बद्तर है। समझे? मैं इस पूरे सिलसिले को इसी नजरिए से देख रहा हूँ और इस रकम को हासिल करने के लिए मैं कुछ भी कर सकता हूँ। एक गार्ड और एक ड्राइवर मुझे इस रकम को हासिल करने से नहीं रोक सकते, पर हाँ, मैं मानता हूँ कि अगर हम चूके तो यकीनन हम बहुत बड़ी मुसीबत में होंगे। लेकिन फिर क्या तुम्हें जरा भी अहसास है कि इस वक्त भी हम, हम सब, एक मुसीबत में ही हैं। अगर हममें से कोई मर जाता है तो किसी को क्या फर्क पड़ेगा? लेकिन अगर हममें से हरेक के पास दो लाख डॉलर आ जाते हैं तो ऐसा नहीं होगा। तब पूरी कहानी ही कुछ और होगी। तब हम भी कायदे से आदमी कहलाए जाएंगे और हमारा अपना एक वजूद होगा। मैं यही चाहता हूँ और तुम भी यही चाहते हो। ठीक है न?"

ब्लैक ने अपना हैट दोबारा पहन लिया।

"नजरिया तो मेरा भी यही है लेकिन जानते हो मैं क्या सोचता हूँ? किटसन और जीपो उस लड़की से कुछ ज्यादा ही प्रभावित थे। वे शायद नहीं चाहते थे कि लड़की उनके बारे में यह सोचे कि उनमें इस काम को करने का हौंसला नहीं है और इसलिए उन्होंने इस काम के पक्ष में अपना वोट डाल दिया।"

"एक बार जब वे वोट देकर इसमें शामिल हो चुके हैं तो हम उनकी फिक्र क्यों करें?"—मोर्गन ने कहा—"अब उन्हें साथ निभाना ही होगा।"

"अगर उनमें आखिर तक हौंसला रहा।"

"उन्हें हौंसला रखना पड़ेगा, और कोई चारा नहीं।"

"ऐसा ही हो तो बेहतर।"—ब्लैक ने कहा—"अगर वे दोनों....।"

"अगर ट्रक हमारे कब्जे में आ जाता है तो हम उसे खोल भी लेंगे। वे दोनों साथ दें या न दें, अब अपने कदम आगे बढ़ाने के बाद मैं पीछे नहीं हटूँगा।"

ब्लैक ने हामी भरते हुए गर्दन हिलाई।

"एक बात और है"—वह मोर्गन से बोला—"इस पूरे प्लान को कामयाबी से अंजाम देने का खर्चा लगभग दो हजार डॉलर है जिसका कि इन्तजाम किया जाना होगा। इस बारे में हमने पिछली रात कोई बात भी नहीं की। इसका इंतजाम कैसे होगा?"

"हमें कुछ और काम करना होगा।"—मोर्गन बोला— "छोटा मगर जिसमें हमें पर्याप्त

रकम हासिल हो। बस ध्यान देना होगा कि इसमें कोई जोखिम न हो। मैं खुद इस बारे में सोच रहा था और अब आखिरकार मुझे यही सूझा है कि अपने बड़े मकसद को हासिल करने से पहले हमें किसी पुलिस के फेर में नहीं पड़ना है।"

ब्लैक ने सिगरेट का लम्बा कश खींचा।

"हाईवे नं.10 पर मौजूद पेट्रोल पम्प। क्या विचार है? वह जो ड्यूकास जाते समय बायीं ओर पड़ता है।"

"दो हजार डॉलर के लिए उसे निशाना तो बनाया जा सकता है"—मोर्गन बोला—"लेकिन मैं हाईवे से काफी दूर किसी सुरक्षित लक्षय की तलाश में हूँ जहाँ से बिना सिरदर्द के इतनी रकम हासिल हो सके। मैं इस बारे में मोडेक्स स्ट्रीट पर तमाम रात खुले रहने वाले कैफे के बारे में सोच रहा था। थियेटर के आखिरी शो के बाद वहाँ काफी लोगों का जमघट लगता है और उनकी जेबें भी भरी रहती हैं। सीधा-सा काम है और किस्मत ने साथ दिया तो दो हजार डॉलर से ज्यादा बड़ी रकम हत्थे चढ़ सकती है।"

ब्लैक ने मुँह बनाया।

"वहाँ फिजूल में बखेड़ा हो सकता है और मैं इसके हक में नहीं हूँ। इसमें सबसे बड़ी खामी यह है कि लुटने वालों में पता नहीं कौन—कब हीरो बनने के जज्बातों को जगा बैठे।"

मोर्गन मुस्कुराया।

"ट्रेनिंग या कहो ड्रेस रिहर्सल के हिसाब से तो यही एकदम मुफीद काम है,"—मोर्गन बोला—"हम जानते हैं, यकीनी तौर पर जानते हैं कि, ट्रक के ड्राइवर और गार्ड हीरो बनने की कोशिश करेंगे सो बेहतर होगा कि ऐसे में हीरो पर काबू पाने की रिहर्सल कर ली जाए। अगर दाँव सही पड़ गया तो कैफे से तीन हजार सरीखी रकम भी हासिल हो सकती है। ऊपर से हम लड़की को भी आजमा लेंगे। मैं देखना चाहता हूँ कि क्या वो वाकई उतनी हौंसलामन्द है भी कि जितना दावा कर रही है।"

"हमारे साथ कौन-कौन रहेगा?"

"किटसन—कार चलाएगा, तुम और मैं—लोगों पर रिवाल्वर तानेंगे और वह लड़की—लोगों से रकम इकट्ठा करेगी।"

"और जीपो आराम से नींद लेगा।"

"ब्लैक,"—मोर्गन बोला—"तुम हमेशा जीपो के बारे में इसी तरह की बात करते रहे हो, लेकिन तुम्हें समझना होगा कि इस बार के काम में हमें उसकी जरूरत नहीं है। वह टैक्निकल बन्दा है और उसकी उस काबिलियत, उस हुनर का हमारे इस काम में कोई इस्तेमाल नहीं, वह ट्रक को खोलेगा, और इसके अलावा उसका कोई रोल नहीं, वह उसी—अपने हुनर के काम—के लिए रिजर्व है। समझ गए?"

ब्लैक ने फिर मुँह बनाया।

“ठीक है, जल्द ही मैं भी टैक्निकल आदमी बनने की कोशिश आरंभ करूँगा।”—उसने कहा और पूछा—“हम ‘कैरेवान’ कहाँ से लाएंगे?”

“मोर्लेब में एक जगह है जहाँ से उसे खरीदा जा सकता है। रकम हाथ में आते ही मैं लड़की को किटसन के साथ वहाँ रवाना कर दूँगा। वे यूँ जाहिर करेंगे मानो हनीमून के लिए निकले हों।”

ब्लैक मुस्कुराया।

“सावधान रहना, कहीं ऐसा न हो कि किटसन वाकई हनीमून मनाने लगे।”

“फिर वही बकवास”—मोर्गन गुर्राया—“ये मेरी आखिरी चेतावनी है। तुम उस औरत का झंझट बीच में मत घसीटो। उस लड़की से मेल-मिलाप की किसी भी वाहियात कोशिश को मैं बर्दाश्त नहीं करूँगा। किटसन उम्र में हम सबसे छोटा है और यूँ वही उसके पति के रोल में सर्वाधिक फिट बैठता है। लेकिन यह सिर्फ नाटक होगा और अगर किटसन ने इस नाटक को असलियत में बदलने की कोशिश भी की तो उसे यकीनन पछताना पड़ेगा।”

“हमारे ऊपर तो तुमने पाबंदियाँ लाद दीं लेकिन खुद उस लड़की के बारे में क्या ख्याल है? क्या तुमने उससे पूछा कि इस बाबत उसके दिल में क्या है?”

मोर्गन ने गहरी सांस खींची।

“मुझे खुद इसी बात पर शक था,”—वह बोला—“मुझे उस लड़की को देखते ही समझ में आ गया था कि तुम तीनों उससे नजदीकियाँ बढ़ाए बिना नहीं मानने वाले। सो मैंने उसे साफ कह दिया था कि अगर इस बाबत उसकी ओर से कोई गैरजरूरी पहल हुई तो उसे इस सिलसिले से बाहर निकाल दिया जाएगा,”—मोर्गन मुस्कुराया और आगे बोला—“जब मैंने उसे यह चेतावनी जारी की थी अगर उस वक्त तुम वहाँ उसके हाव-भाव देखते तो हैरान रह जाते। किसी मुगालते में मत रहना दोस्त। उस लड़की की जिन्दगी में सिर्फ—और सिर्फ—एक चीज की अहमियत है, जो कि सेक्स नहीं है। वह एकमात्र चीज है—दौलत। सो तुम्हें, जीपो या किटसन को उस लड़की से कुछ नहीं मिलने वाला। वह धनदिवानी, धन पिपासु स्त्री है। अगर किटसन ने उसके साथ हदें पार करने की कोशिश की तो उसे ऐसा तगड़ा सबक मिलेगा कि वह हैरान रह जाएगा। और यही तुम्हारे और जीपो के साथ होगा, तो यह बात खूब अच्छी तरह गाँठ मार लो कि उसकी दिलचस्पी केवल हासिल दौलत में है, किसी भी अन्य, जैसे तुम तीनों, में नहीं। उससे दूर ही रहो।”

ब्लैक हँसा।

“हाँ,”—वह बोला—“हमारी भलाई उससे दूर रहने में ही है।”

मोर्गन ने अपना ठण्डा हाथ आगे बढ़ाया। उसकी पतली उँगलियाँ ब्लैक की कलाई पर कस गईं। हैरान ब्लैक ने उस पर निगाह डाली।

मोर्गन की काली आँखें चमक रही थीं।

“मैं मजाक नहीं कर रहा ब्लैक,”—मोर्गन बोला—“मैं तुम्हें बता चुका हूँ कि मेरी जिन्दगी का एक बड़ा हिस्सा जेल में गुजरा है और यह मेरे लिए एक सुनहरी मौका है। अगर तुम समझते हो कि किसी नौजवान हसीन जिस्म को काबू में कर उसे हासिल करने की ललक में मेरे इस सुनहरी मौके को बर्बाद कर दोगे तो एक बार दोबारा जरूर सोच लेना। अगर मुझे लगा कि इस सारे सिलसिले में तुम्हारी वजह से कोई भी गड़बड़ हो रही है तो यकीन जानो मैं बिना हिचके तुम्हें ठिकाने लगा दूँगा। इसे हर समय याद रखना। ऐसा मौका ताजिन्दगी एकाध बार ही आता है और मैं इस मौके को केवल इसलिए नहीं गँवा सकता क्योंकि तुम, जीपो या किटसन किसी लड़की के साथ हमबिस्तर होना चाहते हो।”

ब्लैक जबरन मुस्कुराया।

“तुम्हें क्या हो गया है मोर्गन”—वह बोला—“मैं तो यूं ही मजाक कर रहा था।”

मोर्गन थोड़ा आगे को झुक आया। उसकी तंबाकू से बसी सांसें ब्लैक के चेहरे से टकराने लगीं।

“बेहतर होगा इस मजाक को यहीं—अभी खत्म कर दो।”

लम्बी खामोशी छा गई।

तनावपूर्ण खामोशी।

दोनों आदमी एक-दूसरे को घूरते रहे।

फिर ब्लैक ने तन्द्रा तोड़ी—“क्या यह कार केरेवान टो सकती है? मुझे लगता है वह काफी भारी होगी।”

मोर्गन सीट पर कमर टिकाकर आराम से बैठ गया।

“उसे इसी कार से खींचना है”—उसने स्टियरिंग व्हील पर अपनी उँगलियाँ ठकठकाईं—“वे पहाड़ियाँ ज्यादा बुरी नहीं हैं, लेकिन पहला आधा घन्टा यकीनन भारी गुजरेगा। हमें सड़क के उस संकरे भाग से ज्यादा-से-ज्यादा दूर पहुँचना होगा और इसके लिए हमारे पास केवल आधा घंटा ही होगा। मैं चाहता हूँ तुम इस कार को पक्के तरीके से जाँच लो क्योंकि ट्रक पर कब्जा कर लेने के बाद अगर इस कार ने हमें धोखा दिया जो हम बड़ी मुसीबत में घिर जाएंगे।”

“तुम चिन्ता न करो, मैं इसे पूरी तरह चैक कर लूँगा। हमें लड़की के लिए भी एक और कार की दरकार होगी।”

“हाँ। वह भी हमें कहीं से चुरानी होगी, हम असली ‘शो’ से दो दिन पहले उसका इन्तजाम करेंगे। तुम्हें और जीपो को उस हासिल कार का रंग, नम्बर प्लेट्स वगैराह भी तब्दील करना होगा। हम उस कार को पहचान लिए जाने का रिस्क नहीं ले सकते।”

तभी आर्म्ड ट्रक ऐजेंसी का गेट खुलता देखकर ब्लैक ने मोर्गन को टोका।

"वो आ रहा है।"

गेट से बाहर आते ट्रक को वे दोनों बड़े गौर से देख रहे थे।

ट्रक का आकार, ब्लैक के अंदाजे के विपरीत, बहुत छोटा था। यूँ लगता था मानो फौलाद का कोई बक्सा पहियों पर टिकाया गया हो। ड्राइविंग वाले हिस्से में विंडशील्ड के पीछे बैठे थॉमस और डर्कसन उन्हें बिल्कुल साफ दिख रहे थे। सीधा, तना, डर्क सामने की ओर देख रहा था और थॉमस ड्राइविंग सीट पर बैठा ड्राइव कर रहा था।

जैसे ही ट्रक आगे बढ़कर चलते यातायात का हिस्सा बना, मोर्गन ने अपनी कार, काली ब्यूक, को ऑन करके उसके पीछे डाल दिया। ट्रक और उनकी कार के बीच अन्य दो कारें और थीं।

"मुझे तो लगा था कि ट्रक काफी बड़ा होगा,"—आगे चल रहे ट्रक को देखने की कोशिश करता ब्लैक बोला—"और यह कोई खास मजबूत भी नहीं दिख रहा।"

"इसका आकार ही छोटा है, लेकिन इसकी मजबूती पर शक करना बेवकूफी होगी।"

आगे एक लिंकन कार थी, जिसे मोर्गन ने ओवरटेक कर लिया। अब उनके और ट्रक के मध्य केवल एक कार—छोटी स्पोर्ट्स कार—ही रह गई थी। इससे उन्हें ट्रक का पीछे का हिस्सा साफ नजर आने लगा था।

ट्रक के पिछले दरवाजों पर बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा था—

द वेलिंग आर्म्ड ट्रक सर्विस

यह दुनिया का सबसे सुरक्षित ट्रक है, अगर आप मूल्यवान वस्तुओं को कहीं लाना या कहीं भेजना चाहते हैं तो हमारी सेवाएं प्राप्त करें। हमारी सेवाएँ संसार में सर्वाधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय हैं।

आगे चलते ट्रक को इतना नजदीक देखकर ब्लैक की सांसें भारी होने लगीं। मजबूत फौलादी पहिएदार बक्सा उसके भविष्य, उसकी जिन्दगी के लिए एक चुनौती था।

"दाईं ओर देखो।"—यकायक मोर्गन बोला।

ब्लैक की आँखें तुरन्त उस तरफ घूमीं।

एक ट्रेफिक पुलिस वाला अपनी मोटरसाइकिल चलाता सड़क पर गुजरते वाहनों के बीच ले आया था।

"हमें ट्रक से दूर जाना होगा।"—मोर्गन बोला—"यह पुलिसिया शहर के बाहर तक इस ट्रक से यूँ ही चिपका रहेगा और अगर हम ट्रक के पीछे लगे रहे तो इसकी निगाहों का

मरकज बन जाएंगे।”

मोर्गन ने अपनी कार बगल की सड़क पर घुमा दी।

आगे चलते ट्रक के आँखों से ओझल हो जाने से पहले ब्लैक ने देखा कि ट्रेफिक पुलिसवाले की मोटरसाइकिल ट्रक के बगल में दौड़ रही थी। मोर्गन ने अपनी कार की स्पीड घटाई और नजदीक के खाली पार्किंग की ओर बढ़ा दी।

“देखा तुमने?”

“हाँ—देखने में तो वह एक फौलादी बक्से से ज्यादा कुछ नहीं दिखता। ऐजेंसी से ट्रक बाहर आने का सही टाइम नोट किया तुमने?”

“हाँ,”—मोर्गन ने जवाब दिया—“आठ-तैंतालीस। अब से ठीक तीन घन्टे बाद ट्रक उस संकरे रास्ते पर होगा और मुझे यकीन है कि वहाँ मौजूद किटसन और जीपो बड़ी बेसब्री से इसका इन्तजार कर रहे होंगे।”

“ठीक कहा मोर्गन।”—ब्लैक ने अपनी सीट पर बेचैनी से पहलू बदला—“यह काम वाकई बहुत बड़ा, बहुत पेचीदा है।”

“अगर हम अपने प्लान को ठीक से लागू कर सकें तो हमें कोई परेशानी नहीं होगी।”—मोर्गन ने एक सिगरेट सुलगाई—“अब हम उस रात भर खुले रहने वाले कैफे की ओर चलते हैं। मैं वहाँ से काम हो जाने के बाद निकासी के रास्ते को चैक करना चाहता हूँ, क्योंकि हमें वहाँ से जल्दबाजी में भागना पड़ सकता है। हमें इस मामले में कोई चूक नहीं होने देनी।”

“इसमें भी—और इस बड़े काम में भी हमें कोई चूक नहीं होने देनी।”

मोर्गन ने हाँ में सिर हिलाया और कार को पार्किंग स्पेस से बाहर निकालकर शहर की ओर बढ़ गया।

¶¶

सुबह—लगभग साढ़े ग्यारह बजे।

अपनी पुरानी लिंकन कार में जीपो किटसन के साथ रिसर्च स्टेशन के गेट से दो मील पहले के संकरे रास्ते पर मौजूद थे।

जीपो को पैदल चलने से चिढ़ थी सो किटसन ने उसे उस संकरे रास्ते पर उतारा और कार को आगे ले जाकर सड़क से दो फर्लांग दूर एक पेड़ों के झुरमुट में छुपा दिया। वहाँ से वह वापिस लौटा। तेज चटख धूप में उसका जिस्म पसीने से तरबतर था। धूल भरे टेढ़े-मेढ़े रास्ते पर आगे बढ़ता हुआ वह उस संकरे स्थान पर पहुँचा और आस-पास की जाँच करने लगा।

उसने अपने इस निरीक्षण में पाया कि वहाँ सड़क बहुत संकरी, बहुत तंग थी जिसके दोनों ओर दो ढलवां चट्टानें मौजूद थीं। उनका ढलान उन चट्टानों को एक पहाड़ी की सी शक्ल देता था और उनके दोनों ओर घनी झाड़ियों का खूब लम्बा सिलसिला था जिनमें कोई बेहद आसानी से छुप सकता था। अपनी उस वर्तमान स्थिति में किटसन को जीपो कहीं दिखाई नहीं दे रहा था, हालाँकि उसे यकीन था कि वह वहीं-कहीं खड़ा उसे देख रहा होगा।

जीपो के यूँ छिप जाने की वजह से किटसन थोड़ा घबरा गया था। वह इस पूरे सिलसिले के प्रति पहले भी पूरी तरह आश्वस्त नहीं था और अब तो उसे यकीन हो चला था कि थॉमस और डर्कसन द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने से पहले, वहाँ यकीनन कोई अप्रिय घटना, कोई खून खराबा होना तय था।

छः महीने पहले बॉक्सिंग से संन्यास लेने के बाद किटसन हमेशा मोर्गन के आभामण्डल में रहा था। अपनी आखिरी फाइट में जब किटसन को उससे कहीं कम ताकतवर—लेकिन ज्यादा चुस्त और काबिल बॉक्सर ने—बुरी तरह धुनकर नॉक आउट कर दिया था तब केवल मोर्गन ने ही उसकी मदद की थी।

किटसन का मैनेजर ड्रेसिंगरूम में आकर उसे साफ, उसके मुँह पर, बोल गया था कि बॉक्सर के रूप में उसका कैरियर अब खत्म था, मैनेजर के वहाँ से चले जाने के बाद मोर्गन वहाँ पहुँचा था।

उस समय बेहद खस्ताहाल और मृतप्राय किटसन को मोर्गन ने कपड़े पहनने में मदद कर, सहारा देकर स्टेडियम के बाहर अपनी कार तक पहुँचाया और आगे उसके घर ले गया।

वहाँ अपने छोटे से गंदे कमरे में पड़े किटसन को मोर्गन ने कहा था—"बॉक्सर के रूप में तुम्हारा कैरियर, तुम्हारा भविष्य अब भले ही खत्म था, लेकिन चिन्ता करने की कोई बात नहीं। तुम मेरे साथ शामिल हो सकते हो। मुझे पता है तुम एक काबिल कार चालक हो और मैं एक गिरोह बना रहा हूँ जिसमें मुझे तुम्हारे इस हुनर की जरूरत पड़ेगी। हम लोग बड़ी सफाई और चालाकी से अपने हर काम को अंजाम देंगे और यूँ आराम से बसर कर सकेंगे। बोलो—मंजूर है?"

उस समय तेइस साल के किटसन की तमन्ना हैवीवेट चैम्पियन बनने की थी लेकिन अब वह समझ चुका था कि उसका वह सपना कभी पूरा नहीं होने वाला था। उस समय उसकी जेब में मात्र बीस डॉलर थे और आगे का भविष्य पूरी तरह अंधकारमय। अपनी उस दयनीय दशा में भी मोर्गन का वह प्रस्ताव सुनकर वह हिचकिचाया था।

वह मोर्गन को पहले से जानता था।

वह जानता था कि मोर्गन ने पंद्रह साल जेल में गुजारे थे।

उसके न्योते पर हामी भरने का सीधा मतलब था—मुसीबतों को बुलावा देना। लेकिन किटसन इस कड़वी हकीकत से भी वाकिफ था कि अकेला रहकर वह अपने लिए भरपेट

खाना तक नहीं कमा पाएगा और इसलिए वह मोर्गन के गिरोह में शामिल हो गया। मोर्गन के गैंग के साथ उसने कुल मिलाकर पाँच वारदातें अंजाम दी थीं और नतीजे में इतना हिस्सा कमाया कि अब वह आराम से गुजर कर रहा था। वे पाँचों कारनामें बेहद चतुराई से बुनी गई योजना के साथ अंजाम दिए गए थे और उनमें कोई खास खतरा भी नहीं था। पकड़े जाने पर भी उन्हें ज्यादा-से-ज्यादा छः महीने की सजा ही हो सकती थी।

लेकिन किटसन को अब यकीन हो चला था कि वे पाँचों काम किसी दूसरे, बड़े काम की रिहर्सल मात्र थे। मोर्गन छुट-पुट कामों से संतोष कर लेने वाला शख्स नहीं था और किटसन जानता था कि मोर्गन देर-सवेर, आगे-पीछे, किसी ज्यादा बड़े हाहाकारी काम का प्लान जरूर बनाएगा। इसमें बीस साल जैसी लम्बी सजा का रिस्क था।

जिस दौरान किटसन बाक्सिंग की दुनिया में नाम कमाने की कोशिश कर रहा था, उसी दौरान वह उस वेलिंग आर्म्ड ट्रक ऐजेंसी में भी बतौर ड्राइवर काम कर रहा था। हालाँकि उसकी वह नौकरी केवल दस दिन चली थी क्योंकि वह ऐजेंसी के कड़े अनुशासन का पालन नहीं कर पाया था। उसकी वर्दी अन्य साथी ड्राइवरों की तरह साफ नहीं रहती थी, वह अपने काम में कोई रुचि नहीं लेता था और वक्त का पाबंद तो कतई न था। ऊपर से वह निशाने की ठीक ढंग से ट्रेनिंग लेने में भी नाकाम रहा और नतीजे में दसवें दिन ही उसे उस नौकरी से जवाब मिल गया।

लेकिन उन दस दिनों में वह वहाँ ऐजेंसी के काम करने के तौर-तरीके और वहाँ काम करने वालों के बारे में काफी कुछ जान गया था। यही वजह थी कि उसे मालूम था कि थामस और डर्कसन समर्पण नहीं करने वाले और इसका नतीजा होता— गोलीबारी, जिसमें किसी की जान जाना तय था। ऊपर से अगर पकड़ लिए गए तो कम से कम बीस सालों की सजा या और आगे—सजाए मौत। यही वजह थी कि मोर्गन ने जब इस काम की चर्चा भर की थी तब से ही वह इस खतरनाक सिलसिले के खिलाफ था। वह इस पेचीदा काम से दूर रहना चाहता था और इसके लिए एक बार तो उसने गिरोह भी छोड़ने का फैसला कर लिया था। वह यकीनन गिरोह छोड़ भी देता अगर—अगर उस सारे सिलसिले में वह सुनहरे रंग के बालों वाली लड़की का दखल न बना होता।

उससे पहले न तो किसी लड़की ने उसे इस ढंग से देखा था और न ही इस ढंग से पेश आई थी। उसकी आँखों में हौंसलामन्दी थी, बेबाक निडरता थी और खुद उसके प्रति हिकारत के भाव थे। किटसन खुद को औरतों पर हावी हो जाने वाला समझता था लेकिन उस लड़की ने किटसन से जरा सा भी प्रभावित होकर नहीं दिखाया था। किटसन के समूचे व्यक्तित्व के लिए यह एक हौलनाक अनुभव था और अब वह उस लड़की के बारे में सोचने के अलावा कुछ भी नहीं सोच पा रहा था।

वह महज उस लड़की की वजह से इस प्लान में शामिल हो गया था, हालाँकि उसे आभास था कि वह किसी भारी बखेड़े में इस कदर फंस सकता था कि उसमें से निकलना नामुमकिन साबित हो।

लेकिन किटसन में उस लड़की की आँखों में अपने लिए तैर रहे, हिकारत के भावों का

सामना करने का नैतिक साहस नहीं था।

किटसन ने अपने विचारों को झटका और आसपास मौजूद झाड़ियों पर निगाहें डालीं, जीपो कहीं नजर नहीं आ रहा था।

“बाहर निकलो जीपो”—वह ऊँची आवाज में बोला—“कहाँ छिपे हो?”

जीपो चट्टान की ओट से प्रकट हुआ।

“मैं यहाँ हूँ....।”

किटसन उसके पास पहुँचा।

“यह जगह छिपकर वार करने के लिए एकदम मुफीद है।”—किटसन जीपो के बगल में बैठता हुआ बोला, फिर उसने अपनी कलाई घड़ी पर निगाह डाली—“वे बीस मिनट में यहाँ पहुँच जाने चाहिए।”

जीपो बेहद इत्मीनान से चट्टान पर लेट गया। वह ऊपर नीले आसमान को ताक रहा था और तिनके से दाँत कुरेद रहा था।

“खुले आसमान को कभी गौर से देखा है तुमने?” —उसने पूछा—“मुझे इसे देखकर हमेशा घर की याद आ जाती है।”

किटसन भारी बदन वाले जीपो को पसंद करता था। वह अच्छा सहयोगी था। वह न तो ब्लैक की तरह लड़कियों के मामले में अपने गाल बजाता था, न खामाखाह के मजाक करता था और न ही किसी पर गैरजरूरी रौब जमाता था। ब्लैक निश्चय ही बेहद चालाक, हौंसलामन्द और दानिशमन्द था लेकिन मुसीबत के समय साथ देने वाला वो हरगिज नहीं था। जीपो इस मामले में भरोसेमन्द था। ब्लैक जहाँ मतलबी था, जीपो बिना किसी स्वार्थ के मदद करने में कभी भी संकोच नहीं करता था।

किटसन चट्टान पर औंधा लेट गया और अपना सिर थोड़ा ऊपर उठा लिया जिससे वह सड़क पर निगाह रखे रह सके।

“तुम्हारा घर कहाँ है जीपो?”—उसने पूछा।

“फिजोल में।”—जीपो बोला—“यह इटली में है। क्या तुम कभी इटली गए हो?”

“नहीं।”

“दुनिया भर में कोई और देश इटली जैसा नहीं है,”—जीपो ने आह भरी—“मैं बीस साल पहले वहाँ से आ गया था। जानते हो, इस काम से हासिल रकम का मैं क्या करूँगा? मैं वापस अपने घर, फिजोल चला जाऊँगा। मैं इटली पहुँचते ही एक कार खरीदूँगा और उसे ड्राइव करता हुआ घर पहुँचूँगा। मेरी बूढ़ी माँ यह देखकर खुशी से नाच उठेगी। फिर मैं पहाड़ी पर बने एक घर की व्यवस्था कर लूँगा। मेरा बाप तो दस साल पहले गुजर गया

था....लेकिन मेरी माँ आज भी मेरे लौटने के इन्तजार में है। मैं शादी करूँगा और उसे दर्जन भर पोते-पोतियाँ दूँगा। अगर पैसा पास हो तो सब कुछ मुमकिन है। इस मामले में मोर्गन सही कह रहा था कि दौलतमन्द शख्स दुनिया अपनी जेब में रखते हैं। मैं भी यही करूँगा। दुनिया मेरी जेब में होगी।"

'अगर तुम खुद गोलीबारी के दौरान बच गए, या बाद में पुलिस द्वारा धर न लिए गए तो ही....'—किटसन ने सोचा।

"तुम अपने हिस्से का क्या काम करने वाले हो?"—जीपो ने पूछा।

"यह सब कुछ मैं रकम के काबू आ जाने के बाद ही सोचूँगा। अभी से कुछ कहना व्यर्थ है। अभी रकम पहले पल्ले पड़ तो जाए।"

"देखो, योजना जरूर बनाते रहना चाहिए,"—जीपो ने सुझाव दिया—"योजना कभी पूरी हो या न हो लेकिन योजनाएँ बनाते रहने का एक अपना ही मजा है। मैं सालों से यही करता आ रहा हूँ। मुझे पता है कि मेरी कोई योजना कभी मुकम्मल तरीके से पूरी नहीं हुई है....लेकिन इस बार मामला जुदा है। इतनी रकम में क्या कुछ हासिल नहीं किया जा सकता!"

"लेकिन अभी रकम हमारे हाथ आई तो नहीं है?"

"मैं जानता हूँ,"—जीपो अपनी ही धुन में बोला—"तुम एक बेहद शानदार कार खरीदोगे, क्योंकि तुम एक दक्ष ड्राइवर हो। तुम्हारे पास एक शानदार कार होनी ही चाहिए। बाद में तुम एक पटाखा लड़की ढूँढ लेना,"—वह मुस्कुराया—"जिनी गोर्डन सरीखी। वैसे शायद तुम्हें पता न हो कि बढ़िया बनी इटेलियन लड़कियाँ क्या खूब करिश्मा होती हैं, पुष्ट, सुडौल नितंब, पतली कमर और उभरे उन्नत वक्ष। मेरे लिए तो जिनी की उम्र काफी कम है, लेकिन तुम्हारे हिसाब से वह एकदम परफैक्ट है। तुम दोनों की जोड़ी खूब जमेगी। और उसके उखड़े व्यवहार की चिन्ता मत करो, वह महज दिखावा है। उस जैसी औरतें तो मुहब्बत के लिए बनाई जाती हैं और तुम चाहो तो उसकी ऊपरी, नकली मगर सख्त परत को पिघला सकते हो।"

किटसन उस तेज धूप में झुलसता हुआ यह सब सुनता रहा। अगर किसी और ने यह सब कहा होता तो किटसन ने उसे टोक दिया होता लेकिन जीपो की बात कुछ और थी। खुद किटसन के दिमाग में यही बात चल रही थी।

"अपनी भी कहो, अपना दिल खोलो लड़के।"—जीपो ने कहा और कुछ क्षण रुककर बोला—"मुझे तुममें अलग किस्म की दिलचस्पी है। शायद तुम्हें यकीन न हो मगर कल रात जब मैंने इस सिलसिले में शामिल होने की हामी भरी थी तो मैंने तुम्हारे बारे में भी सोचा था क्योंकि तुम भी मेरी तरह ही इस काम में शामिल होने के खिलाफ थे। लेकिन फिर तुमने अचानक हाँ कह दी। तुमने ऐसा क्यों किया?"

किटसन ने अपनी हथेली के पिछले भाग से चेहरे का पसीना पोंछा।

"तुम इसमें क्यों शामिल हुए?"—किटसन ने उल्टा सवाल किया।

"उस लड़की की वजह से,"—जीपो ने स्वीकारोक्ति की—"वह कमरे में बड़े ही बादशाही और हाकिमाना अंदाज में आई थी। उसने जब अपनी योजना बतानी आरंभ की तो मुझे उसके आत्मविश्वास ने बड़ा प्रभावित किया। इससे खुद मुझमें इस काम के हो सकने का यकीन पैदा हो गया। फिर उस लड़की ने जब यह साबित कर दिया कि इस सारे सिलसिले को यकीनी तौर पर पूरी कामयाबी से अपने अंजाम तक पहुँचाया जा सकता है तो फिर मुझे भी यकायक यह अहसास हुआ कि ऐसा हो जाने के बाद हासिल दो लाख डॉलर से मैं क्या कुछ नहीं कर सकता? मैं बड़ी मुद्दत से यह सपना अपनी आँखों में पाले था कि कहीं से बड़ा दांव मारकर एक मोटी रकम के साथ, पूरे ठाठ-बाट से अपनी माँ के पास वापस लौटूँ—और इस प्लान पर अमल करके मेरा यह सपना साकार हो सकता है।"

"उस लड़की में कुछ अजीब सी बात है,"—किटसन ने बेचैनी से कहा।

दरअसल किटसन में इतना माद्दा नहीं था कि वह जीपो के सामने यह कबूल करे कि उसने लड़की की आँखों में अपने लिए मौजूद हिकारत से लरजकर इस पूरे सिलसिले में शामिल होने का फैसला किया था।

वरना उसे निजी तौर पर इसमें कामयाब होने की कतई उम्मीद नहीं थी।

"कितनी अजीब बात है कि इतनी सी उम्र में ही वह लड़की...."—अचानक जीपो ने अपनी बात को रोका और सतर्कता से अपना सिर उठाया।

"क्या हुआ?"

"मुझे कुछ सुनाई दिया,"—जीपो ने जवाब दिया—"जैसे कुछ चीज पास से गुजरी हो, क्या वह कोई सांप था?"

"सांप....?"—किटसन चिढ़ गया—"सांप हमारे नजदीक भी नहीं फटकेगा।" वह जिनी की बातचीत जारी रखना चाहता था। उसके लिए जिनी इस फानी दुनिया में सबसे खास थी।

"नहीं, इधर, यहाँ सांप हो सकते हैं। सुनो, मुझे सांपों से बेहद डर लगता है। मेरे छोटे भाई को एक सांप ने काट लिया था तो उसकी फौरन ही मौत हो गई थी।"

"ओफ्फ...."—किटसन खीज उठा—"तुम यह सांपों का जिक्र कहाँ से उठा लाए? हम लड़की की बात कर रहे थे लेकिन तुम बीच में ही सांप और अपने भाई का किस्सा ले बैठे।"

जीपो कुछ कहना चाहता था लेकिन उसे दूर एक धुँए का बादल उठता दिखाई दिया। उसने किटसन की बाँह पर हाथ रखकर उस ओर इशारा किया।

"वे ही हैं। वे आ रहे हैं।"

किटसन ने सांप की तरह बलखाती उस सड़क पर दूर तलक निगाह जमा ली। फिर

अचानक उसके दिल में एक अनजाना खौफ जागा। उसने अपने आपको संभाला।

“हाँ,”—वह फुसफुसाया—“वही हैं।”

दोनों खामोशी से अपनी ओर बढ़ते ट्रक को देखते रहे।

धूल उड़ाता ट्रक बड़ी तेजी से उस संकरे स्थान पर पहुँच गया। मोड़ पर घूमते हुए वह एक पल के लिए उनकी आँखों से ओझल हुआ लेकिन फिर अगले ही क्षण आगे बढ़ता हुआ दिखाई देने लगा। किटसन ने अपनी कलाई घड़ी पर निगाह डाली और टाइम नोट कर लिया।

तब उन्हें ट्रक में सामने मौजूद ड्राइवर और गार्ड की झलक भी दिखाई दे गई।

जीपो बैठ गया था।

उसका समूचा ध्यान अब ट्रक पर केन्द्रित था।

ट्रक आगे बढ़ता रहा और आखिरकार अगले मोड़ पर जाकर धूल के गुब्बार में गायब हो गया।

दोनों ने व्याकुलतापूर्वक एक-दूसरे की ओर निगाह डाली।

“दिखने में काफी मजबूत लगता है,”—जीपो बोला—“और वे दो आदमी? पूरे शैतान मालूम पड़ रहे थे।”

किटसन ने भी ड्राइवर और गार्ड को देखा था। वह उन्हें बखूबी जानता था। उसने मोर्गन को तभी इनकी फितरत के बारे में आगाह भी किया था लेकिन....। अब उन्हें साक्षात ट्रक में अपने सामने देख लेने के बाद और इस अहसास के बाद कि चन्द रोज में ही इनसे एक हौलनाक मुठभेड़ निश्चित थी, उसके जिस्म में से खौफ की एक सर्द लहर गुजर गई।

“तुम्हें इससे क्या फर्क पड़ता है?”—उसने नियंत्रित लहजे में जीपो से कहा—“आखिरकार तुम्हें तो इनका सामना करना नहीं।”

“वे दोनों आदमी जिस कदर तगड़े बने हुए हैं, मुझे खुशी है कि मेरा उनसे कोई सामना नहीं पड़ने वाला।”

किटसन ने अपनी नोटबुक में ट्रक के वहाँ पर आने-जाने का टाइम नोट कर काम पक्का कर लिया।

अब इस बारे में वह भूल भी जाए तो वह नोटबुक देखकर निश्चिंत हो सकता था।

“उन दोनों से मोर्गन और ब्लैक ने निपटना है।”—वह बोला।

“लड़की का भी तो उनसे सामना होगा।”—जीपो बोला—“इस पूरे प्लान में सबसे ज्यादा हौंसलामन्दी और बेहद खतरनाक काम उसके ही पल्ले है। वह कह रही थी कि विपरीत

परिस्थिति में वह गार्ड को शूट भी कर सकती है। क्या तुम्हें इस पर यकीन है?"

किटसन इस बाबत अनिश्चय की स्थिति में था।

"पता नहीं,"—वह खड़ा हुआ और सड़क पर निगाह डालता बोला—"आओ चलें, लेकिन यह भी बताओ कि क्या तुम उस फौलादी कवच वाले बेहद अनोखे और पेचीदा किस्म के ताले को खोल भी लोगे?"

"मोर्गन ने कहा था कि इस बाबत मुझे तीन-चार हफ्ते का टाइम मिलेगा, और यकीनन अगर मुझे सही किस्म के औजार और इतना टाइम मुहैय्या हो तो मैं इसे खोल लूँगा।"

"लेकिन मान लो कि अगर तुम्हें किसी गड़बड़ी के तहत जल्दबाजी और दबाव के तहत काम करना पड़े तो—तो क्या होगा?"

जीपो का चेहरा यह सुनते ही व्याकुल हो गया।

"क्यों ऐसी अशुभ बात बोलता है लड़के? मुझे मोर्गन पर भरोसा है सो मुझे लगता है कि इस बाबत वह मुझे तीन-चार हफ्ते का वक्त दे सकेगा। और इतने अर्से में तो कोई नौसिखिआ भी उसे खोल लेगा।"

"ठीक है,"—किटसन बोला—"तुम यहीं रुको, मैं कार लाता हूँ।"

किटसन चट्टान से नीचे उतरकर चला गया।

पीछे परेशान जीपो ने जिनी की हौंसलामन्दी और काबिलियत के बारे में सोचा और यूँ अपने बैठते आत्मविश्वास को संभाला। इस बाबत बहुत ज्यादा सोचना ठीक न होगा—उसने सोचा। अब तक मोर्गन की कही सभी बातें सही साबित हुई हैं तो यह बात भी सही साबित होगी ही, सो बहुत ज्यादा सोचने घबराने की जरूरत नहीं है। ऊपर से लड़की को खुद पर यकीन है, जबकि उसी के पास सबसे खतरनाक काम है। खुद उसने तो केवल ट्रक खोलना है और उसके लिए तीन-चार हफ्ते का टाइम काफी है, काफी से ज्यादा है।

वेलिंग आर्म्ड ट्रक, अपनी मंजिल, रिसर्च स्टेशन की ओर बढ़ता चला गया। उसमें सवार वर्दीधारियों को गुमान तक नहीं था कि उन्हें वॉच करा गया था, उनकी सारी गतिविधियों का बकायदा टाइम रिकॉर्ड किया गया था।

ट्रक में बैठे दोनों वर्दीधारी अपने पीछे धूल का गुब्बार छोड़ते हुए, अपनी मंजिल की ओर बढ़ते रहे।

¶¶

मोर्गन ने शाम आठ बजे एक मीटिंग रखी थी। अपनी कलाई घड़ी तेज होने की वजह से ब्लैक इसमें शामिल होने से पंद्रह मिनट पहले ही जा पहुँचा।

मीटिंग लू स्ट्रीगर के पूल रूम में थी।

ब्लैक भीड़ को चीरता हुआ मोटे बेयरे की ओर बढ़ा।

“ऊपर अभी तक कोई पहुँचा या नहीं?”—उसने पूछा।

“नहीं—लेकिन दरवाजा खुला है।”—जवाब मिला।

“हम्म्”—ब्लैक ने बेयरे को स्कॉच लाने का आर्डर दिया और कोने की एक मेज पर जा पहुँचा। उसने अपने सिर पर हैट को पुनः व्यवस्थित किया और टाई की गाँठ ढीली की। ब्लैक उस समय परेशान था। वह मोर्गन के कैफे को लूटने के प्लान से पूरी तरह मुतमईन नहीं था।

ब्लैक की शुरूआती जिन्दगी बाकी तीनों के मुकाबले कुछ बेहतर रही थी। उसका पिता एक कामयाब दुकानदार था जिसने अपने बेटे को अच्छी शिक्षा दिलवाई थी। वह अपने बेटे को डाक्टर बनाना चाहता था, लेकिन डाक्टरी करने के लिए मोटी-मोटी किताबों में सिर खपाना ब्लैक के बस की बात नहीं थी। दो साल कॉलेज की पढ़ाई के बाद यकायक उसने पहले पढ़ाई और फिर घर भी छोड़ दिया। वह कारों का सेल्समैन बन गया। फिर उन्हीं दिनों उसे अपने में मौजूद औरतों के प्रति न मिटने वाली भूख का पता चला और नतीजतन उसने अपनी आमदनी से ज्यादा, औरतों पर, खर्च करना शुरू कर दिया। अपनी पिपासा को शान्त करने के लिए उसने कर्ज लिया, और फिर उसी कर्ज को चुकाने के लिए उसे कंपनी की तिजोरी से चार हजार डॉलर चुराने पड़े। हालाँकि उसने यह चोरी इन्तहाई चालाकी से अन्जाम दी थी, लेकिन फिर भी वह बद्किस्मती से, पकड़ा गया। फिर छः महीने की सजा। अपनी बाइस साल की उम्र में पहली बार वह जेल गया।

फिर, फिर गया।

इस बार दो साल के लिए।

लेकिन बात यहीं नहीं रुकी।

बाहर आने के बाद उसे एक बार फिर एक अन्य मामले में पकड़कर जेल भेज दिया गया।

इस बार सजा चार साल की थी।

इस सबके बाद अब उसे जेल जाने से बड़ा खौफ लगता था। अपनी आखिरी जेल यात्रा के दौरान ही उसकी मुलाकात मोर्गन से हुई थी, जो वहाँ अपनी सजा का पंद्रहवाँ साल काट रहा था। दोनों साथ-साथ जेल से रिहा हुए।

अपने किस्म के धंधे में मोर्गन की एक अलग किस्म की शोहरत थी, जिससे मुतासिर होकर ब्लैक उसके साथ मिलकर काम करने को तैयार हो गया था। जेल में उसने अपने साथियों से अक्सर सुना था कि मोर्गन में अपराध की दुनिया का बेताज बादशाह बनने की कुव्वत थी। सबको यकीन था कि एक न एक दिन वह ऐसा मोटा दांव मारेगा कि सबके सब भौंचक्के रह जाएँगे।

आज ब्लैक पैंतालीस साल का था। और उसे अहसास था कि अगर वह किसी मोटे काम, बड़े दाँव, में शामिल नहीं हुआ तो उसका भविष्य अंधकारमय था। उसे मोर्गन की जहनी काबिलियत पर यकीन था और वह मानता था कि उसमें ऐसे किसी बड़े दाँव को बेहद कामयाबी से अंजाम तक पहुँचाने की कुव्वत थी जिससे उसकी बाकी की जिन्दगी को आराम से गुजारने लायक दौलत हासिल की जा सके।

विस्की चुसकते ब्लैक ने अपने हिस्से की उस रकम पर ध्यान केन्द्रित किया जो उसे उस फौलादी ट्रक की लूट से हासिल होने वाली थी।

दो लाख डॉलर।

इतनी रकम से तो वह ठाठ से यूरोप में रहकर दुनिया भर के तमाम मुल्कों की लड़कियों के साथ मित्रता रख सकता था। वह पहले मोंटी कार्लो जाएगा। फिर वह वाह-वाह।

वह अपने ख्यालों से खुश हो उठा।

और तभी उसकी नजर उस पर पड़ी।

जिनी गोर्डन।

वह अपने आनंदित सपनों से बाहर निकला। जिनी गर्दन ताने आगे बढ़ रही थी। उसने खुले गले की हरी शर्ट और नितम्बों पर गैरजरूरी रूप से कसी हुई पतलून पहन रखी थी।

वहाँ मौजूद हर शख्स की भूखी निगाहें उसी पर थीं।

यह लड़की वाकई हाहाकारी है—ब्लैक ने सोचा। लेकिन कमबख्त उतनी ही जिद्दी, बद्मिजाज और सख्तजान भी है। इस काम से निपट लूँ, ब्लैक ने सोचा, तो इसके साथ एक हफ्ते की तफरीह तो यकीनन करूँगा। यह बिस्तर में भी यूँ ही करिश्माई साबित होगी।

जिनी ऊपर जाती सीढ़ियों के पास पहुँचकर रुक गई।

ब्लैक ने व्हिस्की खत्म की और उठ खड़ा हुआ।

इधर जिनी ने सीढ़ियाँ चढ़नी शुरू कर दी थीं।

ब्लैक तेजी से आगे बढ़ा और उसके साथ-साथ ही ऊपर पहुँचा।

“हाय जिनी,”—वह बोला—“हम दोनों सबसे पहले पहुँचे हैं और यह पतलून तुम पर खूब फब रही है।”

जिनी ने उस पर लापरवाही भरी निगाह डाली।

“ओह—अच्छा!”—वह बोली और दरवाजा खोल कमरे में दाखिल हो वहाँ की लाइट जला दी।

फिर वह मेज के पास जाकर बैठ गई। उसने अपना बैग खोलकर उसमें से एक कंघा और एक शीशा बरामद किया और अपने पहले से ही संवरे बालों को संवारने लगी।

ब्लैक एक कुर्सी घसीटकर उसके नजदीक आ बैठा और तारीफी निगाहों से उसे निहारने लगा।

"प्रोग्राम आज रात का ही है।"—वह बोला और कुछ क्षण रुककर आगे पूछा—"डर लग रहा है?"

जिनी ने कंघा और शीशा वापिस बैग में पहुँचाया और उसकी किसी दूसरी जेब से सिगरेट का एक पैकेट बरामद कर बाहर निकाल लिया।

"डर?"—उसने पूछा—"किस बात का डर?"

ब्लैक ने अपने जेब से सिगरेट लाइटर बाहर निकाला और उसकी सिगरेट सुलगवाई। इसी वक्त जिनी के सुर्ख लाल होठों में एक हल्की-सी मुस्कुराहट उभरी और तुरन्त लुप्त हो गई।

"क्या बात है?"—ब्लैक ने पूछा।

जिनी की आँखें उसके हाथों में जलते लाइटर की तमतमाती लौ पर जमी हुई थीं। ब्लैक ने उसकी निगाह का अनुसरण किया तो पाया कि उसका खुद का हाथ कांप रहा था।

वह लाइटर बुझाकर, जबरन मुस्कुराया।

"ठीक है, मैं डर रहा हूँ,"—ब्लैक ने अपनी कोहनियाँ मेज पर टिकाईं और आगे को झुक गया—"मुझे डर है कि अगर आज रात किसी किस्म की गड़बड़ हुई तो हमारा अगला, असली, मिशन भी खटाई में पड़ जाएगा। सच कहूँ तो मुझे यह आज रात वाला काम कतई समझ में नहीं आ रहा। मैंने इस बाबत मोर्गन को समझाने की कोशिश भी की, कि इस कैफे के बजाए वह ड्यूकस वाला पेट्रोल पम्प लूटना बेहतर रहेगा लेकिन वह राजी नहीं हुआ। कैफे वाले इस काम में दिक्कत यह है कि इसके दौरान कोई भी ग्राहक हीरो बनकर बहादुरी दिखाने पर उतारू हो सकता है और अगर ऐसा हुआ तो उस सूरत में हमें गोली चलानी पड़ेगी। नतीजतन पुलिस हमारे पीछे होगी।"

जिनी ने सिगरेट का एक लम्बा कश खींचकर, उसका धुआँ छोड़ा और उसे बड़े गौर से देखा।

"फिर तो हमें ध्यान देना होगा कि वहाँ कोई बहादुरी न दिखाने पाए।"—वह बोली।

"यह कहना ही आसान है।"

जिनी ने बुरा-सा मुँह बनाया।

"अच्छा?"

ब्लैक खीज उठा।

"क्या तुमने पहले किसी गिरोह के साथ काम किया है?"—उसने पूछा।

"तुम्हें इससे क्या?"—वह बोली।

"ठीक है, अगर तुम्हें यूँ ही रहस्यमयी बनी रहने का शौक है तो यूँ ही सही। लेकिन याद रखो, आज रात का सबसे दुरूह काम तुम्हारे हिस्से में ही है। जब तुम वहाँ लोगों का पर्स ले रही होंगी तो कोई भी तुम पर झपट सकता है। सो सतर्क रहना।"

"मुझ पर कोई नहीं झपटने वाला।"

तभी दरवाजा खुला और किटसन और जीपो भीतर दाखिल हुए। उन्हें इस तरह एकान्त में देखकर किटसन ठिठक गया। उसका चेहरा तमतमा गया और आँखें लाल होने लगीं।

"दुल्हा आ गया।"—ब्लैक ने नारा बुलंद किया और तान देकर बकायदा एक विवाह गीत गाने लगा।

जीपो इस मजाक पर मुस्कुरा दिया।

किटसन यकायक फक्क पड़ गया।

"बको मत।"—वह गुर्राया—"यह बकवास बन्द करो।"

ब्लैक ने गाना बन्द कर दिया लेकिन उसके चेहरे पर अभी भी व्यंगपूर्ण भाव थे।

"क्यों, तुम और जिनी एक नवविवाहित युगल नहीं हो? मोर्गन ने तो कहा था कि तुम दोनों ने अपने हनीमून के लिए एक कैरेवान किराए पर लेना है।"

"मैंने कहा बकवास बन्द करो।"—किटसन चिल्लाया।

"लेकिन तुम्हें इतनी मिर्च क्यों लग रही है? क्या तुम इसके साथ हनीमून नहीं मनाना चाहते?"—ब्लैक ने कुछ क्षण रुककर उसके जवाब का इन्तजार किया, लेकिन उसे बोलता न पाकर आगे सवाल किया—"क्या तुम्हें यह अहसास नहीं कि एक कैरेवान के एकान्त में इस जैसी हसीन साथी का साथ किस कदर मजेदार साबित हो सकता है?"

किटसन अब पूरी तरह उखड़ गया। वह भड़क उठा। उसने दो ही कदमों में मेज के पास तक की दूरी पूरी की और वहाँ पहुँचते ही ब्लैक के जबड़े पर एक घूंसा जमा दिया।

ब्लैक कुर्सी समेट उलटकर पीछे जा गिरा।

वह फर्श पर धूल चाटता हैरानी से किटसन की ओर देखने लगा।

"ऊपर उठ कमीने,"—किटसन गुर्राया—"मैं तेरी जुबान काट लेने वाला हूँ।"

“ऐ लड़के!”—जीपो चिल्लाया।

उसने किटसन की बाँह पकड़ ली तो किटसन ने उसे झटक दिया। ब्लैक नीचे गिरा किटसन को घृणापूर्वक देख रहा था।

“मैं बड़े दिनों से इसी इन्तजार में था,”—वह बोला—“अब मैं तुझे बताता हूँ कि असली मारधाड़ किसे कहते हैं?”

ज्योंहि ब्लैक उठकर खड़ा हुआ, और इससे पहले कि वह अपनी कही बात साबित कर दिखाता, कमरे में मोर्गन ने प्रवेश किया।

“इन्हें रोको मोर्गन,”—जीपो चिल्लाया—“ये मरने-मारने पर उतारू हैं।”

मोर्गन उनके बीच में आ खड़ा हुआ। उसकी पीठ किटसन की ओर थी और आँखें ब्लैक पर जमी थीं।

“यह क्या पागलपन है?”—उसने कृत्रिम नम्रता से कहा।

ब्लैक एक कुर्सी पर बैठ गया और अपना जबड़ा सहलाने लगा। मोर्गन किटसन की ओर घूमा।

“अगर तुमने आइन्दा कोई गैरजरूरी हाथ-पांव चलाए तो उसका नतीजा तुम्हारे हक में बेहद खतरनाक होगा।”—वह बोला—“अब खत्म करो यह सब और शान्ति से बैठ जाओ।”

किटसन जिनी और ब्लैक से परे एक कुर्सी पर बैठ गया।

जीपो अभी भी हलकान था, वह जिनी के करीब पहुँचा।

“मेरे यहाँ बैठने से तुम्हें कोई एतराज तो नहीं?”—उसने पूछा।

“मुझे क्या ऐतराज होगा?”

जीपो हिचकता हुआ वहाँ नजदीक की कुर्सी पर बैठ गया।

मोर्गन कमरे में इधर-उधर भटकने लगा। उसने अपना हैट अपने माथे पर झुका रखा था और होठों में सिगरेट दबी थी।

“ठीक है दोस्तों, अब जरा ध्यान से सुनो,”—वह बोला—“हम आज रात बारह-दस पर अपने मिशन को प्रारंभ करेंगे। उस वक्त वहाँ काफी जमघट रहता है और हम पर किसी किस्म के काउंटर अटैक की संभावना भी कम होगी। किटसन इस सिलसिले में कार संभालेगा।”—उसने रुककर किटसन की ओर देखा—“तुम्हें वहाँ उस इलाके की पूरी जानकारी है और तुम कार का इंजन चालू रखना। अगर कुछ गड़बड़ हो गई तो हम वहाँ से भाग निकलने में तुम्हीं पर निर्भर रहने वाले हैं। तुम्हें वहाँ से रवानगी के वक्त इस

काबिलियत से ड्राइविंग करनी है कि कोई हमारा पीछा करना भी चाहे तो न कर सके।"

अभी भी कुढ़े बैठे किटसन ने सिर हिलाकर सहमति दी।

"जिनी तुम, ब्लैक और मैं अन्दर जायेंगे,"—मोर्गन बदस्तूर चहलकदमी करता हुआ बोला—"एक मशीनगन का इन्तजाम हो गया है। तुम्हारे और ब्लैक के पास भी अपनी-अपनी पिस्तौलें होंगी। जिनी मेरे साथ भीतर दाखिल हो जाएगी तो ब्लैक निकासी के दरवाजे पर जम जाएगा। हमारे भीतर दाखिल होते ही ब्लैक वह दरवाजा बन्द कर देगा। मैं बार काउन्टर के नजदीक रहूँगा क्योंकि वहाँ से पूरे कैफे के हॉल को कवर कर सकूँ। मुझे उम्मीद है कि मशीनगन देखकर वहाँ मौजूद किसी भी शख्स में हीरो बनने की ख्वाहिश खत्म हो जाएगी। कोई फसाद करने की कोशिश नहीं करेगा। उन्हें धमकी में ले लेने के बाद हम उनके पर्स झटकने शुरू कर देंगे। जिनी—यह काम तुम्हें करना है। ध्यान रहे कि हमें केवल नगदी चाहिए और कुछ नहीं। ब्लैक—इस दौरान अगर कोई भीतर आने की कोशिश करता है तो तुम्हें दरवाजे पर मामला संभालना होगा। हमें तेजी से सारा सिलसिला समेटना होगा और मुझे यकीन है कि यह काम पाँच मिनट में निपट जाएगा। बहुत कुछ तुम पर निर्भर करेगा जिनी। सतर्क रहना कि पर्स सौंपते वक्त कोई तुम्हें न धर ले। हमें वहाँ गोली चलाने की किसी भी नौबत को टालना है।"

जीपो ने यह सब सुना। वह मन ही मन खुश हुआ कि इसमें उसे शामिल नहीं किया जा रहा है।

किटसन भी अब शान्त था। उसे भी सिर्फ कार ड्राइव करने का काम सौंपा गया था। वैसे भी उसमें कैफे में मौजूद भीड़ के सामने यह सब हौंसलामन्दी करने का साहस नहीं था।

ब्लैक अभी भी गुस्से में था। लेकिन मोर्गन के लफ्जों ने उसका दिमाग किटसन पर से हटा दिया था।

"तुम भले ही इससे संतुष्ट हो मोर्गन, लेकिन मुझे यह सारा सिलसिला पसन्द नहीं आया,"—वह बोला—"हमें भीड़-भाड़ वाले के बजाए किसी और जगह को निशाना बनाना चाहिए।"

चहलकदमी करता मोर्गन थम गया।

"मैं जानता हूँ,"—वह बोला—"लेकिन हम इस काम में इसलिए हाथ डाल रहे हैं क्योंकि अपने बड़े मिशन को पूरा करने के लिए की जाने वाली सभी तैयारियों को फाइनेंस कर सकें। फिर मुझे इस काम से यह भी पता चल जाएगा कि अपने बड़े मिशन के दौरान तुममें से कोई घबरा तो नहीं जाने वाला।"—वह आगे बढ़कर जिनी के सामने पहुँचा—"यह तुम्हारी भी परीक्षा होगी। मैं देखना चाहता हूँ कि तुम जितना बढ़-बढ़ कर बोलती हो, तुम्हारे हौंसले भी उतने ही बुलन्द हैं। यही वजह है कि तुम्हारे हिस्से में सबसे मुश्किल काम है।"

जिनी ने स्थिर निगाहों से उसे देखा।

"कोई खास मुश्किल काम नहीं है। मैं इसे आसानी से कर लूंगी।"

मोर्गन मुस्कुराया।

"यही तो आजमाना है। अब यह मीटिंग बर्खास्त की जाती है। किटसन, तुम 12:10 पर जीपो की कार कैफे पर ले आना। इस वक्त 8:23 हुए हैं, तुम सब अपनी कलाई घड़ियाँ इसी समय पर सैट कर लो।"—ब्लैक ने कहा तो सबने अपनी कलाई घड़ियों को समान समय पर सैट कर लिया। मोर्गन ने अगले निर्देश जारी किए—"किटसन— मशीनगन के साथ, उसे तुम कार की पिछली सीट पर रख लेना, तुम अकेले कैफे पहुँचोगे। एड ब्लैक और मैं पैदल वहाँ पहुँचेंगे। अन्दर दाखिल होने से पहले मैं कार में से मशीनगन हासिल कर लूँगा।"—फिर वह जिनी की ओर पलटा—"तुमने भी ठीक 12:10 पर पहुँच जाना है।"

जिनी ने हाँ में सिर हिलाया।

"ठीक है,"—मोर्गन बोला—"यहाँ से जाते वक्त तुम्हें मशीनगन लू देने वाला है। जीपो— तुम भी इसके साथ हो जाना। अच्छा, अब 12:10 पर ही मुलाकात होगी।"

किटसन और जीपो उठकर कमरे के बाहर निकल गए।

उनके जाने के बाद मोर्गन बैठ गया।

"तुम ठीक हो?"—उसने जिनी से पूछा।

"क्यों—मुझे क्या होना था?"—जिनी ने भौंहें चढ़ाकर पूछा।

"मुझे बहलाने की कोशिश मत करो,"—वह बोला—"मैं दर्जनों बार इस किस्म के कामों को अंजाम दे चुका हूँ लेकिन फिर भी मुझे थोड़ी घबराहट रहती है। मैं जानना चाहता हूँ कि तुम घबरा तो नहीं रही हो? आज रात के इसे पूरे सिलसिले में तुम्हें अपना रोल तो, मुश्किल रोल, तो पसंद है?"

जिनी कुर्सी खिसकाकर उठ खड़ी हुई। उसने सीधे मोर्गन की आँखों में झांका।

"क्या मैं तुम्हें घबराई हुई नजर आ रही हूँ?"—उसने पूछा और फिर बोली—"बारह बजकर दस मिनट पर मिलते हैं।"

वह घूमी और दरवाजे की ओर बढ़ गई। चलते समय उसके शरीर के उतार-चढ़ाव बेहद उत्तेजक नजारा पैदा कर रहे थे। जिनी बिना मुड़े बाहर निकल गई। दरवाजा पुनः बन्द हो गया।

"यह वाकई सख्तजान है।"—ब्लैक बोला।

"हो सकता है,"—मोर्गन बोला—"लेकिन मैंने अपनी जिन्दगी में बड़े-बड़े सख्तजानों को बड़े गलत मौके पर गड़बड़ाते देखा है।"—वह उठ खड़ा हुआ—"आओ, यहाँ से चलते हैं।"

¶¶

12:05 पर मोर्गन और ब्लैक मेडाक्स स्ट्रीट पहुँचे।

वे सड़क पार अन्धेरे में एक बन्द दुकान के दरवाजे के पास जा खड़े हुए और सारी रात जगमग-जगमग रहने वाले—पैलेस कैफे—पर निगाह डाली।

खिड़कियों पर पर्दे लटके थे जिनके पीछे जगमगाती रोशनी दिख रही थी। मुख्य प्रवेशद्वार कांच का था और उसमें से भी भीतर का कुछ नजारा दिख रहा था।

मोर्गन ने अपनी सिगरेट सड़क पर उछाल दी।

“मंजिल सामने है।”—वह बोला।

“जीपो तो भगवान का शुक्र मना रहा होगा कि इस काम में उसे शामिल नहीं किया गया।”—ब्लैक ने कहा।

उसकी धड़कनें तेज थीं और हथेलियाँ नम हो गई थीं।

मोर्गन का दिल भी तेजी से धड़क रहा था। उसका मुँह सूख गया था।

“खुद मैं भी शुक्र मना रहा हूँ कि वह इसमें, यहाँ, शामिल नहीं है,”—मोर्गन बोला—“जैसे ही किटसन की कार आएगी, हमें सड़क क्रास करनी है।”

“ठीक है।”—ब्लैक ने अपनी पतलून की पीछे की जेब में ठूंसे अड़तीस बोर के रिवाल्वर के दस्ते पर हाथ फिराते हुए कहा—“लो, वह भी आ गई।”

सामने जिनी कैफे की ओर बढ़ती दिखाई दी। उसके जिस्म पर अभी भी वही लिबास था लेकिन अब उसने अपने सुनहरे रंग के बालों की रंगत छुपाने के उद्देश्य से एक हरे रंग का स्कार्फ कुछ यूँ अपने सिर पर बांध लिया था कि उसके सुनहरे बाल उस स्कार्फ के पीछे पूरी तरह छिप गए थे।

लगभग उसी समय, धूल से अटी, एक लिंकन कार कैफे के बाहर आकर रुकी।

“आओ।”—मोर्गन बोला और तेजी से सड़क की दूसरी ओर लपका।

सड़क सुनसान थी।

कैफे के भीतर ज्यूक बॉक्स से उभरता संगीत उन्हें वहीं बाहर सड़क पर भी, साफ सुनाई पड़ रहा था।

मोर्गन कार के नजदीक पहुँचा और उसने हाथ बढ़ाकर पिछली सीट पर रखी मशीनगन उठा ली।

“होशियार रहना, किटसन,”—वह बोला—“यहाँ से हमें वापसी में आंधी तूफान की

रफ्तार से भागना है।”

किटसन ने कुछ नहीं कहा, लेकिन स्टेयरिंग व्हील पर उसकी उँगलियाँ कस गईं।

ब्लैक भी अब वहाँ, कार के नजदीक, आन पहुँचा था। उसने एक रूमाल निकाला और अपने चेहरे के निचले भाग पर बांधने लगा। उसके हाथ बेतहाशा कांप रहे थे और उसे गांठ लगाने में भी बेहद दिक्कत हो रही थी।

उधर जिनी पहले ही अपने चेहरे को नकाब से ढंक चुकी थी और कैफे के मुख्य प्रवेशद्वार पर खड़ी थी। उसके हाथ में अड़तीस बोर की रिवाल्वर थी।

मोर्गन ने अपने चेहरे को ढंकने की कोई कोशिश नहीं की। वह खूब अनुभवी था, और अपने उसी अनुभव से जानता था कि वहाँ मौजूद हर शख्स इस बुरी तरह बौखला जाएगा कि बाद में पुलिस को आतताइयों का सही चेहरा बता ही नहीं पाएगा।

“आओ।”—वह बोला।

वह जिनी के पास पहुँचा।

“तुम दरवाजा खोलकर तुरन्त मेरे रास्ते में से हट जाना।”

“जानती हूँ।”—वह बोली।

मोर्गन को यह देखकर ताज्जुब हुआ कि वह अपने को पूरी तरह नियंत्रित किए हुए थी।

फिर मिशन शुरू हुआ।

जिनी दरवाजा खोलकर एक ओर हट गई।

मोर्गन तेजी से भीतर, कैफे के शोर भरे माहौल में दाखिल हो गया।

जैसे ही जिनी मोर्गन के पीछे बढ़ी, तुरन्त ब्लैक दरवाजे पर पहुँचा। उसने दरवाजा बन्द कर दिया और उसके आगे पर्दा सरका दिया। ब्लैक पसीने से नहाया हुआ था।

बार पर सिर्फ दो आदमी थे।

उन्होंने मशीनगन थामे मोर्गन को देखा और फिर नकाब ओढ़े हुए जिनी पर निगाहें डालीं।

उन्हें अपनी आँखों पर मानो विश्वास ही नहीं हुआ। डर से उनके चेहरे सफेद पड़ गए।

“रास्ता छोड़ो।”—मोर्गन दहाड़ा—“पीछे हटो।”

अचानक उस कमरे में सन्नाटा पसर गया। यूँ लगा मानो सारा शोर मोर्गन की उस दहाड़ में समा गया हो।

बार पर मौजूद दोनों आदमी थर्राये हुए कांप रहे थे।

मोर्गन ने कुछ गिलास और बोतलें गिराकर तोड़ दीं। कांच टूटने की आवाज सुनकर लोग उछलकर खड़े हो गए।

"खबरदार!"—मोर्गन ने अपनी मशीनगन वहाँ विशाल हॉल में इधर-उधर लहराते हुए चेतावनी जारी की—"हम तुम्हें लूटने आए हैं, और हमारा लक्षय सिर्फ पैसा है। सब चुपचाप बैठो और अगर किसी ने भी कोई हरकत की तो हम सबको भून कर रख देंगे।"

दरवाजे पर जमे ब्लैक के हाथों में हालाँकि रिवाल्वर थी, लेकिन फिर भी उसका हाथ लगातार कांप रहा था। उसका दिल धाड़-धाड़ बज रहा था और उसे अपनी सांसें थमती-सी महसूस हो रही थीं।

कैफे में मौजूद हरेक शख्स मूर्ति बना बैठा था।

"अपने-अपने पर्स निकालकर सामने मेज पर रख दें।"—मोर्गन चीखा—"जल्दी करो।"

अधिकांश लोगों के हाथ अपनी-अपनी पतलून की पिछली जेबों की ओर सरके।

अब जिनी की बारी थी।

उसने अपनी जेब से एक थैला बरामद किया और उसे अपने बाएँ हाथ में थाम लिया। उसके दाएँ हाथ में रिवाल्वर थी। वह आगे बढ़ी और हर मेज पर पहुँचकर पर्स समेटते हुए उन्हें थैले में डालने लगी।

दरवाजे पर खड़ा ब्लैक आँखें फाड़े सब देख रहा था।

जिनी बड़ी सफाई से और बड़े आराम से अपने हिस्से आए उस काम को अंजाम दे रही थी। उसकी गर्दन सधी हुई थी और उसके हर एक्शन में सतर्कता भरी थी।

"जल्दी करो।"—मोर्गन पुनः चिल्लाया—"अपने-अपने पर्स निकालो। हमें सिर्फ तुम्हारे पर्स चाहिए।"

ब्लैक अब जाकर कुछ संतुलित हुआ।

उसने देखा, मोर्गन पूरा शैतान बना हुआ था और यूँ दर्शा रहा था कि उसके हाथों में थमी मशीनगन किसी भी पल मौत उगलना शुरू कर सकती थी। उसकी आवाज वहाँ मौजूद हरेक शख्स का खून जमाए दे रही थी।

तभी अचानक जिनी एक मेज के पास थमककर रुक गई।

उस मेज पर एक सख्त चेहरे वाला मोटा एक औरत के साथ बैठा था, लेकिन मेज पर उठाने के लिए कोई पर्स नहीं था।

"पर्स निकालो मिस्टर।"—जिनी ने सरल स्वर में कहा।

"तुम जैसे मनहूसों को देने के लिए मेरे पास कुछ नहीं है।"—मोटा बोला।

ब्लैक के फिर पसीने छूटने लगे। वह बारी-बारी से मोर्गन और जिनी की ओर देखने लगा। मोर्गन के चेहरे पर भेड़िए जैसे भाव प्रकट हुए।

"पर्स निकाल।"—इस बार जिनी ने तीव्र स्वर में कहा।

"हरामखोरों को मैं कुछ नहीं देता।"—मोटा फिर बोला।

उसके साथ बैठी औरत का चेहरा कागज के समान सफेद था और उसकी आँखें बन्द थीं।

जिनी ने रिवाल्वर वाला हाथ ऊपर उठाया।

"पर्स निकाल मोटे।"—वह जहर बुझे स्वर में बोली—"वरना माथे पर तीसरी आँख खुल जाएगी।"

मोटे के चेहरे पर तनाव झलक उठा लेकिन वह बोला—"मैंने कहा न मेरे पास कुछ नहीं है। दफा होओ।"

मोर्गन ने मशीनगन की नाल उसकी ओर मोड़ दी, लेकिन वह जानता था कि इसका कोई फायदा नहीं। बीच में जिनी थी सो मशीनगन से फायर करना नामुमकिन था।

जो करना था जिनी ने ही करना था।

मोर्गन ने बड़ी व्याकुलता से उसे देखा।

क्या वह हौंसला छोड़ देगी या....?

अगले ही क्षण जवाब मिल गया।

जिनी की आँखों में एक क्षण के लिए मुस्कुराहट पैदा हुई, उसका रिवाल्वर वाला हाथ हवा में लहराया और भड़ाक से उस मोटे के चेहरे से जा टकराया। मोटे की नाक और गाल से खून निकल आया। उसने कराहते हुए अपने चेहरे की ओर हाथ बढ़ाया ही था कि जिनी ने अपने हाथों में थामी रिवाल्वर से उसकी खोपड़ी पर एक जोरदार दस्तक दी। दोनों प्रहारों से सदमें में जा पहुँचे मोटे की हालत अर्द्ध-मूर्छित समान हो गई। वह मेज पर लुढ़क गया।

उसके साथ बैठी औरत चीखी और उसने उठने का प्रयास किया।

"खबरदार!"—मोर्गन दहाड़ा—"अगर हिली तो मौत।"

उसकी धमकी में इतना खौफ था कि ब्लैक तक हिल गया। जिनी ने उस मोटे को सीधा किया और उसकी जेब से पर्स निकालकर थैले में डाल लिया।

इतना काफी था।

इस पूरे अप्रत्याशित प्रकरण का अंतिम परिणाम बड़ा सुखद रहा। बाकी लोगों ने चूँ

तक भी किए बिना पर्स निकालकर मेजों पर डालने शुरू कर दिए। जिनी ने तमाम पर्स समेट लिए।

उधर इस पूरे घटनाक्रम से ब्लैक इस कदर सम्मोहित हो गया कि उसका ध्यान मुख्य प्रवेशद्वार से हट गया। तभी उसे चौंकाते हुए एक भारी बदन वाला आदमी दरवाजा खोलकर भीतर दाखिल हो गया। भौंचक्का ब्लैक इससे पहले कि संभल भी पाता, आगन्तुक का एक वार उसकी कलाई पर पड़ा और नतीजे में रिवाल्वर उसके हाथों से झिटककर दूर जा गिरी। आगन्तुक अपनी इस फौरी सफलता से आत्मविश्वास से भर उठा। उसने ब्लैक पर घूंसा तान दिया। तभी मोर्गन ने उसे मशीनगन के सामने ले लिया।

“खबरदार! हिलना मत।”

आगन्तुक ने निगाह घुमाई। उसने मशीनगन देखी तो उसके छक्के छूट गए। उसने अपने हाथ ऊपर कर लिए और ब्लैक से पीछे हट गया।

एक और विरोध दबा दिया गया।

लेकिन अभी भी कुछ बाकी था।

एक अन्य भारी बदन वाला आदमी, जो अपना पर्स दे चुका था, उस मेज पर बैठा था जहाँ जिनी खड़ी थी। अपने पर से मशीनगन का रुख हटते ही उसने असावधान जिनी के रिवाल्वर थामे हाथ को दबोच लिया। उसका हाथ रिवाल्वर के दस्ते और जिनी की कलाई पर था और वह पूरा जोर लगाकर रिवाल्वर छीनने की कोशिश कर रहा था।

लेकिन रिवाल्वर पर जिनी की पकड़ मजबूत थी। उसने उस आदमी की आँखों में उभर रहे खौफ को नोट किया और ट्रिगर दबा दिया। कैफे में फायर की आवाज गूँज गई। उस आदमी का हाथ तुरन्त जिनी से अलग हो गया।

गोली उसकी बाँह को रगड़ती हुई गुजर गई थी, वह मरने से बाल-बाल बचा था।

“चलो।”—मोर्गन दहाड़ा—“जल्दी करो। पर्स उठाओ।”

जिनी पुनः अपने काम में लग गई। मेजों पर जमे तमाम ग्राहक अब खौफजदा हो बुत बन गए थे।

बाहर कार में मौजूद किटसन ने भीतर चली गोली की आवाज सुनी तो वह कांप उठा। कार को तुरन्त वहाँ से भगा ले जाने की तीव्र इच्छा को उसने बड़े प्रयासों से दबाया।

उसके हाथ स्टेयरिंग व्हील पर कस गए। चेहरे पर पसीना उभर आया। और तभी यकायक सब खत्म हो गया।

उसे भागते कदमों की आवाजें सुनाई दीं।

फिर उसकी कार का पिछला दरवाजा खुला और मोर्गन और जिनी वहाँ आ बैठे। तब तक

ब्लैक अगली सीट पर आ जमा।

किटसन ने तत्क्षण कार दौड़ा दी।

"तेज।"—मोर्गन चिल्लाया—"फौरन यहाँ से निकलो।"

किटसन लगातार रेस बढ़ाता चला गया।

विभिन्न सड़कों पर दौड़ती उनकी कार जल्द ही कैफे से काफी दूर निकल आई। इस बीच मोर्गन देख चुका था कि किसी ने उनका पीछा नहीं किया है।

"बस....ठीक है। आराम से ड्राइव करो,"—वह बोला— "हमारे पीछे कोई नहीं है। जीपो के ठिकाने पर चलो।"

सबने राहत की एक लंबी सांस ली।

"ओह....लेकिन गड़बड़ हो ही गई थी,"—ब्लैक ने चेहरे के पसीने को पोंछते हुए कहा—"अगर आज मशीनगन न होती तो काम बिगड़ना तय था। एक बेवकूफ जिनी की रिवाल्वर छीनने ही लगा था।"

"क्या हुआ था,"—किटसन ने पूछा—"फायर किसने किया, क्या कोई मारा गया?"

ब्लैक ने बताया कि पीछे क्या गुजरी थी।

जिनी मोर्गन के बगल में बैठी थी। उसका चेहरा सफेद था और वह अब कांप रही थी।

मोर्गन ने उसका घुटना थपथपाया।

"तुमने वाकई कमाल कर दिया। उस अक्खड़ मोटे को जैसे तुमने हैण्डल किया, वह वाकई हौंसलामन्दी का काम था।"

जिनी ने अपना घुटना परे कर लिया।

"बस करो।"—वह बोली और चेहरा दूसरी ओर घुमाकर सिसकने लगी।

मोर्गन उससे परे सरक गया।

किटसन और ब्लैक को पता नहीं था कि पिछली सीट पर क्या हो रहा है।

जीपो के ठिकाने, उसकी वर्कशाप की ओर कार बढ़ती गई।

"कितना माल हाथ लगा?"—किटसन ने पूछा।

"काफी होना चाहिए,"—मोर्गन ने जवाब दिया—"पचास के करीब पर्स हैं और कैश बाक्स भी नोटों से भरा है।"

मोर्गन को ब्लैक की तेज सांसें सुनाई दे रही थीं। पीछे कैफे में उसकी हालत को देखकर मोर्गन को एकबारगी यूँ लगा था कि वह घबराकर भाग खड़ा होगा। मोर्गन को ब्लैक के हौंसले पर भरोसा था, लेकिन अब नहीं। उसने फैसला किया कि ब्लैक पर बराबर नजर रखनी होगी।

इधर किटसन ने भी उसे निराश ही किया था।

अकेली जिनी का प्रदर्शन शानदार रहा था और उसे पूरे गैंग की सबसे बेहतरीन मेम्बर कहा जा सकता था।

मोर्गन ने उस पर निगाह डाली। उसने पाया कि जिनी अब सिसकना बन्द कर चुकी थी और खिड़की से बाहर देख रही थी।

मोर्गन ने अपनी सिगरेट उसकी ओर बढ़ाई।

"ले लो।"

जिनी ने सिगरेट लेकर चुपचाप होंठों पर लगा ली।

मोर्गन ने अपने लिए दूसरी सिगरेट सुलगाई। उसी समय किटसन ने कार को उस कच्ची सड़क पर मोड़ा जो सीधे जीपो की वर्कशाप तक जाती थी।

वर्कशाप दरअसल एक बड़े टीन-शैड के नीचे था, और वहीं एक लकड़ी का केबिन था, जो उसे पूरी वर्कशाप से जुदा करता था। जीपो यहीं, इसी केबिन में रहता था।

वर्कशाप की आड़ शानदार कवर थी। वर्कशाप में वेल्डिंग के बहाने जीपो ने एसीटिलीन और अनडायल्यूटिड हाइड्रोजन के सिलेण्डर आसानी से जुटा लिए थे, जो कि वास्तव में सेफ काटने के काम आते थे।

अपनी उस वर्कशाप से उसकी आमदनी बस इतनी भर थी कि वह वहाँ उस शैड का किराया अदा कर सके।

जीपो वहाँ उनकी बड़ी बेचैनी से प्रतीक्षा करता मिला।

किटसन ने जीप वहाँ शैड के नीचे खड़ी की तो सब बाहर निकले।

"क्या रहा?"—जीपो ने उन्हें देखते ही सवाल दागा।

"सब ठीक-ठाक हो गया।"—मोर्गन ने जवाब दिया—"जीपो, तुम ड्रिंक का इंतजाम करो और किटसन—तुम पहले तो नकली नंबर प्लेट्स उतारकर उन्हें नाले में दफना आओ और फिर कार के रेडिएटर में ठंडा पानी भर दो। पुलिस का कोई भरोसा नहीं। पता नहीं कब आ टपके।"—फिर वह ब्लैक की ओर देखकर बोला—"तुम किटसन की मदद करो।"

तीनों बताए काम पर लग गए।

मोर्गन जिनी के पास पहुँचा और मुस्कुराया।

“तुम ठीक हो?”

जिनी के चेहरे पर तनाव नुमाया था।

“हाँ.....मैं ठीक हूँ।”—वह बोली।

“तुम हमारे असली मिशन में भी ऐसी ही दिलेरी दिखा सकोगी?”

“ओह, बन्द करो यह सब। मैं बालिग हूँ, कोई बच्ची नहीं।”—उसने उखड़ते हुए कहा और नजदीक की एक बैंच पर जा बैठी।

तभी जीपो व्हिस्की की एक बोतल और पाँच गिलासों के साथ आया। उसने ड्रिंक बनाए। एक जिनी को दिया, एक मोर्गन को और एक खुद थाम लिया।

जिनी व्हिस्की की चुस्कियाँ लेने लगी। उसका चेहरा अब नार्मल होने लगा था।

“यह वाकई एक खतरनाक काम था,”—वह बोली—“खुद मेरी दिलेरी भी जवाब देने को थी।”

“नहीं, तुमने बड़ी हौंसलामन्दी दिखाई थी।”—मोर्गन बोला—“अब आओ जरा माल पर भी निगाह डाल लेते हैं।”

जीपो, किटसन और ब्लैक के पास जा चुका था। वे तीनों कार के काम पर उलझे हुए थे।

इधर मोर्गन ने थैला बैंच पर उलट दिया। फिर वह और जिनी पर्सों में से रकम निकालने लगे।

“यह उस मोटे का है।”—जिनी ने एक पर्स उठाकर कहा—“जिस पर मैंने प्रहार किया था।”

“देखो तो इसमें कितना माल है?”

जिनी ने उसमें से सौ-सौ डॉलर के दस नोट बरामद किए।

“इतनी रकम के लिए तो कोई भी इस तरह की हरकत कर सकता था।”

तब तक बाकी तीनों भी कार से निपटकर वहाँ आ गए।

मोर्गन एक बक्से पर बैठा नोट गिन रहा था। उसने पाँच डॉलर का एक आखिरी नोट बैंच पर रखा और अपनी निगाहें उठाईं।

“दो हजार नौ सौ पिचहत्तर,”—उसने घोषणा की—“यह रकम हमारे असली मिशन को पूरा करने के काम आएगी।”

“क्या यह सही है कि जिनी को एक आदमी से उलझना पड़ा था?”—जीपो ने हैरान होते हुए पूछा।

“हाँ—यह सच है। दरअसल उस आदमी ने ही इसे हाथ उठाने पर मजबूर कर दिया था,”—मोर्गन ने नोटों को संभालते हुए जवाब दिया—“और यकीनन जिनी ने उन हालातों में कमाल की दिलेरी दिखाई थी।”

जिनी पलटकर कार की ओर चली गई।

चारों आदमियों ने पहले दूर जाती जिनी को देखा और फिर आपस में निगाहें मिलाईं।

“अगर तुम सब भी जिनी की तरह यही हौंसला और जांबाजी दिखा सको तो हमारा मिशन यकीनन कामयाब होगा।”—मोर्गन ने कहा। उसने ब्लैक की ओर देखा। वह उससे निगाहें नहीं मिला पा रहा था।

“तुमने सुना ब्लैक?”

“हाँ।”—ब्लैक ने कहा और एक सिगरेट निकालकर सुलगा ली।

“क्या कोई गड़बड़ हो गई मोर्गन?”—जीपो ने सशंकित स्वर में पूछा।

“ब्लैक से लापरवाही हुई थी। ऐसी खतरनाक चूक कि उसकी वजह से हम सबका पुलन्दा बंध सकता था।”—मोर्गन बोला—“एक आदमी इसके हाथों से हथियार छिटकाने में कामयाब हो गया था।”

ब्लैक ने अपने भारी कंधे झटकाए।

“उसने अचानक मेरी कलाई पर वार कर दिया था। ऐसा किसी के भी साथ हो सकता है।”—उसने सफाई देनी चाही।

“हूँ,”—मोर्गन ने कहा—“लेकिन दोबारा ऐसा न होने पाए।”—फिर वह किटसन की ओर देखकर बोला—“और तुम? तुम भी वहाँ से भागते वक्त नियंत्रित नहीं थे।”

मोर्गन ने सही कहा था। फायर की आवाज सुनकर किटसन के हौंसले पस्त हो गए थे। वह घबरा गया था। उसे लगा था कि भीतर कैफे में किसी की हत्या हो गई थी और वे सब उस अपराध में फंसने वाले थे।

“जिनी।”—मोर्गन ने ऊँची आवाज में पुकारा।

मोर्गन की आवाज सुनकर वह वापिस उन चारों के पास आ खड़ी हुई।

“अब हम अपने असली, बड़े मिशन को अंजाम दे सकते हैं।”—मोर्गन बोला—“तुम और किटसन कल मोर्लेब' जाकर कैरेवान का इंतजाम करो। जीपो तुम्हें कैरेवान का साईज बता देगा। लेकिन ध्यान रहे, तुम्हें इस काम पर कम-से-कम रकम खर्च करनी है।”—फिर

मोर्गन ने किटसन की ओर देखकर कहा—"तुम्हें कुछ इस तरह की चालाकी दिखानी है कि कैरेवान बेचने वाला तुम्हें और जिनी को एक नवविवाहित दंपत्ति तो समझे लेकिन बाद में पूछताछ होने पर वह तुम्हारे हुलिए याद न रख सके।"

किटसन ने सशंक निगाहों से ब्लैक की ओर देखा।

ब्लैक, खुद की, पीछे कैफे में दिखाई गई लापरवाही की वजह से, मन-ही-मन कुढ़ रहा था।

"तुम दोनों का आपसी व्यवहार एक नव-विवाहित जोड़े का सा ही हो,"—मोर्गन कहता रहा—"ध्यान रहे—तुम्हें ऐसा दिखावा करना है कि तुम दोनों हनीमून पर जा रहे हो।"

"यह काम तुम मुझे क्यों नहीं सौंप देते?"—यकायक जीपो बीच में बोला—"मेरी और जिनी की जोड़ी सही जमेगी।"

जिनी समेत सभी हँस पड़े।

"तुम बेहद मोटे तो हो ही, ऊपर से तुम्हारी उम्र भी ज्यादा है जीपो।"—मोर्गन ने कहा—"सो इस काम के लिए किटसन ही ठीक है।"

मोर्गन ने फिर किटसन को दो हजार डॉलर थमा दिए।

"कल ग्यारह बजे मैं तुम्हारे ठिकाने पर एक ब्यूक (कार) पहुँचा दूँगा,"—मोर्गन ने किटसन से कहा और फिर जीपो की ओर पलटा—"और तुम अपनी लिंकन (कार) से मेरे पीछे-पीछे चलना, जिससे किटसन के यहाँ से वापिस लौटने में मुझे दिक्कत न हो।"

"ठीक है।"—जीपो ने कहा।

"तो फिर ठीक है।"—मोर्गन ने सभा बर्खास्त करने का संकेत देते हुए कहा—"मुझे यह मशीनगन भी लौटानी है—तो तुम मेरे साथ चलो ब्लैक।"—फिर वह जिनी और किटसन की ओर देखकर बोला—"तुम दोनों बस से जाना। हमारा साथ-साथ देखा जाना ठीक न होगा।"

मोर्गन ने काफी सारे नोट अपनी जेब में ठूँसे।

"तुम दोनों तय कर लेना कि कहाँ मिलोगे और कैसे भी करके शाम तक कैरेवान का जुगाड़ कर लौट आना।"—मोर्गन ने कहा और ब्लैक से चलने का इशारा किया।

ब्लैक और मोर्गन चले गए।

उनके वहाँ से जाने के बाद जिनी ने अपने सिर पर बांधा स्कार्फ पुन: खोल दिया। अब उसके सुनहरे बाल फिर नजर आने लगे थे।

किटसन ने हाथ मले और सोचा कि वाकई जिनी बेहद खूबसूरत थी।

"एक और ड्रिंक?"—जीपो ने पूछा।

“नो, थैंक्स।”—जिनी ने जवाब दिया और एक पैकेट से सिगरेट निकालकर अपने होंठों में लगाई।

उसने किटसन की ओर देखा।

किटसन ने कांपते हाथों से माचिस निकाली और एक तीली जलाई।

जिनी ने तीली की जलती लौ को सिगरेट के सिरे पर स्थिर करने के लिए किटसन के कांपते हाथों को पकड़ लिया।

किटसन का खून का दौरा तेज हो गया।

जिनी का स्पर्श।

फिर यकायक जिनी, बिना कोई औपचारिक विदाई शब्द कहे, मुड़कर प्रवेशद्वार की ओर बढ़ गई।

“अच्छा, चलते हैं।”—किटसन ने जिनी के पीछे लपकते हुए जीपो से कहा।

“ओ.के., कल मिलते हैं।”—जीपो उसकी ओर देखकर मुस्करा दिया।

जिनी और किटसन बाहर निकले और साथ-साथ चलते मुख्य सड़क तक पर आ पहुँचे।

“तुम कहाँ रहते हो?”—बस स्टाप पर जिनी ने किटसन से पूछा।

“लेनोक्स स्ट्रीट।”

“तो ठीक है, मैं कल ग्यारह बजे कार्नर पर तुम्हारा इंतजार करूँगी।”

“अगर बुरा न लगे तो क्या मैं तुम्हें लेने तुम्हारे घर आ सकता हूँ?”

“नहीं। इसकी कोई जरूरत नहीं।”

जिनी की बगल में खड़ा किटसन उसकी खूबसूरती से मुतासिर था। वह बेहद तारीफी निगाहों से उसे निहार रहा था।

“उस रात,”—वह बोला—“मैं दरअसल तुम पे हाथ नहीं उठाना चाहता था, बस मुझे जरा गुस्सा आ गया था। मुझे अपनी उस हरकत पर दिल से शर्मिन्दगी है। मुझे उस बाबत तुमसे माफी मांगनी चाहिए सो....”

जिनी मुस्कुराई।

“अच्छा, लेकिन मैं तो डर गई थी।”

“नहीं, मैं अपने से कमजोर पर हाथ नहीं उठाता।”

"क्या ब्लैक पर हाथ उठाना जरूरी था?"

"उसमें सारी गलती उसी की थी।"

"हम्म्....ठीक है। लेकिन तुम उससे सावधान रहना। वह बदला लेने की कोशिश जरूर करेगा।"

"मैं उसे संभाल सकता हूँ।"

"जानती हूँ। मैंने साल भर पहले तुम्हें बॉक्सिंग रिंग में देखा था। उस फाइट में तुमने जैकी को नाक आऊट कर दिया था।"

किटसन का चेहरा चमक उठा। वह फाइट एक बेहद मुश्किल फाइट थी और उसे जीतने के लिए किटसन ने वाकई एड़ी-चोटी का जोर लगाया था।

"फिर भी जैकी एक बढ़िया फाइटर था।"—प्रत्यक्षतः वह बोला।

"तुम भी कुछ कम नहीं थे। तुमने रिंग क्यों छोड़ दिया?"

किटसन इस सवाल से बचना चाहता था।

"कुछ शारीरिक परेशानियाँ उभर आई थीं,"—उसने झूठ का सहारा लिया—"डॉक्टर ने कहा था कि अगर मैंने फाइट करना नहीं छोड़ा तो मेरी निगाहों की रोशनी जा सकती है।"

जिनी ने कुछ नहीं कहा।

लम्बी खामोशी छा गई।

"तुम मोर्गन को कहाँ टकरा गईं?"—फिर किटसन ने ही उस खामोशी को भंग करते हुए पूछा।

"इस शहर में और कोई ऐसा है ही कौन जिससे इस किस्म के बड़े काम को करने के लिए टकराया जाए?" —जिनी ने पूछा और फिर कहा—"बस ऐसे ही शामिल हो गई।"

तब बस भी आ गई। दोनों उस पर सवार हुए और खिड़की के पास वाली सीटों पर जाकर चुपचाप बैठ गए।

बस आगे बढ़ गई।

अगले स्टाप, रेलवे स्टेशन के पास बस रुकी।

जिनी ने उससे अगले रोज ग्यारह बजे का वादा किया और उठकर चली गई।

किटसन चुपचाप बैठा, उसे बस की खिड़की में से, जाते देखता रहा। बस आगे बढ़ गई।

¶¶

अगली सुबह ग्यारह बजे किटसन मोर्गन की कार, काले रंग की ब्यूक, को मारलोव की ओर ले जा रहा था।

उसकी बगल की सीट पर जिनी बैठी थी।

वह अपनी पूरी सजधज के साथ फुल पटाखा नव-विवाहिता के अवतार में थी। उसके चेहरे पर जवानी, जोश और चंचल उमंगों की लहरें हिलोर मार रही थीं और वह रह-रहकर यूं मचल रही थी जैसे सचमुच कोई युवती, नवविवाहिता, अपने हनीमून पर निकली हो।

उसके इस कमाल के अभिनय से यही बात चरितार्थ होती थी कि औरत यकीनन जन्मजात अभिनेत्री होती है।

जिनी का यह रूप किटसन को खूब भा रहा था और उसे भी कुछ यूँ, बरगलाया हुआ, अहसास हो रहा था कि वह स्वयं ऐसा युवक था जो अपनी हाल फिलहाल की शादी के फौरन बाद सब कुछ भुलाकर बस हनीमून के मूड में हो।

सुबह मोर्गन अपनी कार किटसन के ठिकाने पर ले आया था, जबकि जीपो अपनी लिंकन में उसके पीछे-पीछे वहाँ पहुँचा था। जीपो ने जब किटसन और जिनी को पूरी सजधज के साथ जाते हुए देखा तो वह भावुक हो उठा था।

“दोनों की जोड़ी खूब जम रही है।”—उसने मोर्गन से कहा था—“जिनी उतनी सख्तदिल नहीं है जितना वह अपने को दिखाती है। यह खूबसूरत लड़की मुहब्बत के लिए बनी है। दोनों इस कदर जम रहे हैं कि अगर ये गंभीर हों तो निःसंदेह बेहद खूबसूरत बच्चे पैदा कर सकते हैं।”

“बको मत!”—मोर्गन ने उसे टोकते हुए कहा।

“ठीक है, मैं तो चुप हो जाता हूँ, लेकिन तुम्हीं बोलो कि क्या प्यार के बिना कोई खुश रह सकता है?”

“खत्म करो यह किस्सा।”—मोर्गन ने कहा—“हमें बहुत काम निपटाने हैं। चलो, ब्लैक के पास चलना है।”

मोर्गन के मतानुसार इस किस्म की भावुकता ठीक नहीं थी। खासतौर से तब, जबकि वे लोग एक बेहद खतरनाक मिशन को अंजाम देने वाले थे। जीपो ने मोर्गन को ब्लैक के ठिकाने पहुँचा दिया। उसका मौजूदा ठिकाना एक इमारत के चौथे माले का दो कमरों का फ्लैट था।

मोर्गन ने दरवाजे पर पहुँचकर डोरबैल का बटन दबाया।

ब्लैक ने कुछ देर बाद दरवाजा खोला।

उसने केवल एक धारीदार पजामा पहना हुआ था, उसके बाल बिखरे हुए थे और आँखों में नींद भरी थी।

"हे भगवान!"—उसने मोर्गन को देखते ही कहा—"तुम! टाइम क्या हुआ है?"

मोर्गन ने उसे परे धकेला और भीतर दाखिल हो गया। भीतर कमरा हालाँकि खूबसूरत था मगर बिखरा-बिखरा सामान उसकी उस सुन्दरता को बिगाड़े दे रहा था। व्हिस्की की कई बोतलें इधर-उधर बिखरी पड़ी थीं। सिगरेट और परफ्यूम की मिली-जुली गंध ने कमरे में घुटन भर दी थी।

मोर्गन ने अपनी नाक सिकोड़ी।

"कितनी बदबू है!"—उसने कहा—"तुम खिड़की क्यों नहीं खोल लेते?"

ब्लैक ने आगे बढ़कर खिड़की खोली और दीवार घड़ी पर निगाह डाली। ग्यारह:बीस हुए थे।

"तुम जल्दी आ गए।"—उसने कहा—"किटसन चला गया?"

"हाँ,"—कहकर मोर्गन ने बैडरूम के दरवाजे की ओर देखा—"क्या भीतर कोई है?"

ब्लैक खिसियाया।

"वह सोई पड़ी है। उसकी चिन्ता छोड़ो।"

मोर्गन ने आगे बढ़कर ब्लैक के पजामे की जेब में हाथ डालकर उसे अपने और नजदीक खींचा।

"ध्यान से सुन लो ब्लैक"—वह गुर्राया—"यह एक बहुत बड़ा मिशन है। हमारी आने वाली जिन्दगी हमारे इसी काम के प्रदर्शन पर मुनहस्सर है। तुम्हारी कल रात की परफार्मेंस वैसे ही ठीक नहीं थी और अब यह सब। संभल जाओ, वरना सब गड़बड़ हो जाएगी। तुम मेरी बात कान खोलकर सुन लो तो बेहतर। इस मिशन के खत्म होने से पहले तक तुम्हें शराब और औरत दोनों से दूर रहना है।"

ब्लैक ने अपने को मोर्गन की उस पकड़ से छुड़ाया और पीछे हटकर बड़े कड़वे स्वर में बोला—"तुम मुझसे इस तरह पेश नहीं आ सकते….."

"बको मत। तुम वही करो जो मैं तुमसे कह रहा हूँ और अगर तुम ऐसा नहीं कर सकते तो तुम्हें इस काम में शामिल ही नहीं किया जाएगा।"

मोर्गन ने अपनी बात को इतने सर्द लहजे में कहा कि ब्लैक सहम गया।

"ठीक है,"—उसने मरे स्वर में कहा—"मैं ऐसा ही करूँगा।"

"तुम्हें ऐसा करना ही पड़ेगा।"

ब्लैक ने सिर झुका लिया।

“पिछली रात के हमारे कारनामें की कोई खबर किसी अखबार में छपी है क्या?”

“बस यही कि उस समय वहाँ कैफे में मौजूद हर शख्स बुरी तरह आतंकित हो गया था सो कोई भी लुटेरों के हुलिए की कोई मानीखेज जानकारी नहीं दे पाया। मुझे यकीन है कि पुलिस इस बाबत हम तक कभी नहीं पहुँच पाएगी। अब यह सब छोड़ो और जीपो की वर्कशाप पहुँचो। वह लम्बे बोल्ट्स के जुगाड़ में लगा है, और उसे लोहे के काम में तुम्हारी मदद की जरूरत रहेगी।”—कुछ क्षण रुककर मोर्गन ने पूछा—“टाइम पर पहुँच जाओगे?”

“हाँ,”—ब्लैक ने कह दिया, लेकिन इस वक्त वह केवल आराम के मूड में था।

“जल्दी करना।”—मोर्गन ने तीखे स्वर में कहा—“मैं हथियार के इंतजाम के सिलसिले में ड्यूकास जा रहा हूँ। वहाँ अर्नी रहता है, और वह अपने पास मौजूद एक ऑटोमैटिक राइफल को बेचने की जुगत में है।”

“ठीक है,”—ब्लैक ने कहा—“मैं जीपो के पास पहुँच जाऊँगा।”

मोर्गन बाहर निकलकर वहाँ से लौट गया।

मोर्गन के रुखसत हो जाने के बाद ब्लैक बैडरूम में पहुँचा, उसने आराम करने की अपने अन्दर उठ रही तलब को बड़ी कठिनाई से जब्त किया और कुढ़ते हुए मन से बैडरूम की खिड़की खोल दी। सूरज की तेज रोशनी वहाँ बिछे पलंग पर बिछी लड़की के चेहरे पर पड़ी।

“ओफ्फ, ब्लैक!”—लड़की ने मिचमिचाते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

ब्लैक ने उसे फिर, फिर और फिर से कई बार देखा।

गहरी रंगत।

बिखरे बाल।

और उस वक्त केवल नाममात्र का आवरण लपेटे हुए।

ब्लैक ने आह सी भरी और अपनी मचलती भड़कती भावनाओं को बड़ी मुश्किल से रोका।

“अपना रास्ता पकड़ो,”—ब्लैक ने कमीज पहनते हुए कहा— “मुझे फौरन एक बेहद जरूरी काम पर निकलना है। जल्दी करो।”

“लेकिन....। मैं बेहद थकी हुई हूँ ब्लैक, तुम्हें जाना है तो तुम जाओ। मैं यहीं रहूँगी।”

“नहीं, बिल्कुल नहीं। मैं तुम्हें यहाँ अकेली नहीं छोड़ सकता, उठो। जल्दी।”

लड़की, जिसका नाम ग्लोरी डावसन था, कराहती हुई बिस्तर से उठी और लड़खड़ाती हुई बाथरूम की ओर बढ़ी।

"लेकिन तुम इतना घबराए हुए क्यों हो हनी,"—उसने अपने बालों में उँगलियाँ फिराते हुए पूछा—"और तुम्हारा वह दोस्त कौन था?"

ब्लैक अब तलक शेव करना शुरू कर चुका था।

"लगता है तुमने सुना नहीं। तुम फटाफट कपड़े पहनो और दफा हो। मैं जल्दी में हूँ और तुम्हारे बेहूदा सवाल मेरा समय बर्बाद कर रहे हैं।"

लड़की ने हैरानी से ब्लैक को देखा। फिर वह तेजी से बाथरूम में दाखिल हो गई।

"कभी-कभी मैं सोचती हूँ,"—कुछ क्षण बाद, नहाते हुए वह ऊँची आवाज में बोली—"कि मेरा दिमाग वाकई खराब है कि मैं तुम्हारे जैसे बेवफा और बेकार मर्दों के लफड़े में पड़ जाती हूँ। शुरू में तुम सब प्यार जताते हो और अपना काम निकल जाने के बाद हुक्म दनदना देते हो कि—फौरन, कपड़े पहनो और दफा होओ, क्या यही तरीका है किसी लड़की से पेश आने का? वाह रे मेरे जवान मर्द! मेरे शहजादे!"

"बकवास बन्द करो,"—ब्लैक चिढ़कर बोला—"जल्दी करो।"

शेव से निवृत्त होकर वह किचन में दाखिल हुआ और थोड़ी काफी तैयार की। उसका सिर दर्द से फट रहा था और गला एकदम सूख गया था। अब उसने अपने आप को कोसना शुरू कर दिया था कि क्यों वह पिछली रात इस कदर पी रहा था। लेकिन इसमें उसकी गलती भी क्या थी? पिछली रात के घटनाक्रम के बाद उसकी हालत खस्ता थी।

उसके छक्के छूट रहे थे।

नतीजतन उसने ग्लोरी को बुला भेजा था।

लेकिन अब उसे अहसास हो रहा था कि उसके साथ लड़की को देखकर मोर्गन नाराज था।

उस पर इस घटना का बड़ा गलत असर पड़ा था।

यही सब सोचते हुए उसने एक कप में कॉफी डाली और एस्प्रो की तीन गोलियाँ निकालीं। उसके हाथ कंपकंपा रहे थे और उसे अपने को नियंत्रित करना बेहद मुश्किल लग रहा था। किसी तरह उसने कॉफी के साथ तीनों गोलियाँ अपने गले में उतारीं।

तभी, अब कपड़े पहने, लड़की भी किचन में आ गई।

"वाह कॉफी।"—वह बोली—"एक कप मैं भी लूँगी।"

"नहीं, अभी मेरे पास वक्त नहीं है। तुम कॉफी कहीं बाहर पी लेना।"

"एक मिनट ब्लैक"—हैरान ग्लोरी ने कहा—"अभी जो तुमसे मिलकर गया है वह मोर्गन

था। वह तुमसे किस बाबत बात कर रहा था?”

ब्लैक भौंचक्का रह गया।

उसने बड़े गौर से ग्लोरी को देखा।

“तुम मेरे धंधे से अलग रहो,”—वह गुर्राया—“ध्यान रखो, और सिर्फ और सिर्फ अपने काम से मतलब रखो।”

“ब्लैक, मेरी बात को समझने की कोशिश करो। मोर्गन बेहद काइयाँ आदमी है और मेरी अपनी जानकारी में वह हत्या के अलावा सभी किस्म के गैरकानूनी धन्धे करता रहा है। ब्लैक, बेहतर होगा तुम उसके चक्कर में न पड़ो। वह तुम्हें भी किसी चक्कर में फंसाकर मुसीबत में डाल देगा।”

पिछले तीन महीने से, तकरीबन हर रात, ब्लैक उस लड़की ग्लोरी के साथ बिता रहा था। वह उसे पसंद भी करता था क्योंकि ग्लोरी बिना किसी स्वार्थ के उसके साथ थी, लेकिन फिर इसका यह मतलब भी तो नहीं था कि उसे ब्लैक को 'यह करो—यह मत करो' सरीखे निर्देश देने का भी हक मिल गया था।

“बको मत!”—ब्लैक दहाड़ा—“तुम अपने काम से मतलब रखो। चलो अब निकलो यहाँ से।”

“ठीक है, लेकिन मेरी बात याद रखना। मोर्गन का साथ तुम्हें यकीनन किसी बखेड़े में डालेगा।”

“जो होगा, देखा जाएगा, अब चलो, मैं जल्दी में हूँ।”

“आज रात तो मिलोगे?”

“नहीं—और शायद अगले हफ्ते से पहले तो मुमकिन ही नहीं।”

ग्लोरी के चेहरे पर चिंता की रेखाएँ उभर आईं।

“तो इसका मतलब,”—वह हिचकिचाते हुए बोली—“कि तुम उसके साथ मिलकर कोई बड़ा खेल खेलने वाले हो।”—वह रुआंसी हो गई—“ओफ्फ ब्लैक, प्लीज।”

ब्लैक भड़क गया।

उसने उसकी बाँह थामी और उसे खींचता हुआ अपने फ्लैट से बाहर ले आया। दरवाजा बन्द करते हुए वह गुर्राया—“अगर इस बाबत तुमने अपनी जुबान दोबारा कभी खोली तो याद रखना, मेरा तुम्हारा संबंध खत्म है—और यह कभी मत भूलना कि तुम्हारी जैसी लड़कियों की इस शहर में कोई कमी नहीं।”

“मेरा फर्ज था कि तुम्हें इस बाबत चेतावनी दे दूँ।”—ग्लोरी ने संभलकर कहा।

“ठीक है। तुमने अपना फर्ज बखूबी निभा लिया है।”—ब्लैक ने अब सीढ़ियाँ उतरनी शुरू कर दीं—“और इस बाबत अब खामोश ही रहना।”

आगे-पीछे चलते हुए दोनों ने सीढ़ियाँ उतरीं और इमारत के मुख्यद्वार पर पहुँचे।

“मैं तुम्हारा इन्तजार करूँगी।”—वह बोली—“फोन करना।”

“ठीक है।”—ब्लैक ने कहा और फिर तेजी से बस स्टॉप की ओर बढ़ गया।

कुछ क्षणों बाद वह बस में सवार था।

अब वह जिनी के बारे में सोच रहा था।

लाजवाब।

वाह!

वाह-वाह।

ऊपर से जिनी में और इस ग्लोरी में जमीन आसमान का फर्क था। जिनी जहाँ बेहद हौंसलामन्द और काबिल साथी थी, वहीं ग्लोरी एक मामूली बाजारू लड़की भर थी।

फिर उसे यह सोचकर चिढ़ होने लगी कि किटसन जिनी के साथ नवविवाहित जोड़े का रोल अदा कर रहा है।

वह एक मामूली बॉक्सर अचानक उसका प्रतिद्वन्द्वी बन बैठा था।

ब्लैक का हाथ अपने जबड़े पर पहुँचा।

उसने चेहरे के उस भाग को सहलाया।

किटसन का घूँसा उसके जबड़े पर ही पड़ा था।

उसने निश्चय किया कि किटसन से इसका हिसाब जरूर चुकाएगा, अपना बदला लेकर रहेगा।

ब्लैक उस वक्त भी जिनी के ख्यालों में गुम था जब बस उसके उतरने वाले स्टाप पर आकर रुकी। वह नीचे उतरा और कच्ची सड़क पर चलता हुआ आगे बढ़ने लगा। उसके दिमाग में अभी भी जिनी थी, किटसन था, दोनों थे। न जाने दोनों क्या बातें कर रहे होंगे! उसने सोचा।

वह आगे बढ़ता गया। मन ही मन कुढ़ता गया।

उधर किटसन।

वह जिनी के साथ था और चाहकर भी उससे बहुत कम बातें कर पा रहा था।

उसे यह सोचकर भी कोफ्त हो रही थी कि साठ मील लम्बा सफर यूँ ही कट रहा था।

हालाँकि किटसन आमतौर पर लड़कियों से खुलकर बातें किया करता था लेकिन न जाने क्यों जिनी ने उसे किसी किस्म की हीन भावना में जकड़ दिया था। उस माहौल में, जो खामाखां उनके बीच पनप गया था, वह जिनी से कुछ बोल नहीं पा रहा था।

पर इस सबके बावजूद वह बेहद रोमांचित था।

क्योंकि वह जिनी के साथ था।

वह उसके निकट था।

उधर जिनी अपनी ओर से किटसन से बातें कर रही थी। उसने उससे उसके बॉक्सिंग कैरियर की बाबत कई सवाल पूछे। किटसन उसे जवाब देता तो वह चुप हो जाती, और फिर कोई और सवाल पूछने लगती।

फिर अचानक जिनी ने पूछा—"तुम अपने हिस्से की रकम का क्या करोगे?"

जवाब देने से पहले किटसन ने जिनी पर निगाह डाली।

वह एक स्कर्ट पहने थी और अपनी उस पोशाक में उसने टाँग पर टाँग चढ़ाई हुई थी।

किटसन को उधर घूरता पाकर उसने अपने को दुरुस्त किया लेकिन उस प्रक्रिया में एक क्षण के लिए उसके खूबसूरत घुटने किटसन को नुमाया हुए।

किटसन बाग-बाग हो गया।

उसे अजीब-सा रोमांच महसूस हुआ।

"अभी रकम है कहाँ?"—प्रत्यक्षत: वह बोला—"मैं इतनी जल्दी योजनाएँ बनाना नहीं चाहता।"

"तुम्हें यकीन नहीं कि रकम हासिल होगी?"

"अगर हमारी किस्मत तेज हुई तो क्यों नहीं हासिल होगी।"—वह हिचकिचाया और बोला—"मैं उन दोनों के साथ काम कर चुका हूँ। वे हार मान लेने वालों में से नहीं हैं।"

"अगर उन्हें हमारे खतरनाक इरादों का पता चल गया तो उन्हें हार माननी ही पड़ेगी। वे दोनों, गार्ड और ड्राइवर, मेरी चिन्ता की वजह हैं ही नहीं। मुझे यकीन है कि हम उस रकम को कब्जा सकते हैं।"

"जरूर! अगर हमारी किस्मत ने हमारा साथ दिया।"—वह बोला—"सारी प्लानिंग वाकई लाजवाब है। फिर वैन को कैरेवान में छुपा ढोने का प्लान तो बेहद शानदार है, लेकिन फिर इसका मतलब यह तो नहीं कि पूरी कामयाबी से उस वैन को कब्जा लेने के बाद हम उसे खोल भी लेंगे। और चलो मान लें कि अगर हमने वह खोल भी लिया, तो आगे क्या? दो

लाख डॉलर एक बहुत मोटी रकम है। पुलिसिया खौफ के ज़ेरेसाया हम उसे बैंक में तो जमा कराने से रहे। इतनी मोटी नकद रकम का किया क्या जाएगा?"

"उसे सेफ डिपॉजिट वाल्ट में आसानी से रखा जा सकता है।"

"ऐसा करना अक्लमन्दी नहीं। पिछले साल किसी ने बैंक लूटा था और यूँ हासिल रकम ले जाकर दूसरे बैंक के लाकरों में रख दी। इधर सारे मामले की तलाश में लगी पुलिस ने तमाम बैंकों के लॉकर खुलवा लिए और यूँ वह पकड़ लिया गया।"

"हम रकम को किसी दूसरे शहर के बैंक में ले जाकर रख सकते हैं। अब पुलिस देशभर के बैंक तो खुलवा लेने से रही।"

"लेकिन फिर इतनी मोटी रकम को ढोकर दूसरे शहर ले जाना भी तो एक समस्या है। हासिल रकम से एक बड़ा सूटकेस पूरा भर जाएगा और उस हासिल रकम के साथ, दूसरे शहर ले जाना आसान भी नहीं, सुरक्षित भी नहीं। और अभी ऊपर से पुलिस उस रकम की बरामदगी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ने वाली। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड—सभी जगह लोगों के सामान की बड़ी बारीकी से जाँच की जाएगी।"

"अगर तुम ऐसा ही सोचते हो तो फिर इस सिलसिले में शामिल ही क्यों हुए?"

किटसन ने तुरन्त जवाब नहीं दिया। यह एक ऐसा सवाल था जिसका वह जवाब देना नहीं चाहता था।

"छोड़ो,"—वह बोला—"मैं बेकार में बहस कर रहा हूँ। यह प्लान पूरी तरह कामयाब होगा। वैसे तुम अपने हिस्से से हासिल दौलत का क्या करोगी?"

जिनी ने कार की सीट से कमर लगा ली।

"इस बाबत तुम्हें कोई दिलचस्पी नहीं होगी।"—उसने कहा—"और वैसे भी अगर पैसा पास हो तो बहुत कुछ किया जाना मुमकिन हो जाता है। पिछले साल मेरे पिता की मौत हो गई। अगर उनके पास दौलत होती तो वो आज भी जिन्दा होते। मैं उन दिनों सिनेमाघर में एक बेहद मामूली नौकरी कर रही थी और यूँ उनकी मदद करने में लाचार थी। अपने पिता की अभावग्रस्त दर्दनाक मौत के बाद मैंने फैसला कर लिया था कि मैं अपनी जिन्दगी यूँ नहीं गुजारने वाली और इन्हीं वजुहातों से मैंने इस पेचीदा और बेहद खतरनाक दिखती डकैती की योजना तैयार की।"

किटसन जिनी से पहले ही प्रभावित था।

इस नई जानकारी ने उसे बेहद प्रभावित कर दिया था।

"ट्रक और पेरोल की बाबत तुम्हें पता कैसे चला?"—प्रत्यक्षतः उसने पूछा।

जिनी ने जवाब देने की बजाय अचानक खामोशी अख्तियार कर ली।

किटसन ने उस पर निगाह डाली तो पाया कि उसके चेहरे पर अब कठोरता और दृढ़ता के भाव थे।

“माफ करना,”—किटसन बोला—“मैंने तो यूँ ही उत्सुकतावश पूछ लिया था।”

जिनी ने भावहीन आँखों से उसे देखा फिर आगे हाथ बढ़ाकर कार का रेडियो चला दिया।

रेडियो के स्पीकरों से संगीत की स्वर लहरियाँ फूटीं तो किटसन ने गौर किया कि जिनी के पैर संगीत के साथ धीरे-धीरे ताल दे रहे थे। किटसन समझ गया कि वह अब आगे बात नहीं करना चाहती थी।

उसने कार की रफ्तार बढ़ा दी।

बीस मिनट बाद उसने कैरेवान मार्ट के आगे कार रोकी।

वहाँ स्थित मार्ट—दि क्वालिटी कार एण्ड कैरेवान सैन्टर— मार्लोव से कोई आधा मील पहले मेन हाईवे पर स्थित था। वहाँ सामने दर्जनों कार और कैरेवान मौजूद थे और उन्हीं के पीछे एक लकड़ी का केबिन बना हुआ था।

किटसन द्वारा ब्यूक रोकते ही एक आदमी केबिन से बाहर निकला। अपने मौजूदा परिधान से वह खूब संपन्न प्रतीत हो रहा था।

उसने आगे बढ़कर जिनी की साइड का दरवाजा खोला।

जिनी, खूबसूरत नवविवाहिता, को देखकर उसके चेहरे पर मुस्कान उभरी तो न जाने क्यों किटसन को मन ही मन ताव आ गया।

जिनी बड़ी शाइस्तगी से कार से बाहर, नीचे उतरी।

“आइए-आइए,”—वह आदमी बोला—“आपको कैरेवान चाहिए न?”

किटसन भी कार से बाहर निकला।

“हाँ,”—जिनी ने कहा—“हमें कैरेवान ही चाहिए।”—फिर उसने किटसन की ओर देखा और पूछा—“क्यों एनैक्स?”

“बहुत खूब, आप बिल्कुल सही जगह आए हैं,”—वह आदमी बोला—“मेरा नाम हैरी कार्टर है, और इधर हमारे पास हर किस्म के कैरेवान हैं। आपको कैसा चाहिए?”

“किस्म कोई भी हो,”—किटसन ने जवाब दिया—“मगर कीमत वाजिब होनी चाहिए।”

“निश्चिंत रहिए। हम आपको मनपसंद चीज देंगे।”—कार्टर ने जिनी की लम्बी, सुडौल, खूबसूरत और दूधिया टाँगों को प्रशंसापूर्वक निहारते हुए कहा—“आइए, पसंद कर लीजिए।”

तीनों आगे खड़ी कैरेवान की कतार की ओर बढ़े।

किटसन ने अपने काम के हिसाब से एक कैरेवान पसंद कर लिया जो लगभग सोलह फुट लम्बा था। वह नीली छत और सफेद ट्रेलर कैरेवान था जिसके दोनों साइडों में आगे-पीछे एक-एक खिड़की भी बनी हुई थी।

“यह ठीक रहेगा।”—उसने जिनी की ओर देखकर कहा।

जिनी ने सिर हिलाकर सहमति दी।

“इसका साइज क्या होगा?”—किटसन ने कार्टर से पूछा।

“इसका?”—कार्टर ने हैरानी से कहा—“जनाब, मेरे ख्याल से यह आपके लिए वाजिब नहीं रहेगा। क्या मैं आपका नाम जान सकता हूँ?”

“हैरीसन।”—किटसन ने जवाब दिया और फिर कहा—“इसका साइज बताओ।”

“यह साढ़े सोलह फुट लम्बा और नौ फुट चौड़ा है, और इसे इस तरह यूँ खासतौर से हंटिंग ट्रिप के लिए डिजाइन किया गया है। लेकिन मि. हैरिसन, इसमें किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है और मुझे नहीं लगता कि आपकी बीवी को इसमें रहना पसंद आएगा।”

कार्टर बता किटसन को रहा था, लेकिन आँखें लगातार जिनी पर जमाए था।

“वैसे मेरे पास इसी साइज का दूसरा कैरेवान भी है। जिसमें सभी सुविधाएँ भी मौजूद हैं।”—कार्टर ने कहा।

किटसन स्थिर खड़ा रहा। वह सामने खड़े कैरेवान को देखे जा रहा था। वह उसके पहियों की मजबूती का अन्दाजा लगा रहा था और ऑटोमैटिक ब्रैक्स देख रहा था, जोकि जीपो के कथनानुसार बेहद जरूरी थे।

“हम इसे अपनी जरूरत के हिसाब से खुद तैयार करा लेंगे।”—जिनी ने कहा फिर पूछा—“मि. कार्टर, क्या आप इसे जरा भीतर से दिखाएंगे?”

“जरूर।”—कहकर उसने दरवाजा खोल दिया।

किटसन और जिनी ने भीतर निगाह डाली।

किटसन को यकीन था कि वह कैरेवान हर लिहाज से उनके काम की थी।

“इसकी कीमत क्या है?”—उसने पूछा।

कार्टन ने पहले तो बेहद लच्छेदार लहजे में उस कैरेवान की दमदार मजबूती का बखान किया, फिर उसी तरह के नए कैरेवान की कीमत बताई और अन्तत:—वे चूंकि नवविवाहित जोड़ा थे जो हनीमून पर निकलने वाले थे—भारी रियायत देने का बेहद

शानदार दिखावा करते हुए बोला—“केवल ढाई हजार डॉलर।”

फिर सौदेबाजी शुरू हुई।

आखिरकार बड़ी लम्बी खींचातान और जद्दोजहद के बाद दो हजार डॉलर में सौदा तय हो गया।

अपने ऑफिस में सौदे की रसीद बनाते वक्त कार्टर ने जिनी से पूछा—“आप अपने हनीमून पर किधर जाने का प्रोग्राम बना रही हैं मिस हैरीसन?”

“पहाड़ों में।”—जिनी ने जवाब दिया।

किटसन ने कार्टर से रसीद हासिल की। वह वहाँ से रुखसती चाहता था। उसे कार्टर का जिनी को ताकते रहने का ढंग जरा भी पसंद नहीं आया था।

“आओ,”—उसने जिनी से कहा—“अभी हमें काफी काम निपटाने हैं।”

तीनों केबिन के बाहर निकल आए।

इधर इस बीच उनके सौदे, कैरेवान को, उनकी कार के पीछे जोड़ा जा चुका था। किटसन और जिनी ने अपनी कार में जगह संभाली और वहाँ से रवाना हो गए।

“कैरेवान बढ़िया है,”—रास्ते में जिनी ने कहा—“मोर्गन इसे देखकर खुश होगा।”

“जिस ढंग से वह कार्टर तुम्हें घूरे जा रहा था,”—किटसन ने क्षुब्ध स्वर में कहा—“उसे देखकर मेरा मन कर रहा था कि कमबख्त का जबड़ा तोड़ दूँ।”

जिनी ने गर्दन घुमाकर उसकी ओर देखा। उसकी हरी आँखों में असहिष्णुता के भाव उभरे।

“क्या मतलब?”—उसने पूछा।

“वही जो मैंने कहा। कार्टन को तुम्हारी ओर इतनी शिद्दत से घूरता पाकर मैं उसका थोबड़ा बिगाड़ देना चाहता था।”

“क्यों? कौन आदमी मुझे किस ढंग से देखता है, इससे तुम्हें क्या मतलब?” जिनी ने सर्द लहजे में पूछा—“तुम मेरे पति नहीं हो सो तुम्हें इस बाबत भड़कने की क्या जरूरत?”

किटसन के हाथ स्टीयरिंग व्हील पर कस गए।

उसका चेहरा तमतमाने लगा।

फिर वापसी में पूरे रास्ते दोनों में कोई बात न हुई।

¶¶

अगले दो हफ्तों में कैरेवान को अपने काम के मुताबिक सही कर लिया गया।

इस दौरान ब्लैक लगातार जीपो के साथ बना रहा था और उसने इस बाबत पूरी ईमानदारी से काम किया था। वह यह सब करके मोर्गन का खोया विश्वास दोबारा जीतना चाहता था।

हालाँकि दिन-रात जीपो के साथ बसेरा करना उसे बेहद मुश्किल लगा था, लेकिन उसने इस बदमजा जिम्मेदारी को इन्तहाई ईमानदाराना तरीके से निभाया था। जीपो मूल रूप से इटली का किसान था और उसकी आदतों पर ब्लैक अक्सर खुन्दक खा जाता था, लेकिन फिर भी उसने इस सब को बर्दाश्त किया। इधर किटसन भी हर सुबह आठ बजे वर्कशाप पहुँच जाता था और आधी रात के कहीं बाद तक वापिस लौटता था। तीनों शख्सों की इस गंभीर और बेहद कड़ी मेहनत ने अब कैरेवान को इस हद तक काबिल बना दिया था कि वह उस ट्रक को ढो सके।

इस दौरान ब्लैक और किटसन ने एक बात खुलकर मानी।

जीपो की तकनीकी ज्ञान पर पकड़ लाजवाब थी। उसके बगैर वे दोनों कुछ भी न कर पाते।

ब्लैक, जिसे जीपो से उसकी आदतों की बाबत अक्सर खुन्दक रहती थी, उसने भी जीपो के तकनीकी ज्ञान का लोहा माना।

इसके विपरीत किटसन, जो जीपो को पसंद करता था, खुले दिल से उसकी इस काबिलियत की तारीफ किया करता था।

मंगलवार रात को कैरेवान संबंधी सारा काम निपट गया। फिर उसी रात मोर्गन ने वहीं वर्कशाप में मीटिंग रखी।

इस पूरे अर्से में उनमें से किसी की भी जिनी से मुलाकात नहीं हुई थी। उसने मोर्गन को एक फोन नंबर दिया था, जिस पर उसे, उनके प्लान में किसी भी किस्म की फेरबदल की सूरत में, उससे संपर्क किया जा सकता था। न तो मोर्गन और न उन बाकी तीनों में से कोई जानता था कि वह कहाँ रहती थी और इस अर्से क्या करती रही थी।

कैरेवान पर काम करते-करते भी किटसन अक्सर उसकी बाबत सोचता रहा करता था। उसे अब जिनी से मोहब्बत हो गई थी। इधर अपनी भरपूर कोशिशों के बावजूद, अपनी इच्छा के सरासर खिलाफ उसे अब इस बाबत यकीनी तौर पर अहसास हो चला था कि इस मिशन को पूरा करने में वे लोग जिस रास्ते पर चल निकले हैं, उसमें तबाही और बर्बादी के अलावा कुछ हासिल न था।

लेकिन जिनी और उसके ख्याल, उसके दिलो-दिमाग, मन-मस्तिष्क पर इस कदर हावी थी कि वह एक पल के लिए भी उसे भुला नहीं पाता था।

इसी दौरान जब वे कैरेवान को दुरुस्त करने में मसरूफ थे, मोर्गन अपना ज्यादातर समय ट्रक ऐजेंसी से रॉकेट रिसर्च स्टेशन के बीच के रूट पर गुजारता रहा था। उसने हर एक सड़क को बेहद बारीकी से जाँचा था और आखिरकार ट्रक छीनने के बाद भाग निकलने के

रास्ते का बकायदा नक्शा तैयार कर लिया था।

मोर्गन इस तथ्य से भली-भाँति परिचित था कि एक बार ट्रक छीन लेने के बाद उन्हें जितना जल्दी हो सके उस स्थान से ज्यादा से ज्यादा दूर निकलना होगा। इसके लिए उस पूरे इलाके के हर नुक्कड़ कोने की बारीक जानकारी होना उनके लिए बेहद जरूरी था।

उस शाम आठ बजे जब वह अपनी कार में बैठा, जीपो के ठिकाने की ओर उस मीटिंग में शामिल होने के लिए बढ़ रहा था, उसे अपनी कामयाबी की भरपूर गारंटी थी।

उस पूरे महीने में पहली बार बरसात हो रही थी और इससे भी मोर्गन खुश था। खुश्क जमीन बरसाती पानी से नम हो गई थी और यूँ चारों तरफ एक भीनी खुशबू सी बिखरी हुई थी।

वर्कशाप की शैड और खिड़कियों पर भारी पर्दे खिंचे हुए थे और नतीजतन यूँ बाहर से किसी को भी भीतर हो रही किसी किस्म की हलचल का आभास नहीं हो पाता था।

वह स्थान पूरी तरह निर्जन प्रतीत हो रहा था।

मोर्गन यूं ही सोचता, कार ड्राइव करता हुआ, जीपो के वर्कशाप आन पहुँचा।

ज्योंहि वह अपनी कार की हैडलाइट्स ऑफ करके नीचे उतरा, उसे अपनी ओर बढ़ते, हल्के मगर तेज कदमों की आवाज सुनाई दी। उसने अंधेरे में अपनी आँखें गड़ा दीं।

उसका हाथ अपने आप ही अड़तालीस बोर की रिवाल्वर के दस्ते पर जा पहुँचा।

कुछेक क्षण यूं ही बीते।

फिर उसे सामने से आती जिनी दिखाई दी।

उसने बरसाती पहन रखी थी जिसमें से पानी टपक रहा था।

“बरसात तेज है।”—मोर्गन बोला—“अगर मुझे तुम्हारा पता मालूम होता तो मैं तुम्हें लेने आ जाता।”

“मुझे कोई खास परेशानी नहीं हुई।”—जिनी ने कहा।

“वैसे तुम रहती कहाँ हो?”

“इससे तुम्हें क्या मतलब?”

मोर्गन ने आगे बढ़कर उसकी बाँहें थामीं और उसे अपनी ओर घुमाया।

“मुझे हूल देने की कोशिश मत कर लड़की।”—वह गुर्राया—“तुम कुछ ज्यादा ही रहस्यमय हो रही हो। हममें से कोई नहीं जानता कि तुम रहती कहाँ हो, करती क्या हो, ट्रक लूटने का ऐसा पेचीदा तरीका तुम्हें क्योंकर सूझा, और—और तो और—तुम्हारा

असली नाम क्या है? अब अगर ऐसे में इस पूरे मिशन में कोई गड़बड़ हो जाती है तो तुम बेहद आसानी से कुछ यूँ गायब हो जाओगी मानो तुम्हारा अस्तित्व ही न रहा हो।"

जिनी ने झटककर अपनी बाँह छुड़ाई।

"अगर ऐसा है भी तो इसमें बुराई क्या है?"—कहकर वह तेजी से आगे बढ़ी और वर्कशाप के मुख्य प्रवेशद्वार के सामने पहुँचकर दस्तक दी।

कुछ क्षण मोर्गन स्थिर खड़ा रहा। उसकी चपटी काली आँखें सिकुड़ गई थीं।

इधर उस दस्तक की प्रतिक्रिया स्वरूप किटसन ने दरवाजा खोला। जिनी भीतर दाखिल हुई तो किटसन उसके पीछे हो लिया।

"हो गया।"—किटसन ने बिना पूछे ही जिनी को कैरेवान की बाबत अपडेट किया। उसकी आँखें जिनी पर ही लगी थीं।

जिनी ने अपनी बरसाती उतारकर बैंच पर डाली और यूं उसका नीचे से—ग्रे कलर का कोट, स्कर्ट और हरे ब्लाऊज वाला वह परिधान नुमायां हुआ जिसमें वह हमेशा की ही तरह बेहद आकर्षक दिख रही थी।

जिनी ने एक क्षण के लिए किटसन की ओर निगाह डाली और बैंच पर रखा एक पैकेट उठा लिया, जिसे वह खुद अपने साथ लाई थी और जिसे उसने अपनी बरसाती उतारने के दौरान नीचे रख दिया था। वह पैकेट थामे कैरेवान के पास खड़े जीपो के पास पहुँची।

"इसमें पर्दे हैं।"—वह बोली।

मोर्गन भी वहीं आन पहुँचा।

"सब ठीक है।"—उसने बड़े गर्वीले अंदाज में जीपो से पूछा।

"एकदम परफैक्ट,"—पर्दों का वह पैकेट खोलता जीपो बोला—"इन्हें लटका दूँ फिर तुम्हें दिखाता हूँ।"

तब तक ब्लैक भी एक कपड़े से अपने हाथ पोंछता वहाँ आ गया था। उसने देखा कि किटसन जिनी को ही निहारे जा रहा था। पिछले हफ्तों में ब्लैक को कोई औरत न दिखाई दी थी। जिनी को देखकर उसका खुश होना स्वाभाविक था। लेकिन उसे असल खुशी इस बाबत थी कि किटसन जिनी को देख रहा था, और यूँ देखे ही जा रहा था।

उसके ख्याल से किटसन जैसे शख्स का जिनी जैसी खूबसूरत, इन्तहाई खूबसूरत औरत को पाने की कामना करना पागलपन था।

"हैलो,"—वह जिनी की ओर बढ़ता हुआ बोला—"काफी दिनों बाद दिखाई दीं। कहाँ छुपी बैठी थीं?"

उम्मीद के खिलाफ—जिनी मुस्कुराई।

“बस यूं ही इधर-उधर घूमती रही थी।”—वह बोला—“छिपी नहीं थी।”

“एकाध बार इधर भी घूम जातीं,”—ब्लैक ने उसे सिगरेट ऑफर करते हुए कहा—“कम-से-कम तुम्हारी मौजूदगी में यहाँ का माहौल तो खुशगवार रहता है।”

जिनी ने सिगरेट ले ली तो ब्लैक ने उसे सुलगा दिया।

“मेरे आने से तो माहौल उल्टा तनावपूर्ण हो जाना था।”—उसने कहा।

उन दोनों को बातें करता देखकर किटसन ईर्ष्या कर रहा था। वह जानता था कि इतनी बेतकल्लुफ बातें करना उसके बस की बात नहीं थी।

“फिर भी—एक बार तो आ ही जातीं।”—ब्लैक ने कहा—“मैं बड़ा अकेलापन महसूस करता रहा था। जरा सोचो, मैंने पिछली कई रातें जीपो की संगत में गुजारी हैं।”

जिनी हँसी।

“एक चेंज ऐसा भी सही।”—उसने कहा और कैरेवान की ओर बढ़ गई जिसे वहाँ मौजूद मोर्गन कई कोणों से देख रखा था। पर्दे लगाने के बाद जीपो कैरेवान से बाहर निकला।

“अब देखो, कोई कसर नहीं है।”—वह बोला।

मोर्गन कैरेवान का निरीक्षण करता रहा।

“दरवाजा?”—उसने जीपो से पूछा।

जीपो विजयी भाव से मुस्कुराया।

“दरवाजा सही काम करता है।”—उसने कहा—और किटसन की ओर निर्देश दिया—“लड़के, जरा दिखाओ तो कि हमने दरवाजा कैसे फिक्स किया है?”

किटसन कैरेवान के अग्रभाग में पहुँचा। जीपो और मोर्गन पीछे ही खड़े रहे।

मोर्गन ने पृष्ठभाग का निरीक्षण किया। उसे महसूस हुआ कि कैरेवान का पिछला हिस्सा भी बाकी बॉडी की तरह ठोस और मजबूत नजर आ रहा था। साथ ही साथ वह अब बाकी की बॉडी का ही हिस्सा प्रतीत हो रहा था।

“ठीक है?”—जीपो ने पूछा।

“हाँ।”—मोर्गन बोला।

“दरवाजा खोल लड़के।”

किटसन ने एक लीवर नीचे दबाया तो कैरेवान का पृष्ठभाग एक बक्से के ढक्कन की भांति

ऊपर उठ गया, साथ ही फर्श का एक हिस्सा भी उठकर नीचे आ गया जिससे एक ढलान सा बन गया।

“क्यों—है न लाजवाब?”—जीपो ने हाथ मलते हुए कहा—“दरवाजे और फर्श को एक साथ टैंडम में काम करने के काबिल बनाने में मुझे बेहद मेहनत करनी पड़ी थी। लेकिन आखिरकार कामयाबी हासिल हो ही गई। यह ढलान इस कदर मजबूत है कि ट्रक के भार को आसानी से बर्दाश्त कर लेगा और यूँ ट्रक को कैरेवान में आसानी से चढ़ाया-उतारा जा सकता है।”

ब्लैक और जिनी भी वहीं आ गए।

“सचमुच लाजवाब,”—मोर्गन ने जीपो से कहा—“इसे कई-कई मर्तबा ट्राई कर लेना चाहिए।”

किटसन ने कोई दर्जन बार लीवर को ऊपर नीचे कर उस पूरी प्रक्रिया को दोहराया, तब जाकर मोर्गन संतुष्ट हुआ।

“शानदार!”—मोर्गन ने कहा और कैरेवान के भीतर चढ़ गया। जीपो ढलान पर खड़ा बताने लगा कि उसने क्या-क्या तब्दीलियाँ की थीं।

“छत पर लगे ब्रैकेट्स दरअसल एसीटिलीन और हाइड्रोजन सिलेण्डरों के लिए हैं,”—वह बोला—“दो कबर्ड औजार रखने के लिए हैं, जो हम अपने साथ ले जाने वाले हैं। फर्श को बेहतर और मजबूत बनाया गया है। चेसिस में लोहे के दो गार्डर जोड़ दिए हैं और यूँ अब यह कैरेवान तेज झटका भी बर्दाश्त कर लेने के काबिल हो गया है।”

मोर्गन ने हर चीज को बेहद बारीकी से जांचा। आखिरकार उसने हामी भरी।

“तुमने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जीपो, लेकिन जब ट्रक इसमें चढ़ाया जाएगा तो इसका भार कई गुना बढ़ जाएगा।”

“बेशक,”—जीपो बोला—“लेकिन हमारी कार तब भी इसका भार खींच ही लेगी। तुमने यह भी कहा था कि हमें किसी ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर नहीं चढ़ना है।”

“हाँ, बशर्ते हम पहाड़ी से दूर रहते हैं। दरअसल यह इस बात पर भी निर्भर करेगा कि तुम कितनी तेजी से उस ट्रक को खोल पाते हो? अगर तुम्हें इस बाबत ज्यादा समय लगा तो हमें पहाड़ों की ओर भी जाना पड़ सकता है, हालाँकि मैं खुद ऐसा करना नहीं चाहूँगा। लेकिन फिर वही एकमात्र ऐसी जगह है जहाँ हम छुपे रह सकते हैं। वहाँ सड़कें घुमावदार और तीखी चढ़ाई वाली हैं और मैं कह नहीं सकता कि इतना भार खींचती हमारी कार उन रास्तों पर चल पाएगी या नहीं।”

“लेकिन तुमने तो कहा था कि....”—जीपो बोला—“मुझे वह ट्रक खोलने का काफी वक्त मिलेगा। वह ट्रक पांच-सात मिनटों में तो खुलने से रहा।”

"ठीक है—ठीक है—घबराओ मत।"—मोर्गन बोला—"तुम्हें दो-तीन हफ्ते का वक्त मिलेगा, लेकिन उसके बाद हमें पहाड़ों में जाना पड़ सकता है।"

जीपो की आँखें सिकुड़ गईं।

"लेकिन तुमने तो कहा था कि मुझे महीने का वक्त हासिल होगा और अब तुम दो-तीन हफ्तों की बात कर रहे हो। वह ट्रक बेहद मजबूत है और उसे खोलने का काम जल्दबाजी में हो ही नहीं सकता।"

मोर्गन जानता था कि ट्रक गायब होते ही पुलिस टिड्डी दल की तरह उसे ढूँढ निकालने को टूट पड़ेंगे। इस काम में हैलीकॉप्टर की मदद भी ली जाएगी और इसलिए जीपो का अपने हिस्से का काम जल्दी निपटाना जरूरी था। लेकिन ट्रक कब्जे में आने से पहले वह जीपो पर दबाव डालकर उसे घबराना नहीं चाहता था।

"तुम ठीक कह रहे हो,"—वह बोला—"अगर हमारी तकदीर ने हमारा साथ दिया तो यकीनन हमें महीने भर का वक्त मिलेगा, लेकिन बेहतर यही रहेगा कि तुम अपनी पहली कोशिश में ही ट्रक खोल डालो।"

"वह ट्रक बेहद मजबूत है। उसे खोलने में काफी वक्त लगेगा।"

"हम्म्....तो दोस्तो—हम ट्रक लूटने को तैयार हैं।"—मोर्गन ने कहा।

जिनी समेत सभी यकायक चौंके।

"आज मंगलवार है। फाइनल तैयारियों के लिए हमारे पास अभी तीन दिन का वक्त है,"—मोर्गन कहता रहा—"क्या कोई बता सकता है कि क्यों अपना काम हम इसी शुक्रवार को न करें।"

किटसन को अपने गले में कुछ फंसता सा महसूस हुआ।

पिछले ग्यारह दिनों से वह कैरेवान पर इस कदर मसरूफ रहा था कि उसे कुछ और सोचने का वक्त ही नहीं मिला था।

लेकिन अब वह अचानक जमीन पर आ गया था।

ब्लैक को अपनी रीढ़ की हड्डी में एक सर्द लहर सी गुजरती महसूस हुई लेकिन वह घबराया नहीं था। वह दो लाख डॉलर के सपने देखता हुआ उल्टा रोमांचित हो रहा था।

जीपो बहुत बेचैन था। उसे ट्रक खोलने, जल्दी खोलने का संकेत जरा भी पसंद नहीं आया था। वह ट्रक को कब्जा करने की बात से नहीं घबराया था, क्योंकि उसका रोल उस सारी प्रक्रिया में तो बेहद मामूली था, लेकिन ट्रक जल्दी खोलने की बात से वह परेशान था।

"शुक्रवार ठीक रहेगा।"—ब्लैक ने कहा।

"ठीक।"—जिनी ने हामी भरी।

मोर्गन ने जीपो और किटसन की ओर देखा।

वे दोनों हिचकिचाए।

फिर जिनी को अपनी ओर देखता पाकर किटसन बोला—"ठीक है।"

जीपो ने असहाय भाव से कंधे उचका दिए।

"मुझे भी कोई एतराज नहीं।"

¶¶

मोर्गन बैंच पर बैठा था।

"अगर हम सभी इस बात पर एकमत हैं।"—उसने बाकी चारों को देखते हुए कहा—"तो हम बाकी बात भी तय कर लेते हैं।"

चारों वहाँ बिछी लकड़ी की पेटियों पर बैठ गए।

"हमें जिनी के लिए एक ओपन टूसीटर स्पोर्ट्स कार का इन्तजाम करना होगा,"—मोर्गन ने कहा—"ब्लैक और किटसन ऐसी एक कार को कहीं से चुराएंगे और जीपो उसका रंग, रूप, नम्बर प्लेट आदि बदलेगा। बाद में वह कार संकरे रास्ते पर सड़क के साथ वाली खाई में पलट दी जाएगी। सो उसे उलटने के लिए लोहे के मोटे दस फुटे दो मजबूत सरिए भी चाहिए होंगे। ये सरिए जीपो चुराएगा।"

"ठीक है,"—जीपो ने कहा—"मैंने वहीं सड़क पर लगाने के लिए रोड साइन भी बना लिए हैं।"

"दिखाओ।"

जीपो ने लोहे के डंडों पर बने दो गोल रोड साइन लगाकर दिखाए। मोर्गन ने उन्हें देखा और संतुष्टि से सिर हिलाया।

"बहुत बढ़िया। अब हम अपनी सारी प्लानिंग पर बारीकी से दोबारा विचार कर लेते हैं,"—वह बोला—"मैं बताऊँगा कि हममें से किसको क्या-क्या करना है, और इस बाबत अगर किसी को कोई चीज समझ में न आए तो वह बेहिचक दोबारा पूछ सकता है।"—मोर्गन कुछ क्षण रुककर आगे बोला—"शुक्रवार सुबह आठ बजे हम सब यहाँ इकट्ठा होंगे। जिनी और किटसन इस प्रकार की पोशाक पहने होंगे जैसे कि कोई छुट्टियाँ बिताने के दौरान पहनता है। किटसन ब्यूक (कार) ड्राइव करेगा और जिनी स्पोर्ट्स कार में होगी। बाकी हम तीनों कैरेवान में सवार होंगे। जिनी एजेन्सी के पास ट्रक के वहाँ से बाहर निकलने का इन्तजार करेगी। किटसन कैरेवान से जुड़ी ब्यूक ड्राइव करता हुआ कच्ची सड़क पर पहुँचेगा। वहीं हम जीपो को रोड साइन लगाने उतार देंगे और चूँकि वहाँ

बहुत झाड़ियाँ हैं सो उसे वहाँ छिपने में कोई दिक्कत पेश नहीं आने वाली। जीपो वहाँ ट्रक के गुजरने का इन्तजार करेगा और जैसे ही ट्रक वहाँ से गुजरेगा, जीपो वहाँ रोड डाईवर्जन का एक साइन बोर्ड लगा देगा। इससे उस रोड का तमाम ट्रैफिक दूसरी सड़क की ओर मुड़ जाएगा। अब वह वहाँ से पैदल चल देगा और हम अपनी वापिसी के दौरान इसे पिक कर लेंगे।"—मोर्गन ने जीपो की ओर देखकर पूछा—"समझ गए?"

जीपो ने सहमतिसूचक गर्दन हिलाई।

"किटसन सड़क के संकरे भाग पर जाकर ब्यूक रोकेगा,"—मोर्गन ने आगे कहा—"वहाँ मैं और ब्लैक कैरेवान से उतरकर झाड़ियों के पीछे छिप जाएंगे। किटसन आगे बढ़ जाएगा,"—उसने किटसन पर निगाह डालते हुए कहा—"कैरेवान को जंगल में ले जाकर तुम उसे वहीं छोड़, ब्यूक में वापिस लौटोगे और तेजी से सड़क के दूसरे सिरे पर पहुँचकर वहाँ दूसरा साइन बोर्ड स्थापित कर दोगे। इसके बाद तुम्हें वापिस कैरेवान पर पहुँचकर उसे दोबारा ब्यूक के साथ जोड़ना है और उसे अगले घटनाक्रम के लिए मोड़कर तैयार कर लोगे। वहाँ जमीन समतल है सो तुम्हें कार को कैरेवान सहित घुमाकर ठीक कर लेने में कोई परेशानी नहीं होगी। यह सारी कवायद होने के बाद तुम्हें यह सुनिश्चित कर लेना है कि कैरेवान का पृष्ठभाग ट्रक के सामने वाले हिस्से की ओर रहे। ध्यान रहे, इशारा मिलते ही तुम्हें घटनास्थल पर पहुँच जाना है।"

"वो इशारा, सिग्नल क्या होगा?"—किटसन ने पूछा।

"मुझे लगता है तुम्हें वहाँ शूटिंग की आवाज सुनाई देगी लेकिन अगर शूटिंग नहीं होती है तो मैं तुम्हें सीटी बजाकर सिग्नल दे दूँगा।"

"शूटिंग,"—किटसन ने हिचकिचाते हुए कहा—"शूटिंग भी होगी?"

"पता नहीं, लेकिन ऐसी गोलीबारी हो भी सकती है। तुम इस गोलीबारी या फिर सीटी की आवाज सुनते ही चले आना,"—मोर्गन ने कहा और फिर जिनी से मुखातिब हुआ—"तुम ऐजेंसी के बाहर अपनी स्पोर्ट्स कार में बैठी ट्रक के वहाँ से रुखसत होने का इन्तजार करोगी। फिर तुम्हें एक सुरक्षित फासला बनाए रखते हुए उसके पीछे लग लेना है। जैसे ही ट्रक मेन रोड से साइड वाली सड़क पर मुड़े, तुम्हें ट्रक के एकदम पीछे पहुँच जाना है और लगातार हार्न बजाते रहना है ताकि ट्रक का ड्राइवर तुम्हें साइड देकर आगे निकल जाने दे। इस पूरी प्रक्रिया में तुम्हें खास ध्यान रखना है कि ड्राइवर तुम्हें याद रख सके। सो उसकी बगल से गुजरते वक्त भी तुम लगातार हार्न बजाती रहना और बेहद तेज रफ्तार से उस ट्रक को ओवरटेक करना। मैं चाहता हूँ कि ट्रक ड्राइवर तुम्हें बेहद जल्दी में समझे। इधर ट्रक को ओवरटेक करते हुए तुम उसकी ओर हाथ भी हिला देना। वहाँ से आगे तुम्हें एक मील लम्बी सीधी रेतीली सड़क पार करनी है। जो स्पोर्ट्स कार तुम्हारे पास होगी उसे तुम सौ मील प्रति घन्टे की रफ्तार से भी दौड़ा सकोगी। तुमने अपनी कार की रफ्तार ज्यादा से ज्यादा तेज रखनी है, ताकि ट्रक में मौजूद दोनों लोगों को लगे कि इतनी तेज रफ्तार से कार दौड़ाना खुदकुशी करने के बराबर है। जब तुम इतनी रफ्तार से कार चलाती हुई आगे मोड़ पर पहुँचोगी तो उनकी नजरों से ओझल हो

जाओगी, लेकिन फिर भी तुमने अपनी कार की रफ्तार नहीं घटानी है। तुम्हें सामने से आते किसी वाहन का भी कोई खतरा तब नहीं होगा क्योंकि किटसन सड़क के दूसरी ओर भी रोड साइन स्थापित कर चुका होगा। सड़क के उस संकरे भाग पर मैं और ब्लैक लोहे के सरियों सहित तुम्हारा इन्तजार कर रहे होंगे। तुम वहाँ आकर कार रोककर उतर आओगी और हम कार को खाई में उलट देंगे। ट्रक के वहाँ पहुँचने से पहले हमें वहाँ कार दुर्घटना की जो स्टेज तैयार करनी है, उसके लिए हमें कम-से-कम पंद्रह मिनटों की दरकार होगी और इसलिए भी तुम्हें पूरी स्पीड से कार दौड़ानी होगी। दुर्घटना को वास्तविक दर्शाने के लिए हमें उसमें आग लगानी पड़ेगी, और इस काम के लिए हमें पेट्रोल टैंक से कार तक पहुँचने वाली कपड़े की एक कदरन लम्बी पट्टी की जरूरत पड़ेगी।"—उसने किटसन पर निगाह दौड़ाई—"तुम ड्यूकास में बूचड़खाने जाकर वहाँ से तीन चार लीटर खून ले आना। जिनी—तुम्हें अपने साथ कपड़ों का एक दूसरा सैट भी रखना पड़ेगा जो पूरे मिशन के बाद वापिसी में इस्तेमाल आएंगे। तुम्हारे पहले वाले कपड़े पर हम खून उलट देंगे क्योंकि तुम्हारा वहाँ खून में लथपथ दिखाई देना इन्तहाई जरूरी होगा। इसी से वे ट्रक रोककर तुम्हारे पास आने को मजबूर होंगे। तुम्हें कुछ पूछना है?"

"नहीं।"—जिनी ने कहा।

"ठीक है।"—मोर्गन ने कहा—"तो अब हालात कुछ यूँ हैं कि तुम खून से लथपथ सड़क पर घायल पड़ी हो और खाई में कार पड़ी जल रही है। मैं और ब्लैक, अपनी ऑटोमैटिक राइफल के साथ, झाड़ियों में छुपे हैं। गार्ड और ड्राइवर, सड़क पर घायल पड़ी जिनी को देखकर क्या करेंगे? इस बारे में पहले से ही—यकीन के साथ कुछ भी कहना नामुमकिन है लेकिन एक बात तो फिर भी तय है—कि वे इसे ट्रक के नीचे कुचलते हुए आगे नहीं बढ़ने वाले। इसका मतलब सीधा-सीधा यह हुआ कि वे ट्रक को रोक लेंगे। फिर, मेरा ख्याल है कि, गार्ड उतरकर जिनी के पास पहुँचेगा और ड्राइवर ट्रक में बैठा इंतजार करेगा। जब गार्ड जिनी के पास पहुँचने वाला होगा, मैं ट्रक के पीछे पहुँच जाऊँगा। उधर ब्लैक गार्ड को अपनी राइफल से कवर किए रहेगा। जैसे ही गार्ड जिनी पर झुकेगा, मैं खिड़की से ट्रक ड्राइवर पर रिवाल्वर तान दूँगा। इधर जिनी भी गार्ड पर अपनी रिवाल्वर तान देगी। अब आगे इन हालातों में दो किस्म की सूरतेहाल बनती हैं। या तो वे दोनों समर्पण कर देंगे या फिर पूरी क्षमता और काबिलियत से प्रतिरोध करेंगे। हमने हर तरह के हालातों का सामना करने के लिए खुद को तैयार रखना है। अगर गार्ड ने कुछ किया तो ब्लैक उसे ठिकाने लगा देगा और यही कुछ मैं ड्राइवर के साथ करूँगा। मुझे ड्राइवर को हर हाल में, ट्रक में भीतर लगे, किसी भी बटन को दबाने से हर हाल में रोकना होगा। अगर हम सतर्क रहें तो यह काम ज्यादा मुश्किल साबित नहीं होगा।"—फिर मोर्गन ने ब्लैक की ओर देखा—"तुम बीस फुट की दूरी से गार्ड को निशाना बना सकते हो?"

"हाँ।"—ब्लैक ने निगाहें चुराते हुए कहा।

"ठीक है।"—मोर्गन ने कहा—"गार्ड और ड्राइवर का माकूल इंतजाम हो जाने के बाद मैं किटसन को सीटी का सिग्नल दे दूँगा।"—उसने किटसन पर निगाह डाली—"तुम सड़क पर कोई पाँच सौ गज की दूरी पर स्थित रहोगे और सिग्नल मिलते ही फुर्ती से वहाँ पहुँच

जाना।” किटसन ने सिर हिलाकर सहमति प्रकट की।

“इसके बाद हम सबको सारा सिलसिला बेहद तेजी से समेटकर निपटा लेना होगा।”—मोर्गन कहता रहा—“ब्यूक आएगी और कैरेवान को इस तरह पोजीशन कर देगी कि उसका पृष्ठभाग ट्रक के सामने पड़े। मैं ट्रक को ड्राइव करके उसे कैरेवान की ढलान पर से चढ़ाता हुआ उसे भीतर पहुँचा दूँगा। जिनी इस दौरान अपने कपड़े बदल लेगी। ब्लैक लोहे के सरिए और राईफल लेकर कैरेवान में मेरे पास आ जाएगा और वापसी में हम जीपो को भी अपने साथ सवार कर लेंगे। अब इस तरह हम सब तेजी से आगे हाईवे की ओर चल देंगे जहाँ पहुँचने में हमें कोई पंद्रह मिनट लगेंगे।

तब तक ऐजेंसी को उनके ट्रक के साथ घटी दुर्घटना का पता चल चुका होगा क्योंकि उनका ट्रक के साथ स्थापित रेडियो संपर्क टूट चुका होगा। वे लोग पहले अपने रेडियो-सैट को चैक करेंगे, फिर रॉकेट रिसर्च स्टेशन पर पूछताछ करेंगे और इस सब में उन्हें करीबन आधा घन्टा लग जाएगा। अब तक यह बात स्थापित हो चुकी होगी कि ट्रक गायब हो चुका है। इधर हम हाईवे पर पहुँचेंगे तो आगे किटसन तीस मील की रफ्तार से ड्राइव करता हुआ आगे बढ़ेगा। देखने वाले सोचेंगे कि किटसन और जिनी कैरेवान में सवार छुट्टियाँ मनाने निकले हैं। किसी को कुछ पूछना है?”

“ड्राइवर और गार्ड का क्या होगा?”—किटसन ने पूछा—“क्या हम उन्हें, वहीं, सड़क पर ही पड़ा छोड़ देंगे?”

“उनका इन्तजाम, वाजिब और माकूल इन्तजाम, मैं और ब्लैक कर लेंगे।”

किटसन का पसीना छूटने लगा, उसे अब पूरी तरह यकीन हो चुका था कि गार्ड और ड्राइवर की हत्या होने वाली है।

“तुम गार्ड और ड्राइवर का करोगे क्या?”—जीपो ने भी पूछा।

“तुम और किटसन अच्छी तरह समझ रहे हो कि उन दोनों का क्या किया जाएगा।”—मोर्गन गुर्राता हुआ बोला—“इस बाबत जो कुछ भी करना है, मैं और ब्लैक करेंगे। तुम इस बाबत सिर मत खपाओ।”

“ठीक है।”—जीपो ने मरी सी आवाज में कहा।

“हाईवे पर पहुँचकर हम फॉक लेक की ओर बढ़ेंगे।”—मोर्गन ने आगे बताना शुरू किया—“वहाँ एक बहुत बड़ा कैरेवान कैम्प है और यूँ वहाँ मौजूद कोई दो सौ कैरेवानों के विशाल झुण्ड में हमारा कैरेवान भी मिल जाएगा। हम दोपहर तक वहाँ पहुँच जाएंगे। आगे किटसन वहाँ बने केबिनों में से एक को किराए पर ठीक कर लेगा।”—उसने किटसन की ओर निगाह डालकर कहा—“तुम कैरेवान को केबिन के नजदीक ही रखना। तुम्हें और जिनी को यूँ जाहिर करना है मानो तुम सचमुच में हनीमून मनाने निकले हो। तुम वहाँ किसिंग, स्वीमिंग, और बाकी सभी वही गतिविधियाँ करोगे और यूँ वहाँ मौजूद भीड़ पर ऐसा जाहिर करोगे कि तुम दोनों अपनी ही दुनिया में मस्त हो। जब तुम यह सब कर रहे

होंगे, मैं, ब्लैक और जीपो उस ट्रक को खोलने की कोशिश करेंगे।"

"वाह!"—ब्लैक ने ऊँची आवाज में कहा—"इस निकम्मे को तुम न सिर्फ बेहद आसाम काम दे रहे हो बल्कि ऐश करने का भरपूर मौका भी दे रहे हो।"

किटसन का चेहरा तमतमा उठा। उसने मुट्ठियाँ भींचीं और आगे बढ़ा।

"ठहरो!"—मोर्गन ने उसे रोका—"और तुम सुनो ब्लैक—हम सब एक टीम-वर्क के तौर पर काम कर रहे हैं। किटसन के हिस्से में हनीमून वाला काम इसलिए आया है, क्योंकि वह एक बेहद कुशल और दक्ष ड्राइवर है। वह इस मामले में हम सबसे कहीं बेहतर है, और इसलिए तुम उस पर यूँ छींटाकशी करने की आदत छोड़ दो। जब तक हमारा काम खत्म नहीं हो जाता, हमें एक टीम वर्क के रूप में अपना काम करना है।"

"ठीक है—ठीक है,"—ब्लैक ने कहा—"मैं तो सिर्फ मजाक कर रहा था।"

मोर्गन ने उसे घूरकर देखा और कहा—"कैरेवान के पार्क हो जाने के बाद जीपो उस पर काम करना शुरू कर देगा। यह काम कदरन मुश्किल साबित होने वाला है, क्योंकि उस कैरेवान की सीमित जगह में खुली जगह नहीं होगी, और फिर अन्दर बेहद गर्मी भी होगी लेकिन फिर भी हमें इसे करना होगा। हम तीनों अंधेरा होने तक कैरेवान के भीतर ही रहेंगे और रात को केबिन में आ जाएंगे जहाँ हम सुबह होने तक टिक सकते हैं। सुबह होने पर हम वापिस कैरेवान में अपने काम पर आ डटेंगे। अगर ट्रक को खोलने में जीपो को कदरन ज्यादा वक्त की दरकार हुई तो हमें आगे वह कैरेवान पहाड़ों में ले जाना पड़ेगा लेकिन मैं इसके खिलाफ हूँ क्योंकि पहाड़ी चढ़ाई पर हमारी कार उसे टो नहीं पाएगी।"

"मुझे कैरेवान में रहकर ही ट्रक खोलना पड़ेगा?"—जीपो ने पूछा—"लेकिन मैं वहाँ फ्लैम कैसे इस्तेमाल करूँगा? कैरेवान में अगर इस तरह की कोशिश की गई तो उसमें आग लगने का खतरा होगा।"

"फ्लैम इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है।"—मोर्गन ने कहा—"तब तक ट्रक में टाइम लॉक आपरेट हो चुका होगा। तुम्हें उसका कॉम्बिनेशन पता करने की कोशिश करनी होगी।"

जीपो ने सिर हिलाकर सहमति प्रकट की।

मोर्गन भी बैंच से उठकर खड़ा हो गया।

"यही है पूरी योजना और हालाँकि यह बेहद सूझबूझ से बनाई गई है तो भी इसे परफैक्ट नहीं कहा जा सकता, क्योंकि कोई भी योजना पूरी तरह परफैक्ट, फुलप्रूफ, गारंटीशुदा होती ही नहीं।"—फिर मोर्गन ने जिनी पर निगाह डालते हुए कहा—"लेकिन मोटे तौर पर पूरी योजना खासी दमदार है।"

"यह कामयाब भी हो जाएगी।"—जिनी ने कहा—"बशर्ते हममें से हरेक अपने हिस्से के काम को सही ढंग से पूरा कर सके।"

“मैं जानता हूँ।”—मोर्गन ने कहकर अपनी कलाई घड़ी पर निगाह डाली—“ब्लैक, तुम और किटसन जीपो की कार ले जाओ और किसी कार पार्किंग से हमारे मतलब की एक स्पोर्ट्स कार चुराकर यहाँ ले आओ। जीपो, तुम उसका रंग-रोगन नंबर आदि तब्दील कर देना। तुम दोनों अब जा सकते हो।”

किटसन को ब्लैक का साथ पसंद नहीं था।

वह बुझे मन से उठ खड़ा हुआ और दरवाजे की ओर बढ़ गया।

ब्लैक ने भी उसका अनुसरण किया।

पीछे रह गए लोगों को कुछ क्षण बाद बाहर एक कार के स्टार्ट होकर वहाँ से रवाना होने की आवाज सुनाई दी।

“तुमने खाने-पीने का इंतजाम करना है जिनी।”—मोर्गन ने कहा—“दो टोकरियों में डिब्बाबंद खाना पैक कर लेना।”—उसने अपनी जेब से कुछ रकम बरामद कर उसे जिनी को देते हुए कहा—“स्कॉच की दो बोतलें भी ले लेना और शुक्रवार सुबह आठ बजे यहीं पहुँच जाना।”

“ठीक है।”

“बाहर बरसात अभी भी जारी है। तुम चाहो तो मैं तुम्हें कार पर छोड़कर आ सकता हूँ।”

“नो, थैंक्स।”—जिनी ने अपनी बरसाती पहनते हुए कहा—“मैं बस से चली जाऊँगी।”

वह बाहर निकल गई।

पीछे बैठा जीपो सोच रहा था कि अगर कोई गड़बड़ हो गई तो क्या होगा। मोर्गन ने जैसे उसकी शंकाओं को पढ़ लिया। उसने आगे बढ़कर उसके कंधे को थपथपाया।

“ज्यादा सोचो मत, ठीक एक हफ्ते बाद दुनिया तुम्हारी जेब में होगी।” और भी कई तरह की सांत्वना देता, ढांढस बंधाता मोर्गन उसे अगले दिन सुबह आने को कहकर बाहर निकल गया।

¶¶

किटसन गौमान्ट सिनेमा के पीछे बने कारों के पार्किंग लॉट की ओर कार ड्राइव कर रहा था। वह अपने विचारों में खोया हुआ आइन्दा दिनों में आने वाले हालातों के बारे में सोच रहा था।

इस पूरे सिलसिले की कामयाबी पर उसे कतई भरोसा नहीं था। यह तो केवल जिनी के साथ नजदीकियाँ और उसके साथ कुछ दिन गुजारने के ख्याल ने उसे इस कदर रोमांचित कर दिया था कि वह सिर्फ उसके बारे में सोच रहा था।

“सुन लड़के।”—उसके बगल में बैठा ब्लैक यकायक बोलने लगा—“मैं तुझे एक नेक सलाह देता हूँ। तू जिनी को लेकर खामखाह कोई वहम मत पालने लग जाना। इस पूरे काम के खत्म होते ही वह मेरे साथ रहने लगेगी। मैं उसे पेरिस और लन्दन घुमाने का वादा कर चुका हूँ।”

किटसन पर जैसे वज्रपात हुआ।

“तुम झूठ बोल रहे हो!”—वह चिल्लाया—“वह तुम्हारे साथ कहीं नहीं जाने वाली। तुम बकवास कर रहे हो।”

“अच्छा।”—ब्लैक उसकी झल्लाहट पर आनंदित होता हुआ बोला—“तुम्हें शायद यह सुनकर और भी बुरा लगे कि तुम्हारे जैसा गंवार तो उसके साथ पेरिस के किसी रेस्त्रां में घुसते हुए भी घबराएगा।”

“बको मत!”—किटसन गुर्राया—“वरना चेहरा बिगाड़ दूँगा।”

“सुनो—मैं तुम्हें इस बाबत साफ बता दूँ कि जिनी पर मेरा हक है, सो तुम उससे दूर रहो। तुम्हारे लिए यही बेहतर होगा।”

तभी वे पार्किंग लॉट में पहुँच गए और उनकी तल्ख होती जा रही बहस वहीं रुक गई। पार्किंग में कारें दो कतारों में व्यवस्थित थीं लेकिन उनकी निगरानी के लिए वहाँ कोई कर्मचारी नहीं दिखाई दिया।

दोनों अपनी कार से उतरे और अपने मतलब की कार तलाशने लगे।

किटसन को कारों की उन लम्बी कतारों के बीच कई कैडलॉक, जेगुआर खड़ी दिखाई दीं।

फिर उसकी निगाह उन्हीं के बीच खड़ी एक टू-सीटर स्पोर्ट्स कार पर पड़ी।

पार्किंग लॉट में उन दोनों के अलावा कोई नहीं था। किटसन ने कार का निरीक्षण किया तो कार के ग्लब कम्पार्टमैन्ट में उसे कार की चाबियाँ भी मिल गईं।

तब तक ब्लैक भी उसके पास आ गया था।

“यह ठीक है।”—उसने व्यंग किया—“तुम चूंकि दक्ष और काबिल ड्राइवर बताए जाते हो, सो तुम ही इसे यहाँ से चुराकर जीपो के पास ले जाओ, कार चुराने का थोड़ा सा रिस्क तो तुम उठा ही लोगे, क्योंकि वैसे तो तुम्हें, इस पूरे मिशन में सबसे आसान और यकीनन सबसे मजेदार काम सौंपा गया है।”

किटसन की सहनशक्ति जवाब दे गई।

उसने बगैर सोचे-समझे ब्लैक पर घूंसा चला दिया।

ब्लैक को उससे इसी तरह की हरकत की अपेक्षा थी और यूँ वह भी पूरी तरह से सतर्क था।

उसने एक झुकाई देकर किटसन का वार बचाया और तेजी से उस पर वार किया। उसका घूंसा सीधे किटसन के कन्धे पर पड़ा और फिर जैसे ही किटसन लड़खड़ाया, ब्लैक ने अपनी पूरी ताकत से किटसन के पेट में अगला घूंसा जड़ दिया। किटसन को रिंग छोड़े अर्सा बीत चुका था और उसकी मांसपेशियाँ अब नर्म पड़ चुकी थीं। ब्लैक के उस जबरदस्त वार ने उसके पैर उखाड़ दिए और वह बिलबिलाता हुआ नीचे जा गिरा।

ब्लैक ने जब उसे यूँ धराशायी होते देखा तो मुस्कुरा उठा।

“अब हिसाब बराबर हुआ हरामजादे।”—वह बोला— “आइन्दा मुझ पर हाथ उठाने की मूर्खता न करना। अब उठ खड़ा हो, और यह कार जीपो के पास पहुँचा।”

किटसन को वहीं पड़ा छोड़ वह वापिसी के लिए अपने साथ लाई कार की ओर बढ़ गया।

इधर ब्लैक के उस भयंकर वार से उभरने में किटसन को कई मिनट लगे। गुस्से और अपमान से वह सुलग उठा। उसने बेहद मुश्किल से खुद को पैरों पर खड़ा किया और स्पोर्ट्स कार पर सवार होकर पार्किंग लॉट से बाहर आया।

उसने जीपो के वर्कशाप की ओर कार बढ़ाई।

ड्राइव करते हुए वह सोच रहा था कि अभी ब्लैक के साथ उसकी एक—आखिरी—मुठभेड़ होनी बाकी थी। अगर ब्लैक को लगता है कि वह जिनी को उससे छीन लेगा तो यह उसका मुगालता था।

उसने निश्चय किया कि अगली दफा की मुठभेड़ में वह ब्लैक के दाएँ हाथ से होशियार रहेगा। ब्लैक जिस्मानी ताकत में यकीनन उससे बढ़कर था और उसका दाँया हाथ वाकई खतरनाक था।

जिस वक्त किटसन स्पोर्ट्स कार में जीपो की वर्कशाप की ओर बढ़ रहा था, ठीक उसी वक्त मोर्गन कार ड्राइव करता हुआ अपने ठिकाने की ओर लौट रहा था।

मोर्गन ट्रक डकैती के बारे में ही सोच रहा था, उसने तय कर लिया था कि इस बार के—इस बड़े काम के बाद—वह अपराध की दुनिया को अलविदा कह देगा।

बरसात थम गई थी लेकिन सड़कों पर अब भी फिसलन थी।

मोर्गन सावधानी से कार ड्राइव करता रहा।

रकम हासिल होते ही वह गैंग छोड़ देने वाला था। इस बाबत वह पूरी तैयारियाँ कर चुका था। उसकी जेब में मैक्सिको और कैलिफोर्निया की सीमा पर स्थित एक शहर का हवाई टिकट मौजूद था। उस टिकट पर वह कभी भी किसी भी प्लेन पर सफर कर सकता। उसने जिस शहर में अपने हिस्से से हासिल रकम को रखने का प्लान बनाया था, उसमें वह एक बैंक लॉकर भी किराए पर ठीक कर चुका था। फिर सब कुछ हो जाने के बाद उसने बार्डर पार कर मैक्सिको जाकर वहीं इंतजार करने का फैसला किया था। जैसे ही सारा मामला

ठन्डा पड़ता, और कोई माकूल मौका मिलता, उसने उस नकद रकम से बीयरर बांड खरीदना शुरू कर देना था। यूँ पूरे दो लाख डॉलर को वह बीयरर बांड्स में बदल लेता तो उन्हें बाद में अपनी सहूलियत से कभी-भी बेचकर दोबारा नकद रकम खड़ी कर लेता। सही था।

पूरी दुनिया उसकी जेब में होगी।

बल्कि कदमों में होगी।

वह अपने ख्याल पर खुद ही खुश होने लगा।

वैसे उसने इस पूरे मिशन की बाबत कोई वहम नहीं पाला हुआ था। उसे अहसास था कि इस सिलसिले में कामयाबी की गुंजाइश केवल पचास फीसदी ही थी।

ऊपर से पूरी डकैती को कामयाबी से अंजाम देते ही पुलिस इसमें शामिल लोगों की तलाश में लग जाने वाली थी।

शायद आर्मी भी रकम बरामदगी के काम में लगाई जाए।

उसे ब्लैक, किटसन और जीपो—तीनों में से किसी पर भरोसा नहीं था।

उसे यह सोचकर भी चिढ़ हुई कि उसकी योजना तो पूरे दस लाख डॉलर लूटने की थी लेकिन उसमें से उसका हिस्सा केवल पाँचवां भाग ही था। उसे यकीन था कि पुलिस बाकी सारी रकम बरामद करने में कामयाब हो जाने वाली थी।

शायद—सिवाय उसके हिस्से के।

जिनी उसके लिए रहस्यपूर्ण थी और वह उसकी ओर से परेशान भी था।

हालाँकि जिनी की यह सारी योजना बेहद ठोस और वाकई दमदार थी लेकिन यह शानदार योजना जिनी ने ही बनाई थी—इसका उसे कतई यकीन नहीं था।

कौन था इस रहस्यमय रमणी के पीछे?

क्या जिनी ने किसी और की योजना चुराकर डबलक्रास किया था? या वह उन्हीं से डबलक्रास करने वाली थी?

उसे लगा—इन सवालों पर सिर खपाना बेकार था। जिनी उन्हें अपनी योजना दे चुकी थी और वह उससे फायदा उठाने वाला था। ऊपर से इस पूरी योजना में जिनी ने सबसे मुश्किल और बेहद खतरनाक काम को अंजाम देना भी कबूल किया था।

आखिरकार मोर्गन ने जिनी के विचारों को अपने दिमाग से झटका और दोबारा पूरी योजना पर नए सिरे से मंथन करने लगा।

¶¶

शुक्रवार सुबह छः बजे।

जीपो उठ चुका था और खिड़की के पास खड़ा, पहाड़ों के पीछे से उगते सूरज को देख रहा था।

वह अगले कुछ घन्टों में अंजाम दिए जाने वाले काम के बारे में ही सोच रहा था। अचानक उसके दिमाग में एक विचार कौंधा।

क्या वह उस बेहद मजबूत और सुरक्षा की दृष्टि से करिश्माई काबिलियत ट्रक का लॉक सिस्टम खोल भी लेगा?

और अगर नहीं खुला तो?

यकायक उभरे इस ख्याल ने उसे आतंकित कर दिया। वह जानता था कि अगर ऐसा हुआ तो वह मोर्गन के कोप-भाजन का शिकार बनने वाला था।

जीपो ने यूँ ही नर्वस हालत में अपना मुँह धोया और शेव करने लगा। उसके हाथ कांप रहे थे और यूँ शेव करते हुए उसके गाल कई जगह पर कटे।

शेव करके वह क्रास पर लटके ईसा-मसीह के चित्र के सामने पहुँचा। उसने गंभीर कोशिश की लेकिन प्रार्थना याद न आई।

वह बस इतना कह सका—

"हे परम पिता परमेश्वर, मुझे माफ करना।"

शहर के बाहरी हिस्से में स्थित एक इमारत के कमरे में किटसन कॉफी गर्म कर रहा था। वह भयभीत था। पिछली सारी रात उसने बिस्तर पर करवटें बदलते काटी थी। कई बार उसका दिल चाहा कि सारे सिलसिले को छोड़ इस शहर से कहीं दूर भाग जाए—लेकिन फिर जिनी के साथ दो रातें गुजारने का मोह वह छोड़ नहीं सका था। कहीं किसी और जगह एक अन्य कमरे में खिड़की के समीप बैठा मोर्गन सिगरेट के धीमे-धीमे कश ले रहा था। उसकी मौजूदा हालत जंग के उस कर्नल की तरह थी जिसे हार-जीत के नतीजे की परवाह किए बगैर युद्ध आरंभ करना था। हालाँकि वह अपनी तैयारियों से पूरी तरह मुतमईन था लेकिन फिर मुकम्मल कामयाबी तो इस बात पर थी कि सभी लोग अपने-अपने हिस्से में आए काम को कामयाबी से अंजाम दे सकें।

शहर के एक और भाग में—अपने दो कमरों वाले फ्लैट में—ब्लैक बिस्तर पर पड़ा छत को ताकता हुआ गंभीर ख्यालों में खोया हुआ था। वह सोच रहा था कि गार्ड की हत्या करने के बाद उसे कैसा महसूस होगा। उसने कभी किसी की हत्या नहीं की थी—लेकिन मौजूदा हालात में हत्या जरूरी थी, वरना उनकी पूरी योजना का फ्लाप शो बन जाने का खतरा था। वह इस हकीकत को अपने दिमाग में उतार चुका था कि गार्ड की हत्या अवश्यम्भावी थी। यह उसके काम का हिस्सा था। वह जानता था कि इसके बाद बाकी की पूरी जिन्दगी उसके दिलो-दिमाग पर एक हत्या करने का बोझ छाया रहेगा। उसे हर वक्त पुलिस का

खौफ सताता रहेगा।

आखिरकार वह उठा। उसने व्हिस्की का एक तगड़ा पैग बनाया और धीमे-धीमे चुसकता हुआ अपनी बेचैनी पर काबू पाने की कोशिश करने लगा।

शहर के बाहरी भाग में ही एक पुरानी इमारत के टॉप फ्लोर पर स्थित एक छोटे-से कमरे में जिनी ने अपनी तमाम चीजें सूटकेस में पैक करके अपनी कलाई घड़ी पर निगाह डाली।

सात बजने में अभी बीस मिनट बाकी थे।

उसने अभी और आधा घन्टे बाद जीपो के वर्कशाप की ओर रवाना होना था।

वह खिड़की के पास जा खड़ी हुई और नीचे तंग-गन्दी सड़क को देखने लगी।

अगर उसकी तकदीर ने दगा न दिया तो वह अपनी मौजूदा अवसादग्रस्त, अभावग्रस्त नरकीय जिन्दगी से छुटकारा पा जाएगी। उसके पास दो लॉख डॉलर होंगे जिनसे वह न्यूयार्क जैसे बड़े शहर में अपनी बाकी की जिन्दगी ठाठ से गुजार सकेगी। उसे हर वो भौतिक सुख-सुविधा हासिल होगी, जिनके उसने हमेशा से ख्वाब देखे थे। बशर्ते तकदीर ने दगा न दिया।

उसे मोर्गन पर भरोसा था। उसे मोर्गन का कहा गया फिकरा—दुनिया तुम्हारी जेब में—बेहद पसंद आया था। ट्रक डकैती को पूरी तरह कामयाबी से अंजाम देने की काबिलियत केवल मोर्गन में ही थी। मोर्गन के अतिरिक्त बाकी लोगों के बारे में सोचते ही उसका मुँह बन गया।

जीपो पर बहुत कुछ निर्भर था और उसका नर्वस होना जिनी को भी नर्वस किए दे रहा था। जिनी चिन्तित थी। वैसे उसे यकीन था कि मोर्गन जीपो को बराबर संभाल लेगा।

ब्लैक फसादी था। वह जानती थी उसे उससे सावधान रहना होगा।

फिर उसे किटसन का ख्याल आया। यह प्रत्यक्ष था कि वह उसे चाहता था। जिनी को याद था कि मारलोव जाते वक्त किटसन उसे खुश करने को बेहद उत्सुक था।

जिनी को अहसास था कि एक बार रकम हाथ में आने की देर थी तो सब उससे उसका वह हिस्सा छीनने की कोशिश करेंगे। इस हिसाब से किटसन का साथ उसके लिए फायदेमन्द साबित हो सकता था। किटसन भरोसेमन्द था, उस पर फिदा था, और वह उसे कदरन आसानी से हैण्डल भी कर सकती थी। फिर बीस साल की लड़की का यूँ इस कदर दौलतमन्द होना भी शक का बायस बन सकता था। अगर किटसन साथ रहेगा तो दोनों के पास मिलाकर चार लाख डॉलर होंगे—और यूँ उस पर, उन पर, शक किया जाना मुश्किल होगा। जिनी ने तय किया कि वह इस बाबत और विस्तार से मंथन करेगी।

¶¶

पहुँचने वालों में मोर्गन प्रथम था।

उसने ठीक सात:पचास पर जीपो की वर्कशाप के बाहर अपनी ब्यूक रोकी।

पिछले कुछ दिनों में उसने, ब्लैक और जीपो के साथ अपनी इस कार पर खासी मेहनत की थी। उन्हें अब यकीन था कि वह उनके काम के लिहाज से बिल्कुल तैयार थी। फिर मोर्गन ने उसका एक फाइनल ट्राई भी लिया था। वह संतुष्ट था।

भीतर प्रवेश करने पर उसने जीपो को कार्डबोर्ड में रखे औजारों को चैक करता पाया। उसका चेहरा पीला पड़ा हुआ था, सांसें भारी थीं और हाथ कांप रहे थे। जीपो की उस नर्वसनेस के लिए उसे दोष देना व्यर्थ था, लेकिन फिर उसका पुन: सामान्य होना भी बेहद जरूरी था।

“हे जीपो!”—उसने पूछा—“तुम ठीक हो न?”

“ह....हाँ।”—जीपो ने जवाब दिया—“बस आज गर्मी कुछ तेज है।”

तभी जिनी ने पिकनिक बास्केट और अपने सूटकेस सहित वहाँ प्रवेश किया।

मोर्गन ने नोट किया कि अपने पूरे मेकअप के बावजूद उसका भी चेहरा पीला पड़ रहा था और आँखों के नीचे झाइयाँ सी थीं। जरूर वह पिछली रात सो नहीं पाई थी।

“परेशान हो?”—उसने जिनी से पूछा।

जिनी ने इन्कार में सिर हिलाया।

फिर ब्लैक आ गया। उसका चेहरा तमतमा रहा था और उसकी चाल में लड़खड़ाहट थी। उसे उस समय यूँ देखकर मोर्गन को बड़ी बेचैनी हुई।

फिर किटसन भी आ गया।

वह नर्वस लग रहा था, लेकिन ब्लैक और जीपो की अपेक्षा उसे खुद पर काबू पाए देखकर मोर्गन को एक सुखद हैरानी हुई। अब सात बजकर अट्ठावन मिनट हो चुके थे। मोर्गन को उन्हें पूरा प्लान एक बार फिर दोहराने की कोई तुक नजर नहीं आई।

“तो फिर ठीक है दोस्तो“—उसने कहा—“आओ चलें। तुम तीनों कैरेवान बाहर निकालो और जिनी तुम अपनी स्पोर्ट्स कार में एजेन्सी पहुँचो।”

जिनी अपनी स्पोर्ट्स कार की ओर बढ़ी तो मोर्गन उसके साथ कार के नजदीक पहुँचा। वह कार में सवार हुई तो कदरन शान्त और नियंत्रित थी।

मोर्गन ने उसकी मन-ही-मन प्रशंसा की।

“गुडलक!”—प्रत्यक्षत: उसने कहा।

“सेम टू यू।”—कहकर जिनी ने कार स्टार्ट की और आगे बढ़ा दी। और पांच मिनट बाद कैरेवान को खींचती हुई ब्यूक बाहर निकली। मोर्गन और ब्लैक कैरेवान के भीतर फर्श पर

बैठे थे और किटसन ड्राइवर की सीट पर था।

जीपो ने वर्कशाप का प्रवेश द्वार बन्द कर उसमें ताला जड़ा और उस पर एक बड़ा-सा साईन बोर्ड टांग दिया—

CLOSED FOR SUMMER VACATION

अचानक उसे यूँ लगा कि वह कभी अपनी उस वर्कशाप में वापस नहीं लौट सकेगा। उसे हालाँकि उस वर्कशाप से कोई खास आमदनी नहीं होती थी, लेकिन उसने अपनी जिन्दगी के पंद्रह साल वहाँ गुजारे थे और उसे उस जगह से गहरा लगाव हो गया था। कैरेवान की ओर बढ़ते हुए उसकी आँखें नम थीं।

“क्या हुआ कारीगर के बच्चे?”—ब्लैक ने खीजकर पूछा—“रो क्यों रहा है भई?”

“बको मत।”—मोर्गन ने जीपो के लिए जगह बनाते हुए ब्लैक को डाँटा। फिर जीपो की छाती में टहोका लगाकर कहा—“उदास क्यों होते हो जीपो? दुनिया की तमाम खुशियाँ, तमाम सहूलियतें तुम्हें हासिल होने वाली हैं, वे सभी चीजें जिन्हें हर कोई पाने का ख्वाब देखता है। जरा सोचो, दो लाख डॉलर की रकम से तुम्हें क्या कुछ हासिल न होगा?”

जीपो जबरन मुस्कुराया।

“हम कामयाब होंगे न मोर्गन?”

“बेशक! क्या आज तक मेरी कोई प्लानिंग नाकामयाब हुई है?” कैरेवान ब्यूक से बंधी आगे बढ़ चली।

अन्दर बैठे तीनों अब शान्त थे, और आने वाले पलों का सामना करने के लिए खुद को मानसिक रूप से तैयार कर रहे थे।

इधर कैरेवान आगे बढ़ता हुआ जब तक संकरे रास्ते की ओर जाती कच्ची सड़क पर पहुँचा, भीतर मौजूद तीनों आदमियों का गर्मी के मारे बुरा हाल था। पूरा सफर उनकी उम्मीद से ज्यादा बुरा था।

फिर पूर्वनिर्धारित जगह पर जीपो को उसके डाईवर्जन बोर्ड सहित नीचे उतार दिया गया।

जीपो को बड़ी राहत महसूस हुई।

गर्मी से भी और इस ख्याल से भी कि उसे उनके उस पूरे प्लान के खतरनाक हिस्से से दूर ही रहना है।

“अगर उस मिस्त्री की औलाद ने ट्रक नहीं खोला।”—कैरेवान के आगे बढ़ने पर ब्लैक ने कहा—“तो मैं उसके जिस्म में कई झरोखे खोल दूँगा।”

“तुम जीपो को भूलकर अपने हिस्से के काम पर ध्यान दो।”—मोर्गन ने सर्द लहजे में कहा

—"तुम्हारा निशाना चूकना नहीं चाहिए।"

फिर मोर्गन ने उसकी ओर राइफल बढ़ा दी।

"टोकरी में स्कॉच की बोतलें हैं।"—मोर्गन ने राइफल थामते हुए पूछा—"क्या मैं उसमें से एक घूँट लगा लूँ?"

"नहीं—पहले अपना काम पूरा करो, जश्न-ए-महफिल उसके बाद।"

कैरेवान की गति धीमी पड़ने लगी थी, फिर वह धीमा होता-होता थम गया।

कुछ क्षणों बाद किटसन ने पिछला दरवाजा खोला।

वे चट्टानों के पास उस संकरे रास्ते पर पहुँच गए थे। ब्लैक राइफल और मोर्गन पैंतालीस बोर की रिवाल्वर थामे कैरेवान से नीचे उतर आए।

"याद है न कि आगे तुम्हें क्या करना है?"—मोर्गन ने किटसन से कहा—"ध्यान रखना, मेरी सीटी की आवाज सुनते ही आ पहुँचना।"

किटसन ने हाँ में सिर हिलाकर सहमति दी।

मोर्गन ने कैरेवान से लोहे के दो मजबूत सरिए बरामद किए और उनमें से एक ब्लैक को थमा दिया।

किटसन कैरेवान लेकर चला गया।

मोर्गन इस पूरे इलाके के चप्पे-चप्पे से वाकिफ हो चुका था। उसने उस स्थान की ओर संकेत किया जिधर ब्लैक ने जाकर लेटना था। खुद उसने ब्लैक से कोई छः गज की दूरी पर पोजीशन थी। फिर दोनों आदमी अपने निर्धारित स्थानों पर लेटकर सड़क पर निगाहें गड़ाए रहे। दोनों झाड़ियों में बिल्कुल छिप गए थे लेकिन खुद उन्हें सामने सड़क एकदम साफ दिखाई दे रही थी।

तेज गर्मी थी।

ब्लैक को पसीना आने लगा, उसका गला सूख गया। वह बेचैनी महसूस कर रहा था।

उसे उस घड़ी व्हिस्की की तीव्र इच्छा हुई। अपने फ्लैट पर उसने जो तीन तगड़े पैग पिए थे, उनका असर अब खत्म हो रहा था।

"ठीक है?"—मोर्गन ने ऊँची आवाज में पूछा।

"हाँ...."—ब्लैक ने राइफल सैट कर उसे एक तरफ रखते हुए जवाब दिया।

मोर्गन ने अपनी कलाई घड़ी पर निगाह डाली।

ग्यारह बजने में अभी पाँच मिनट बाकी थे।

ट्रक ने तकरीबन साढ़े ग्यारह बजे वहाँ प्रकट होना था, और इस तरह उनकी योजना के हिसाब से जिनी ने वहाँ पंद्रह मिनट बाद आ पहुँचना था। उसने एक सिगरेट निकालकर सुलगा ली।

उसे सिगरेट पीता देखकर ब्लैक ने भी एक सिगरेट सुलगाई। उसके हाथ कांप रहे थे और धड़कनें तेजी से चल रही थीं। करीब पांच मिनट बाद मोर्गन यकायक चौंकन्ना हो उठा।

कार के इंजन की आवाज सुनाई दे रही है।

ब्लैक ने खड़ा हो दूर निगाह डालनी चाही तो मोर्गन ने तुरन्त उसे घुड़का।

“चुपचाप पड़े रहो बेवकूफ। यह जिनी की कार नहीं हो सकती।”

ब्लैक बिना कुछ बोले चुपचाप पड़ गया।

कुछ क्षणों बाद डाक विभाग से संबंधित एक वैन उनके आगे से गुजर गई।

दोनों इन्तजार करते रहे।

ग्यारह बजकर पंद्रह मिनट पर वहाँ अब तक पहुँच चुकी होनी जिनी की कार, ग्यारह बजकर बीस मिनट तक भी नदारद थी। जिनी के आने के कोई आसार नहीं आए तो मोर्गन का धीरज भी चुकने लगा। वह आशंकित हो उठा।

क्या जिनी के साथ कोई दुर्घटना घट गई थी?

या शायद वह घबराकर भाग खड़ी हुई थी?

“अभी तक आई क्यों नहीं?”—ब्लैक ने व्याकुलतापूर्वक पूछा।

“शायद ट्रेफिक में फंस गई होगी।”

“हम्म्...., मान लो कि अगर ड्राइवर ने उसे ओवरटेक ही न करने दिया तो....?”

“तो कुछ नहीं। हमें तब अगली बार कोशिश करनी होगी।”

फिर यकायक मोर्गन खामोश हो गया। उसे तेजी से आती एक कार के इन्जन की आवाज सुनाई दी थी।

“खामोश—वह आ रही है।”—उसने कहा।

अगले कुछ क्षणों बाद उन्हें सामने से आती, आंधी-तूफानों को मात देती गति से बढ़ती स्पोर्ट्स कार दिखाई दी।

“वह आ रही है।”—ब्लैक खड़ा हो उत्तेजित स्वर में बोला।

मोर्गन भी खड़ा हो गया था, और उसी दिशा में देख रहा था।

"लगता है ट्रक उससे कोई खास पीछे नहीं है, लोहे के सरिए संभाल लो।"—कहकर मोर्गन ने एक जेब से कपड़े की लम्बी पट्टी और दूसरी जेब से बैंजीन की बोतल निकाल ली।

फिर जिनी की कार उस सड़क के संकरे मोड़ पर प्रकट हुई। मोर्गन ने हाथ हिलाकर उस जगह की ओर इशारा किया जिधर वह कार रुकवाना चाहता था।

जिनी सड़क के सिरे पर कार रोककर नीचे कूदी।

उसका चेहरा पीला पड़ा हुआ था।

आँखों में उत्तेजना और क्रोध के मिले-जुले भाव थे।

"बड़ी मुश्किल से ओवरटेक कर पाई हूँ, जल्दी करो।"—वह लगभग चिल्लाती हुई बोली—"वह कोई ज्यादा दूर नहीं हैं।"

उसने कार के ग्लब बॉक्स से एक रिवाल्वर कब्जाई और कार में ही मौजूद खून से भरी कनस्तरी उठा ली।

"जगह बताओ?"—उसने पूछा।

मोर्गन ने उसे सड़क के एक स्थान की ओर संकेत किया।

जिनी वहाँ लपककर पहुँची और खून बिखेरने लगी।

इधर मोर्गन और ब्लैक ने सरियों की सहायता से कार को उलटकर सड़क के उसी सिरे को खाई की ओर धकेल दिया।

"सरिए संभालो और वापिस झाड़ियों में पहुँचो।"—मोर्गन कार के पेट्रोल टैंक का ढक्कन खोलता हुआ बोला।

ब्लैक आदेशानुसार तेजी से लपका।

इधर जिनी अपनी बायीं बाँह और स्कर्ट पर खून छिड़क रही थी।

मोर्गन ने कपड़े की पट्टी को बैंजीन में भिगोया। उसने उसका एक सिरा पेट्रोल टैंक में घुसेड़ दिया और दूसरा सिरा सड़क पर कोई छः फुट दूर डाल दिया।

"वो आ रहे हैं...." ब्लैक चिल्लाया—"जल्दी करो।"

मोर्गन ने जिनी की ओर निगाह डाली।

वह सड़क के बिल्कुल मध्य में खून से लथपथ औंधी पड़ी थी।

“रिवाल्वर तैयार रखना।”—वह उससे बोला—“घबराना मत लड़की।” और उसने माचिस की तीली जलाकर कपड़े की पट्टी के सिरे पर डाल दी।

फिर यकायक उसे महसूस हुआ कि कार और जिनी में कोई ज्यादा फासला नहीं था और यूँ जलती कार की तेज लपटें उसे वहाँ लेटे-लेटे ही झुलसा सकती थीं।

मगर अब वक्त बहुत कम था।

अब इस बाबत कुछ नहीं किया जा सकता था।

“जल्दी।”—इधर ब्लैक चिल्लाया।

पट्टी को जलाती हुई आग तेजी से पेट्रोल टैंक की ओर लपकी।

मोर्गन भागता हुआ अपने स्थान पर पहुँचा।

आग की वह लपट ज्योंहि पेट्रोल टैंक तक पहुँची, उसमें एक धमाका हुआ। बेहद गर्म हवा का एक तेज झोंका उसके जिस्म से टकराया तो उसने एक सिसकारी सी भरी।

आग की लपटें सड़क तक फैल गई थीं।

“वह भुन जाएगी।”—ब्लैक ने गर्मी से बचाव के लिए अपने हाथों को चेहरे पर ढंकते हुए कहा।

तभी मोर्गन को सड़क पर बढ़ता ट्रक दिखाई दिया।

“वे आ गए।”

ब्लैक ने राइफल उठाकर खुद को अगले एक्शन के लिए तैयार किया।

उसके हाथ अभी भी कांप रहे थे, और राइफल अभी भी स्थिर नहीं थी।

तब तक आग की भड़की लपट बुझ चुकी थी और धुंआ कदरन घटने लगा था।

जिनी सड़क पर निश्चल पड़ी थी।

सारा दृश्य बिल्कुल वास्तविक दिखाई पड़ रहा था।

जिनी किसी मूर्ति की भांति लेटी पड़ी थी। उसकी बांहें और स्कर्ट खून से लथपथ थे, लम्बी टाँगें फैली हुई थीं, और नजदीक में जलती कार उस स्थान पर घटित हुई भयंकर दुर्घटना की गवाह थी। मोर्गन को अब पछतावा था कि उसने कार को क्यों नहीं थोड़ा और दूर पहुँचाया था। जलती कार की असहनीय तेज तपिश जब उसे ही झुलसा दे रही थी तो जिनी तो कार के और भी करीब थी।

लेकिन जिनी बिल्कुल निश्चल पड़ी थी।

लग ही नहीं रहा था कि वह उस तेज तपिश से विचलित हो।

आगे बढ़ता ट्रक संकरे भाग पर आ पहुँचा।

मोर्गन की उँगलियाँ उसके रिवाल्वर के मूठ पर कस गईं। ड्राइवर और गार्ड उसे स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। जलती कार और सड़क पर घायल पड़ी लड़की को देखकर उनके चेहरे के भावों में परिवर्तन हुआ।

ड्राइवर ने ट्रक की गति घटाई और आखिरकार उसे जिनी से करीब पांच गज के फासले पर रोक लिया।

अब मोर्गन को उनके अगले कदम की चिन्ता थी। उनकी सारी योजना, और उसकी कामयाबी का सारा दारोमदार उनके अगले कदम पर ही निर्भर था।

गार्ड बाहर झांककर देख रहा था। ड्राइवर ने ट्रक को न्यूट्रल गियर में डाल दिया था।

फिर मोर्गन ने ट्रक की साइड की दोनों खिड़कियाँ खुलती देखकर राहत महसूस की।

ड्राइवर और गार्ड ट्रक में से ही जिनी को घूर रहे थे। फिर ड्राइवर ने गार्ड को कुछ कहा तो उसने प्रतिक्रिया में सिर हिलाया।

मोर्गन ने देखा कि गार्ड ने माइक्रोफोन थाम लिया था। वह आशंकित हो उठा, अलबत्ता जिनी अभी भी निश्चल पड़ी थी। मोर्गन ने मन ही मन उसकी हिम्मत की दाद दी। मोर्गन गार्ड को माइक्रोफोन प्रयोग करते देख रहा था लेकिन वह बोल क्या रहा था, यह मोर्गन को सुनाई न दिया। बावजूद इसके मोर्गन को समझते देर न लगी कि गार्ड एजेन्सी को वहाँ मौजूद नजारे की जानकारी दे रहा था। इसका सीधा सा मतलब यह भी था कि ट्रक को कब्जे में करके उन्हें, जितना जल्दी हो सके, वो जगह छोड़नी होगी, क्योंकि ट्रक से संपर्क टूटते ही एजेन्सी को गड़बड़ी का आभास हो जाता और आगे इस बाबत पुलिस को सूचना दे दी जाती। गार्ड ने माइक्रोफोन नीचे रखा, ड्राइवर से कुछ कहा और अपनी ओर का दरवाजा खोलकर नीचे उतर गया। ड्राइवर वहीं बैठा सामने की ओर देखता रहा।

मोर्गन अपनी वर्तमान स्थिति में ब्लैक को नहीं देख पा रहा था। ब्लैक ने जिनी की ओर बढ़ते गार्ड पर राइफल से निशाना साधने की कोशिश की लेकिन उसके हाथ इस कदर कांप रहे थे कि उसे राइफल को स्थिर रखने में भी बेहद मशक्कत करनी पड़ रही थी। वह अपनी वर्तमान हालत पर आतंकित था।

तेजी से चलता हुआ गार्ड अब जिनी से करीब दस फुट की दूरी पर था और ब्लैक जानता था कि मोर्गन अब किसी भी क्षण अपने स्थान से बाहर निकलकर ड्राइवर की ओर बढ़ चलेगा। लेकिन खुद ब्लैक अपनी वर्तमान आतंकित मनोदशा में राइफल तक स्थिर नहीं रख पा रहा था।

फिर ब्लैक ने झाड़ियों में सरसराहट सुनी और अगले ही क्षण उसने मोर्गन को सड़क पर प्रकट होते देखा। फिर उसने ऐसा काम किया जो उसने नहीं करना चाहिए था। उसने

गार्ड पर से निगाह भटकाई और दाईं ओर देखा।

मोर्गन रिवाल्वर हाथ में लिए दबे पांव तेजी से ट्रक की, ड्राइवर की ओर वाली खिड़की की तरफ बढ़ रहा था।

इधर गार्ड अब जिनी पर झुका हुआ था लेकिन उसने जिनी को छूने की कोई कोशिश नहीं की थी। शायद उसे इस पूरे घटनाक्रम से किसी गड़बड़ी का अहसास हो रहा था।

फिर उसने यकायक पलटकर पीछे देखा।

मोर्गन अब तलक खिड़की के पास पहुँचकर ड्राइवर पर रिवाल्वर तान चुका था, और ड्राइवर स्तब्ध बैठा अचानक उभरे मोर्गन को अविश्वास से देख रहा था।

फिर जिनी उठ बैठी।

गार्ड फौरन वापिस पलटा, और उसने अकल्पनीय तेजी से जिनी के रिवाल्वर वाले हाथ पर झपट्टा मारा। इसी के साथ उसने बाएँ हाथ से जिनी के चेहरे पर एक जोरदार प्रहार किया और यूँ उठ खड़ी हुई जिनी पुनः गिर पड़ी। फिर जैसे इतना काफी न हो। दाएँ हाथ से गार्ड ने अपने होल्स्टर में से रिवाल्वर बरामद कर ली।

सब कुछ पलक झपकने की तेज गति से हो गया था।

यह सब होता देख रहे ब्लैक ने कांपती उँगलियों से ट्रिगर को दबाया तो राइफल की गोली गार्ड को जा लगने की जगह उसके सिर के ऊपर से होकर गुजर गई।

गोली की आवाज सुनते ही ड्राइवर ने डेशबोर्ड पर लगे तीनों स्विचों को दबाने का उपक्रम किया।

मोर्गन ने तुरन्त उसके चेहरे पर फायर झोंक दिया।

इधर गार्ड ने मोर्गन की ओर अपनी रिवाल्वर घुमा ली। जैसे ही उसने गोली चलाई, गार्ड के प्रहार से हैरान जिनी ने उसके हाथ पर हाथ मारकर निशाना बिगाड़ने की कोशिश की, मगर पूरी तरह कामयाब न हो सकी। मोर्गन को यूँ लगा कि मानो लोहे की तेज दहकती सलाख उसकी पसलियों से होकर गुजर गई हो। आघात इतना तीव्र था कि वह लड़खड़ाता हुआ नीचे गिर पड़ा। उसने अपने आप को संभाला और गार्ड की दिशा में फायर किया। इधर जिनी अब गार्ड से बकायदा हाथापाई कर रही थी।

मोर्गन की चलाई गोली सीधे गार्ड के माथे में जा घुसी और नतीजतन वह कटे वृक्ष की तरह धड़ाम से नीचे मौजूद जिनी के ऊपर ढेर हो गया। जिनी ने गार्ड के मृत शरीर को अपने ऊपर से हटाया और मोर्गन की ओर निगाह डाली। पीड़ा से बिलबिलाता, अपने होंठ काटता मोर्गन धीरे-धीरे खड़ा हो रहा था।

ठीक तभी मरते हुए ड्राइवर ने हौंसलामन्दी का नायाब प्रदर्शन करते हुए हाथ बढ़ाकर एक बटन दबा दिया और यूँ अगले ही क्षण ट्रक की खिड़कियों और विंडशील्ड पर धातु

की मजबूत चादरें आ गिरीं।

ट्रक अब फौलाद के बेहद मजबूत बक्से में तब्दील हो चुका था। फिर मोर्गन ने ड्राइवर की कराहट और उसके शरीर के सीट से नीचे गिरने की आवाज सुनी। भीतर मौजूद ड्राइवर मर चुका था लेकिन मरने से पहले वह अपना फर्ज बाखूबी निभा गया था।

हाँफता सा मोर्गन निराश खड़ा रहा।

ब्लैक राइफल थामे भागता हुआ झाड़ियों से बाहर निकला। उसके होश फाख्ता थे।

“हरामजादे....!”—मोर्गन गुर्राया—“जी तो चाहता है तुझे गोली मार दूँ।” ब्लैक ने राइफल एक ओर फेंकी।

“मैंने अपनी पूरी कोशिश की थी।”—वह गिड़गिड़ाने लगा—“लेकिन पहले निशाना चूक गया और फिर दूसरी बार ट्रिगर जाम हो गया।”

मोर्गन के जख्म से खून मुतवातर बह रहा था।

जिनी लड़खड़ाती हुई उन दोनों के नजदीक पहुँची। जलती कार की तेज तपिश ने उसका चेहरा सुर्ख कर दिया था और बाल बिखर गए थे।

“जख्म गहरा है?”—उसने मोर्गन से पूछा।

“नहीं।”—मोर्गन ने जवाब दिया। वह बेहद कमजोरी महसूस कर रहा था। उसने अपनी सीटी जिनी को थमा दी।

“किटसन को बुलाओ।”—उसने कहा और ट्रक का सहारा ले खड़ा हो गया। जिनी ने जोर से सीटी बजाई।

“ड्राइवर?”—उसने पूछा।

“मैंने उसे शूट कर दिया, लेकिन फिर भी न जाने कैसे वह एक बटन दबाने में कामयाब हो गया था। बाद में मैंने उसके निश्चेष्ट हो सीट से नीचे गिरने की आवाज सुनी थी।”

ब्लैक असहाय सा खड़ा मोर्गन को देख रहा था।

“मोर्गन,”—वह बोला—“तुम्हारे जख्मों से खून बह रहा है।”

“दफा हो कमीने,”—मोर्गन गुर्राया—“तेरी वजह से सब गड़बड़ हो गई। अब हम फंस चुके हैं।”

“नहीं,”—जिनी ने तीव्र स्वर में कहा—“हमारे पास अभी भी मौका है। तुम बैठ जाओ, मैं तुम्हारा खून बहना रोकती हूँ।”

मोर्गन बैठ गया तो जिनी ने उसका कोट और कमीज उतार दी।

आतंकित ब्लैक कर्तव्यविमूढ़-सा खड़ा था।

“अब यूँ खड़ा मत रह कमीने”—मोर्गन गुर्राया—“जाकर लाश हटा।”

अपने आप पर शर्मिन्दा होता ब्लैक तुरन्त आगे बढ़ गया।

जिनी ने मोर्गन के जख्म का निरीक्षण किया तो उसे यह जानकर थोड़ी तसल्ली हुई कि पसलियाँ सही सलामत थीं, लेकिन खून की बहने की रफ्तार बेहद तेज थी। जिनी ने अपनी खूब लम्बी स्कर्ट से पूरी गोलाई में एक लम्बी चौड़ी पट्टी फाड़ ली। उसने मोर्गन की कमीज को पैड की शक्ल में उसके जख्म पर रखा और पट्टी से कसकर बांध दिया।

“फिलहाल यही मुमकिन है।”—उसने कहा—“आगे कैम्प में पहुँचकर हम माकूल डाक्टरी उपचार का इन्तजाम कर लेंगे।”

मोर्गन धीरे-धीरे उठा और अपना कोट पहन लिया।

“मैं ठीक हूँ।”—उसने कहा—“लेकिन अब ट्रक कैरेवान में नहीं चढ़ाया जा सकता और हम यहाँ ज्यादा देर तक रुक नहीं सकते।”

तभी कैरेवान सहित ब्यूक वहाँ आन पहुँची। किटसन नीचे उतरा तो उसकी निगाह पहले ट्रक और फिर मोर्गन पर पड़ी।

इधर ब्लैक भी गार्ड की लाश को झाड़ियों में फेंक आया।

“क्या हो गया?”—किटसन ने घबराए स्वर में पूछा—“मुझे गोलियाँ चलने की आवाज सुनाई दी थी।”

“हम फंस गए।”—मोर्गन ने कहा—“हमें फौरन यहाँ से भागना पड़ेगा।”

“ठहरो।”—जिनी ने कहा—“ब्यूक से धकेलकर हम ट्रक को कैरेवान में भीतर चढ़ा सकते हैं। हमें कोशिश करनी चाहिए। आओ चलो।”

मोर्गन को भी लगा कि यूँ कोई माकूल नतीजा हासिल हो सकता था।

“किटसन”—वह उत्तेजित स्वर में बोला—“जिनी ठीक कह रही है। तुम फौरन कार को कैरेवान से अलग करो।”

फिर सभी उछलकर उस प्रयास में लग गए।

नतीजा सुखद निकला।

सबके सामूहिक प्रयत्नों से ट्रक को कैरेवान में लाद लिया गया। फिर फटाफट सरिए और राइफल कैरेवान में उछालकर मोर्गन और ब्लैक भी उसमें चढ़ गए। इस दौरान जिनी भी अपने खून से सने कपड़ों को तिलांजलि देकर साफ कपड़े पहन चुकी थी। उसने अपने बाल भी संवार लिए थे।

ट्रक के कैरेवान में समा जाने के बाद अब उसमें बेहद कम जगह ही बची थी। चौड़ाई में दोनों ओर दस-दस इंच और लम्बाई में पिछली ओर कोई दो फुट चौड़ी जगह ही बची थी। ब्लैक और मोर्गन बेहद मुश्किल से अपने लिए बैठने की जगह बना पाए।

"ड्राइविंग होशियारी से करना।"—मोर्गन ने किटसन को निर्देश दिया—"अगर ट्रक जरा भी हिला तो हम भीतर ही कुचले पड़े होंगे।"

किटसन ने सिर हिलाकर सहमति प्रकट की और कैरेवान का दरवाजा बन्द कर दिया। फिर वह ब्यूक में ड्राइविंग सीट पर आ बैठा।

जिनी उसके बगल में बैठ गई।

"क्या हुआ था?"—किटसन ने गाड़ी आगे बढ़ाते हुए पूछा।

जिनी ने कांपती आवाज में पूरा वाकया बयान किया।

"तुम्हारा मतलब है, भीतर ट्रक में ड्राइवर की लाश मौजूद है।"—किटसन ने आतंकित स्वर में पूछा।

"अगर वह मर-खप नहीं गया है तो वह रेडियो मैसेज भेज सकता है। हम पकड़े जा सकते हैं।"—जिनी ने कहा—"वैसे मोर्गन का कहना है कि वह मर चुका है।"

कैरेवान के भीतर मोर्गन दीवार से पीठ सटाए बैठा था। उसे एक ही चिन्ता खाए जा रही थी कि अब ट्रक का जल्दी से जल्दी खुलना बेहद जरूरी था। ट्रक में मौजूद दस लाख डॉलर की रकम को अपने इतना करीब पाकर वह अपने दर्द को भूल गया था।

इधर ब्लैक अब नियंत्रित था।

ट्रक उनके अधिकार में था और इसके लिए कम से कम उसे तो कोई हत्या नहीं करनी पड़ी थी। वह सोच रहा था कि अब तो मोर्गन उस पर कतई कोई भरोसा नहीं करने वाला। उसे लगा कि उसने खुद मोर्गन पर कड़ी निगाह रखनी चाहिए थी, ताकि मोर्गन उसे उसका हिस्सा देने में गड़बड़ न कर सके।

कोई दो मील आगे किटसन को जीपो दिखाई दिया तो उसने अपनी गाड़ी रोक ली।

"ट्रक ले आए?"—चिंतित स्वर में जीपो ने पूछा—"कोई गड़बड़ तो नहीं हुई?"

किटसन ने नीचे उतरकर कैरेवान का दरवाजा खोल दिया।

"जल्दी बैठो।"—उसने जीपो से कहा और फिर मोर्गन के पास जाकर उससे पूछा—"तुम ठीक तो हो न?"

मोर्गन का चेहरा पीला पड़ गया था और पीड़ा से विकृत था।

"हाँ, तुम वक्त जाया न करो—भीतर आओ, जल्दी।" —उसने जीपो को कहा।

जीपो तो मानो भौंचक्का था।

वह ठिठका खड़ा उसे ही घूर रहा था।

"तुम...."—वह हकलाया।

"अन्दर आओ बेवकूफ, जल्दी करो।"—मोर्गन बोला।

"नहीं, मैं नहीं बैठूंगा।"—जीपो ने प्रतिवाद किया—"अगर ट्रक जरा भी खिसका तो हम इसी में, यहीं भीतर, कुचले जाएंगे।"

मोर्गन ने अपनी रिवाल्वर निकालकर उस पर तान दी। उसके इस प्रयास में उसकी छाती पर खून से सनी पट्टी नमूदार हुई। जीपो की निगाह फौरन उस ओर गई।

"अन्दर।"—मोर्गन जीपो से बोला—"जल्दी।"

किटसन ने जबरन जीपो को भीतर धकेल दिया, और भागकर लीवर नीचे खींचकर कैरेवान का दरवाजा बन्द कर दिया।

वह पुनः ब्यूक की ड्राइविंग सीट पर आ बैठा।

कैरेवान खींचती ब्यूक तेजी से हाईवे की ओर बढ़ चली।

¶¶

जीपो कैरेवान की दीवार और ट्रक की बॉडी के बीच आतंकित सा स्थिर खड़ा था। उसके पास ही मोर्गन फंसा बैठा था और वहीं ब्लैक भी खड़ा हुआ था। तेज रफ्तार से आगे बढ़ती ब्यूक उन्हें बार-बार झटके दे रही थी।

"इसका मतलब है कि ट्रक में ड्राइवर मौजूद है।"—जीपो ने कहा।

"उसकी चिन्ता छोड़ो जीपो,"—मोर्गन ने कहा—"तुम शटर खोलो। हम जानना चाहते हैं कि रेडियो सिग्नल ऑन तो नहीं है।"

"रेडियो बैट्री से ऑपरेट किया जाता है।"—ब्लैक ने सलाह देते हुए कहा—"क्या ट्रक के नीचे जाकर तारें नहीं काटी जा सकतीं?"

"मैं ट्रक के नीचे नहीं जा रहा।"—जीपो ने प्रतिवाद किया—"अगर ट्रक जरा भी इधर-उधर हिल गया तो मैं वहीं नीचे ही पिस जाऊँगा।"

"बको मत!"—मोर्गन गुर्राया—"फौरन ट्रक के नीचे घुसकर तारें काटो।"

मजबूर जीपो को अपने औजार वगैरह लेकर ट्रक के नीचे जाना ही पड़ा। मोर्गन ने उसे टार्च थमा दी तो जीपो ट्रक के इंजन वाले हिस्से के नीचे खिसक गया। वहाँ कैरेवान के फर्श पर खून पड़ा था। अभी उसने आगे कुछ हाथ-पांव हिलाने का सोचा ही था कि तभी

गर्म खून की चिपचिपाहट भरी बून्द उसकी गर्दन पर गिरी। जीपो सर से पांव तक कांप गया और टपकते खून से तनिक परे खिसक गया। कुछ देर बाद वह एक तार ढूँढ निकालने में कामयाब रहा लेकिन उस तक उसके हाथ नहीं पहुँच पा रहे थे।

“मेरा हाथ तार तक नहीं जा रहा।”—वह हाँफता सा बोला।

मोर्गन ने ब्लैक को इशारा किया तो उसने एक लम्बे हैण्डल वाला कटर उठाकर जीपो की ओर बढ़ा दिया। कांपते हाथों से जीपो ने उसे पकड़ा और अपनी उसी हौलनाक हालत में कांपते हाथों से किसी तरह वो तार काट ही दी।

ठीक तभी ट्रक के अन्दर से कराहने की एक धीमी आवाज आई।

साथ ही कैरेवान के भीतर मौजूद ट्रक अपने स्थान से जरा-सा खिसका।

“नहीं,”—जीपो आतंकित हो उठा—“मुझे बाहर निकालो।”

“चिल्लाओ मत।”—मोर्गन ने उसे घुड़की दी।

इधर ट्रक के नीचे से निकलने की हड़बड़ाहट में जीपो की कमीज कहीं उलझकर फट गई और उसके गाल व गर्दन पर खून की कई मोटी-मोटी बूंदें आ गिरीं।

“वह जिन्दा है।”—जीपो ट्रक के नीचे से निकलकर हांफते हुए बोला—“मैंने उसके कराहने, खिसकने की आवाज सुनी थी।”

मोर्गन के जिस्म में तनाव व्याप्त हो गया।

“बैट्री के तार कट जाने से वह न तो रेडियो ऑपरेट कर पाएगा और न ही कोई और लॉक को छेड़ पाएगा।”—वह बोला—“क्योंकि वे सब बैट्री से ही ऑपरेट होते होंगे। तुम्हें शटर खोलना पड़ेगा जीपो, उस ड्राइवर पर अब काबू पाना निहायत जरूरी हो उठा है।”

“नहीं,”—जीपो ने प्रतिवाद किया—“उसके पास रिवाल्वर है और मैं अगर दोबारा ट्रक के नीचे पहुँचा तो वह गोली चला देगा।”

मोर्गन ने कैरेवान की खिड़की से पर्दा खिसकाकर बाहर झांका। कैरेवान को खींचती कार की गति धीमी हो रही थी और फिर कुछ क्षणों बाद वह सड़क और हाईवे के चौराहे पर रुक गई। हाईवे पर हर रोज की तरह सामान्य तौर पर यातायात की आवाजाही बनी हुई थी।

अगर ट्रक में मौजूद ड्राइवर ने शूटिंग शुरू कर दी तो गोलियाँ की आवाज बिनाशक बाहर गूंजेगी।

मोर्गन सोच में पड़ गया।

उसे इस समस्या का कोई हल नहीं सूझा।

“एक बार हाईवे पार कर जाएं, तभी ट्रक खोलने की कोशिश करना ठीक रहेगा मोर्गन।”—ब्लैक ने कहा।

“ठीक है।”—मोर्गन ने सहमति प्रकट कर दी।

जीपो ने इस पर राहत की गहरी सांस ली।

“जीपो,”—मोर्गन ने कहा—“तुम इस ट्रक के लॉक का काम्बीनेशन मालूम करने की कोशिशें शुरू कर दो।”

इधर ब्यूक दोबारा आगे बढ़ चली थी।

इस बार उसकी गति भी बेहद कम थी। वह हाईवे पर अपनी लेन में साइड पर बढ़ने लगी।

जीपो ट्रक के पृष्ठभाग में पहुँचा और वहाँ दरवाजे का निरीक्षण करने लगा। भारी दरवाजा मजबूती से बन्द था, जिसके बीचों-बीच एक डायल लगा था, कुछ-कुछ ऐसा जैसे आमतौर पर सैफ में लगा होता है।

डायल के पास ही एक छोटी-सी खिड़की थी जिस पर बुलेट प्रूफ कांच का कवर चढ़ा था। कांच के दूसरी ओर जीपो को एक नम्बर दिखाई दिया। वह जानता था कि डायल घुमाते ही नम्बर बदल जाएगा। उसे दरवाजा खोलने का सही काम्बीनेशन ढूँढना होगा।

इसके लिए उसे पूरी एकाग्रता और सतर्कता के साथ डायल घुमाते हुए बार-बार आहट लेनी होगी।

“काम्बीनेशन को तोड़ने में वक्त लगेगा।”—जीपो बोला।

“दरवाजे को बारूद से नहीं उड़ा सकते क्या?”—मोर्गन ने पूछा।

“नहीं, लेकिन इसे काटा जरूर जा सकता है जिसमें फिर वक्त की दरकार होगी।”

“तुम काम्बीनेशन ही ट्राई करो”—मोर्गन ने कहा—“हमें कैरेवान कैम्प तक पहुँचने में अभी चालीस मिनट और लगने वाले हैं। तुम अभी यहीं से शुरू हो जाओ।”

“अभी?”—जीपो ने हैरान होते हुए कहा—“इतने झटकों में मैं न तो सही ढंग से डायल घुमा सकूँगा और न ही इस ट्रेफिक के शोर में मुझे कुछ सुनाई देगा।”

मोर्गन ने मुँह बनाया।

उसकी पसलियों में दर्द निरंतर बढ़ता जा रहा था। उसने उस ओर ध्यान न देने का फैसला किया। वह सोचने लगा कि जीपो पर अभी किसी किस्म का प्रेशर बनाना गलत होगा।

फिर उसका ध्यान ट्रक में भीतर मौजूद ड्राइवर की ओर गया। वह सोचकर खीज उठा कि यह सारा सिलसिला उसकी सभी उम्मीदों के खिलाफ कहीं ज्यादा मुश्किल और पेचीदा साबित हो रहा था।

“इसमें दस लाख डॉलर हैं।”—मोर्गन ट्रक की बॉडी पर मुक्का जमाता बोला—“और बीच में सिर्फ यह दीवार है। हम इस रकम को हासिल करके ही दम लेंगे।”

किटसन ब्यूक को चलाने में इस कदर ध्यानमग्न था कि उसे अपने बगल में बैठी जिनी का ध्यान ही न रहा। वह उसकी ओर ध्यान ही न दे सका। उसका चेहरा अभी तक पीला था। अपने हाथों के कंपन को नियंत्रित करने के मकसद से उन्हें वह अपने घुटनों के बीच दबाए हुए थी।

किटसन को रह-रहकर ट्रक के भीतर मौजूद ड्राइवर का ख्याल आ रहा था। क्या उसने रेडियो सिग्नल ऑन कर दिया था?

क्या वे सीधे पुलिस के चंगुल में पड़ने वाले थे?

“अगर ड्राइवर ने सिग्नल ऑन कर दिया होगा”—उसने आशंका प्रकट की—“तो हम सीधे पुलिस के जाल में फंसने वाले हैं।”

“इस बाबत हम कुछ नहीं कर सकते।”—कंधे उचकाती जिनी बोली। फिर वह यकायक चौंकी।

“सुनो।”—वह बोली।

किटसन ने सुना।

सुनते ही उसकी धड़कनें रुक सी गईं।

कहीं दूर, पुलिस के सायरन की आवाज आती सुनाई दे रही थी जो हर बीतते पल के साथ तेज होती जा रही थी।

कुछ ही देर बाद सायरन बजाती पुलिस कार वहाँ के यातायात के बीच तेजी से निकली। उसके पीछे चार मोटरसाइकिलों पर सवार पुलिस वाले थे और उनके पीछे फिर दो अन्य पुलिस वाहन थे।

सामने से आता यह पुलिस का काफिला अस्सी मील प्रति घन्टे की रफ्तार से गुजर गया।

किटसन खामोशी से अपनी गाड़ी—ब्यूक—ड्राइव करता रहा। जिनी भी चुपचाप बैठी रही। दोनों के दिमाग में एक ही बात कौंध रही थी कि—वे सही समय पर हाईवे पर आन पहुँचे थे। पुलिसवालों का यह काफिला यकीनन घटनास्थल की ओर उड़ा जा रहा था। करीब पांच मिनट बाद किटसन को अहसास हुआ कि उसके सामने चल रहे वाहनों की रफ्तार मुतवातर धीमी होती जा रही थी। मजबूरी में किटसन को भी रफ्तार घटानी पड़ी। घटती-घटती रफ्तार आखिरकार थम ही गई, और नतीजे में किटसन को भी अपनी ब्यूक रोक देनी पड़ी।

“रोड ब्लॉक“—वह बोला—“मारे गए।”

“घबराओ मत“—जिनी ने कहा।

लम्बे इन्तजार के बाद ट्रेफिक धीरे-धीरे रेंगता हुआ सा पुनः चलने लगा। वाहनों की लम्बी कतार में ब्यूक की ड्राइविंग सीट पर बैठा किटसन बेहद घबराया हुआ था। दूर सामने पुलिस की दो कारों के नजदीक छः पुलिस अफसर मौजूद थे।

जैसे ही वाहन रुकता, पुलिस वाले, उसके भीतर निगाह डालते, ड्राइवर से पूछताछ करते और अंततः उसे आगे बढ़ने का इशारा कर देते।

“इसे मुझ पर छोड़ दो।”—जिनी ने कहा—“मैं संभाल लूँगी।”

किटसन पर मानो हरेक पल भारी गुजर रहा था और दस मिनट बाद उसकी ब्यूक रोड ब्लॉक पर पहुँचकर रुक गई।

जिनी ने अपनी स्कर्ट घुटनों से ऊपर कर ली और अपनी एक टांग को दूसरी पर चढ़ा लिया।

पुलिस अफसर उनकी ओर बढ़ा। भीतर निगाह डालने के मकसद से उसकी निगाहों ने इधर-उधर भटकना शुरू किया तो वे जिनी के चेहरे से फिसलती हुई उसके घुटनों पर आ टिकीं। पुलिस अफसर के चेहरे पर प्रशंसा के भाव उभरे। उसने किटसन की ओर देखा तक नहीं।

“आप कहाँ से आ रही हैं मिस?”—उसने पूछा।

“ड्यूकास से, हम हनीमून मनाने जा रहे हैं।”—जिनी ने जवाब दिया—“यह रोड ब्लॉक, यह पूछताछ क्यों है?”

“क्या आपने पीछे सड़क पर एक वैलिंग आर्म्ड ट्रक देखा था?”—अफसर ने जवाब देने के बजाए अगला सवाल पूछा—“उस ट्रक के पीछे बड़ा-सा साइन बोर्ड भी लगा है।”

“नहीं तो।”—जिनी ने जवाब दिया और किटसन की ओर गर्दन घुमाकर बोली—“तुमने कोई ऐसा ट्रक देखा था हनी?”

किटसन ने सिर हिलाकर इन्कार किया।

उसका दिल पसलियों में धाड़-धाड़ बज रहा था।

“क्या वह ट्रक गुम हो गया है आफिसर?”—जिनी ने मुस्कुराकर पूछा।

अफसर, जिसकी निगाहें अभी तक जिनी के घुटनों पर जमी थीं, ने जवाब देने के बजाए उन्हें आगे बढ़ने का संकेत दिया।

किटसन ने फौरन ब्यूक आगे बढ़ा दी।

“आह....” कुछ देर बाद वह बोला—“तुमने तो उस अफसर को हैण्डल करने में कमाल कर

दिखाया।"

जिनी ने अपनी स्कर्ट अब व्यवस्थित कर ली थी।

"मैं मर्दों की कमजोरी जानती हूँ"—उसने कहा।

अगले दस मील तक दोनों खामोश बैठे रहे।

"दाईं ओर पहली सड़क पर ही मुड़ना है।"—जिनी ने बताया—"वह रास्ता सीधे फान लेक तक जाता है।"

किटसन ने सिर हिलाकर हामी भरी। तभी सामने उसे एक 'होवर' प्लेन दिखाई दिया। वह सड़क से बामुश्किल तीन सौ फुट ऊपर उड़ रहा था। वह तेजी से उनके ऊपर से गुजरा।

"सब लोग बड़ी जल्दी एक्शन में आ गए हैं।"—कहते हुए जिनी ने अपनी कलाई घड़ी पर निगाह डाली।

बारह बजकर दस मिनट हो चुके थे।

¶¶

होवर प्लेन की आवाज कैरेवान के भीतर बैठे जीपो, ब्लैक और मोर्गन ने भी सुनी। तीनों उस दौरान ड्रिंक ले रहे थे और प्लेन की आवाज सुनते ही मोर्गन को फौरन सूझ गया कि यह सब ट्रक को ढूँढने के लिए की जा रही ड्रिल का हिस्सा है।

मोर्गन की हालत खस्ता थी। हालाँकि ब्लैक ने फर्स्ट एड बॉक्स की मदद से मोर्गन की नए सिरे से मरहम पट्टी कर दी थी और नतीजे में बहता खून भी अब बन्द हो गया था, लेकिन मोर्गन अब भी बेहद कमजोरी महसूस कर रहा था।

फिर कैरेवान को यकायक झटके लगने शुरू हो गए।

तीनों को फौरन समझ में आ गया कि हाईवे पीछे छूट गया था।

उन्होंने फटाफट अपने ड्रिंक खत्म किए।

कुछ देर बाद ब्यूक की रफ्तार धीमी होने लगी। और कुछ क्षणों बाद वह पूरी तरह रुक गई। कैरेवान का दरवाजा खोलकर जिनी और किटसन ने भीतर निगाह डाली।

मोर्गन की खस्ता हालत देखकर किटसन आतंकित हो उठा।

"तुम ठीक हो?"—उसने व्याकुलतापूर्वक पूछा।

मोर्गन ने जवाब देने के बजाए बाहर देखा। वे इस समय घने जंगल के पेड़ों के साए में थे। आगे कोई तीस फुट की दूरी पर एक सुनसान सड़क थी। छः मील आगे जाकर वह घुमावदार सड़क एक पहाड़ी के ऊपर से गुजरती हुई सीधे फान लेक पहुँचती थी।

ऊपर मंडराते प्लेन की आवाज ने मोर्गन को अहसास कराया कि वे अभी भी खतरे से बाहर न थे।

“ड्राइवर अभी जिन्दा है।”—उसने किटसन से कहा—“हमें उसे ठिकाने लगाना है और इस काम के लिए यह जगह सही है। तुम कैरेवान का दरवाजा दोबारा बन्द कर लो और बाकी काम हम पर छोड़ दो। बाहर तुम ब्यूक का पहिया उतारकर उसे बदलने का नाटक करना शुरू कर देना। अगर कोई वाहन इस ओर आता दिखाई दे जाए तो कैरेवान को साइड में हाथ मारकर हमें इशारा कर देना। जिनी, तुम खाने की टोकरी लेकर सड़क के पास बैठ जाओ और यूँ जाहिर करो कि मानो पिकनिक की तैयारी कर रही हो। अब फौरन अपने-अपने कामों पर लग जाओ। जल्दी करो।”

ब्लैक ने टोकरी उठाकर जिनी को दे दी।

किटसन अभी भी सहमा सा खड़ा था।

“तुमने सुना मैंने क्या कहा?”—मोर्गन चिल्लाया।

किटसन फौरन वहाँ से हटा।

जीपो ने औजारों में से टायर लीवर और हथौड़ा बरामद किए।

उसके हाथ अभी भी कांप रहे थे।

“जल्दी करो....मरो मत।”—मोर्गन उस पर क्रोधित होते हुए बोला।

“अगर उसने मुझ पर गोली चला दी, तो ट्रक को कौन खोलेगा?”

“ला—ये औजार मुझे दे कमबख्त”—मोर्गन खीज उठा— “लेकिन फिर याद रखना, तुम्हें और ब्लैक, दोनों को पूरा हिस्सा नहीं मिलेगा।”

उस वक्त यह बात जीपो के लिए राहत थी।

अपनी उस हालत में, वह तो अपना पूरा हिस्सा भी छोड़ देने को तैयार हो जाता। वह तो इस समय, इस कैरेवान से दूर, वापिस अपनी वर्कशाप में लौटना चाहता था।

उसे अपने ही ख्यालों में खोया हुआ देखकर मोर्गन ने आगे बढ़कर उसके हाथों में से औजार झटक लिए। उसने शटर और खिड़की के बीच के स्थान पर टायर लीवर का सिरा अड़ाया और दूसरे सिरे पर हथौड़े से चोट करने लगा। जब लीवर कोई चार इंच भीतर घुस गया तो उसने हथौड़ा एक ओर फेंक दिया।

“तुम्हें भी डर लग रहा है?”—उसने ब्लैक से पूछा।

बदले में ब्लैक अपना रिवाल्वर थामे उसकी ओर बढ़ आया।

“तुम शटर खोलो,”—वह बोला—“मैं फौरन उसे शूट कर दूँगा।”

मोर्गन लीवर को हटाने ही वाला था कि उन्हें कैरेवान की बॉडी पर तीन बार ठक-ठक की आवाज सुनाई दी।

“कोई आ रहा है।”—मोर्गन ने कहा।

ब्लैक खिड़की के पास पहुँचा और पर्दा खिसकाकर बाहर झांकने लगा। उसने देखा, कैरेवान खींचती एक अन्य कार जिनी के पास आकर रुक गई थी। उसमें से मुस्कुराते चेहरे वाला एक अधेड़ नीचे उतरा। पीछे कार में एक औरत और एक दस-बारह साल का लड़का बैठे थे। वे दोनों पेड़ों में खड़े कैरेवान की ओर देख रहे थे। ब्लैक ने मोटे को कहते सुना—“क्या मैं कोई मदद कर सकता हूँ मिस? शायद तुम्हारी कार का टायर पंचर हो गया है?”

“जी नहीं, शुक्रिया”—जिनी ने मुस्कुराकर जवाब दिया—“मेरे पति ये काम संभाल सकते हैं।”

“क्या तुम फान लेक जा रही हो?”

“हाँ।”

“हम भी वहीं जा रहे हैं। मैं तो पिछली गर्मियों में भी वहाँ गया था। बेहद शानदार जगह है और मुझे यकीन है तुम्हें भी जरूर पसंद आएगी। मेरा नाम फ्रैंड ब्राडफोर्ड है। यह मेरी पत्नी मिली है और साथ में मेरा बेटा फ्रैंड जूनियर है। तुम्हारा कोई बच्चा है?”

“अभी नहीं”—जिनी ने हँसते हुए कहा—“हम तो हनीमून मनाने निकले हैं।”

“वाह!”—ब्राडफोर्ड ने अपनी जांघ पर थपकी दी—“तुमने सुना मिली। यह लोग हनीमून मनाने आए हैं और मैं पूछ रहा था कि तुम्हारे बच्चे कितने हैं?”

उसने अपनी बात पर ठहाका लगाया।

“ओह, अब चलो भी फ्रेड”—कार में बैठी औरत ने कहा— “क्यों उस बेचारी को परेशान कर रहे हो।”

“तुम ठीक कहती हो।”—ब्राडफोर्ड मुस्कुराकर बोला— “माफ करना मिसेज। तुमने अपना नाम नहीं बताया।”

“हैरीसन”—जिनी ने कहा।

“ठीक है, मैं चलता हूँ। अब कैरेवान कैम्प में मुलाकात होगी।”

“हाँ....जरूर।”

वह वापिस अपनी कार में जा सवार हुआ और वहाँ से रवाना हो गया।

“ब्लैक”—मोर्गन ने टायर लीवर पर दबाव डालकर कहा— “आओ, इसे निपटाते हैं। तैयार रहना।”

“मैं तैयार हूँ।”—ब्लैक ने कहा।

इधर मोर्गन ने लीवर पर दबाव डालना शुरू किया और उधर जीपो ने अपना चेहरा हाथों से ढक लिया।

¶¶

भीतर ड्राइवर, डेव थामस, ट्रक के फर्श पर पड़ा था। गोली ने उसका जबड़ा उड़ा दिया था और वह बेहद दर्दनाक हालत में था।

लेकिन जिन्दा था।

अपनी कमाल की इच्छाशक्ति और बेइन्तहा हौंसलामन्दी के बूते अभी भी जिन्दा था।

मोर्गन की चलाई गोली ने उसके चेहरे के निचले भाग को उधेड़ दिया था। उसके जबड़े की हड्डी टूट गई थी और जुबान में लम्बा जख्म हो गया था। लम्बी बेहोशी के बाद वह होश में लौटा था और उसे अहसास था कि उसके जख्मों से काफी खून बह चुका था। उसे इस बात का भी अहसास था कि वह बहुत देर तक जिन्दा नहीं बचेगा लेकिन सामने खड़ी मौत से भी वह भयभीत नहीं था। उसका पूरा ध्यान बार-बार लगने वाले झटकों पर केन्द्रित था। वह समझ गया था कि ट्रक किसी वाहन में चढ़ाया जा चुका था। डकैतों ने वाकई पूरी धूर्तता से काम किया था, लेकिन अगर वह किसी तरह रेडियो सिग्नल वाला बटन दबा दे तो पुलिस ट्रक को ट्रेस आऊट कर ही लेगी—चाहे उसे ढोकर कहीं भी क्यों न ले जाया चुका हो। उसने फौरन इस काम को अंजाम देना था। लेकिन रेडियो सैट ठीक पीछे, ऊपर की तरफ था और वहाँ तक पहुँचने के लिए उसे अपनी करवट बदलकर ऊपर उठना जरूरी था। लेकिन वह जिस हालत में था, उसमें वह जैसे ही हिलता था, उसके जबड़े में असहनीय पीड़ा होने लगती थी। अपनी उस वर्तमान लेटी स्थिति में उसे वह पीड़ा कम से कम बर्दाश्त तो हो रही थी, हिलते ही मानो नरकीय नजारा बन जाना था। वह वहीं आँखें बन्द किए शान्त पड़ा रहा।

उसने भेड़िए जैसी आँखों वाले, जिसने उस पर गोली चलाई थी, के बारे में सोचने लगा, फिर उसका ध्यान स्पोर्ट्स कार दौड़ाती रही लड़की की ओर गया। डकैती की पूरी योजना वाकई बेहद मजबूत थी। मौजूदा हालत में उसे इस डकैती को रोकने के दो मुमकिन तरीके सूझे। रेडियो सिग्नल सैट कर दिया जाए और फिर टाइम लॉक वाला बटन दबा दिया जाए।

टाइम लॉक को स्क्रैमबल करने वाला बटन स्टीयरिंग व्हील के पास था। लेकिन उस तक पहुँचने के लिए भी वहाँ ड्राईविंग सीट पर बैठकर आगे की ओर झुकना जरूरी था।

सवाल वही था।

अपनी उस हौलनाक हालत में ड्राइवर को इतनी मेहनत करने के ख्याल से ही पसीने छूट रहे थे।

फिर उसे लगा कि रेडियो सिग्नल ऑन करना ज्यादा जरूरी था। उसके लिए उसे केवल हाथ ऊपर उठाकर बटन तक पहुँच बनानी थी। अगर वह इस बटन को दबा पाता तो बामुश्किल आधे घन्टे में पुलिस ने इस ट्रक को पाताल में से भी ढूँढ निकाल लेना था। उसने अपने भीतर मौजूद सारी ताकत बटोरी और बटन दबाने का निश्चय कर लिया। अभी इस बाबत वो कुछ और करता, अचानक हथौड़े की चोटों की आवाज सुनकर उसने अपनी आँखें खोलीं। उसके ठीक सामने लोहे की चादर से ढकी ड्राइवर वाली खिड़की थी। उसमें से उसे दिन की रोशनी की पतली सी लकीर दिखाई दी। फिर आगे उसकी निगाह चादर और फ्रेम के बीच फंसे टायर लीवर के सिरे पर भी गई।

उसे तुरन्त समझ में आ गया कि डकैतों ने उसे ठिकाने लगाने का निश्चय कर लिया था।

उसे अपनी मौत की परवाह नहीं थी, लेकिन वह बिना संघर्ष करे हारना नहीं चाहता था। उसने फैसला कर लिया—मरना तो उसने था ही लेकिन मरने से पहले वह एक दो को मारकर ही मरेगा। उसने आसपास हाथ मारा तो उसके हत्थे उसकी रिवाल्वर लग गई। जब उसे गोली मारी गई थी तो उसकी रिवाल्वर उसके हाथों से निकल गई थी। अपनी मौजूदा घायल स्थिति में उसे पैंतालीस कैलिबर की वह रिवाल्वर बेहद भारी लगी। बड़ी कठिनाई से उसने उस रिवाल्वर को अपने हाथ में यूँ सैट किया कि रिवाल्वर का रुख सीधे खिड़की की ओर हो गया।

तभी उसे आवाज सुनाई दी—"कोई आ रहा है।"

फिर लम्बी खामोशी छा गई। अपनी घायल अवस्था में उसका बहुत खून बह चुका था। अचानक उसे लगा कि वह दोबारा बेहोश होने वाला था। उसके हाथ में थमी रिवाल्वर हर गुजरते क्षण के साथ और भारी, और ज्यादा भारी होती जा रही थी। अपनी इच्छाशक्ति के दम पर वह अपने को बेहोश होने से रोके हुए था।

घायल चीते की भाँति, ट्रक के फर्श पर पड़ा, वह प्रतीक्षा करने लगा। उसे लगा लीवर पर बाहर से दबाव डाला जा रहा था।

"दूसरा लीवर लाओ।"—उसे एक आवाज सुनाई दी— "मेरी मदद करो।"

फिर कुछ देर बाद फ्रेम और शटर के बीच एक और लीवर का सिरा घुसा दिखाई देने लगा। फिर अचानक 'खटाक्' की आवाज हुई और शटर ऊपर उठ गया।

मोर्गन और ब्लैक ने खुली खिड़की के सामने पड़ने के बजाए साइड में खड़े होकर अन्दर से आहट लेने की कोशिश की। कुछ सुनाई नहीं पड़ा तो दोनों की निगाहें एक दूसरे से मिलीं।

"वह हमें बेवकूफ बना रहा हो सकता है।"—ब्लैक ने कहा।

"हाँ....हो तो सकता है।"

फिर स्वयं को आड़ में रखते हुए उसने खिड़की में हाथ डालकर दरवाजे का हैण्डिल

टटोला।

थामस ने मुंदती आँखों से यह सब देखा।

उसकी उँगली ट्रिगर पर कस गई।

मोर्गन ने दरवाजा खोल दिया।

इस स्थिति में ब्लैक को इतना पीछे हटना पड़ा कि अब वह भीतर नहीं झांक सकता था। मोर्गन ने अन्दर निगाह डाली और फौरन पीछे हटा। उस अति संक्षिप्त क्षण में उसने सिर्फ यह देखा कि ड्राइवर भीतर फर्श पर पड़ा था। उसकी आँखें बन्द थीं और चेहरा हल्दी की तरह पीला था।

"वह मर चुका है।"—उसने ब्लैक से कहा।

थामस यह सुन रहा था। 'मैं अभी मरा नहीं हूँ हरामजादो, तुम्हें मारकर ही मरूँगा।' उसने सोचा।

फिर उसने अपनी रिवाल्वर थामे हाथ को ऊँचा किया।

मोर्गन ने दरवाजे के सामने आकर ड्राइवर पर रिवाल्वर तान दी। वैसे उसे यकीन था कि वह मर चुका था।

"इसे यहाँ से निकालकर दफन कर देना चाहिए।"—उसने ब्लैक से कहा जो दरवाजे की आड़ से खिड़की के भीतर झांक रहा था।

अचानक थामस ने आँखें खोल दीं।

"बचो।"—ब्लैक चिल्लाया।

उसने अपना रिवाल्वर वाला हाथ ऊपर उठाकर पोजीशन लेने की कोशिश की लेकिन सामने अड़ा दरवाजा होने के कारण वह ऐसा न कर सका।

फिर मोर्गन ने फायर किया।

उधर थामस की रिवाल्वर ने भी गर्जना की।

दोनों की रिवाल्वरों ने एक साथ गोली उगली।

मोर्गन की चलाई गोली थामस की गर्दन पर जा लगी। इससे वह वहीं ठौर मारा गया।

थामस की चलाई गोली मोर्गन का पेट फाड़ती हुई गुजर गई थी। उसके घुटने मुड़ गए और वह थामस के ऊपर ही ढेर हो गया। जीपो आतंक के आधिक्य से चीखा।

ब्लैक स्तब्ध था। उसने मोर्गन को खींचकर बाहर निकाला।

मोर्गन ने फटी-फटी आँखों से उसे देखा।

"गुडलक ब्लैक।"—वह फुसफुसाया और उसकी गर्दन एक ओर लुढ़क गई।

वह मर चुका था।

ब्लैक सीधा खड़ा हुआ। वह सोच रहा था कि अगर वे ट्रक को खोलने में कामयाब हो गए तो अब सारी रकम के पाँच के बजाए चार हिस्से ही होंगे।

¶¶

केबिन में एक बैडरूम, एक सिटिंग रूम, एक छोटी रसोई और एक बाथरूम था। केबिन सुसज्जित था और थोड़ी बहुत फेरबदल के बाद वे चारों वहाँ रह सकते थे। उस केबिन की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि वह सबसे अलग-थलग बना हुआ था। वहाँ के इन्चार्ज ने उन्हें बताया कि उस केबिन में आमतौर पर हनीमून मनाते जोड़े ही ठहरा करते थे।

इन्चार्ज का नाम हैडफील्ड था जो जिनी और किटसन के साथ उन्हीं की कार में केबिन तक आया था। उसकी निगाहें बार-बार किटसन पर चली जाती थीं। उसे समझ नहीं आ रहा था कि क्यों वह इस कदर खोया-खोया, सहमा-सहमा सा था। शायद वह बतौर पति अपनी पत्नी के साथ पहली रात गुजारने की बाबत नर्वस हो। लेकिन फिर इस कदर खूबसूरत पत्नी के पति को इतना घबराने की जरूरत ही क्या थी। हैडफील्ड को कुछ समझ नहीं आया।

पत्नी भी नर्वस थी, लेकिन उसका नर्वस होना स्वाभाविक था। इसी बाबत सिर खपाते हुए इन्चार्ज ने उन्हें कैरेवान पार्किंग की जगह दिखाई जो उनके केबिन के बगल में ही थी। उसने उन्हें बोट हाऊस की ओर इशारा कर बताया कि वह वहाँ से बोट किराए पर हासिल कर सकते थे। इन्चार्ज ने उन्हें यकीन दिलाया कि वहाँ उन्हें पूरा एकान्त हासिल होने वाला था। उन्हें कोई डिस्टर्ब करने नहीं आने वाला था।

"यहाँ के लोग बड़े सोशल हैं।"—सब कुछ दिखाकर इन्चार्ज ने केबिन का ताला खोलते हुए कहा—"वे सब एक दूसरे से मिलते रहते हैं। वैसे मेरे ख्याल से आप लोग कम-से-कम दो-तीन दिन तक तो पूरी प्राइवेसी चाहेंगे। मैं सबको बता दूँगा कि आप लोगों को बिना वजह डिस्टर्ब न किया जाए।"

अंधेरा होने तक चारों कुछ नहीं कर सकते थे।

समय बेहद तनावपूर्ण ढंग से गुजरता रहा। जिनी बेडरूम में जाकर बिस्तर पर पड़ गई थी। थकान की वजह से उसे नींद आ गई। किटसन सिगरेट फूंकता कैरेवान की निगरानी करता रहा और ब्लैक और जीपो मोर्गन और थामस की लाशों के साथ कैरेवान में ही बन्द रहे। अंधेरा होते ही जीपो और मोर्गन केबिन में पहुँचे।

जीपो की हालत खस्ता थी। वह एक कुर्सी पर पसर गया और अपना चेहरा हाथों से ढक लिया। उसके गाल पर एक नीला निशान उभर आया था, जहाँ उसे ब्लैक ने घूँसा मारा

था। मोर्गन और ड्राइवर की मौतों ने उसे इस कदर हिला दिया था कि चीखते-चिल्लाते हुए उसने कैरेवान से बाहर निकल भागने की पुरजोर कोशिशें, मुसलसल मिन्नतें की थीं। उसकी इस दीवानगी को नियंत्रित करने के लिए ब्लैक को उस पर हाथ उठाना पड़ा था। घूँसा पड़ते ही जीपो चुपचाप फर्श पर बैठ गया था लेकिन अंधेरा होने के इन्तजार में गुजरा आठ घन्टे का वक्त उस पर, उन दोनों पर बहुत भारी पड़ा था। मक्खियाँ, घुटन और गर्मी ने उनकी हालत खराब कर दी थी।

कुछ समय बाद ब्लैक और किटसन ने जंगल का चक्कर लगाया और मोर्गन एवं ड्राइवर की लाशों को चुपचाप दफनाने के लायक एक माकूल जगह तलाश की। जीपो के औजारों में एक कुदाल भी मौजूद था। उन्होंने बारी-बारी वहाँ कब्र खोदनी शुरू की। उस चांदनी रात में वे दोनों खामोशी से खुदाई करते रहे। उन्हें झील में तैरती नावें और दूर कहीं से नामालूम आवाजें सुनाई देती रहीं।

दो लाशें दफनाते और बाद में कब्रों को समतल करके उन्हें पत्तियों से ढकते-ढकते उन्हें रात के बारह बज गए। दोनों इस मिशन के बाद इस कदर पस्त थे कि केबिन तक जाने में ही उनका दम निकल गया।

वापसी पर उन्होंने जिनी को एक कुर्सी पर पाया। गोद में रिवाल्वर रखे वह सोते जीपो पर निगाह रखे हुए थी।

भीतर आकर दोनों ने दरवाजे बन्द किए और कुर्सियों पर बैठ गया।

“कोई परेशानी तो नहीं हुई?”—ब्लैक ने जिनी से पूछा।

जिनी का चेहरा अभी भी पीला पड़ा हुआ था और आँखों के नीचे स्याह गोलाइयाँ उभर आई थीं।

“नहीं।”—उसने स्थिर स्वर में जवाब दिया—“लेकिन यह बार-बार घर जाने की रट लगा रहा था।”

“एक बार यह ट्रक खोल लें, फिर चाहे जहन्नुम में जाए।”

आवाज सुनकर जीपो अब जाग गया था। वह उठ बैठा। उसका चेहरा अभी भी तनावपूर्ण था और हाथ कांप रहे थे।

“ब्लैक”—उसकी आवाज गले में अटकती हुई निकली— “मैं वापस लौट रहा हूँ। मेरा हिस्सा तुम रख लो, मुझसे अब और ज्यादा बर्दाश्त नहीं हो रहा....मुझे यहाँ से जाने दो।”

“तुम कहीं नहीं जा रहे।”—ब्लैक ने कहा।

जीपो के चेहरे पर पसीना उभर आया।

“लेकिन जब मैं तुम्हें अपना सारा हिस्सा दे रहा हूँ तो फिर तुम्हे मेरे जाने से एतराज क्यों?”

"बकवास बन्द करो। तुम कहीं नहीं जा रहे।"

जीपो ने याचनापूर्ण निगाहों से किटसन की ओर निगाह डाली।

"तुम मेरे साथ लौट चलो किटसन"—वह किटसन से बोला—"इन दोनों को सारा हिस्सा ले लेने दो, हम मेहनत मजदूरी से अपना पेट भर लेंगे।"

"जीपो—तुम यहीं रुकोगे"—ब्लैक का स्वर आश्चर्यजनक रूप से नम्र हो गया—"और ट्रक खोलोगे।"

"मुझे जाने दो ब्लैक। मुझमें इस काम को पूरा करने लायक हौंसला नहीं है। ट्रक खोलने का तरीका मैं तुमको बता देता हूँ। तुम और यह लड़की उसे खोल लेना। मैं अब यहाँ और रुकना नहीं चाहता। तुम दोनों मेरा और किटसन का हिस्सा रख लो....।"

"तुम जाना चाहते हो?"—ब्लैक ने किटसन से पूछा।

मोर्गन की अनअपेक्षित मौत ने किटसन को भी भीतर तक हिला डाला था लेकिन वह अब अपने आपको काफी हद तक संयत कर चुका था। दो लाशों को कामयाबी से दफनाने के बाद उसमें हौंसला आ गया था। वह जानता था कि अब इस मुकाम पर इतना आगे आकर दोबारा वापस लौटना नामुमकिन था। हासिल करने को सब कुछ था और गंवाने को जान के अलावा कुछ नहीं। वह अब चाहता तो भी पीछे नहीं हट सकता था।

"नहीं।"—उसने कहा।

"बेवकूफ लड़के।"—जीपो निराश स्वर में बोला—"तुम गलतफहमी में मत रहो। अभी भी वक्त है। यहाँ से कुछ हासिल नहीं होने वाला। मेरे साथ लौट चलो।"

"मुझे वापस नहीं लौटना।"—किटसन जिनी की ओर देखता हुआ बोला।

"ठीक है।"—जीपो ने असहाय भाव से कहा—"मैं जा रहा हूँ, मैं अब यहाँ एक पल भी नहीं रुकना चाहता।"

ब्लैक ने जिनी की गोद में रखी रिवाल्वर उठाई और उसे जीपो पर तान दिया।

"तुम ट्रक खोलोगे जीपो।"—वह गुर्राया—"इन्कार की सूरत में मुझे तुम्हारी हत्या कर लाश यहीं जंगल में दफना देनी है।"

ब्लैक का लहजा ऐसा था जिससे जीपो को फौरन अहसास हो गया कि वह केवल कोरी धमकी ही नहीं दे रहा था। जीपो उसे देखता रहा, और आखिरकार असहाय भाव से बैठ गया।

"ठीक है।"—उसने कहा—"तुम मुझे जबर्दस्ती रोक तो लोगे लेकिन यूं कुछ हासिल न कर सकोगे।"

ब्लैक ने रिवाल्वर नीचे कर ली।

“तुमने जो बकवास करनी थी, कर चुके।”—ब्लैक ने कहा—“अब मेरी बात गौर से सुनो। अब हम सिर्फ चार लोग हैं और इसका मतलब हममें से हरेक के हिस्से में पचास हजार डॉलर की रकम अतिरिक्त आने वाली है। मोर्गन का हिस्सा हम चारों में बराबर बँटेगा। हमें अपनी मूल योजना पर टिके रहना है। किटसन और जिनी अपना हनीमून वाला नाटक जारी रखेंगे जबकि मैं और जीपो कैरेवान में रहकर ट्रक खोलने की कोशिश करेंगे।”—ब्लैक ने फिर किटसन पर निगाह डालते हुए कहा— “दूसरे कमरे में दो बिस्तर हैं दूल्हे मियां। जाओ, वहाँ आराम करो।”

किटसन जवाब देने के बजाए अपनी कुर्सी में और गहराई से धंस गया।

जिनी उठकर बैडरूम में पहुँची और पीछे दरवाजा बन्द कर उसे लॉक कर लिया।

“तुम्हारी किस्मत खराब है दूल्हे मियां।”—ब्लैक ने व्यंग किया—“दुल्हन तुमसे खासी नाराज दिखती है।”

“बको मत।”—किटसन गुर्राया।

उसका दिमाग अभी भी तेजी से घटती घटनाओं को समझने की कोशिश कर रहा था।

¶¶

अगली सुबह सात बजे।

जिनी को जागे हुए कुछ समय गुजर चुका था। उसने बेडरूम का दरवाजा खोला और सिटिंग रूम में आकर खिड़कियों के पर्दे खींचकर तीनों आदमियों को जगाया।

“बाहर हलचल होने लगी है।”—उसने ब्लैक से कहा— “बेहतर होगा तुम दोनों कैरेवान में चले जाओ।”

ब्लैक ने हामी भरी और नित्यकर्मों में लग गया।

वह और जीपो जब तक अपने नित्यकर्मों से निवृत्त हुए, जिनी नाश्ता तैयार कर चुकी थी।

“लो।”—उसने हैवी ब्रैकफास्ट की ट्रे ब्लैक की ओर बढ़ाते हुए कहा—“वहीं कैरेवान में ही खा लेना।”

“सुनो बेबी।”—ट्रे पकड़ते हुए ब्लैक ने कहा—“इस गिरोह का लीडर अब मैं हूँ, सो अब से मेरा हुक्म ही चलेगा।”

“यहाँ कोई लीडर नहीं है।”—जिनी ने नफरत से कहा—“और यह भी पहले से तय था कि तुम और जीपो सारा दिन कैरेवान में काम करोगे और सिर्फ रात को आराम करने केबिन में आओगे। अगर तुम अब पूर्वनिर्धारित प्लान पर चलना ही नहीं चाहते हो साफ बोलो।”

“ठीक है, हम कैरेवान में ही खा लेंगे।”—ब्लैक ने कहा— “लगता है तुम अपने ब्वायफ्रैन्ड के साथ आनंद उठाने को कुछ ज्यादा ही बेचैन हो।”

जिनी ने उसका जवाब देने के बजाए पलटकर किचन में जाना बेहतर समझा।

“तुम उससे दूर ही रहो तो बेहतर होगा ब्लैक।”—किटसन उखड़ता हुआ बोला।

“बको मत।”—ब्लैक गुर्राया—“बाहर जाकर देखो। कोई आसपास दिखाई न दे तो कैरेवान का दरवाजा खोल देना।”

किटसन बाहर धूप में आ गया। जब वह पूरी तरह तसल्ली कर चुका था कि आसपास कोई देखने वाला नहीं था तो उसने ब्लैक को आने का इशारा कर कैरेवान का दरवाजा खोल दिया।

ब्लैक और जीपो फौरन उसके भीतर प्रवेश कर गए।

“तुम्हें ऐश करने का बेहतरीन मौका हासिल है।”—अन्दर जाते ब्लैक ने किटसन से कहा—“मौके का पूरा फायदा उठा लो।”

किटसन ने लीवर दबाकर कैरेवान का दरवाजा बन्द किया और वापस केबिन में पहुँचा।

जिनी किचन में नाश्ता तैयार कर रही थी।

किटसन नित्यकर्म से निवृत्त होकर जब कपड़े बदलकर बाहर रूम में पहुँचा, उसने जिनी को मेज पर नाश्ता लगाते हुए पाया।

“यह तुम्हारे लिए है या फिर मेरे लिए?”—उसने मूर्खतापूर्ण प्रश्न किया।

“मैं नाश्ता नहीं करती।”—जिनी ने अपने लिए काफी का कप तैयार किया और उसे लेकर एक कुर्सी पर बैठ गई। किटसन भुखमरों की तरह नाश्ते पर टूट पड़ा।

“नाश्ते के बाद हमारा बाहर जाना ठीक रहेगा।”—उसने कहा।

“हाँ।”

“उन दोनों पर वाकई बहुत बुरी बीतेगी।“—वार्तालाप जारी रखने की नीयत से उसने कहा—“दोपहर को कैरेवान भट्टी की तरह तपेगा।”

“यह उनकी अपनी समस्या है।”

“हूँ....तुम्हें क्या लगता है क्या जीपो ट्रक खोल लेगा?”

“पता नहीं।”—वह बोली—“और तुम इस बाबत मुझसे बात भी मत करो।”

कहकर वह उठी और किचन में चली गई।

किटसन को यूँ लगा कि उसके मुँह पर किसी ने तमाचा मार दिया हो। उसकी भूख यकायक खत्म हो गई। उसने अपनी कॉफी खत्म की और जूठी प्लेट लेकर किचन में आ गया।

“सुनो”—उसने जिनी से कहा—“मेरा तुम्हें परेशान करने का इरादा नहीं था,”—उसने अपनी प्लेट नीचे रखी—“जब हम दोनों का साथ रहना मजबूरी बन ही गया है तो क्या तुम दोस्ताना व्यवहार नहीं कर सकतीं?”

“ओह—मेहरबानी करके तुम दूसरे कमरे में चले जाओ और मुझे अकेला छोड़ दो।”

उसके इस व्यवहार से आहत किटसन ने गौर से उसे देखा तो महसूस किया कि उसका चेहरा अभी भी पीला पड़ा हुआ था और वह वाकई परेशान दिख रही थी। वह शायद उतनी मजबूत और सख्त थी नहीं जितना कि हमेशा जाहिर करती थी। पीछे घटे अप्रत्याशित घटनाक्रम और हौलनाक हादसे ने उसे बुरी तरह हिला दिया था।

“सॉरी“—किटसन ने कहा और बाहर सिटिंग रूम में आ बैठा। थोड़ी देर बाद जिनी किचन से निकली और सीधे बेडरूम में चली गई। फिर काफी देर बाद वह बाहर निकली।

“आओ चलें।”—उसने किटसन से कहा।

किटसन उठकर उसके साथ बाहर आ गया। किटसन ने गौर किया कि उसने हालाँकि सलीके का मेकअप कर लिया था लेकिन उसके चेहरे पर अभी भी तनाव मौजूद था।

दोनों खामोशी से अगल-बगल चलने लगे।

जंगल से गुजरकर हैडफील्ड के ऑफिस तक एक रास्ता जाता था। उसके ऑफिस के बगल में ही एक आम जनरल स्टोर भी था। पेड़ों के साये से बाहर आते हुए जिनी ने अपना हाथ किटसन के हाथ में डाल लिया। फौरन करंट की एक तेज धारा किटसन के शरीर में उभरी। उसने जिनी की ओर देखा तो पाया कि उसके चेहरे पर एक निस्तेज मुस्कुराहट थी।

“केबिन में अपने व्यवहार पर मुझे अफसोस है।”—उसने कहा—“तब मैं घबराई हुई थी, लेकिन अब ठीक हूँ।”

किटसन रोमांचित था।

उसके हाथ स्वमेव ही जिनी के हाथ पर कस गए।

हैडफील्ड ने उन्हें देखा तो मुस्कुराता हुआ अपने ऑफिस से बाहर निकल आया।

“हैलो मि. हैरीसन।”—उसने किटसन से हाथ मिलाते हुए कहा—“मैं देख रहा हूँ आप बेहद खुश हैं। माफ करना, लेकिन अगर मेरी बीवी भी आपको पत्नी की तरह इस कदर खूबसूरत होती तो मैं भी इतना ही खुश नजर आता।”

जिनी खिलखिलाकर हँस पड़ी।

“शुक्रिया मि. हैडफील्ड।”—उसने कहा—“तारीफ करने का आपका तरीका वाकई लाजवाब है। हमें यहाँ कहीं से अखबार मिलेगा?”

“अखबार?”—हैडफील्ड ने अपनी घनी भौंहें चढ़ाते हुए कहा—“अरे, आप लोग मस्त रहो। अखबारों में क्यों सिर खपाई करते हो, वैसे मेरे पास आज के सारे अखबार मौजूद हैं, लेकिन उन तमाम अखबारों में सनसनीखेज ट्रक डकैती के अलावा और कुछ भी नहीं है।”—फिर वह मुस्कुराया—“वैसे मानना पड़ेगा कि जिस ढंग से डकैतों ने ट्रक को गायब किया है, अब तक किसी को उसकी सूंघ तक नहीं मिली है। यह तो यूँ हुआ जनाब कि किसी ने जादू कर दिया हो। ऐसी सनसनीखेज डकैती को जिस सफाई से डाला गया है, वह वाकई में पहली तरह की घटना होगी। यहाँ से सौ मील के दायरे में पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के सिपाही पूरे इलाके के चप्पे-चप्पे को छान रहे हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।”

फिर वह पलटा और अखबार लाने अपने ऑफिस में चला गया। जिनी और किटसन ने एक-दूसरे से निगाहें मिलाईं।

किटसन ने वहाँ से सारे अखबार खरीद लिए।

“आप खुश हैं न मिस हैरीसन?”—इंचार्ज ने पूछा—“मेरे लायक कोई सेवा हो तो जरूर फर्माइएगा।”

“शुक्रिया, हम मजे में हैं।”—कहकर जिनी स्टोर में चली गई।

किटसन अखबारों की हैडलाइनों पर निगाह फिराने लगा।

हर अखबार के मुखपृष्ठ पर डकैती की खबर सुर्खियों में थी। कुछ अखबारों में से ड्राइवर और गार्ड की तस्वीरें भी झांक रही थीं। आर्मी हैडक्वार्टर्स ने गायब ट्रक की बाबत सटीक सूचना की एवज में एक हजार डॉलर के इनाम की घोषणा की थी।

पुलिस का विचार था कि शायद ड्राइवर भी डकैतों का साथी रहा था क्योंकि वह लापता था।

किटसन अखबार पढ़ रहा था, तब वही अधेड़ जो उसे पिछले रोज फान लेक आती सड़क पर मदद पेश कर रहा था, वहाँ उससे अखबार लेने आ पहुँचा।

“हैलो मि. हैरीसन।”—अधेड़, जिसका नाम फ्रेड ब्राडफोर्ड था, ने कहा—“यहाँ का माहौल तो रास आ गया आपको?”

“हाँ।”—किटसन ने जवाब दिया।

“ट्रक डकैती के बारे में पढ़ रहे हो? मैंने सुबह रेडियो में सुना था कि पुलिस यहीं इन जंगलों में ही ट्रक के बरामद होने की उम्मीद कर रही है। ट्रक ढूँढने को खोजी दल बना दिए गए हैं।”

“अच्छा!”

“जी हाँ....वैसे मेरी समझ में नहीं आता कि आखिरकार डकैत ट्रक को इतनी जल्दी छिपाने में कामयाब कैसे हो गए?”

किटसन ने अपने कंधे उचकाए।

“ट्रक के गार्ड की तो लाश बरामद हो गई है, लेकिन ड्राइवर गायब है। लगता है वह डकैतों से मिला हुआ था।”

तभी वहाँ हैडफील्ड भी आ पहुँचा।

“बताया तो यह भी जा रहा है कि वहाँ घटी कार दुर्घटना दरअसल स्टेज की हुई थी।”—हैडफील्ड ने बीच वार्तालाप में शामिल होते हुए कहा—“तो इसका मतलब है कि डकैतों के उस गिरोह में यकीनन कोई औरत भी शामिल है। गार्ड मरने से पहले ऐजेंसी को इस बाबत सूचनाएँ पहुँचा रहा होगा। फिलहाल पुलिस थामस नाम के ट्रक ड्राइवर की जाती जिन्दगी का ताना-बाना उधेड़ने में लगी हुई है। वे जानना चाहते हैं कि क्या उसके किसी औरत से गहरे ताल्लुकात थे?”

“वैसे मेरी दिलचस्पी तो इनाम में है।”—ब्राडफोर्ड ने कहा—“मेरा बेटा कह रहा था कि वह जंगल में ट्रक ढूँढने जाएगा।”

फिर वह अपनी बात पर हो-हो कर हँसने लगा।

किटसन और हैडफील्ड ने उसका साथ दिया।

“वैसे इस तरह....”—ब्राडफोर्ड ने आगे कहा— “कम-से-कम उससे थोड़ी देर को तो जान छूटेगी। बड़ा शैतान बालक है, और हर वक्त अपनी माँ को परेशान ही करता रहता है।”

“वैसे मुझे नहीं लगता कि डकैत ट्रक को यहाँ लाएँगे।”—हैडफील्ड बोला—“उसे कहीं फॉक्सवुड में छिपाया गया होगा। वह जगह आम रास्ते से दूर है और इस काम के हिसाब से बिल्कुल सुनसान भी है।”

“लेकिन तुम मेहरबानी कर मेरे बेटे को यह मत बताना वरना वह शैतान वहीं चल देगा।”—ब्राडफोर्ड ने कहा।

जिनी खाने-पीने की कुछ चीजें खरीदकर स्टोर से बाहर निकली।

“गुड मार्निंग मिसेज हैरीसन।”—ब्राडफोर्ड ने उसे देखकर कहा—“आप ठीक-ठाक पहुँच गई थीं?”

“हाँ।”—जिनी ने मुस्कुराते हुए कहा और सामान का पैकेट किटसन को थमा उसकी बाहों में बाँह डालकर खड़ी हो गई। और कुछ देर यूँ ही गपशप करने के बाद जिनी और किटसन ने उनसे विदा ली और अपने केबिन में लौट आए। और कुछ देर बाद किटसन कैरेवान के

पास पहुँचा।

खूब तसल्ली कर लेने के बाद कि आसपास किसी की नजर उस ओर नहीं थी, उसने सावधानी से कैरेवान की खिड़की पर दस्तक दी। ब्लैक ने खिड़की खोली।

उसका चेहरा पसीने से तर और चेहरा लाल सुर्ख था।

"क्या है?"—उसने खीजते हुए पूछा—"यहाँ गर्मी से जान निकली जा रही है और ऊपर से मक्खियों ने नाक में दम कर रखा है। ऊपर से कोढ़ में खाज यह कि हम खिड़की भी नहीं खोल सकते।"

"तुम्हारे लिए अखबार लाया हूँ।"—किटसन ने उसकी ओर अखबार बढ़ाए—"तुम्हें और कुछ चाहिए?"

"नहीं।"—कहकर उसने अखबार पकड़े और खिड़की बन्द कर दी।

अखबार थामे वह ट्रक के पीछे पहुँचा। जीपो वहाँ स्टूल पर बैठा अपने कान को ट्रक के दरवाजे पर लगाए हुए था। उसकी उँगलियाँ डायल पर थीं।

ब्लैक ने जीपो पर लापरवाह निगाह डाली फिर वहीं फर्श पर बैठकर अखबार पढ़ने लगा।

अगले आधा घन्टा उसने अखबार पढ़ा और फिर उसे एक ओर फेंककर उठ खड़ा हुआ।

उसने काम में लगे जीपो को घूरा।

"मैं पूछता हूँ,"—उसने जीपो को धमकाते हुए पूछा—"इस काम में तुम कितने दिन लगाने वाले हो?"

"चुप करो।"—जीपो ने चिढ़कर कहा—"अगर तुम ऐसे ही बोलते रहोगे तो मैं अपना काम नहीं कर सकूँगा।"

"मेरा दम घुट रहा है, मुझे खिड़की खोलनी है।"

"जो चाहो करो लेकिन मुझे अपना काम करने दो।"

ब्लैक ने कीलें गड़ाकर पर्दा खिड़की की चौखट में फिक्स कर दिया और फिर पर्दे के नीचे से उँगलियाँ डालकर खिड़की का शटर ऊँचा किया। उसने सामने देखा।

झील में किटसन को जिनी के साथ बोटिंग करता देख वह ईर्ष्या से जल उठा।

"वह साला ऐश कर रहा है और हम यहाँ गर्मी में जल रहे हैं।"

जीपो उसकी ओर ध्यान देने के बजाए अपने काम में लगा रहा। थोड़ी देर बाद वह थक कर चूर हो गया।

“मेरी उँगलियाँ दुख रही हैं, मैं आराम करना चाहता हूँ।”— कहकर वह उठ खड़ा हो गया।

वह आगे बढ़कर खिड़की के पास पहुँचा और गहरी सांस लेकर बोला—“अभी तक केवल एक टम्बलर गिरने की आवाज आई है, पता नहीं और कितना वक्त लगेगा।”

“क्या....?”—ब्लैक ने बौखलाते हुए कहा—“अगर अपनी जान की खैरियत चाहते हो तो इस काम से जल्दी निजात पाओ।”

“मैं पूरी कोशिश कर रहा हूँ।”

“यहाँ खड़े रहकर तुम वक्त जाया कर रहे हो। वापस जाकर काम पर लगो।”

निराश मन से जीपो वहाँ से हट गया और पुनः स्टूल पर जाकर बैठ गया।

वह दोबारा काम पर लग गया।

शाम तक वह बुरी तरह थक चुका था, उसके चेहरे पर थकान, तनाव और निराशा के गहरे भाव थे। पिछले बारह घन्टों में से उसने केवल एक घन्टा आराम किया था फिर भी वह केवल एक टम्बलर को गिरा पाया था।

अभी कम से कम पाँच और थे।

और उनके गिरने की, गिरा सकने की उसे कोई उम्मीद न थी।

काफी अंधेरा फैल जाने पर किटसन ने उन्हें उस जगह से निकाला। बाहर आते ही वे तुरन्त केबिन में आ घुसे जहाँ जिनी खाना तैयार कर चुकी थी।

दोनों भूखे खाने पर टूट पड़े।

खाना खाते-खाते भी ब्लैक यह सोचकर खीज रहा था कि सारा दिन किटसन जिनी के साथ ऐश करता रहा था।

खाना समाप्त कर उसने एक अन्य कुर्सी पर बैठकर सिगरेट सुलगाई और शेष तीनों की ओर देखा।

“आज हमारे काम में कुछ प्रगति हुई है।”—वह बोला— “लेकिन कैरेवान की खिड़की में से झांककर कोई भी उसके भीतर घुसने की कोशिश कर सकता है और इसलिए यह जरूरी है कि रात में उसकी बराबर निगरानी की जाए। और किटसन, रात की यह देखभाल तुम्हें करनी होगी। तुमने पूरे दिन मौज मेला किया है, सो तुम्हारे हिस्से में भी थोड़ी तकलीफ आनी चाहिए।”

किटसन ने जरा भी विरोध नहीं किया।

उसके लिए सारा दिन वाकई अच्छा, बेहद अच्छा गुजरा था। जिनी का व्यवहार भी

बेरूखा होने की बजाए अब मित्रवत ही रहा था और किटसन के लिए यह एक बेहतरीन उपलब्धि थी। पत्नी का नाटक करती जिनी का जिस्म कई बार उसके निकट संपर्क में आया था और उसके मादक स्पर्श से, स्पर्श की अनुभूति से किटसन अभी भी रोमांचित था।

उसे ब्लैक की यह मांग जायज ही लगी।

"ठीक है।"—वह कुर्सी से उठता हुआ बोला—"मैं अभी बाहर चला जाता हूँ।"—कहकर वह बाहर निकल गया।

ब्लैक को हैरानी थी कि किटसन ने ऐतराज क्यों नहीं किया। किटसन के जाने के बाद जब दरवाजा बन्द हो गया तो ब्लैक ने जिनी से कहा—"आज मैं और जीपो भीतर बिस्तर पर सोएंगे, तुम यहाँ बाहर सोना।"

"ठीक है।"—जिनी ने लापरवाही से कहा।

"वैसे अगर तुम चाहो तो"—ब्लैक ने जिनी को घूरते हुए कहा—"तो जीपो यहाँ बाहर सो सकता है।"

"नहीं।"—जिनी ने तीव्र स्वर में कहा—"बाहर मैं ही सोऊँगी।"

"तुम्हारी मर्जी।"

ब्लैक मुस्कुराता हुआ उठ खड़ा हुआ। उसने वहाँ कमरे में टेबल पर ताश की एक गड्डी उठाकर फेंटना शुरू किया।

"ताश खेलोगी?"—ब्लैक ने जिनी ने पूछा।

"नहीं।"—वह बोली—"मैं घूमने जा रही हूँ, मेरे वापस लौटने तक कमरा खाली हो जाए।"

"ठीक है।"—ब्लैक धूर्ततापूर्वक मुस्कुराता रहा—"आओ जीपो, तुम और मैं बैडरूम में ताश खेलेंगे।"

जीपो उठकर बैडरूम में चला गया।

"हमने तुम्हारे लिए कमरा खाली कर दिया है बेबी।"—ब्लैक ने कहा—"और बताओ, उस बॉक्सर के साथ दिन कैसा गुजरा। अभी बिस्तर में उसकी बीवी बनीं या नहीं?"

जिनी ने हिकारत भरी निगाहों से उसे घूरा।

"क्या मुझे ऐसा करना चाहिए था?"

"बिल्कुल नहीं, लेकिन वह तो तुम्हें बकायदा अपनी बीवी समझता है।"

जिनी ने जवाब नहीं दिया। वह उठकर खड़ी हुई और दरवाजे की ओर बढ़ गई।

ब्लैक का जी चाहा कि झपटकर उसे थाम ले और उसे सबक सिखा दे। लेकिन उसे पता था कि ऐसा करने पर किटसन फौरन कैरेवान से बाहर आ जाएगा और फिर एक और ही हंगामा खड़ा हो जाएगा। वह अभी कोई हंगामा नहीं चाहता था।

मन ही मन कुढ़ता, खीजता, चिढ़ता वह बैडरूम में चला गया।

जीपो वहाँ बिस्तर पर बैठा सकते में था।

वह बेहद नर्वस था।

"सुनो ब्लैक।"—वह बोला—"हम पहले ही भारी बखेड़े में फंसे हुए हैं। तुम इस लड़की के चक्कर में कोई नई मुसीबत न बुला लेना।"

"बको मत।"—ब्लैक गुर्राया।

वह बिस्तर पर बैठकर ताश बाँटने लगा।

करीब ग्यारह बजे उन्हें जिनी के लौटने और बाथरूम में शावर चलने की आवाजें सुनाई दीं।

ब्लैक ने ताश समेटकर एक ओर रख दिए।

"चलो अब सोते है, सुबह होने से पहले हमें वापिस उस बक्से में जाना है।"—ब्लैक ने कहा और लाइट ऑफ कर दी।

जीपो बिस्तर पर फैल गया और दिन भर का थका वह दस मिनट से भी पहले गहरी नींद के आगोश में समा गया।

ब्लैक अंधेरे में शान्त पड़ा रहा। बाहरी कमरे की लाइटें ऑफ हो जाने के चन्द मिनटों बाद वह चुपचाप अपने बिस्तर से उतर गया। उसने धीरे से दरवाजा खोला और बाहरी कमरे में आ गया। उसने अपने पीछे का बेडरूम का दरवाजा अभी बन्द किया ही था कि जिनी ने लाइट ऑन कर दी।

ब्लैक उसके नजदीक पहुँचा।

"मुझे लगा कि तुम्हारे साथ सोना ज्यादा मजेदार रहेगा।" —उसने कहा। जिनी का चेहरा भावहीन था।

"बाहर निकलो।"—उसने धीमे लेकिन सर्द स्वर में कहा।

"नखरे मत दिखाओ हनी।"—ब्लैक उसके बगल में बैठता हुआ बोला—"मैंने फैसला कर लिया है कि एक बार रकम हाथ में आते ही मैं तुम्हें पेरिस और लन्दन की सैर पर ले जाऊँगा।"

"मैंने कहा—फौरन यहाँ से दफा हो।"—जिनी ने पूर्ववत कहा।

“क्यों खामाखाह नखरे झाड़ रही हो।”—कहकर ब्लैक ने उसके कंधे पर हाथ रख दिया।

तभी उसे अपनी छाती पर किसी कठोर वस्तु का अहसास हुआ।

उसने नीचे निगाह डाली।

नीचे उसकी छाती से रिवाल्वर सटी हुई थी।

“अपने हाथ मुझसे दूर ही रखो।”—जिनी ने सपाट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा—“वरना गोली चला दूँगी।”

ब्लैक घबरा गया।

उसने अपना हाथ जिनी के कंधों से हटा लिया और उठकर खड़ा हो गया।

“शाबाश....अब फौरन यहाँ से दफा होकर भी दिखा दो।”—जिनी ने गुर्राते हुए कहा—“और अगली बार तुमने फिर ऐसी कोई कोशिश की तो मैं दोबारा मुँह से नहीं, सीधा गोली से समझाऊँगी।”

ब्लैक ने गहरी सांस ली।

“ठीक है बेबी, लेकिन याद रखना तुम्हें इसका हिसाब चुकाना पड़ेगा।”

“अब दफा भी हो कुत्ते।”

अपमान और क्रोध से कांपता ब्लैक अपना पिटा सा मुँह लेकर वापस बेडरूम की ओर बढ़ गया।

¶¶

अगले दो दिन भी यूँ ही गुजरे।

सुबह सवेरे ब्लैक और जीपो कैरेवान में चले जाते और किटसन केबिन में लौट आता।

कुछ घंटे सोने के बाद वह जिनी के साथ बाहर निकलता और फिर बाकी का सारा दिन बोटिंग, स्वीमिंग और सैर सपाटे में बिताता।

ब्लैक कैरेवान के फर्श पर बैठा अखबार पढ़ता रहता और जीपो स्टूल पर बैठा ट्रक के दरवाजे से उलझा रहता।

अखबारों में छपती खबरें आशाजनक थीं। अर्द्धसैनिक बल और पुलिस को हालाँकि अभी भी ट्रक की तलाश थी लेकिन प्रेस को दिए गए बयानों से साफ जाहिर होने लगा था कि वे निराश होने लगे थे।

अलबत्ता वे इस निष्कर्ष पर पहुँच चुके थे कि ट्रक को चलाकर नहीं बल्कि किसी और

वाहन में ले जाया गया था। उनके ख्याल से ट्रक को यूँ उस पूरे इलाके से बाहर ले जाना भी मुमकिन था सो अब खोज का दायरा भी बढ़ा दिया गया था।

इनाम की राशि भी बढ़ाकर पांच हजार कर दी गई थी।

सेना और पुलिस के जवान भारी तादाद में उस इलाके के जंगलों को छान रहे थे और उनकी इस खोजबीन में होवर प्लेन अभी भी उड़ान भर रहे थे।

यूँ मानो हर कोई व्यस्त था।

हर कोई परेशान था।

प्रशासन ट्रक खोजने के लिए परेशान थे—तो ब्लैक और जीपो, ट्रक खोलने के लिए परेशान थे।

जीपो की दो दिन की मेहनत का नतीजा सिफर रहा था। वह अथक प्रयास कर रहा था, बराबर डायल से जूझ रहा था, लेकिन सब व्यर्थ रहा। फिर ब्लैक की सहनशक्ति, उसका धैर्य भी चुकने लगा था। कैरेवान की दमघोंट गर्मी में जीपो की ओर से कोई सुखद समाचार के आगमन की प्रतीक्षा करता ब्लैक अब चिड़चिड़ा होता जा रहा था। इसी तनाव में घिरे जब उसे जिनी और किटसन द्वारा की जा रही ऐश का ख्याल हो आता था तब वह और भी सुलग उठता था। उसे यकीन होने लगा था कि किटसन जिनी को प्रभावित करने में कामयाब हो चुका है।

तीसरी शाम छः बजे।

जब सूरज बाहर डूब गया। भीतर कैरेवान में मौजूद जीपो ने हथियार डाल दिए।

उसने पूरी तरह हार मान ली।

वह हर मुमकिन कोशिश कर चुका था, लेकिन दूसरा टम्बलर नहीं गिरा।

"मैं इसे नहीं खोल सकता ब्लैक।"—उसने कहा—"कोई फायदा नहीं। मैं बीस साल भी और लगा रहूँ तो भी यह हिलता नहीं दिखता, अलबत्ता मैं जरूर पागल हो जाऊँगा।"

ब्लैक यकायक उछलकर खड़ा हो गया।

उसने अपनी रिवाल्वर निकालकर जीपो पर तान दी।

"बको मत।"—वह गुर्राया—"अगर तुम ट्रक नहीं खोल सकते तो मुझे तुम्हारी खोपड़ी खोल देनी पड़ेगी।"

असहाय जीपो का बेदम शरीर थकान और तनाव की वजह से पहले ही पस्त था। वह अब बकायदा कांपने लगा।

"ठीक है।"—वह हांफता हुआ बोला—"मार डालो मुझे। मैं खुद इस जिन्दगी से तंग आ

गया हूँ।"

ब्लैक ने रिवाल्वर के अग्रभाग से जीपो के चेहरे पर प्रहार कर दिया। तुरन्त जीपो का गाल कट गया और खून बह निकला। लड़खड़ाते जीपो ने ट्रक का सहारा लिया और स्वयं को संभाला।

"मार डालो।"—वह चिल्लाया—"मार ही डालो मुझे। मैं भी अब ऊब चुका हूँ।"

"खुद को संभालो मूर्ख।"—ब्लैक चीखा।

वह जीपो की प्रतिक्रिया देखकर हैरान था। उसे यकीन नहीं था कि जीपो यूँ सीधे जवाब दे देगा।

अगर जीपो बेकाबू हो गया तो इतनी मेहनत और जांमारी के बावजूद पूरी की पूरी योजना चौपट हो सकती थी।

ब्लैक ने कराहते जीपो का गिरेहबान थाम लिया और हिंसक स्वर में गुर्राया—"चुप कर। बाहर कोई है।"

जीपो सहमकर तुरन्त चुप हो गया।

तभी दस्तक हुई।

ब्लैक दबे पांव चलकर खिड़की के पर्दे पर पहुँचा और स्वयं को आड़ में रखते हुए बाहर निगाह डालने लगा।

कैरेवान के दरवाजे के पास एक दस-बारह साल का लड़का खड़ा दस्तक दे रहा था। उसके चेहरे पर असमंजसतापूर्ण भाव थे और हाथों में एक खिलौना पिस्तौल थी जिसका रुख उसने दरवाजे की ओर कर रखा था। लड़के ने चैक की कमीज और जीन्स पहन रखी थी और सिर पर एक पुराना हैट था। कुछ देर यूँ ही खड़ा रहने के बाद वह खिड़की के निचले हिस्से पर दोनों हाथ टिकाए उचका लेकिन भीतर एक निगाह डालने में कामयाब न हो सका। ब्लैक की आँखों में खून उतर आया।

बुरी तरह सहमता कांपता घबराया जीपो खिड़की के पास आ पहुँचा और बाहर मौजूद लड़के को देखने लगा।

उधर लड़के ने अपनी कोशिश निष्फल जाती देखकर उचकना बन्द कर दिया और हैरान सा खड़ा हो गया।

फिर वह पलटा और झील की ओर दौड़ गया।

"क्या उसने हमारी आवाजें सुनी थीं?"—ब्लैक ने व्याकुलतापूर्वक पूछा।

"पता नही।"—जीपो ने कहा।

“उस शैतान ने तो मुझे वाकई डरा दिया था।”—ब्लैक ने कहा—“तुम कुछ आराम कर लो, लॉक खोलने की मैं ही कोई कोशिश करता हूँ।”

“नहीं....तुम नहीं। तुम इसे छूना भी मत। यह तुम्हारे बस की बात नहीं है।” ब्लैक ने इसे अपना अपमान मान जीपो का गिरेहबान पकड़ उसे झंझोड़ दिया।

“मैं इसे खोल नहीं सकता।”—वह दहाड़ा—“और तुम इसे खोलोगे नहीं। तो फिर ये खुलेगा कैसे?”

“तुम समझने की कोशिश करो।”—जीपो गिड़गिड़ाता सा बोला—“हम इस सिस्टम को नहीं भेद सकते। मैं तीन दिन से सिर खपा रहा हूँ लेकिन सिर्फ एक टम्बलर गिरा है, जबकि इस सिस्टम वाले लॉक में कम-से-कम छः टम्बलर होने चाहिए। यूँ पाँच टम्बलर अभी गिरने और बाकी हैं। हो सकता है कि अपनी तमाम काबिलियत के बावजूद अगला टम्बलर गिराने में मुझे एक हफ्ता लग जाए, लेकिन अगर ऐसा हो भी गया तो भी अभी चार और बचे होंगे। उन सबसे लड़ता इस गर्मी में, इस घुटन भरे माहौल में मैं वैसे ही पागल हो जाऊँगा। इसीलिए मैंने हार मान ली है। मुझे एक कौड़ी भी नहीं चाहिए, बस यह किस्सा खत्म करो।”

“चुप कर बेवकूफ, तूने फिर वही बकवास शुरू कर दी।”

लेकिन खुद ब्लैक को भी अब अहसास हो रहा था कि जीपो ठीक कह रहा था। भट्टी के समान तपते उस कैरेवान में तीन-चार हफ्तों में तो खुद उसने पागल हो जाना था।

“क्या तुम इस दरवाजे को काट नहीं सकते।”—उसने पूछा।

“यहाँ? नामुमकिन। और अगर हमने ऐसी कोशिश भी की तो हम और भारी और बड़ी मुसीबत में घिरे बैठे होंगे। पहले तो फ्लैम ही परदे से लोगों को दिखाई दे जाएगी, दूसरे, अगर ऐसा न भी हो तो भी जलती फ्लैम यहाँ ऐसे हालात पैदा कर देगी कि आग भड़क उठने का खतरा हो जाएगा।”

“और अगर हम ट्रक को कैरेवान में ढोकर पहाड़ों में ले जाएं तो क्या वहाँ तुम इस ट्रक के दरवाजे को काटकर खोल सकते हो?”

जीपो ने रूमाल निकाला और अपने चेहरे पर बहता खून पोंछा।

“नहीं—मुझसे कुछ नहीं होगा। मैं घर लौटना चाहता हूँ। इस मनहूस ट्रक को कोई नहीं खोल सकता।”

“हमें अपने बाकी साथियों से बात करनी होगी।”—ब्लैक ने तीखे स्वर में कहा—“तुम क्यों मरे जा रहे हो? मत भूलो कि इस ट्रक में दस लाख डॉलर हैं....पूरे....दस....लाख....डॉलर।”

“इसमें दस करोड़ भी हों, तो मुझे कोई परवाह नहीं।”—कांपती आवाज में जीपो ने कहा

—"मैं इसे हाथ भी नहीं लगाने वाला।"

इस सबसे अंजान जिनी और किटसन शहर में शॉपिंग करके कैरेवान कैम्प की ओर लौट रहे थे। उन्हें डर था कि कैम्प के स्टोर से शॉपिंग करते रहने पर स्टोर कीपर को उनकी इतनी ज्यादा खाद्य पदार्थों की खरीद पर शक हो उठेगा। इसी वजह से उन्होंने तय किया था कि शहर जाकर खरीदारी करना ही बेहतर और सुरक्षित तरीका था।

पिछले दो दिन जिनी ने किटसन के साथ ही गुजारे थे। जिनी अभी भी इस पशोपेश में थी कि रकम हासिल हो जाने पर वह किटसन के साथ रहेगी या नहीं। वह जानती थी कि किटसन उसे चाहता था और वह खुद भी उससे प्रभावित थी।

फिर उसे महसूस हुआ कि उसे किटसन पर भरोसा था।

"किटसन....।"—वह बोली।

किटसन ने उस पर निगाह डाली और पुन: सड़क पर सामने की ओर देखने लगा। जिनी के साथ होने पर वह अपनी ड्राइविंग पर हमेशा अतिरिक्त सावधानी बरता करता था।

"हाँ, तुम कुछ परेशान हो?"

"हाँ।"—जिनी ने कहा—"तुमने एक बार पूछा था कि मुझे इस ट्रक को लूटने का प्लान कैसे मिला। तुम अभी भी उस बाबत जानना चाहते हो?"

किटसन को ताज्जुब हुआ।

"अगर तुम वाकई बताना चाहती हो तो मैं भी सुनना चाहूँगा।"

"तुम अच्छे आदमी हो किटसन। तुमने आम मर्दों की तरह मेरे साथ अकेले रहते हुए हालात का कोई नाजायज फायदा उठाने की कोशिश नहीं की।"—जिनी ने कहा—"सुनो, मैं न तो कभी पहले कभी गिरोह में थी और न ही मैंने कोई अपराध किया था। हालाँकि मोर्गन ने कभी सीधे-सीधे नहीं कहा लेकिन उसे लगता था कि ट्रक लूटने की यह योजना मैंने किसी दूसरे गिरोह से तब चुराई होगी जब मैं भी उसका हिस्सा रही हूँगी।"

किटसन इस बाबत जानता था।

"मैं इस पेरोल ट्रक के बारे में इतना कुछ इसलिए जानती हूँ, क्योंकि मेरे पिता रिसर्च स्टेशन में चौकीदार थे।"—जिनी ने बताना शुरू किया—"मेरी माँ कोई भली औरत नहीं थी और शायद उसी की कई बुराइयाँ, कई खामियाँ मेरे अन्दर भी हैं। जब मैं केवल दस साल की थी, तब मेरी माँ मुझे और मेरे पिता को छोड़कर चली गई थी। उसे वे सब ऐशो-आराम सब सहूलियतों की ख्वाहिश थी जिन्हें इस फानी दुनिया में दौलत से हासिल किया जा सकता है। मेरे पिता शरीफ इन्सान थे और उनकी आमदनी से मेरी माँ की ख्वाहिशों का पूरा पड़ना नामुमकिन था। मेरे पिता ने मेरी माँ के हमें छोड़कर चले जाने के बाद मेरी हर मुमकिन तरीके से देखभाल की लेकिन मैं भी अपनी माँ की तरह दौलत की भूखी थी।

जैसे-जैसे मैं उम्र में बढ़ती गई, मेरी यह भूख भी बढ़ती गई। मेरे पास न तो अच्छे कपड़े थे और न ही मैं कभी थियेटर गई थी। अपनी अभावग्रस्त जिन्दगी से मुझे नफरत थी और जब भी मैं किसी अमीर को देखती मुझे उससे ईर्ष्या होने लगती, उसी दौरान मेरे पिता ने मुझे इस पेरोल ट्रक के बारे में बताया और मैं उस रकम को हासिल करने का ख्वाब देखने लगी। फिर एक दिन एजेन्सी ने यह नए उन्नत किस्म का ट्रक रकम ढोने के काम पर लगा दिया तो रिसर्च स्टेशन ने होने वाली रकम का बीमा कराना भी बन्द कर दिया। मेरे पिता की निगाहों में यह एक निहायत ही बेवकूफाना बात थी। उनके ख्याल से ट्रक को, ऐसे ट्रक को, जिसे सुरक्षा के लिहाज से बेमिसाल बताया जा रहा था, दरअसल उतना सुरक्षित नहीं था। इसे हाईजैक किया जा सकता था। मैं और मेरे पिता अक्सर इस बारे में बातें किया करते थे। ट्रक को कब्जाकर उसे कैरेवान में लादकर ले उड़ने का यह आइडिया दरअसल मेरे पिता का ही था। वह इस काम को अंजाम नहीं देना चाहता था, वह तो सिर्फ यह साबित करना चाहता था कि ट्रक को सुरक्षा के लिहाज से जितना काबिल बताया जा रहा था, वह केवल अतिश्योक्ति थी। लेकिन उसके इस आइडिए ने मुझ पर इस ट्रक को लूट लेने का भूत सवार करा दिया।"—जिनी ने आगे कहा—"मेरे पिता अक्सर बीमार रहने लगे थे। पहले ही उसकी सीमित आमदनी में घर चलाना मुश्किल था और ये मुसीबत तब और बढ़ गई जब मेरे पिता को रिटायरमेन्ट से केवल दो साल पहले नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। इसकी वजह से उस बेचारे की पेन्शन भी मारी गई, मैंने इस बाबत रिसर्च स्टेशन के अधिकारियों से खूब रोना रोया, इंसाफ और इंसानियत की दुहाई दी लेकिन सिवाय अपमान के कुछ हासिल न हुआ। मुझे बेइज्जत करके बाहर निकलवा दिया गया। बस तभी मेरे मन में उन लोगों से इसका बदला लेने का विचार बन गया।"

किटसन बड़े गौर से यह सब सुन रहा था। उसने बीच में कुछ न बोला।

"दरअसल मैं एक तीर से दो शिकार करना चाहती थी।"—जिनी ने कहना जारी रखा—"ट्रक लूटकर जहाँ मेरा बदला भी पूरा हो जाता वहीं इसके सदके मैं अपनी गरीबी से निकलकर दौलतमन्द भी हो जाती। मैंने इस बाबत अपना पूरा दिमाग खपा दिया और फिर पूरी योजना बना ली। मुझे अब सिर्फ ऐसे आदमी की जरूरत थी जो कि इस पूरी योजना को अमली जामा पहना सके। फिर एक रात एक कैफे में मैंने कुछ लोगों को मोर्गन के बारे में बात करते सुना। उनकी बातचीत से मुझे लगा कि मोर्गन मेरे काम का आदमी हो सकता था सो मैंने उसे ढूँढ निकाला। बस यही है सारी कहानी।"

किटसन ने हैरानी से उसकी ओर देखा और बिना कुछ बोले दोबारा सड़क की ओर देखने लगा।

"लेकिन मुझे बेहद अफसोस है किटसन।"—जिनी ने आगे कहा—"मैं चाहे कितनी भी लालची और दौलत की भूखी लड़की क्यों न होऊं लेकिन मुझे जरा भी अहसास नहीं था कि यह सारा सिलसिला इस कदर खूनी साबित होगा। हालात इतने पेचीदा, इतने खतरनाक हो जाएंगे—ऐसा तो मैंने सोचा तक नहीं।"

"अच्छा सुनो।"—किटसन ने उसकी बात सुनकर कहा—"क्या हम दोनों इस सबसे

किनारा नहीं कर सकते? क्यों न हम दोनों अभी, यहीं से सीधे मैक्सिको के लिए निकल चलें?"

"नहीं, मैं अब पीछे नहीं हट सकती। पीछे हटने का वक्त अब गुजर चुका है। हाँ, तुम अगर चाहो तो शौक से इस सबसे किनारा कर सकते हो, और अगर तुम ऐसा करते हो तो मुझे तुमसे फिर भी कोई शिकवा न होगा। मैं अब पीछे नहीं हटूँगी।"—जिनी बेहद भावुक हो गई थी—"मेरी तो समझ में ही नहीं आता कि तुम क्या सोचकर इसमें शामिल हो गए थे?"

"मैं तुम्हारी वजह से शामिल हुआ जिनी।"—किटसन निःसंकोच बोला—"मैं पहली मुलाकात में तुम पर दिल हार बैठा। मुझे तुमसे प्यार हो गया जिनी। क्या तुम मेरे साथ अपना जीवन बिताना पसन्द करोगी?"

जिनी ने फौरन कोई जवाब न दिया।

"अपने वर्तमान मिशन के किसी अंजाम तक पहुँचने से पहले इस बाबत कुछ नहीं कहा जा सकता किटसन। मुझे सोचने के लिए वक्त चाहिए।"

"यानी मैं उम्मीद तो कर ही सकता हूँ।"

"हाँ।"—जिनी ने उसकी बाँह बड़े ही आश्वासनपूर्ण ढंग से थपथपाई।

किटसन को बड़ा सुखद आश्चर्य हुआ।

वह बेहद खुश था।

फिर दोनों आगे सड़क पर देखने लगे। जब तक वे दोनों वापस कैरेवान कैम्प पहुँचे शाम का धुंधलका छाने लगा था।

जिनी ने सामान किचन में रख दिया और किटसन कैरेवान की ओर बढ़ गया। आस-पास किसी को न पाकर उसने ब्लैक और जीपो को बाहर बुला लेना ही ठीक समझा।

किटसन ने कैरेवान की बॉडी थपथपाकर उन्हें इशारा किया लेकिन वे दोनों जैसे ही बाहर निकले वह समझ गया कि कुछ गड़बड़ थी।

सब कुछ ठीक नहीं था।

बिना आपस में कोई बात किए तीनों केबिन में पहुँचे। जीपो का गाल सूजा हुआ था और उसमें से खून अभी भी बह रहा था। इधर ब्लैक का चेहरा तमतमा रहा था।

वह व्हिस्की का एक तगड़ा पैग बनाकर बाहर वाले कमरे में बैठ गया।

"आज एक लड़का काफी देर तक कैरेवान के पास ही मंडराता रहा था।"—ब्लैक ने कहना शुरू किया—"कमबख्त ने खिड़की पर उचककर भीतर झांकने की भी कई नाकाम कोशिशें

कीं।”

किटसन ने केबिन का दरवाजा भीतर से बन्द किया और वहीं उनके पास आकर बैठ गया। ब्लैक की बात सुनकर यकायक वहाँ सबके चेहरों पर तनाव छा गया।

“ट्रक का लॉक खोलने की दिशा में कोई तरक्की हुई?”—जिनी ने तनाव कम करने के मकसद से विषय बदला।

“नहीं....और जीपो इस बाबत बेहद परेशान था।”

“परेशान!”—जीपो चिल्लाया—“मैं यहाँ से जा रहा हूँ। वह लॉक मुझसे नहीं खुलने वाला।”

“आखिर बात क्या है?”—जिनी ने शान्त स्वर में पूछा—“तुम अब इस स्टेज पर वापस जाना क्यों चाहते हो?”

“बात?”—जीपो ने अपने घुटने पर मुक्का जमाते हुए कहा—“उस कैरेवान की जानलेवा गर्मी में कोई काम नहीं कर सकता। मैं तीन दिन से जी तोड़ मेहनत कर रहा हूँ, लेकिन वो लॉक सिस्टम हिल के नहीं दे रहा है। मैं अब और बर्दाश्त नहीं कर सकता।”

“तुमने मोर्गन से कहा था कि इस काम को पूरा करते-करते महीना भर लग जाएगा।”—जिनी ने हमदर्दी भरे स्वर में कहा और पूछा—“फिर तुम तीन ही दिनों में कैसे हार मान रहे हो?”

“तुम इससे बहस ही मत करो।”—जीपो के जवाब देने से पहले ही ब्लैक ने बीच में ही बोलना शुरू कर दिया—“मैं इस कमबख्त को समझा-समझाकर हार गया हूँ।”

जीपो ने ब्लैक की ओर निगाह डाली।

“वैसे यह भी सच है कि कैरेवान में गर्मी असहनीय है।”—ब्लैक जीपो की आँखों का मंतव्य समझते हुए बोला—“हमें पहाड़ों में जाना पड़ेगा।”

“लेकिन ऐसा करना बेहद खतरनाक है।”—जिनी ने कहा— “यहाँ हमारा कैरेवान दूसरे कैरेवानों की भीड़ में खड़ा सुरक्षित है, जबकि पहाड़ों में हम बिल्कुल अलग, बिल्कुल अकेले पड़ जाएंगे। अगर किसी की भी निगाह उस पर पड़ गई तो पूछताछ होनी निश्चित है।”

“हमें यह खतरा उठाना ही होगा।”—ब्लैक ने हिंसक स्वर में कहा—“अगर जीपो लॉक नहीं खोल पाया तो हमें दरवाजा काटना पड़ेगा और यह काम यहाँ नहीं हो सकता।”

“लेकिन ब्लैक”—किटसन ने कहा—“सड़कों पर पुलिस की निगरानी है। हमने अगर ऐसी कोई कोशिश की तो यह भी संभव है कि हमें रास्ते में ही धर लिया जाए। जंगल की ओर जाती सड़क भी ऊबड़-खाबड़ और जगह-जगह से टूटी पड़ी है।”

“हमें यह रिस्क भी लेना पड़ेगा।”—ब्लैक ने कहा—“अगर हम कल दोपहर यहाँ से निकल चलें तो शाम तक जंगल में होंगे। हमें अपने साथ एक तम्बू और खाने का काफी सामान भी ले जाना होगा, क्योंकि एक बार वहाँ पहुँचकर हमें तब तक वहीं टिकना होगा जब तक जीपो उस ट्रक को खोल न दे।”

“मुझे तो बख्श ही दो।”—जीपो ने कहा—“मैं तो घर जाऊँगा।”

ब्लैक कुछ कहने को हुआ ही था कि प्रवेशद्वार पर एक दस्तक हुई। कमरे में फौरन शान्ति छा गई। ब्लैक ने झपटकर अपनी रिवाल्वर निकाल ली।

जीपो का चेहरा सफेद पड़ गया। उसने आतंकित निगाहों से दरवाजे की दिशा में देखा।

“तुम दोनों बेडरूम में जाओ।”—जिनी ने फुसफुसाकर कहा।

ब्लैक ने जीपो की बांह थामी और उसे खींचता-सा अपने साथ बेडरूम में ले गया।

हजार आशंकाओं में घिरे किटसन ने धड़कते दिल से दरवाजा खोला।

बाहर ब्राडफोर्ड खड़ा था।

“हैलो मि. हैरीसन।”—वह बोला—“बेवक्त आने के लिए माफी चाहता हूँ। आपकी पत्नी शायद खाना तैयार कर रही हैं।”

“हाँ।”—किटसन दरवाजे के आगे अड़ता हुआ बोला— “फरमाइए?”

“क्या मैं भीतर आ सकता हूँ?”

किटसन को संदेह में पड़ा देख जिनी स्थिति संभालने दरवाजे पर पहुँची।

“हैलो मि. ब्राडफोर्ड।”—वह बोली—“भीतर आइए न। मैंने अभी रसोई का काम शुरू नहीं किया है, और यूँ आपसे कुछ गपशप की जा सकती है।”

ब्राडफोर्ड बाहरी कमरे में प्रवेश कर गया। वह चिंतित दिख रहा था।

“मि. ब्राडफोर्ड, एक ड्रिंक लेना चाहेंगे?”—जिनी ने औपचारिकता भरे स्वर में पूछा।

“जी नहीं, शुक्रिया। मैं दरअसल आप लोगों का कोई ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता।”

जिनी और किटसन की निगाहें मिलीं।

“बात क्या है मि. ब्राडफोर्ड?”—किटसन ने पूछा।

“बात दरअसल यह है मि. हैरीसन....”—उसने जवाब दिया—“कि आज दोपहर बाद मेरा बेटा यहाँ आया था। आप लोग यहाँ नहीं थे तो आपकी तलाश में वह कैरेवान के निकट जा पहुँचा था। वहाँ उसे कुछ अजीब सी आवाजें सुनाई दी थीं और लौटने पर उसका

कहना था कि आपके कैरेवान में दो आदमी थे।"

किटसन की धड़कनें बढ़ गईं।

उसने जिनी की ओर यूँ देखा मानो उसे समझ ही नहीं आ रहा हो कि क्या जवाब दे।

"वे दोनों हमारे दोस्त थे।"—जिनी ने मुस्कुराकर शान्त स्वर में जवाब दिया—"हमने उन्हें कुछ दिन के लिए अपना कैरेवान देने का वादा किया था। वे इसी सिलसिले में, हमारी गैरमौजूदगी में यहाँ पहुँचे थे।"

ब्राडफोर्ड थोड़ा निश्चिंत प्रतीत हुआ।

"मैंने अपने बेटे को भी ऐसा ही कुछ कह दिया था।"—उसने कहा—"लेकिन उसका कहना था कि वे दोनों तो आपस में झगड़ रहे थे, चीख चिल्ला रहे थे। वह तो घबरा गया था। उसे लगा कि वे कोई डाकू थे।"

"वे दोनों बहुत अच्छे दोस्त हैं।"—जिनी ने मुस्कुराते हुए सांत्वना भरे स्वर में कहा—"मगर बात-बात पर आपस में लड़ पड़ते हैं। ये तो उनकी आदत बन चुकी है।"

"जी बेहतर।"—ब्राडफोर्ड ने कहा—"दरअसल मेरा बेटा उनसे बेहद डर गया था सो मुझे लगा कि इस बाबत आपसे बात कर लेना मुनासिब होगा....फिर यहाँ चोरी-चकारी भी होती ही रहती हैं। खैर....जब वे आपके दोस्त थे....।"

"हाँ....लेकिन आपने यहाँ आकर ठीक ही किया मि. ब्राडफोर्ड। अब कम-से-कम एक ड्रिंक तो लीजिए।"

"नहीं-नहीं, शुक्रिया।"—वह बोला—"दरअसल मेरा बेटा अपनी उम्र के बाकी लड़कों से ज्यादा बुद्धिमान है। हाल ही में पड़ी सनसनीखेज डकैती के बाद गायबशुदा ट्रक के बारे में उसका ख्याल है कि उसे किसी कैरेवान में ही छिपाया गया है।"

किटसन मन-ही-मन कांप के रह गया।

जिनी भी बुरी तरह चौंकी लेकिन उसने फौरन अपने आपको नियंत्रित कर लिया।

"कैरेवान में? ये उसने कैसे सोच लिया?"

"यहाँ काफी सारे कैरेवान हैं न, शायद इसीलिए, उसका ख्याल है कि पुलिस को कैरेवान में ट्रक मिल गया तो उसका इनाम तो पक्का है। आपको पता है न....इनाम की रकम को बढ़ाकर पाँच हजार कर दिया गया है।"

जिनी कुछ क्षण शान्त रही।

"मुझे नहीं लगता कि पुलिस कोई इनाम-विनाम देगी।"—जिनी ने ब्राडफोर्ड को निरुत्साहित करने के लिए कहा—"ऐसा कोई इनाम तो पुलिस खुद ही हड़प जाती है।"

“आप सही कह रही हैं मिस हैरीसन, वैसे मुझे भी अपने बेटे की बात में दम नजर आता है, लेकिन मैं असमंजस में हूँ कि इस आइडिए के साथ मैं पुलिसवालों के पास जाऊँ या नहीं?”

“आपके पास भी कैरेवान है मि. ब्राडफोर्ड इसलिए कोई बड़ी बात नहीं कि पुलिस आप ही पर ट्रक चुराने का शक करने लग जाए। मुझे याद है कि एक बार मेरे पिता को मोतियों का एक हार मिल गया था। इनाम की उम्मीद में वे उसे लेकर जब पुलिस के पास पहुँचे तो पुलिस उल्टा उन्हीं पर चोरी का शक करने लगी, और उन्हें गिरफ्तार कर लिया, बाद में काफी पैसा खर्च करने के बाद ही हम उन्हें छुड़ा पाए थे।”

ब्राडफोर्ड सहम गया।

“ओह—यह तो मैंने सोचा ही नहीं। मैं इस बखेड़े में पड़ूँगा ही नहीं।”—कहकर ब्राडफोर्ड चलने के लिए खड़ा हो गया।

जिनी ने मुस्कराकर उसे विदा करते हुए कहा—“जी बेहतर। वैसे हम कल यहाँ से जा रहे हैं।”

“अरे! क्यों? क्या आपको यह जगह पसंद नहीं आई?”

“जगह तो बहुत ही बढ़िया है, लेकिन हम लम्बी सैर करना चाहते हैं। पहले स्टागलेट जाएंगे और वहाँ से डीयर लेक।”

“वे दोनों स्थान भी शानदार हैं।” ब्राडफोर्ड ने प्रशंसापूर्वक कहा और चला गया। जिनी ने दरवाजा बन्द कर लॉक किया।

“अब तो हमें यहाँ से रवाना होना ही पड़ेगा।”—वह बोली।

“हाँ।”—किटसन ने कहा—“उस आदमी को हैण्डल करने में तुमने कमाल कर दिया।”

तब तक ब्लैक भी बेडरूम से निकलकर बाहर आ गया था।

“इसका मतलब उस लड़के ने वाकई में हमारी आवाजें सुनी थीं।”—उसने कहा।

जीपो भी बेडरूम के दरवाजे पर आ खड़ा हुआ।

“कल हम यहाँ से चल पड़ेंगे।”—ब्लैक कहता रहा—“तुम बाहर जाकर कैरेवान की निगरानी करो किटसन। मैं नहीं चाहता वह लड़का दोबारा यहाँ जासूसी करता फिरे।”

किटसन बिना कुछ कहे बाहर निकल गया।

“कल मैं भी घर लौट रहा हूँ।”—जीपो बोला—“और मैं अब सोने जा रहा हूँ।” कहकर वह दोबारा बेडरूम में चला गया।

“इसकी इस जिद का भी कोई इन्तजाम करना पड़ेगा।”—ब्लैक ने धीमी आवाज में कहा

—“इस डरपोक ने मेरा दिमाग हिला दिया है।”

जिनी बिना कुछ बोले किचन में चली गई और खाना तैयार करने लगी। ब्लैक किचन के दरवाजे में आ खड़ा हुआ।

“उस आदमी को तुमने वाकई बढ़िया संभाला बेबी।”—उसने कहा—“मेरे ऑफर के बारे में कुछ सोचा तुमने? हम दोनों चालाक हैं और यूँ हमारी जोड़ी खूब जमेगी।”

“मैं तुम पर थूकना भी पसंद न करूँ।”—जिनी ने स्टोव पर बर्तन रखते हुए कहा।

“ठीक है बेबी।”—ब्लैक चुनौतीपूर्ण स्वर में बोला—“मैं भी देख लूँगा।” वह पलटा और वापस बाहर वाले कमरे में लौट आया।

¶¶

अगली सुबह।

जिनी को कैरेवान की निगरानी में लगाकर किटसन स्वयं कार लेकर शहर चला गया। ब्लैक और जिनी अभी भी केबिन में ही थे।

जीपो ने तो वापस कैरेवान में जाने से साफ इन्कार ही कर दिया था। उल्टा उसने इस सारे मामले को अधर में छोड़कर वापस घर जाने को ऐसी चिल्ल-पौं मचाई कि आखिरकार उस पर काबू पाने के लिए उसे बाँधकर डालना पड़ा।

किटसन शहर से एक बड़े साइज का तंबू और पर्याप्त मात्रा में डिब्बाबन्द खाना लेकर वापस लौटा।

उसे कार से उतरता देखकर जिनी उसके पास आ गई।

“सब कुछ ठीक है?”—किटसन ने पूछा।

“हाँ।”—जिनी ने कहा—“लेकिन मैं उस लड़के की वजह से थोड़ा परेशान हूँ। बेहतर यही रहेगा कि हम इस जगह से जल्द से जल्द निकल लें।”

दोनों साथ चलते हुए केबिन में पहुँचे।

भीतर जीपो एक कुर्सी पर बंधा बैठा था। उसका चेहरा झक सफेद था। वह इस पूरे सिलसिले में इस कदर निरुत्साहित हो चुका था कि उसने भीतर प्रवेश करते जिनी और किटसन की ओर आँख उठाकर भी नहीं देखा।

ब्लैक सिगरेट फूंकता, कमरे के फर्श को रौंद रहा था। किटसन ने उसे बताया कि वह शहर से सारा सामान ले आया था।

“जीपो अब ठीक है।”—ब्लैक ने कहा—“यह अब हमारे साथ सहयोग करने को तैयार है।”

"तुमने मुझे जबरन मजबूर किया है।"—जीपो ने कांपती आवाज में कहा—"लेकिन इसका कोई फायदा नहीं।"—फिर यकायक जीपो ने किटसन की ओर देखकर कहा—"तुम तो मेरे दोस्त थे। अच्छी दोस्ती निभाई। आइन्दा तुम भी मुझसे दूर ही रहना।"

किटसन समझ गया कि उसके पीछे ब्लैक जीपो के साथ काफी सख्ती से पेश आया था।

"आओ—अब चलें।"—ब्लैक ने कहा—"बाहर रास्ता साफ है?"

जिनी और किटसन ने बाहर जाकर देखा। आसपास कोई नहीं था। किटसन ने कैरेवान को अपनी कार के साथ जोड़ा और कैरेवान को बैक करता हुआ उसे केबिन के दरवाजे के पास ले आया जहाँ ब्लैक और जीपो को फटाफट उसमें सवार करा दिया गया।

"मैं यहीं ठहरता हूँ, तुम ऑफिस में जाकर हिसाब वगैरह कर आओ।"—किटसन अपना पर्स जिनी को देता हुआ बोला।

जिनी पर्स लेकर ऑफिस की ओर चली गई।

किटसन ने एक सिगरेट सुलगा लिया और इन्तजार करने लगा।

"हैलो मिस्टर।"

किटसन चौंककर पलटा।

जीन्स, और चैक कमीज पहने, सिर पर हैट लगाए वह दस-बारह साल का लड़का था।

मि. ब्राडफोर्ड का बेटा।

अपनी उम्र के बच्चों से ज्यादा तेज। पैनी आँखें, प्रखर बुद्धि। वह लड़का कैरेवान की दूसरी साइड में खड़ा था।

"हैलो।"—किटसन ने जवाब दिया।

"आप मेरे पापा को जानते हैं।"—लड़के ने कहा—"मैं ब्राडफोर्ड जूनियर हूँ।"

"अच्छा!"—किटसन ने सुसंयत स्वर में कहा।

"यह आप ही का है?"—लड़के ने कैरेवान की ओर संकेत कर पूछा।

"हाँ।"

लड़का जमीन पर बैठ गया। उसने कैरेवान के नीचे की ओर देखा।

"अरे—आपने तो इसमें काफी लोहा लगा रखा है।"—उसने किटसन को घूरते हुए कहा—"इस तरह इसका वजन बढ़ा लेने में क्या समझदारी थी?"

"पता नहीं।"—किटसन ने कहा—"मैंने इसे इसी तरह खरीदा था।"

"पापा ने बताया कि कल इसमें आपके दो दोस्त थे। वे आपस में झगड़ क्यों रहे थे?"

"वे—वे तो हमेशा झगड़ा करते रहते हैं।"

"क्या मैं इसे भीतर से देख सकता हूँ?"

"सॉरी—चाबी मेरी बीवी के पास है।"

"क्या आपके दोस्त अभी भी इसके भीतर हैं?"

"नहीं।"

"कहाँ गए?"

"अपने घर।"

"उनका घर कहाँ है?"

"सेन्ट लारेंस में।"

"वे दोनों साथ-साथ रहते हैं?"

"हाँ।"

"अजीब बात है। साथ-साथ रहते हैं, फिर भी लड़ते हैं।"

"उन्हें इसकी आदत सी पड़ गई है।"

लड़के ने अपना हैट उतारा और उसमें घास तोड़कर भरने लगा।

"उनमें से एक ने दूसरे को जान से मारने की धमकी दी थी, क्योंकि दूसरे वाला कोई खास काम नहीं कर सका था। वो क्या बात थी?"

"पता नहीं।"

"वे दोनों एक-दूसरे पर बुरी तरह बिगड़ रहे थे।"

"वे गहरे दोस्त हैं। तुम उनकी फिक्र छोड़ो।"

हैट में घास भरकर लड़के ने उसे अपने सर पर जमाया।

"इससे मेरा सिर ठन्डा रहेगा।"—वह बोला—"यह मेरी खुद की ईजाद है।"

"ठीक है।"—किटसन ने कहा—"अच्छा तुम अब वापस जाओ। तुम्हारे पिता तुम्हारी वजह से परेशान हो रहे होंगे।"

"नहीं होंगे। मैं उन्हें बताकर आया हूँ कि मैं गायब ट्रक ढूँढने जा रहा हूँ। आपने इस ट्रक

के बारे में पढ़ा था?"

"हाँ।"

तभी किटसन की निगाह तेजी से आती जिनी पर पड़ी।

उसे भारी राहत महसूस हुई।

"मैं पाँच हजार का वह इनाम हासिल करके ही रहूँगा।"—लड़का कह रहा था—"जानते हो, मैं उस इनाम का क्या करूँगा?"

"नहीं।"

"मैं वह सारा पैसा अपने पास रखूंगा। पापा को नहीं दूँगा।"

जिनी वहाँ पहुँची।

"यह ब्राडफोर्ड जूनियर है।"—किटसन ने उसे बताया।

"हैलो।"—जिनी ने मुस्कुराकर कहा।

"आपके पास कैरेवान की चाबी है?"—लड़के ने पूछा—"मैं इसे भीतर से देखना चाहता हूँ।"

जिनी और किटसन ने एक-दूसरे से निगाह मिलाई।

"सॉरी"—जिनी ने कहा—"चाबी तो मैंने सूटकेस में रख दी।"

"कोई बात नहीं, मैं चलता हूँ। पापा ने बताया था कि आप लोग यहाँ से जा रहे हैं।"

"हाँ।"

"अभी!"

"हाँ।"

"ओ.के. बॉय।"

लड़के ने अपनी जीन्स की जेबों में हाथ डाले और सीटी बजाता वहाँ से चला गया।

जिनी और किटसन ने उसे टलता देखा तो राहत की सांस ली।

फिर दोनों अपनी गाड़ी, ब्यूक, में सवार हो गए।

ज्योंहि उनकी कार, कैरेवान को खींचती, आगे बढ़ी—मोड़ पर छिपा जूनियर ब्राडफोर्ड बाहर निकला और उन्हें जाता देखता रहा। फिर उसने अपनी जेब में से एक छोटी सी पेन्सिल और एक पुरानी डायरी बरामद की और ब्यूक का नंबर नोट करने लगा।

उसके पिता ने सही कहा था।

वह अपनी उम्र के लड़कों की तुलना में ज्यादा बुद्धिमान था।

¶¶

छः लेन वाले हाईवे पर उस समय भारी ट्रेफिक था।

किटसन बेहद सतर्कता के साथ कार चला रहा था। उसने अपने ऊपर उड़ते होवर प्लेन को कई बार नीचे गोता लगाकर पूरे ट्रेफिक का निरीक्षण करते देखा था। इससे वह सहमा हुआ था। उसने इस बात पर गौर किया कि हाईवे पर कई जगह पुलिस असाधारण रूप से बड़े आकार वाले ट्रकों की तलाशी भी ले रही थी।

शायद पुलिस को अभी भी इस बात का अन्दाजा नहीं लगा था कि ट्रक को किसी कैरेवान में ले जाया गया था।

करीब छः घण्टों के उस सफर में जिनी बहुत कम बोली थी। खुद किटसन भी बात करने के मूड में नहीं था। जब वे पहाड़ की ओर जाती सड़क पर पहुँचे, उस समय सात बज चुके थे। सूरज डूब रहा था और अंधेरा तेजी से फैलता जा रहा था।

बल खाती चढ़ाईदार सड़क पर किटसन को ड्राइविंग में खासी एहतियात बरतनी पड़ रही थी। उसकी कार की गति बेहद धीमी थी क्योंकि भारी कैरेवान को वह बामुश्किल खींच पा रही थी। किटसन बेहद परेशान था। करीब बीस मील आगे सड़क और ज्यादा खराब थी, जबकि इन्जन अभी से काफी गर्म हो गया था।

“बीस मील आगे जब और ज्यादा खराब सड़क शुरू होगी, तब क्या होगा?”—वह बोला।

“क्या वो ज्यादा ही खराब सड़क है?”—जिनी ने पूछा।

“बहुत ज्यादा।”

कुछ समय और गुजरा। फिर और तीन-चार मील के बाद इंजन इतना गर्म हो गया कि किटसन को कार रोकनी पड़ी।

“इन्जन ठण्डा हो ले, तभी आगे चलेंगे।”—उसने कहा।

वे दोनों नीचे उतरे।

जिनी ने कैरेवान का दरवाजा खोल दिया।

अब तक अंधेरा फैल चुका था। अंधेरा इतना ज्यादा था कि उसमें न तो जिनी को ब्लैक दिखाई दे रहा था और न ही ब्लैक को जिनी।

“क्या बात है?”—ब्लैक ने पूछा।

“इंजिन गर्म हो गया है।”—जवाब किटसन ने दिया—“वो ठण्डा हो ले, तभी आगे बढ़ेंगे।”

ब्लैक कैरेवान से बाहर ठन्डी हवा में उतर आया।

“अभी और कितना दूर जाना है?”

“करीब सोलह मील, और सड़क इतनी खस्ता है कि शायद कार खाली कैरेवान को भी न खींच सके।”

“सड़क सुनसान है और अंधेरा भी घना है।”—जिनी ने कहा—“हम ट्रक को बाहर निकालकर ड्राइव करके ऊपर ले जा सकते हैं।”

“इसके अलावा और कोई तरीका भी नहीं है।”—किटसन ने कहा।

“हमें जाना कहाँ है?”—नजदीक आ गए जीपो ने पूछा।

“ऊपर। वहाँ घना जंगल और झील है।”—जवाब किटसन ने दिया—“हमारे मतलब की वह बड़ी माकूल जगह है।”

“अगर ट्रक ही ड्राइव करना है।”—ब्लैक ने कहा—“तो हमें बैट्री की तारों को भी जोड़ना पड़ेगा।”

आखिर वह भी तो एक समस्या थी।

फिर एक लम्बे वार्तालाप के बाद उनमें बैट्री के तारों को दोबारा जोड़ लेने की सहमति बन गई।

फिर ब्लैक और जीपो ने बोनट का ताला तोड़ उसे खोलकर बैट्री के तारों को दोबारा जोड़ने में कामयाबी हासिल कर ली। तब तक उनकी कार का इंजन भी ठन्डा हो चुका था।

ब्लैक ने ट्रक का इंजन स्टार्ट किया और उसे कैरेवान से बाहर निकाल लिया।

“तुम आगे चलो।”—उसने किटसन को निर्देश दिए—“मैं और जीपो पीछे ट्रक में रहेंगे। मैं ट्रक की हैडलाइट्स ऑन नहीं करूँगा। कार की टेल लाइट्स की रोशनी में ही आगे बढ़ना होगा।”

किटसन कार की ड्राइविंग सीट पर बैठ गया। जिनी पहले ही उसमें सवार हो चुकी थी। किटसन ने कार स्टार्ट कर उसे आगे बढ़ाया तो जिनी खिड़की से बाहर सिर निकालकर पीछे आते ट्रक को देखने लगी।

अब ट्रक का भार कम हो गया था सो कार तेजी से आगे बढ़ने लगी।

“वे पीछे आ रहे हैं?”—किटसन ने पूछा।

“हाँ—पर तुम तेज मत चलाओ।”

बीस मिनट बाद वे उस स्थान पर पहुँचे जहाँ से आगे सड़क बेहद खराब थी।

किटसन ने हैडलाइट्स ऑन करके कार रोकी।

"तुम यहीं रुको।"—वह बोला—"मैं आगे सड़क का मुआयना करके आता हूँ।"

फिर वह पीछे ट्रक चलाते ब्लैक के पास पहुँचा और उसे भी यह बता दिया।

ब्लैक चूंकि खुद भी निरीक्षण करना चाहता था सो वह स्वयं भी नीचे उतरा और किटसन के साथ आगे बढ़ा।

दोनों आगे पहुँचे तो ब्यूक की हैडलाइट्स की रोशनी में उन्हें जो दिखाई दिया, वह बेहद परेशान कर देने वाला था।

सड़क लगभग सीधी खड़ी थी।

उस पर दोनों ओर बड़ी-बड़ी चट्टानें थीं।

और अभी और परेशान करने वाली बात यह थी सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर बिखरे पड़े थे।

"हे भगवान!"—ब्लैक चिल्ला पड़ा—"हमें वहाँ ऊपर जाना है?"

"हाँ।"—किटसन ने कहा—"और उससे पहले हमें इन बड़े-बड़े पत्थरों को हटाना होगा।"

कोई और रास्ता न देख तीनों आदमी उस बेहूदा काम पर लग गए और अगले आधे घण्टे तक उस सड़क पर बिखरे पड़े उन बड़े-बड़े पत्थरों को हटाते रहे।

करीब पाँच सौ गज तक तो सड़क बेहद खराब थी लेकिन उन तीनों की मुतवातर मेहनत से उसकी हालत अब सुधरने लगी थी।

फिर तीनों वापस कार के पास लौटे।

"सबसे निचले गियर में ही आगे बढ़ना और गति बेहद धीमी रखना।"—किटसन ने ब्लैक से कहा—"अगर तुम रुके और गलती से भी इंजन बन्द हो गया तो फिर ट्रक दोबारा स्टार्ट नहीं होगा। एक बार हम ऊपर पहुँच लें तुम तभी आगे बढ़ना।"

"ठीक है—ठीक है।"—ब्लैक ने चिढ़े स्वर में कहा—"मुझे ड्राइविंग मत सिखाओ।"

किटसन कार में आ बैठा और उसने बेहद धीमी गति से उसे आगे बढ़ाया। कार में बंधा कैरेवान हालाँकि अब खाली था, फिर भी खड़ी चढ़ाई के कारण कार के इंजन पर बहुत ज्यादा लोड पड़ रहा था। उसे ड्राइविंग की अपनी पूरी काबिलियत का प्रयोग करना पड़ा। तब जाकर बड़ी मुश्किल से वह बामुश्किल पाँच सौ गज का टुकड़ा पार किया जा सका।

आगे पहुँचकर किटसन ने कार रोकी।

“शाबाश किटसन।”—जिनी ने प्रशंसापूर्वक कहा—“ड्राइविंग में वाकई तुम्हारे तोड़ का कोई नहीं।”

ब्लैक भी अब ट्रक को ऊपर चढ़ाना शुरू कर चुका था। उसकी रफ्तार कदरन तेज थी और उस ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर चलता ट्रक बार-बार उछल रहा था। जीपो के समझाने पर भी ब्लैक ने रफ्तार कम नहीं की थी। नतीजतन ट्रक दो बार तो पलटता-पलटता बचा और तीसरी बार एक बड़े पत्थर से बचने के चक्कर में उसके एक साइड के दोनों पहिए एक चट्टान पर जा चढ़े। गनीमत यही रही कि बेहद गर्म हो जाने की वजह से ट्रक का इंजन तभी बन्द हो गया अन्यथा ट्रक ने वहाँ शर्तिया पलट जाना था।

किटसन दौड़कर वहाँ पहुँचा।

चट्टान पर जा चढ़ा ट्रक इस कदर खतरनाक कोण पर था कि जरा सी गड़बड़ होते ही उसने उलटकर नीचे आ गिरना था।

ब्लैक और जीपो—दोनों के छक्के छूट रहे थे।

एक बार फिर किटसन ने अपनी कुशल ड्राइविंग का कमाल दिखाया, तब कहीं जाकर ट्रक सही सलामत आगे बढ़ सका। इस काम में बेहद कीमती आधा घन्टा लग गया था, क्योंकि किटसन को इंच-इंच करके ट्रक आगे खिसकाना पड़ा था। इसके बावजूद हर क्षण यही लगा था कि ट्रक अब पलटा, तब पलटा। लेकिन किटसन की ड्राइविंग में कारीगरी देखकर जीपो के साथ-साथ ब्लैक को भी दांतों तले उँगली दबानी पड़ी थी।

आगे लाकर किटसन ने कैरेवान को दोबारा ट्रक में चढ़ा दिया और यूँ ब्लैक और जीपो को भी कैरेवान में फिर बन्द होना पड़ा।

किटसन आखिरकार दोबारा कार की ड्राइविंग सीट पर पहुँचा।

“तुमने वाकई कमाल कर दिया किटसन।”—उसके बगल की सीट पर बैठी जिनी ने कहा—“अगर तुम न होते तो ट्रक ने वहाँ से किसी हाल में नहीं निकलना था।”

जिनी थोड़ा आगे को झुकी और उसने किटसन के गाल पर एक चुंबन अंकित कर दिया।

¶¶

तम्बू की झिर्री से आती धूप ने ब्लैक को जगा दिया था लेकिन वह अभी भी आँखें बन्द किए पड़ा रहा। कठोर जमीन पर सोने की वजह से उसका जिस्म अकड़ गया था, फिर भी उसे तसल्ली थी कि आखिरकार वे एक मुनासिब जगह पर आ छुपने में कामयाब रहे थे। अगर किस्मत ने साथ दिया तो वे वहाँ उस जगह तब तक छिपे रह सकते थे, जब तक जीपो उस ट्रक को न खोल लेता।

उन्होंने सड़क से कोई पाँच सौ गज दूर घने जंगल में डेरा डाला था, जहाँ से यदि होवर प्लेन भी गुजरता तो घने वृक्षों की वजह से उन्हें न देख पाता। वहीं पास ही झील भी थी।

किसी को ख्याल भी नहीं आने वाला था कि ट्रक वहाँ छुपा होगा और इसी वजह से उसकी तलाश में लगे किसी का भी वहाँ आ जाना लगभग नामुमकिन ही था।

अब यहाँ से सब कुछ जीपो पर निर्भर था।

यहाँ अगर वह ट्रक का लॉक सिस्टम नहीं खोल पाया तो वह फ्लैम का प्रयोग करके उसे काट भी सकता था।

ब्लैक को यह सोच-सोचकर चिढ़ हो रही थी कि चार दिन से ट्रक उनके कब्जे में था लेकिन फिर भी रकम उन्हें हासिल न थी। उसने अपनी आँखें खोलीं और कलाई घड़ी पर निगाह डाली।

छः बजकर पाँच मिनट हुए थे।

फिर उसने निगाह घुमाकर जिनी की ओर देखा।

वह कम्बल ओढ़े अभी भी सो रही थी।

ब्लैक और जिनी के बीच किटसन सोया था।

फिर अचानक ब्लैक बुरी तरह चौंका और उठकर बैठ गया।

जीपो वहाँ टैन्ट में मौजूद नहीं था।

ब्लैक ने अपना कंबल एक ओर फेंका और किटसन को झंझोड़कर जगाया।

"उठो।"—वह बोला—"जीपो यहाँ नहीं है।"

किटसन उठ बैठा। और कुछ क्षणों बाद दोनों ने जीपो की तलाश शुरू कर दी।

जीपो कहीं नहीं था।

ब्लैक पेड़ों में छिपे खड़े कैरेवान के पास पहुँचा और वहाँ से झील की ओर निगाहें दौड़ाने लगा।

जीपो का कहीं कोई पता नहीं था।

फिर ब्लैक ने जीपो का नाम लेकर जोर-जोर से आवाजें भी दीं लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

जीपो का कोई जवाब नहीं आया।

"भाग गया हरामजादा।"—वह क्रोधित स्वर में बोला—"मुझे उस पर निगाह रखनी चाहिए थी।"

तब तक जिनी भी तंबू से निकल आई थी।

“क्या हुआ?”—उसने पूछा।

“जीपो भाग गया।”—जवाब किटसन ने दिया।

“वह ज्यादा दूर तक नहीं गया होगा।”—जिनी ने कहा— “अभी बीस मिनट पहले तक तो वहीं तम्बू में सोया पड़ा था।”

“उसे वापिस लाना होगा।”—ब्लैक हिंसक स्वर में बोला— “उसके बगैर हमारा गुजारा नहीं होगा। आओ चलें।”

फौरन ही किटसन ब्लैक के साथ सड़क की ओर दौड़ पड़ा।

आगे आकर उन्होंने घुमावदार सड़क पर हर ओर निगाहें डालीं। अचानक किटसन ने हाथ से संकेत किया।

“वह रहा।”

ब्लैक को करीब डेढ़ मील नीचे कोई जाता हुआ दिखाई दिया।

“हम उसे अभी भी थाम सकते हैं।”—वह बोला—“और इस दफा मैं उसका दिमाग सही कर दूँगा।”

दोनों आगे ढलुआं होती जा रही सड़क पर दौड़ पड़े। किटसन आगे था, और ब्लैक उसके पीछे।

और कुछ आगे पहुँचने पर उन्हें जीपो दिखाई देने लगा। वह तेजी से नीचे उतर रहा था।

फिर अचानक उसने पलटकर ऊपर देखा तो उसे वे दोनों उसके पीछे लगे दिखाई दे गए।

आतंकित जीपो अब और तेजी से भागने लगा।

“उसने हमें देख लिया है।”—किटसन अपने पीछे आते ब्लैक से बोला फिर आगे की ओर हाँक लगाई—“जीपो! रुक जाओ। वापिस लौटो।”

रुकने के बजाए जीपो और तेजी से दौड़ने लगा।

वह समझ चुका था कि उसकी बच निकलने की कोशिश कामयाब नहीं होगी—इसीलिए वह ब्लैक के दबाव में यहाँ तक आ गया था। फिर सुबह सवेरे जब वह सोकर थोड़ा जल्दी उठ गया था और अन्य बाकी लोगों को सोए पड़े देखा, तभी जाकर चुपचाप भाग निकलने का फैसला कर लिया था। वह धीरे से उठा था और यूँ चुपचाप तम्बू से बाहर आकर निकल भागा था।

उसे पता था कि मुख्य हाईवे पर पहुँचने के लिए उसे तकरीबन बीस मील पैदल चलना था। एक बार अगर वह वहाँ तक पहुँच जाता तो आगे के लिए वह लिफ्ट मांग-मांगकर अपनी मंजिल—वर्कशाप—तक पहुँच जाता।

उस वक्त छ: बजे थे और उसे पता था कि बाकी तीनों सात बजे से पहले तो उठने से रहे। इसी एक अतिरिक्त घन्टे की सहज उपलब्धता ने उसका हौंसला बढ़ा दिया था और वह वहाँ से तेजी से निकल पड़ा था।

करीब दो मील आगे निकल आने पर जब अचानक उसने पलटकर देखा था तो किटसन और ब्लैक को अपनी ओर आते देखकर वह आतंकित हो गया था। फिर जब उसने किटसन को उसका नाम लेकर आवाजें लगाते सुना तो अंधाधुन्ध भाग पड़ा।

लेकिन किटसन और ब्लैक उससे ज्यादा तेजी से नीचे आ रहे थे। उनके बीच के घटते फासले ने जीपो को यकीन दिला दिया कि यूँ तो वह उनसे नहीं बच पाएगा।

वह पुन: रुका और पीछे पलटकर देखा।

दोनों तूफानी रफ्तार से नीचे आ रहे थे।

किसी घिरे हुए भयभीत जानवर की तरह जीपो सड़क छोड़कर अब बाईं ओर भागा। इसी आपाधापी में यकायक उसका संतुलन गड़बड़ा गया और वह औंधे मुँह नीचे गिरा।

वहाँ ढलान था जिस पर गिरने का बेहद खतरनाक नतीजा निकला।

वह नीचे लुढ़कता चला गया।

बेहद मुश्किल से उसने अपने आप को नियंत्रित किया और खुद को लुढ़कते रहने की स्थिति से निकाला। वह उठकर खड़ा हुआ तो दोबारा पीछे पलटकर देखने लगा। तब उसे अहसास हुआ कि अपनी वर्तमान स्थिति में वह उन्हें दिखाई नहीं दे सकता क्योंकि वह नीचे लटकती चट्टानों की आड़ में पहुँच गया था। हालाँकि वह खुद भी उन्हें नहीं देख पा रहा था लेकिन उनके तेजी से बढ़ते कदमों की आवाजें उसे सुनाई दे रही थीं। वह जानता था कि अगर जरा भी गड़बड़ हुई तो वे उसे पकड़ लेंगे। उसने व्यग्र भाव से चारों तरफ निगाह दौड़ाई।

दाईं ओर करीब चार फुट की लम्बी झाड़ियों की एक पट्टी दूर तक चली गई थी। वह फौरन उन झाड़ियों में जा घुसा और उनके बीच में पहुँचकर नीचे लेट गया। इस तरह वह झाड़ियों में पूरी तरह छुप गया। अपनी उखड़ी सांसों को काबू में करने की कोशिश करता जीपो, वहीं लेटा-लेटा अपने पास आते कदमों की आहट सुनता रहा।

पीछे आते दोनों में से पहले किटसन सड़क पर पहुँचा। वहाँ आकर उसने दाएँ-बाएँ निगाह दौड़ाई तो जीपो को कहीं न पाकर बहुत हैरान हुआ।

तब तक हाँफता हुआ ब्लैक भी वहाँ आ पहुँचा।

"कहाँ है?"—उसने पूछा

"कहीं छिप गया लगता है।"

दोनों ने इधर-उधर देखा तो पाया कि झाड़ियों के अलावा तो छुपने की कोई और जगह नहीं थी।

"वह यहीं है।"—ब्लैक ने झाड़ियों की ओर संकेत किया— "जीपो, बाहर आ जाओ। हम जानते हैं कि तुम यहीं हो।"

ब्लैक की आवाज सुनकर जीपो सहम गया लेकिन वह दम साधे चुपचाप पड़ा रहा।

"आओ—इस कमबख्त को थामते हैं।"—उसे ब्लैक की आवाज सुनाई दी—"तुम उधर चलो, मैं इधर देखता हूँ।"

दोनों घनी झाड़ियों में घुस आए।

लेकिन फिर जल्द ही उन्हें अहसास हुआ कि अगर किस्मत से उनका पैर ही जीपो के ऊपर न पड़ जाए तो उन्हें झाड़ियों की उस पूरी पट्टी को छानना पड़ेगा। इस तरह जीपो को वहाँ तलाश करना भूसे के ढेर में सुई तलाशने जैसा काम था।

दोनों ने रुककर एक दूसरे को देखा।

"जीपो।"—ब्लैक गुस्से से चिल्लाया—"यह तुम्हारे लिए आखिरी मौका है। अगर तुम फौरन बाहर नहीं आए तो मैं तुम्हारी वो गत बनाऊँगा कि तुम्हें जिन्दगी भर याद रहेगा। अभी भी वक्त है—बाहर निकल आओ।"

जीपो पूर्ववत निश्चल पड़ा रहा। वह जानता था कि उसके बचने का केवल एक ही तरीका था कि वह उनके हाथ न पड़े। ब्लैक अपने कहे का कोई परिणाम न निकलता देख आगे बढ़ा।

जीपो ने उनके कदमों की आहट से अंदाजा लगाया कि वे दोनों उससे दूर जा रहे थे। वह चुपचाप इन्तजार करता रहा और चन्द मिनटों बाद उनकी आहटें सुनाई देनी बन्द हो गईं। वे काफी दूर जा चुके थे। अब जीपो ने उस स्थान से बाहर आने का फैसला किया। अगर वे दोनों उसे झाड़ियों में ढूंढते रहते तो भी जरूरी था कि जीपो बार-बार अपनी पोजीशन बदलता रहे। वह बेहद सावधानी से आगे को खिसकने लगा। अपनी हलचल से उसे डर था कि कहीं झाड़ियों का ऊपरी सिरा न हिलने लगे।

करीब तीस गज आगे तक रेंग चुकने के बाद उसे कुछ बेहतर महसूस होने लगा था कि तभी अचानक उसे एक सांप दिखाई दिया। अभी उसने अपना दाँया हाथ आगे ही बढ़ाया था और यूँ उसकी बाँह पूरी लंबाई में फैली हुई थी। उसकी उँगलियाँ जमीन में धंसी थीं जिससे वह आगे को खिसक पाता। इसी पोजीशन में फंसे जीपो को तभी अचानक वह सांप दिखाई दिया था जो उसके हाथ से कुछ ही इंचों के फासले पर कुण्डली मारे बैठा था।

जीपो आतंक से जड़ हो गया। मानो सारे शरीर में लकवा मार गया हो।

उसका दिल तेजी से धड़क रहा था और सांसें भारी हो रही थीं।

सांप बिल्कुल स्थिर बैठा था।

कई क्षण यूँ ही बीते।

आखिरकार जीपो ने हौंसला दिखाया और अपना हाथ पीछे खींचा। तभी सांप ने उसे डस लिया।

जीपो को अपने हाथ में दर्द की एक तेज लहर महसूस हुई। वह एकदम से उछलकर खड़ा हो गया और चीखता हुआ एक ओर को दौड़ पड़ा।

जीपो की चीख सुनकर उसे ढूँढते दोनों आदमी रुक गए। उन्होंने देखा—जीपो अपनी बाँहें हवा में लहराता, चीखता हुआ अंधाधुन्ध भागे जा रहा था।

"यह साला पागल हो गया है।"—कहकर ब्लैक उसके पीछे दौड़ा।

किटसन भी उसके पीछे दौड़ पड़ा।

उधर आतंक के अतिरेक में जीपो झाड़ियों से निकलकर ढलवां सड़क पर भागा जा रहा था। वह अचानक गिरा और लुढ़कता चला गया। फिर एक पड़े पत्थर की आड़ मिलने पर उसका लुढ़कना थमा।

किटसन तेजी से भागता हुआ ब्लैक से भी पहले जीपो के पास पहुँचा।

"जीपो"—उसने पूछा—"क्या हुआ?"

"स....सांप...."—जीपो ने हकलाती आवाज में जवाब दिया। तभी हाँफता हुआ ब्लैक वहाँ पहुँचा।

"हरामजादे!"—वह गुर्राया—"मैं तुझे जिन्दा नहीं छोड़ूँगा।"

उसने जीपो के शरीर पर लात जमानी चाही तो किटसन ने उसे रोका।

"ठहरो....इसकी हालत तो देख लो।"

"सांप...."—जीपो ने सिसकते हुए कहा और अपना हाथ ऊपर उठाने की कोशिश की।

किटसन ने देखा, जीपो का हाथ सूज गया था और नीला पड़ने लगा था। उसने हाथ को छुआ ही था कि जीपो चीख पड़ा।

"सांप...."—वह बिलबिलाता हुआ बोला—"सांप ने मुझे काट लिया।"

किटसन ने देखा कि उसके हाथ पर सांप के काटे का निशान था। उसने अपना रूमाल निकाला और जीपो की कलाई पर बांध दिया।

"अब ट्रक खुलेगा कैसे?"—ब्लैक खीजता हुआ बोला।

“चुप करो।”—किटसन ने उसे कहा।

फिर उसने अपनी जेब से एक छोटा चाकू निकाला और जीपो के हाथ में वहाँ एक गहरा कट लगा दिया जहाँ उसे सांप ने डसा था। जीपो दर्द से चीख उठा और अपना हाथ पीछे खींचने की कोशिश करने लगा लेकिन किटसन ने उसका हाथ न छोड़ा। हाथ में बने जख्म से खून बह निकला। किटसन ने भी उसके हाथ पर कई जगह दबाव डाला और यूँ सांप का जहर निकालने की कोशिश की लेकिन जीपो की हालत ने उसे डरा दिया था।

यूँ लगा मानो जीपो मर रहा था।

“ओह....किटसन।”—जीपो फंसे स्वर में याचना करता बोला— “तुम....मेरे....दोस्त हो। म....मुझे हस्पताल....पहुँचा दो....प्लीज।”

“ठीक है।”—किटसन ने कहा—“मैं कार लेकर आता हूँ।”

“क्या?”—ब्लैक ने चौंककर पूछा।

“जीपो को हस्पताल ले जाने के वास्ते मैं कार लेकर आ रहा हूँ....इसकी हालत बेहद खस्ता है।”—किटसन बोला और सड़क पर आगे बढ़ा।

“किटसन!”

ब्लैक की आवाज में मौजूद धमक को सुनकर किटसन पीछे पलटा

“क्या है?”

“वापस आओ।”—ब्लैक चिल्लाया—“तुम पागल हो गए हो? ऊपर देखो।”—उसने पहाड़ो पर मंडराते प्लेन की ओर संकेत किया—“कार निकालते ही तुम उनकी निगाहों में आ जाओगे और फिर यहाँ पुलिस का आगमन केवल वक्त की बात होगी।”

“आने दो।”—किटसन क्रोधित हो चीखता हुआ बोला—“जीपो को हस्पताल ले जाना जरूरी है वरना यह मर जाएगा।”

“तुम कार पेड़ों से बाहर नहीं निकालोगे किटसन।”

“तो क्या मैं इसे कंधे पर ढोकर ले जाऊँगा।”

“वो सब मुझे नहीं पता, मगर तुम कार नहीं निकालोगे।”

“जहन्नुम में जाओ।”—किटसन ने कहा और आगे बढ़ गया।

“किटसन रुक जाओ।”

किटसन पुनः पलटा।

उसने देखा कि ब्लैक के हाथों में अब रिवाल्वर आ गई थी जिसका रुख उसने सीधे उसी की ओर कर रखा था।

"वापस लौटो।"—ब्लैक गुर्राया।

"वह मर रहा है।"—किटसन ने कहा—"क्या तुम्हें दिखाई नहीं दे रहा।"

"तुम वापस आओ। फौरन।"

किटसन की धड़कनें बढ़ गईं।

उसे लगा कि बात न मानने पर ब्लैक वाकई गोली चला सकता है। बुझे मन से वह वापस लौटने लगा।

अब उसके सामने ब्लैक का खुदगर्ज चेहरा पूरी तरह प्रकट हो गया था। वह बेहद कमीना था और अगर किटसन उसकी बात मान लेता तो जीपो का बचना नामुमकिन था।

'नहीं....नहीं। मैं जीपो को मरने नहीं दूँगा। चाहे मुझे इस हरामजादे से भिड़ना ही क्यों न पड़े, मैं जीपो को यूँ मरने नहीं दूँगा।'—उसने सोचा।

"देखो—हमें जीपो के लिए कुछ करना ही होगा।"—वह ब्लैक के नजदीक आता हुआ बोला—"इसे फौरन हस्पताल पहुँचाना बहुत जरूरी है।"

"इसकी हालत देखो बेवकूफ।"—ब्लैक चीखते हुए बोला—"यह ज्यादा देर का मेहमान नहीं है।"

अब तक किटसन उसके पास पहुँच चुका था। उसने यकायक ब्लैक की कलाई पर वार किया और यूँ उसके हाथ से पिस्तौल छूट गई।

दोनों ने एक दूसरे को घूरा....फिर ब्लैक मुस्कुराया।

"ठीक है।"—वह पैने स्वर में बोला—"अब मैं तुझे बताता हूँ कि लड़ना किसे कहते हैं।"

फिर दोनों एक दूसरे पर टूट पड़े।

किटसन उसके दाँए हाथ से बचता हुआ प्रहार कर रहा था और ब्लैक अपनी ओर से उसे धराशायी करने की हर मुमकिन कोशिश कर रहा था।

दोनों जंगली जानवरों की तरह खूंखार तरीके से उलझे हुए थे। किटसन तो एक बार उसे नीचे गिराने में कामयाब भी हो गया था लेकिन ब्लैक ने हैरतअंगेज फुर्ती दिखाते हुए अपने को फौरन संभाल लिया और किटसन पर जबर्दस्त घूंसे बजाने लगा। पूरी सावधानी बरतने के बावजूद किटसन चूक गया। ब्लैक का दाँए हाथ का स्पेशल घूंसा उसकी कनपटी पर पड़ा और वह औंधे मुँह जमीन चाट गया।

ब्लैक जीपो के पास पहुँचा।

"यह मर चुका है।"—उसने सपाट स्वर में कहा और पलटकर अपने ठिकाने की ओर चल पड़ा।

किटसन बड़ी मुश्किल से उठा और जीपो के पास पहुँचा।

वह वाकई मर चुका था।

और उसके साथ ही अब उस ट्रक को खोल लेने की सारी उम्मीदें भी मर चुकी थीं।

दस लाख डॉलर का वह ख्वाब अब बस ख्वाब ही बनकर रह गया था।

¶¶

फ्रेड ब्राडफोर्ड ने दो आदमियों को अपनी ओर बढ़ते देखा।

एक ने सेना के मेजर की वर्दी पहन रखी थी और दूसरा हालाँकि सादे कपड़ों में था, फिर भी कोई पुलिस अफसर दिख रहा था।

"आप मि. ब्राडफोर्ड हैं?"—मेजर की वर्दी पहने शख्स ने पूछा।

"जी हाँ—फरमाइए।"

"आपका बेटा कहाँ है?"

"क्यों?"—ब्राडफोर्ड ने संशयात्मक स्वर में पूछा—"आपको उससे क्या काम है?"

"मैं मेजर डेलानी हूँ।"—उसने कहा—"और यह मेरे साथ शहर की पुलिस फोर्स से संबंधित लेफ्टिनेन्ट अफसर हैं। हम दोनों यहाँ आपके बेटे से मिलने आए हैं।"

"वह अपनी माँ के साथ झील की ओर गया है।"— ब्राडफोर्ड ने हिचकिचाते हुए कहा।

तभी वहाँ ब्राडफोर्ड जूनियर आ पहुँचा। उस दस-बारह साल के बच्चे ने जैसे ही दोनों आगन्तुकों को देखा, उसके चेहरे पर फौरन सतर्कता के भाव उत्पन्न हो गए।

"लो वह आ गया।"—ब्राडफोर्ड ने अपने बेटे को वहाँ पहुँचा पाकर कहा और फिर उससे पूछा—"तुम्हारी माँ कहाँ है?"

"झील के पास।"—लड़के ने जवाब दिया।

"क्या तुम्हीं हो ब्राडफोर्ड जूनियर?"—डेलानी ने पूछा।

"जी हाँ।"

"यह खत तुमने लिखा था?"—कहकर डेलानी ने अपनी जेब से एक लिफाफा बरामद किया और उसे लड़के को दिखाते हुए लहराया।

ब्राडफोर्ड ने अपने बेटे की लिखावट फौरन पहचानी।

"जी हाँ।"—लड़के ने कहा और नीचे बैठ गया। फिर उसने अपना हैट उतारा और उसमें घास भरने लगा।

"मेरे बेटे ने आपको खत लिखा था?"—हैरान ब्राडफोर्ड ने पूछा।

"मुझे नहीं—पुलिस मुख्यालय को।"—डेलानी ने कहा—"इसने उसमें गायबशुदा ट्रक की जानकारी होने का दावा किया है।"

ब्राडफोर्ड मुँह बाए अपने लड़के को देखने लगा।

"जूनियर!"—वह बोला—"यह क्या हरकत है? तुम जानते हो ट्रक कहाँ है?"

लड़के ने बड़ी बेफिक्री से पूरे हैट को घास से भरा और उसे अपने सिर पर जमाकर उठ खड़ा हुआ।

"मुझे इस ओर खास सतर्कता बरतनी पड़ती है।"—वह अपनी ही धुन में कहता रहा—"वर्ना घास निकलकर नीचे गिर जाती है। यह घास ही तो मेरे सिर को ठन्डा रखती है, यह मेरी अपनी ईजाद है।"

वहाँ पहुँचे दोनों अधिकारियों ने आपस में निगाह मिलाई। फिर डेलानी कुछ कदम आगे बढ़ा।

"ट्रक कहाँ है बेटे?"—उसने अत्यंत मीठे स्वर में पूछा।

"मैं जानता हूँ वह कहाँ है।"—अपने सिर पर हैट को व्यवस्थित करते लड़के ने कहा।

"अच्छी बात है।"—डेलानी ने अपनी उत्सुकता को नियंत्रित करते हुए पूछा—"लेकिन वो कहाँ है?"

"पहले इनाम के बारे में बताओ।"—लड़के ने कहा।

"देखो जूनियर।"—ब्राडफोर्ड ने अपने पुत्र से कहा—"अगर तुम खामखां इन लोगों का समय नष्ट कर रहे हो तो ध्यान रहे तुम मुसीबत में पड़ जाओगे।"

"मैं जानता हूँ ट्रक कहाँ है....लेकिन इनाम मिलने से पहले नहीं बताऊँगा।"

"देखो बेटे।"—डेलानी ने कहा—"तुम वाकई कुछ जानते हो तो बता दो। तुम्हारे पिता सही कह रहे हैं कि अगर तुम यूँ ही मजाक कर रहे हो तो तुम मुसीबत में पड़ जाओगे।"

"ट्रक एक कैरेवान में है।"

ब्राडफोर्ड ने आपत्ति प्रकट करनी चाही तो डेलानी ने उसे इशारे से रोक दिया।

“तुमने यह कैसे सोच लिया कि ट्रक कैरेवान में है?”—डेलानी ने पूछा।

“मैंने खुद देखा था....उन लोगों ने कैरेवान के नीचे लोहे के दो वजनी गार्टर लगा रखे थे। यह इन्तजाम इसलिए था कि भारी ट्रक को संभालने में कैरेवान का फर्श नीचे न गिर जाए।”

“किन लोगों की बात कर रहे हो?”

“जिन्होंने ट्रक चुराया है।”

“तुमने वाकई ट्रक देखा था?”

लड़के ने हाँ में सिर हिलाया, फिर यकायक मुँह बनाते हुए अपना हैट पुनः उतार लिया।

“शुरू में तो ठन्डा रहता है।”—वह बोला—“लेकिन फिर घास गर्म हो जाती है।”—उसने हैट में से घास निकाल दी—“और फिर यूँ मुझे इसमें घास को पुनः बदलना पड़ता है।”

कहकर वह फिर घास भरने लगा।

“तुमने वह ट्रक कहाँ देखा था?”—डेलानी ने पूछा।

लड़के ने सवाल को अनसुना कर दिया और अपनी हैट में घास भरता रहा।

“तुमने सुना नहीं?”—डेलानी ने अपेक्षाकृत तेज आवाज में पूछा—“मैंने जो पूछा है उसका जवाब दो।”

लड़का हैट में घास भरता रहा।

“मेरे पापा कहते हैं कि पुलिस मुझे इनाम नहीं देगी।”—वह बोला—“वे बता रहे थे कि पुलिसवाले इनामी रकम को खुद ही हजम कर लेंगे।”

ब्राडफोर्ड तुरन्त घबरा गया।

“बको मत।”—वह गुस्से में बोला—“मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा।”

“आप झूठ बोल रहे हैं।”—लड़के ने कहा—“आप कह रहे थे कि अगर पुलिस को बताया कि ट्रक कैरेवान में छिपा है तो वे समझेंगे कि ट्रक हमने ही चुराया है। आप तो यह भी कह रहे थे कि सारे पुलिसवाले चोर होते हैं।”

“ठीक है....छोड़ो इस बात को।”—कूपर गुर्राया—“तुम्हारे पापा ने जो भी कहा उसे भूल जाओ। ये बताओ कि ट्रक कहाँ है?”

घास भरकर लड़के ने बड़ी सावधानी से हैट अपने सिर पर पुनः व्यवस्थित कर लिया।

“इनाम नहीं तो जवाब भी नहीं।”

कूपर का चेहरा कठोर हो उठा। वह कोई सख्त बात कहने को हुआ लेकिन डेलानी ने उसे चुप रहने का इशारा कर दिया।

"सुनो लड़के।"—डेलानी ने कहा—"इनाम उसे मिलेगा, जिसकी सूचना के आधार पर ट्रक पकड़ा जाएगा। यूँ अगर तुम्हारी दी सूचना वाकई में कारआमद साबित हुई तो इनाम तुम्हें ही मिल जाएगा।"

लड़के ने गौर से मेजर को देखा।

"सच कह रहे हो?"

"हाँ।"

"इनाम मुझे ही मिलेगा। मेरे पापा को तो नहीं दे दोगे?"

"ऐसा नहीं होगा। इनाम तुम्हें ही दिया जाएगा।"

"पूरे पाँच हजार।"

"हाँ—हम फौजी हैं, झूठे वादे नहीं करते।"

लड़के ने कुछ क्षण सोचा।

"ठीक है।"—अन्ततः उसने कहा—"मैं बताता हूँ। वे चार लोग हैं। तीन मर्द और एक लड़की। दो आदमी सारा दिन कैरेवान में रहते हैं और केवल रात को ही बाहर आते हैं। मैंने खुद इस बात को नोट किया था कि इस बाबत वे बेहद सावधानी बरतते थे। मैंने उनकी बातें भी सुनी थीं। वे कह रहे थे कि अब वे स्टाग लेक जा रहे हैं, लेकिन यहाँ से रवाना होते वक्त गए वे हाईवे के दूसरी ओर थे। मेरे पास उनकी कार का नंबर भी है।"—कहकर उसने नोट किया पुर्जा डायरी से निकालकर अलग किया—"और हाँ, उनकी कैरेवान सफेद है लेकिन छत नीली है।"

डेलानी ने वह पुर्जा अपने कब्जे में किया।

"तुम्हें कैसे पता कि ट्रक उसी कैरेवान में है?"

"मैंने अखबार में ट्रक का हुलिया पढ़ा था। वो निश्चय ही वही ट्रक था।"

"वे लोग यहाँ से कब निकले हैं?"

"कल दोपहर। वे पहाड़ों की ओर गए हैं।"

"उन्हें गए काफी समय गुजर चुका है।"—डेलानी ने कहा—"तुमने अपने पिता से कहकर हमें सीधे-सीधे फोन क्यों नहीं कर दिया था?"

"मैंने तो कहा था लेकिन पापा ने मना कर दिया। इसीलिए तो मुझे यह खत वाला रास्ता

अख्तियार करना पड़ा।”

“तुम उन लोगों के हुलिए बता सकते हो?”

“जरूर।”—लड़के ने जवाब दिया और किटसन, जीपो, ब्लैक और जिनी के हुलिए नोट करा दिए।

कूपर ने वह सब अपनी नोटबुक में नोट कर लिया। फिर उसने डेलानी से आँखें मिलाईं और दोनों अपनी कार की ओर चल पड़े।

“हमने पहाड़ों को चैक नहीं किया।”—डेलानी ने कहा— “डकैत वहाँ हो तो सकते हैं।”

“नहीं हो सकते।”—कूपर ने कहा—“वह सड़क बेहद खस्ताहाल है। ट्रक को वहाँ ले जाया ही नहीं जा सकता।”

“फिर भी—हमें चैक तो करना चाहिए।”

“तुम जानो। मुझे कोई उम्मीद नहीं।”

दोनों कार में आ बैठे। कूपर ने कार का इंजन स्टार्ट किया।

“क्या तुम वाकई में उस पिद्दे से छोकरे को इनाम दिलवाओगे?”—कूपर ने पूछा।

“नहीं। वैसे भी वह बच्चा उस रकम का करेगा भी क्या? उसे तो उसका बाप ही छीन लेगा।”—डेलानी ने मुस्कुराकर कहा—“इनाम के सच्चे हकदार तो हम दोनों ही हैं।”

¶¶

नौ बजे किटसन पुन: कैम्प में लौटा।

उसके कंधे पर जीपो का कुदाल रखा था और सारा जिस्म पसीने में तरबतर था।

जिनी एक ओर पेड़ की छाया में चट्टान पर बैठी थी। उसका चेहरा सफेद था और आँखों में पश्चाताप के आँसू थे।

ब्लैक ट्रक को कैरेवान से उतार चुका था। वह ट्रक के दरवाजे से कान सटाए डॉयल घुमाकर ट्रक खोलने की बेहूदी नाकाम कोशिश कर रहा था।

किटसन कुदाल रखकर जिनी के नजदीक पहुँचा। वह उसके पैरों के पास बैठ गया और एक सिगरेट सुलगाने लगा।

जिनी ने उसके कंधे पर हाथ रखा।

“कैसी मौत मिली जीपो को!”—किटसन ने उसके हाथ पर अपना हाथ रखते हुए कहा—“मैं उसके लिए कुछ न कर सका।”

“उसकी बात मत करो किटसन।”

“वह दिल से अच्छा आदमी था।”—किटसन ने अपनी ही धुन में कहना जारी रखा—“मुझे भी उसकी बात समझनी चाहिए थी। वह इस बखेड़े में न तो खुद पड़ना चाहता था और न ही मुझे पड़ने देना चाहता था। काश कि मैंने उसकी बात सुनी होती।”

“हाँ।”

“उसने ठीक ही कहा था कि इस झंझट में पड़कर हमें कुछ हासिल नहीं होगा।”—किटसन ने जिनी की ओर देखकर कहा—“मैं और तुम रात का अंधेरा होते ही यहाँ से चल देंगे, अब यहाँ रुकना बेकार है।”

“हाँ—सारी मुसीबत की जड़ मैं ही हूँ। मैं खुद को कभी भी माफ नहीं कर पाऊँगी। जब तुम जीपो को दफनाने गए थे, मैं पीछे बैठी यही सोच रही थी। अब अगर यह मनहूस ट्रक खुल भी गया तो भी मैं उस रकम को हाथ नहीं लगाने वाली।”

“तुम मेरे साथ चलोगी?”—किटसन बोला—“हम मिलकर एक नई जिन्दगी शुरू कर सकते हैं जिनी....क्या मुझसे शादी करोगी?”

“हाँ।”—जिनी ने कहा—“लेकिन क्या तुम्हें लगता है कि हम इस मुसीबत से निकल जाएंगे? क्या पुलिस हमें पकड़ नहीं लेगी?”

“कोशिश करने में कोई हर्ज नहीं। हम कार लेकर मैक्सिको की सीमा की ओर निकल जाएंगे, जहाँ से हम आगे दूसरे देश में निकल सकते हैं। पुलिस के पास हमारे हुलिए नहीं हैं और अगर हम मैक्सिको को निकल सके तो....।”

“ऐ किटसन।”—यकायक ब्लैक चिल्लाया—“यहाँ आओ और मेरी मदद करो।”

किटसन ने जिनी की ओर देखा और उठकर ट्रक के पास पहुँचा।

“क्या तुम्हें फ्लैम इस्तेमाल करनी आती है?”—ब्लैक ने पूछा।

“नहीं।”

“तो फिर अब सीखो। हमें फ्लैम से यह दरवाजा काटना पड़ेगा। आओ—सिलेण्डर लाने में मेरी मदद करो।”

“मैं नहीं कर रहा।”—किटसन ने शक्ति से कहा।

ब्लैक उसे अग्नेय नेत्रों से देखने लगा।

“यह क्या बकवास है?”—उसने पूछा—“ट्रक खोलना है या नहीं?”

“मुझे नहीं खोलना। तुम खुद खोल लो और सारी रकम भी खुद ही रख लो। मुझे नहीं चाहिए। मैं इस सिलसिले से अब बाहर हूँ।”

ब्लैक ने गहरी सांस ली।

"बकवास बंद करो।"—वह बोला—"मैं अकेला कुछ नहीं कर पाऊँगा। अब चलो—सिलेण्डर लाने में मेरी मदद करो।"

"नहीं।"—किटसन ने दृढ़ स्वर में कहा—"अंधेरा होते ही मैं और जिनी यहाँ से जा रहे हैं। तुम जो चाहे करो।"

"ओफ्फ....तो यह बात है।"—ब्लैक गुर्राया—"तो तुमने आखिरकार उस लड़की को फांस ही लिया....इसीलिए दस लाख डॉलर छोड़कर जा रहे हो। लेकिन यहाँ से जाओगे कैसे?"

"हम कार ले जाएंगे।"

"कार यहाँ से तब जाएगी जब यह ट्रक खुल चुका होगा और अगर तुम जाना ही चाहते हो तो पैदल जाओ। कार तो तुम्हें नहीं मिलेगी।"

ब्लैक ने देखा, जिनी उनकी ओर ही आ रही थी। ब्लैक समझ गया कि वह अकेला दोनों का मुकाबला नहीं कर पाएगा और फिर जिनी हथियारबन्द भी थी।

"हम आज रात कार लेकर निकल रहे हैं।"—किटसन कह रहा था—"अगर तुम चाहो तो हम तुम्हें लिफ्ट देकर हाईवे पर उतार सकते हैं।"

ब्लैक ने जिनी पर निगाह डाली।

जिनी ने अपना दाँया हाथ बगल में पीछे छिपा रखा था। वह निश्चित ही हथियार थामे थी। ब्लैक समझ रहा था कि अगर उसने चालाकी से मामले को नहीं संभाला तो वे दोनों उसे मार भी डालेंगे।

"ठीक है।"—उसने अपनी जिद छोड़ते हुए कहा—"रात के अंधेरे में हम यहाँ से निकल चलेंगे, लेकिन तब तक तो ट्रक को खोलने की कोशिश करें। क्या पता हमारी किस्मत हमारा साथ दे जाए। आओ—सिलेण्डर लाते हैं।"

ब्लैक के इस बदले रूप को देखकर किटसन हिचकिचा गया।

"ठीक है।"—वह सोचता हुआ बोला—"लेकिन यकीन करो इसका कोई फायदा नहीं। तुम महीनों लगे रहे तो भी इस ट्रक में सुराख तक नहीं कर सकोगे।"

ब्लैक ने जिनी की ओर देखा। वह चुपचाप थी और उसे ही देख रही थी।

"अब मुझे पढ़ाना बन्द भी करो।"—वह बोला—"आओ— सिलेण्डर लाते हैं।"

किटसन असहाय भाव से ब्लैक के पास से गुजरता हुआ कैरेवान की ओर बढ़ा। जैसे ही वह ब्लैक के पास पहुँचा, ब्लैक ने रिवाल्वर निकालकर किटसन के पेट में लगा दी।

"अपना हथियार फेंक दे लड़की।"—उसने जिनी को कहा—"वरना तुम्हारा यार यहीं मरा

पड़ा होगा।”

जिनी ने अपने हाथ में थामी रिवाल्वर गिरा दी।

ब्लैक ने पीछे हटकर दोनों को कवर किया।

“रिवाल्वर से दूर हटो।”—वह चेतावनी भरे स्वर में बोला।

जिनी किटसन के पास आ खड़ी हुई।

ब्लैक ने आगे बढ़कर जिनी की रिवाल्वर उठाई और झील में उछाल दी।

“अब तुम दोनों गौर से मेरी बात सुनो।”—ब्लैक ने कहा—“हमें यह ट्रक खोलना ही है और जब तक यह ट्रक नहीं खुलता, हममें से कोई भी कहीं नहीं जा रहा। किसी मुगालते में न रहना। मैं तुम दोनों को अकेला ही संभाल सकता हूँ।”

फिर उसने किटसन की ओर रिवाल्वर घुमाई।

“अब चलो—सिलेण्डर निकालो।”

किटसन असहाय भाव से कैरेवान की ओर बढ़ गया।

ब्लैक उसके पीछे-पीछे चला।

“यह सिलेण्डर बहुत भारी है। मैं इसे अकेला नहीं उठा सकता।”—किटसन ने कहा—“तुम मेरी मदद करो।”

ब्लैक धूर्ततापूर्वक मुस्कुराया।

उसने अपनी रिवाल्वर हॉल्स्टर में रखी।

“कोई मूर्खता मत करना—वरना पछताओगे।”—उसने कहा।

किटसन कैरेवान में घुस गया जहाँ उसने एक सिलेण्डर छांटकर अलग किया। ब्लैक ने उस लम्बे भारी सिलेण्डर का सिरा बाहर खींचा और उसे अपने कंधे पर जमा लिया। यूँ दोनों आदमी सिलेण्डर उठाए उसे बाहर निकालने लगे।

कैरेवान से बाहर आते ही किटसन ने यकायक सिलेण्डर का अपनी ओर का सिरा नीचे गिरा दिया। सिलेण्डर जैसे ही जमीन पर गिरा, ब्लैक को एक तेज झटका लगा और उसका संतुलन गड़बड़ा गया।

किटसन फौरन उस पर झपटा। उसने ब्लैक की गर्दन पर एक जोरदार घूंसा जमाया।

ब्लैक इस आक्रमण से हतप्रभ था। उसने अपनी रिवाल्वर निकालनी चाही तो किटसन ने एक और जबर्दस्त प्रहार उसकी कनपटी पर जमा दिया। ब्लैक लड़खड़ा गया। किटसन

के लिए यही मौका था। ब्लैक को कोई और मौका दिए बगैर किटसन ने उसे घूंसों पर धर लिया। लगातार प्रहारों से ब्लैक के चेहरे से खून बह निकला। किटसन ने उसकी रिवाल्वर कब्जा ली और एक और जबर्दस्त प्रहार किया।

ब्लैक के पांव उखड़ गए।

वह धड़ाम से नीचे जा गिरा।

“मैं तुझे इसका मजा चखाऊँगा।”—वह गुर्राता हुआ कह रहा था।

“तुम्हारे वे दिन गए ब्लैक जब तुम दूसरों को मजा चखाते थे।”—किटसन हांफते हुए बोला।

तभी अचानक होवर प्लेन वहाँ उनके ऊपर से गुजरा।

ब्लैक लड़खड़ाता हुआ उठ खड़ा हो गया।

“उन्होंने हमें देख लिया है।”—वह बोला—“जल्दी ही वे यहाँ आ पहुँचेंगे।”

तीनों स्तब्ध थे।

विमान ने आगे जाकर एक घेरा लगाया और दोबारा उनकी ओर लौटा।

“छिपो।”—ब्लैक चिल्लाया और जंगल की ओर दौड़ा।

शेष दोनों भी उसी ओर भागे।

अब तक विमान उनके सिर पर आ पहुँचा था। वह अब बामुश्किल सौ फुट दूर था। प्लेन के कॉकपिट की खिड़की से नीचे झांकता पॉयलट उन्हें देख चुका था।

विमान उनके सिर पर से होता हुआ दोबारा आगे उड़ गया।

“छिप जाओ मूर्खों!”—ब्लैक चिल्लाया—“वहाँ खड़े मत रहो।”

किटसन और जिनी ने उसकी बातों पर कोई ध्यान नहीं दिया। दोनों ने एक दूसरे से निगाह मिलाई।

भय उनकी आँखों में तैर रहा था।

“वे अब जल्द ही यहाँ आ पहुँचेंगे।”—किटसन ने कहा।

“हाँ।”—जिनी ने कहा—“मुझे पता था।”

किटसन तेजी से सड़क की ओर दौड़ा।

करीब दस मील नीचे सड़क पर तीन कारें तेजी से ऊपर की ओर आ रही थीं।

वह दौड़कर वापिस जिनी के पास लौटा।

“वे आ गए....दस मिनट में यहाँ होंगे।”

ब्लैक जंगल से बाहर निकला।

“कार निकालो।”—वह चीखा—“अगर हम ऊपर पहाड़ों में पहुँच गए तो सुरक्षित होंगे।”

“अब वह मुमकिन नहीं।”—किटसन ने जवाब दिया— “एक मील बाद ऊपर जाती सड़क बेहद खराब है।”

ब्लैक ने उसकी बात पूरी होने से पहले ही कैरेवान की ओर दौड़ लगा दी। वहाँ पहुँचकर उसने कैरेवान में से एक राईफिल बरामद की।

“वे मुझे जिन्दा नहीं पकड़ सकते।”—वह बोला।

वे तीनों कार में सवार हो गए। किटसन ने कार आगे बढ़ाई। हिचकोले खाती, खतरनाक तरीके से डगमगाती कार ऊपर की ओर चढ़ने लगी।

पीछे ट्रक खड़ा रह गया।

उस सारे बखेड़े की जड़, वह ट्रक अब उपेक्षित था।

किटसन तेजी से कार आगे बढ़ाता रहा।

होवर प्लेन अभी भी ऊपर मंडरा रहा था।

नीचे से आती कारों से गूंजती पुलिस सायरन की आवाज अब और तेज हो गई।

आगे सड़क खराब थी।

इतनी खराब थी कि किटसन को अब कार चलाने में खासी दिक्कत हो रही थी। बाँयी ओर ऊँचा पहाड़ खड़ा था और दाँई ओर गहरी घाटी थी। अगले मोड़ पर कार पहुँची तो किटसन को उसे रोक देना पड़ा।

आगे सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर पड़े थे।

ब्लैक राईफल लेकर नीचे कूदा और अपने पीछे दोनों को छोड़कर पत्थरों पर दौड़ता चला गया।

किटसन ने ऊपर बर्फ से ढकी पहाड़ की चोटी पर निगाह डाली।

फिर उसने जिनी की बांह पकड़ी और ऊपर की ओर इशारा किया।

“हम ऊपर पहुँचने की कोशिश करेंगे।”—वह बोला—“अगर ब्लैक के साथ रहे तो निश्चित ही पकड़े जाएंगे।”

जिनी सहमी हुई थी।

“मैं यहाँ से ऊपर नहीं चढ़ पाऊँगी किटसन।”—वह बोली— “तुम जाओ।”

किटसन ने उसे जबरन कार से नीचे उतारा।

“हम साथ रहेंगे।”—वह बोला।

फिर दोनों पहाड़ पर चढ़ने लगे। सौ गज तक तो कोई खास दिक्कत नहीं हुई लेकिन फिर जिनी बार-बार पीछे छूट जाती थी।

हर बार किटसन ने रुककर उसे संभाला।

पुलिस सायरन अब और नजदीक से बज रहा था।

चढ़ाई मुश्किल होती जा रही थी और इससे उनकी रफ्तार भी कम हो गई थी और पचास फुट ऊपर एक बड़ी चट्टान थी जिसके पीछे छुपना मुमकिन था। किटसन ने जब उस जगह के महत्व को समझा, वह जिनी को ऊपर चढ़ने के लिए और प्रोत्साहित करने लगा।

तभी अचानक जिनी फिसली लेकिन किटसन ने फौरन ही उसे थाम लिया।

दोनों उस विशाल चट्टान के नजदीक पहुँचे ही थे कि उन्हें नीचे पुलिस कारों के रुकने की आवाज आई।

दोनों चट्टान की आड़ में लेट गए और नीचे देखने लगे।

चट्टान इस ढंग से खड़ी थी कि उसकी आड़ में लेटे दोनों को नीचे सड़क दिखाई नहीं दी। उन्होंने दाईं ओर निगाह डाली तो ब्लैक सड़क पर भागता दिखाई दिया।

वह जान छुड़ाता हुआ दौड़ा जा रहा था। फिर वह मोड़ पर घूमा तो किटसन और जिनी को दिखना बन्द हो गया।

किटसन वहाँ लेटा हुआ अगले कदम के बारे में सोचने लगा।

काफी ऊपर, सड़क से काफी परे, झाड़ियों से घिरी एक पट्टीनुमा चट्टान थी। किटसन को लगा कि एक बार वहाँ पहुँचने पर वे वहाँ सुरक्षित छिप सकते थे। पुलिस उन्हें ढूँढेगी तो जरूर मगर थक हारकर उन्हें लौटना ही होगा।

“ऊपर चल सकती हो?”—उसने जिनी से पूछा।

“हाँ।”

उन दोनों के चेहरे एक-दूसरे के बेहद करीब थे। जिनी ने किटसन के होंठ चूम लिए।

नीचे पुलिसवालों की आवाजें उन तक ऊपर पहुँच रही थीं।

“उन्हें हमारी कार मिल गई है।”—किटसन ने कहा—“आओ चलें।”

दोनों पुनः ऊपर चढ़ने लगे।

चढ़ाई मुश्किल थी और किटसन बार-बार जिनी को सहारा देकर मदद कर रहा था।

दोनों किसी तरह ऊपर तक पहुँचे। दोनों बुरी तरह थक चुके थे। वे वहीं जमीन पर लेट गए और हांफने लगे।

तभी अचानक एक गोली चलने की आवाज गूंजी।

जिनी ने घबराकर किटसन की कलाई और मजबूती से पकड़ ली। फायर की आवाज ब्लैक की दिशा से आई थी।

किटसन ने आगे खिसक कर नीचे झांका। वहाँ से सड़क कदरन बेहतर दिखाई दे रही थी। उनकी कार के पास तीन पुलिस कारें खड़ी थीं। दस सैनिक और तीन पुलिस वाले सावधानी से सड़क पर ऊपर की दिशा में बढ़ रहे थे। सड़क पर पचास गज आगे मोड़ पर ब्लैक जमीन पर लेटा हुआ था। वह दो चट्टानों की आड़ में था और उसने अपनी राईफल नीचे पुलिसवालों की ओर तान रखी थी।

तब किटसन ने एक और बात पर गौर किया।

ब्लैक के करीब पचास गज ऊपर एक अन्य पुलिस जीप खड़ी थी जिसमें से तीन पुलिस वाले निकलकर आ खड़े हुए।

किटसन को फौरन ही सारा मामला समझ में आ गया।

वह जीप पहाड़ के दूसरी ओर से वहाँ आ पहुँची थी। ब्लैक अब घिर चुका था।

किटसन को फौरी राहत महसूस हुई।

अगर वह जिनी के साथ ब्लैक के पीछे-पीछे गया होता तो उन्होंने भी वहाँ फंस जाना था।

सड़क के ऊपरी मोड़ पर एक घायल सैनिक सिर के बल उल्टा पड़ा था।

ऊपर ब्लैक की ओर बढ़ते सैनिक आड़ में हो गए। ब्लैक अब उनसे बामुश्किल बीस फुट की दूरी पर था।

“हमें पता है तुम कहाँ छिपे हो।”—एक पुलिस वाला तेज आवाज में बोला—“तुम घिर चुके हो। हथियार फेंक दो और नीचे आ जाओ।”

किटसन ने ब्लैक की ओर देखा।

ब्लैक जमीन से और ज्यादा चिपक गया।

तब तक जिनी भी किटसन के पास खिसक आई थी और नीचे देख रही थी।

वे दोनों वहाँ सैनिकों से कोई दो सौ फुट ऊपर थे लेकिन फिर भी वे सैनिक अपने बेहद नजदीक लग रहे थे।

"नीचे आ जाओ...."—मेजर कह रहा था—"वरना हमें ऊपर आना पड़ेगा।"

"आओ कुत्तो!"—ब्लैक चीखता हुआ बोला—"सबको भूनकर रख दूँगा।"

मेजर ने अपने साथी अफसर से कुछ कहा। फिर वह तेजी से एक अन्य सैनिक के पास पहुँचा और उसे कुछ समझाने लगा। निर्देश लेकर सैनिक ने अपनी बन्दूक एक अन्य सैनिक को थमाई और अपनी जेब से कुछ चीज बरामद कर सावधानीपूर्वक आगे बढ़ा।

किटसन और जिनी यह सब देख रहे थे।

सैनिक मोड़ के पास पहुँचकर रुक गया।

"यह तुम्हारे लिए आखिरी मौका है।"—मेजर चिल्लाया— "नीचे आ जाओ।"

जवाब में ब्लैक ने गालियाँ बकनी शुरू कर दीं।

"ठीक है।"—मेजर निर्णायक स्वर में बोला—"फेंक दो।"

मोड़ पर ठिठके सैनिक ने हाथ में थामी चीज हवा में ऊँची उछाल दी।

जिनी ने अपना चेहरा किटसन के कंधों में छिपा लिया। सैनिक का फेंका गया बम—हैण्ड ग्रेनेड—ठीक वहाँ उन चट्टानों में जा गिरा जहाँ ब्लैक था।

किटसन ने आँखें बन्द कर लीं।

धड़ाम।

ग्रेनेड फट गया।

किटसन पीछे खिसक आया।

बुरी तरह आतंकित जिनी उससे लिपट गई।

फिर नीचे से आवाज आई—"यह तो यहाँ अकेला था, बाकी के दो आदमी और लड़की कहाँ गए?"

"वे हमें नहीं ढूँढ सकेंगे।"—किटसन ने जिनी के बालों में हाथ फिराते हुए कहा—"हमारी तलाश में उन्हें यहाँ आना सूझ ही नहीं सकता।"

तभी उन्हें अपने ऊपर होवर प्लेन की आवाज सुनाई दी।

ऊपर से कोई आड़ नहीं थी।

किटसन विमान को देखता रहा।

उसे नीचे झांकते पायलट की झलक मिल गई थी। वह समझ गया कि पायलट जल्द ही उनकी बाबत नीचे सैनिकों को सावधान कर देगा।

"जिनी—मेरी बात सुनो।"—किटसन ने जिनी का चेहरा ऊपर उठाया और उसकी आतंकित आँखों में झांका—"मैं गिरफ्तार होना नहीं चाहता। तुम बच सकती हो। तुम एक लड़की हो और तुम्हारी कम उम्र के मद्देनजर अदालत तुम्हें बामुश्किल दस साल की सजा सुनाएगी। दस साल बाद तुम एक नई जिन्दगी शुरू कर सकती हो, इसलिए यहीं रुको। जब पुलिस यहाँ पहुँचे तो तुम आत्मसमर्पण कर देना।"

जिनी ने मजबूती से उसकी बांह पकड़ ली।

"और तुम्हारा क्या?"—वह बोली।

किटसन जबरन मुस्कुराया।

"मैं नीचे कूदकर जान दे रहा हूँ।"

जिनी ने गहरी सांस ली।

"हम दोनों साथ ही कूदेंगे किटसन।"—वह बोली—"मैं डरपोक नहीं हूँ, लेकिन दस साल की सजा काटना मेरे बस की बात नहीं। हम दोनों साथ रहेंगे।"

तभी नीचे से लाउडस्पीकर से एक सख्त चेतावनी गूंजी।

"दोनों नीचे आ जाओ। अब छुपना बेकार है। हम जानते हैं कि तुम ऊपर हो....नीचे आओ।"

"तुम यहीं ठहरो जिनी....।"

"नहीं।"

किटसन ने उसे सीने से लगाकर किस किया।

"याद है मोर्गन ने क्या कहा था?"—वह बोला—"कि दुनिया हमारी जेब में होगी। लेकिन यह दुनिया नहीं....कहीं और दूसरी दुनिया....आओ चलें।"

उसने जिनी का हाथ थाम लिया।

दोनों खड़े हो गए।

उन्होंने नीचे सड़क की दिशा में देखा जहाँ सैनिक और पुलिस वाले उनकी ओर राईफल ताने डटे खड़े थे।

“ठीक है।”—किटसन ने चिल्लाकर कहा—“हम आ रहे हैं।”

उसने जिनी की ओर निगाह डाली।

“तैयार?”—उसने पूछा।

जिनी ने मजबूती से उसका हाथ थाम लिया।

“हाँ—मैं तैयार हूँ।”

दोनों ने एक साथ छलांग लगा दी।